प्रार्थी राजू ठाकुर के अनुसार चुनाव आयोग ने नगर निगम शिमला के चुनाव टालने के इरादे से यह अधिसूचना जारी की है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सी.बी. बारोवालिया की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी राजू ठाकुर ने राज्य निर्वाचन आयोग के स्पैशल रिवीजन ऑफ इलैक्ट्रोल रोलस के आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्त्ता राजू ठाकुर ने निर्वाचन आयोग के इन आदेशों को असंवैधानिक और गैर-कानूनी बताया। याचिकाकर्त्ता ने कहा कि संविधान की धारा 243 यू में स्थानीय निकायों के चुनावों के एक भी दिन टालने या आगे खिसकाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग का फैसला तर्क संगत नहीं है। उन्होंने इस फैसले को रद्द करने और निर्वाचन आयोग को 4 जून से पहले नगर निगम शिमला के चुनाव करवाने का आदेश देने का आग्रह भी कोर्ट से किया है। प्रार्थी के अनुसार शिमला नगर निगम चुनावों को 4 जून तक पूरा किया जाना ही संवैधानिक होगा क्योंकि इसके बाद नियमों के तहत नगर निगम के सदन को एक भी दिन की एक्सटैंशन नहीं दी जा सकती है।

(33)

# जोश में होश न खोएं कार्यकर्त्ता : धूमल

शिमला, 26 मई (ब्यूरो): पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने युवा मोर्चा कार्यकर्त्ताओं को जोश में होश न खोने की सलाह दी है। उन्होंने कहा कि



मोर्चा कार्यकर्त्ताओं को केंद्र सरकार की उपलब्धियां जन-जन तक पहुंचानी चाहिएं। प्रो. धूमल शुक्रवार को भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि युवा मोर्चा भाजपा संगठन की रीढ़ है। उन्होंने युवा मोर्चा के कार्यकर्त्ताओं को बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने के लिए पुरजोर प्रयास करने की सलाह दी।

उन्होंने कहा कि कार्यकर्त्ताओं को बूथ स्तर पर अधिक से अधिक युवाओं को जोड़ने का प्रयास करना चाहिए। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने युवा मोर्चा कार्यकर्त्ताओं को संगठनात्मक विषय व दायित्व बोध की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में विजय निश्चित करने के लिए बूथ को मजबूत करना जरूरी है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विशाल चौहान ने 2 दिवसीय बैठक की समीक्षा करते हुए पिछले 3 महीनों में युवा मोर्चा की तरफ से विभिन्न स्थानों में किए गए कार्यों का विवरण दिया। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार की नीतियों के खिलाफ धरना-प्रदर्शन किए जाएंगे। इस मौके पर शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम गुलेरिया, भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी गौरव तिवारी, सह प्रभारी सहदेव सलारिया, भाजयुमो राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शिवम छाबड़ा, भाजयुमो राष्ट्रीय सदस्य अमित ठाकुर व प्रदेश महामंत्री अरुण फाल्टा आदि ने भाग लिया।

# 1100 ग्राम सेवक हड़ताल पर



शिमला : विधानसभा के बाहर प्रदर्शन के दौरान नारेबाजी करते ट्रक आप्रेटर्ज यूनियन के सदस्य। (नरेश)

शिमला, 26 मई (हैडली): प्रदेश भर की ग्राम पंचायतों में कार्यरत लगभग 1100 ग्राम सेवक शुक्रवार को हड़ताल पर चले गए जिससे प्रदेश भर की 3226 पंचायतों में मनरेगा और 14वें वित्तायोग के तहत विकास कार्य पूरी तरह ठप्प हो गए हैं क्योंकि पंचायतों में विकास कार्यों का जिम्मा इन्हीं ग्राम सेवकों पर रहता है। बीते दिनों सरकार और विभाग के साथ हुई तनातनी के चलते ग्राम सेवकों ने यह फैसला लिया है। उधर, सरकार ने भी इन पर एस्मा लगाने की चेतावनी दी थी जिससे कर्मचारी और भड़क गए और संघ ने चेतावनी दी है कि जब तक सरकार ग्राम सेवकों की मांगें नहीं मानती है, काम पर नहीं लौटेंगे। संघ ने कहा है कि सरकार नौकरी से निकाले या नए लोगों की भर्ती करे। उससे अब हम डरने वाले नहीं हैं। जब तक सरकार उनकी मांगें नहीं मानेगी तब तक हम शांतिपूर्वक तरीके से हड़ताल जारी रखेंगे।

## ट्रक आप्रेटर्ज ने किया विधानसभा के बाहर प्रदर्शन

उधर, जे.पी. कंपनी में सीमैंट ढुलाई का काम कर रहे ट्रक आप्रेटर्ज ने विशेष सत्र के पहले दिन ही विधानसभा के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन किया। इस दौरान कंपनी में काम कर रहे 4 आप्रेटर यूनियन के पदाधिकारियों ने कंपनी पर मनमानी करने का आरोप लगाया और साथ ही यह भी कहा कि कंपनी लंबे समय से ढुलाई के कार्य की एवज में राशि का भुगतान भी नहीं कर रही है। जनवरी से लेकर मार्च तक का पैसा अभी तक ट्रक आप्रेटर्ज को नहीं दिया गया है। इसके बाद से लगातार ही आप्रेटर हड़ताल कर रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारी रवि कांत पाठक, सुरेंद्र वर्मा, रोशन लाल ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर और कैप्टन सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि आप्रेटर्ज का दावा है कि 28 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि कंपनी पर देय है। मार्च माह तक की राशि बकाया है। इसके बाद आप्रेटर्ज ने हड़ताल कर दी है। इन नेताओं ने विधानसभा के बाहर आए हुए ट्रक मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप्रेटर्ज को परिवार के पालन-पोषण से लेकर वाहनों की किस्तों के भुगतान में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इस मसले को लेकर पहले भी चारों आप्रेटर्ज के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से लेकर राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारियों से मिले, इसके बावजूद राहत के नाम पर कुछ हासिल नहीं हो रहा है।

34

अमर उजाला 27 MAY

# रिज मैदान पर मंडी की सांस्कृतिक झलक

## मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया शुभारंभ, मंडियाली नृत्य का धमाल

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

गेयटी थियेटर में 'मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक' का आगाज शुक्रवार को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया। कलाकारों ने गेयटी और रिज मैदान में अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। महोत्सव के आगाज के दौरान मुख्यमंत्री दोपहर पौने तीन बजे गेयटी पहुंचे और पगडी पहनकर रिज मैदान में लगे स्टाल पर पहुंचे। मुख्यमंत्री राजगढ के बाला कामेश्वर और टारना के माहूनाग देवता की यात्रा के साथ चल रहे थे। भाषा, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, महिला बाल विकास निदेशालय और जिला प्रशासन मंडी के संयुक्त तत्वावधान से महोत्सव करवाया जा रहा है।

दोपहर पाच बजे के करीब गेयटी थियेटर में लोगों की भीड उमड़नी शुरू हो गई थी। माडव कला मंच मंडी की ओर से 'आसा स्यामा काली मंदरा जो जाणा..' गाने पर मंडियाली नृत्य पेश किया। इसमें भानु प्रिया, उमा भारती, पुष्पा, हेमलता, मीना, भारती, ललिता शामिल रहीं।

नेहरू युवक मंडल शिववदार ने पराशर देव की स्तुति पराशर देवा पिया तेरी जय जयकारा गाने पर दी। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को मंडी जिला की सास्कृतिक झलक खूब पसंद आई। युवक मंडल की ओर से बाके पटु बालणीए..., मेरी प्यारिए जैसे पहाडी गानो पर मोहन, दिनेश, सुमित, पम्मी, भावना, पिंकी और राजू समेत अन्य कलाकारो ने प्रस्तुति पेश की।



रिज मैदान में मंडी फेस्टिवल के दौरान लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन करते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और कौल सिंह।



शिमला के रिज मैदान पर आयोजित मंडी सांस्कृतिक झलक मे प्रस्तुति देती कलाकार।

### समृद्ध सभ्यता के वाहक हैं समारोह : वीरभद्र

शिमला। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि समारोह समृद्ध सभ्यता के वाहक है। समारोह के माध्यम से स्थानीय और पर्यटकों को संस्कृति जानने का मौका मिलता है। इसी उद्देश्य से ऐसे समारोहों का आयोजन किया जाता है।

### ...मम्मी मुझे सीएम से मिलना है

मंडी जिला सास्कृतिक महोत्सव के दौरान शिमला घूमने आई छोटी बच्ची ने मम्मी से कहा कि मुझे सीएम से मिलना है। इस पर सिक्योरिटी मे एक व्यक्ति को यह बात पता लगी तो उन्होंने बच्ची को मुख्यमंत्री से मिलवाया। वीरभद्र सिंह ने भी बच्ची को प्यार से गले लगाया।

### वाद्य यंत्र और खान पान के लगे स्टाल

मंडी जिला की संस्कृति से लोगों को दर्शन करवाने के लिए गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों की ओर से प्रदर्शनी लगाई गई है। इस दौरान लोगों को संस्कृति से अवगत करवाने के लिए वाद्य यंत्रो में रणसिंघा, ढोल और खान पान के स्टाल और परंपरागत बर्तन प्रदर्शनी में लगाए गए है। वहीं आयोजनों से संबंधित जिलों के इतिहास व सास्कृतिक लोक परंपराओं को प्रदर्शित किया है।

### यह रहे कार्यक्रम में मौजूद

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कौल सिंह ठाकुर, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, भाषा विभाग की निदेशक शशि ठाकुर, अतिरिक्त निदेशक प्रभा राजीव, भाषा कला एवं संस्कृति की प्रधान सचिव अनुराधा ठाकुर, मंडी के उपायुक्त संदीप कदम आईजीएमसी के वरिष्ठ चिकित्सा अधीक्षक डॉ. रमेश चंद, डॉ. साद रिजवी समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# विस में कर्ण सिंह को याद कर भावुक हो गए विधायक, मंत्री

## वीरभद्र सिंह ने सदन में पेश किया शोकोद्गार प्रस्ताव

**धूमल बोले, कर्ण की मित्रता दलगत राजनीति से ऊपर, शोक प्रस्ताव के बाद विस अध्यक्ष ने शनिवार 11 बजे तक सदन किया स्थगित**





अमर उजाला ब्यूरो
शिमला।

राज्य जीएसटी बिल के लिए आमंत्रित विधानसभा के विशेष सत्र की शुरूआत पूर्व आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा को सदन में दी श्रद्धांजलि के साथ हुई।

सदन के नेता सीएम वीरभद्र सिंह ने दोनों नेताओं के निधन पर शोकोद्गार पेश किया। शोक प्रस्ताव रखते हुए सदन का माहौल गमगीन हो गया। सदस्यों के शोक प्रस्ताव रखने के बाद अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने शनिवार 11 बजे तक सदन स्थगित कर दिया।

सीएम वीरभद्र सिंह ने कहा कि 12 मई को 59 वर्ष की उम्र में आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह का देहांत हुआ। उनके निधन से प्रदेश ने मिलनसार और हंसमुख चेहरा चला गया। कर्ण सिंह ने फर्गुसन कॉलेज में बीए ऑनर्स किया और उसके बाद 1990 में वे पहली बार विधायक चुने गए थे और 1998 मे दूसरी बार विधायक बने और फिर प्राथमिक शिक्षा मंत्री बने। इसके बाद वे 2012 में तीसरी बार विधायक बने और 2015 में वे आयुर्वेद मंत्री बने। सीएम ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के अस्सी वर्ष की उम्र में निधन पर भी शोक जताया और कहा कि वे 1985 में धर्मशाला से विधायक चुने गए थे। उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा की सामाजिक कार्यों में रुचि थी। नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह की मित्रता दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर थी। वे सभी से अपनत्व के भाव से मिलते थे। विधानसभा के पिछली सत्र में हंसमुख चेहरा सबके सामने था, लेकिन इसी माह मिलनसार व्यक्तित्व रखने वाले कर्ण सिंह का निधन हो गया और इससे पूरा सदन सदमे में हैं। धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह ने 1990 में बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीते थे। इसके बाद 1998 मे भी बीजेपी से चुनाव लड़े और जीते। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह की कमी खलती रहेगी. और इस दुख की घड़ी मे वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया और कहा कि उन्होंने पंचायत प्रधान से विधायक तक का सफर तय किया था। स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि यह दुख की बात है कि हमारे सहयोगी कर्ण सिंह आज सदन में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया। परिवहन मंत्री जीएस बाली ने उनके अंतिम समय में मैं और धर्माणी उनसे मिलने गए थे। राजनीतिक जीवन में चाहे जितने भी फासले रहें, लेकिन कर्ण सिंह की अंतिम यात्रा में उनके बड़े भाई महेश्वर सिंह को टूटते हुए देखा।

### सदन के राजकुमार थे कर्ण सिंह : गुलाब

बीजेपी सदस्य ठाकुर गुलाब सिंह ने कहा कि की कर्ण सिंह इस सदन के राजकुमार थे। उनके पहनावा, स्टाइल और व्यक्तित्व सब से जुदा था। विधानसभा अध्यक्ष बीबीएल बुटेल ने भी पूर्व मंत्री कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर शोक बताया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे भी शोकाकुल परिवार के साथ हैं।

### श्रद्धांजलि देते भावुक हो गईं विद्या स्टोक्स

सिंचाई मंत्री विद्या स्टोक्स शोकोद्गार के दौरान भावुक हो गई। इसके अलावा विधायक संतपाल सिंह सत्ती, कुलदीप कुमार, गोविंद सिंह ठाकुर और राकेश कालिया ने भी दोनों सदस्यों के निधन पर शोक प्रस्ताव रखे। इसके बाद सदन में इन दोनों सदस्यों निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा और श्रद्धांजलि दी।

## परिवार में सबसे लाडला था मेरा छोटा भाई : महेश्वर

अमर उजाला ब्यूरो
शिमला।

कर्ण सिंह के बड़े भाई और बीजेपी सदस्य महेश्वर सिंह ने कहा कि कुछ विभूतिया ऐसी होती हैं जो गहरी छाप छोड़कर जाती हैं और उनमे कर्ण सिंह भी एक थे। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह उनसे साढ़े आठ वर्ष छोटा था और घर में सबका लाडला था। 2010 मे परिवार में ऐसी घटना घटी जिसने सबको झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि उस समय कर्ण सिंह के बड़े बेटे की मौत हो गई और इससे कर्ण सिंह के जीवन मे परिवर्तन आ गया। पुत्र वियोग को वे सहन नहीं कर पाए। उनके मित्र उन्हें रोकते थे, लेकिन वे गम मे गमगीन हो गए। वे गरीबों की मदद को हमेशा आगे रहते थे। इस बीच 15 अप्रैल को उन्हें कहा गया कि कर्ण सिंह को चलने में दिक्कत हो रही है तो वे मानने को तैयार नहीं थेए लेकिन बाद में पता चला कि उनके फेफड़े में पानी भर गया था। महेश्वर ने कहा कि इस बीच ऐसी घटनाएं घटी कि परिवार से दूर हो गए और इसमें उसका दोष नहीं था। वह कमजोर हृदय के थे और कुछ लोगों ने इसका फायदा उठाया और उन्हे गुमराह किया और आज ऐसा वक्त आया कि वह हमसें क्या सबसे दूर हो गए। उन्होंने कहा कि घर पर 88 वर्ष की बुजुर्ग मां है और उन पर क्या गुजर रही है वह भगवान ही जानता है।

### गर्मजोशी से मिले वीरभद्र-धूमल, खूब ठहाके लगे

प्रदेश विधानसभा में विशेष सत्र की पहली बैठक के शुरू होने से पहले मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और नेता प्रतिपक्ष प्रेमकुमार एक-दूसरे से गर्मजोशी से मिले। सदन में पहुंचते ही सीएम वीरभद्र सिंह तेज कदमों से नेता प्रतिपक्ष प्रेमकुमार धूमल की ओर बढ़े। उनसे हाथ मिलाया। इस दौरान संसदीय कार्य मंत्री मुकेश अग्निहोत्री भी उनके साथ थे। मुख्यमंत्री ने भाजपा विधायक दल के मुख्य सचेतक सुरेश भारद्वाज की ओर इशारा कर विपक्ष के नेता धूमल की ओर कुछ कहा। इस पर विपक्ष के सदस्यों ने खूब ठहाके लगाए। विपक्ष के एक विधायक की ओर इशारा कर वीरभद्र ने उन्हें 'डीयरेस्ट फ्रेंड' कहा तो इस पर भी हंसी-ठिठोली होती रही। सीएम ने विपक्ष के सभी सदस्यों से बारी-बारी से हाथ मिलाया। फिर अपनी सीट पर आए।

### ...और कौल सिंह ठाकुर की जुबान फिसली



स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कौल सिंह ठाकुर की शोकोद्गार प्रस्ताव पर वक्तव्य देते हुए जुबान ही फिसल गई। कौल सिंह ठाकुर ने जब बीच में कहा कि शांता कुमार की सरकार में कर्ण सिंह मंत्री रहे तो विपक्ष के सदस्यों ने भूल सुधार करवाया कि वे शांता नहीं, बल्कि धूमल सरकार में मंत्री रहे। इसके बाद जब कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि वे 1909 में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष थे तो इस पर भी सदन में कुछ सदस्यों ने कहा कि 1909 नहीं, बल्कि 2009 कहिये। इस पर स्वास्थ्य मंत्री ने वक्तव्य के दौरान अपनी दोनों ही गलतियां खुद दुरुस्त कीं।

27 MAY 2017

(36)

अमर उजाला

# क्षेत्र, जाति की राजनीति करती भाजपा : सीएम

## प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यक्रम में बोले सीएम

शिमला। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि भाजपा जाति, क्षेत्र और धर्म की राजनीति करती है। कांग्रेस सरकार ने हमेशा सभी वर्गों के साथ न्याय का काम किया है। मुख्यमंत्री पीटरहाफ मे प्राथमिक शिक्षक संघ के कार्यक्रम मे बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि सरकार ने शिक्षको की मानदेय बढाने की माग को पूरा किया है। जिसकी अधिसूचनाएं जारी गई हैं। सरकार के प्राथमिक शिक्षक के मानदेय 13000 रुपये से बढाकर 21,000 रुपये किया गया है। इस फैसले से हिमाचल के 3406 शिक्षकों को फायदा हुआ है। राज्य सरकार शिक्षक समुदाय के कल्याण सदा सुनिश्चित करती आ रही है। विशेषकर सीमित आय वाले शिक्षको का पूरा ध्यान रखा जाता है। राज्य सरकार ने पीटीए पैरा अथवा पीटीए शिक्षकों की उचित मागो के प्रति उदार रवैया रहा है तथा इनमे से ज्यादातर को पूरा भी किया है।

उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने सभी वर्गों से सदा न्याय किया हैं। उन्होंने शिक्षको की अन्य मांगों का समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पीएटी के राज्य अध्यक्ष नारायण हिमराल ने मुख्यमंत्री और उनके साथ आए मेहमानो का स्वागत किया। राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह और शिक्षा संयुक्त निदेशक केआर सैजल भी उपस्थित थे।

# विस के बाहर आज सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे शिक्षक

शिमला। राजकीय अध्यापक संघ के बैनर तले हजारों शिक्षक शनिवार को विधानसभा का घेराव करेंगे। घेराव से पहले शिक्षक सद्बुद्धि यज्ञ करेंगे। राजकीय अध्यापक संघ के प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र चौहान ने कहा कि सरकार को भ्रमित कर रही अफसरशाही की पोल खोलने के लिए सद्बुद्धि यज्ञ करने का फैसला लिया गया है। उन्होंने बताया कि 18 दिसंबर को मुंख्यमंत्री ने संघ की राज्य स्तरीय कार्यशाला मे 21 सूत्री मागपत्र को पूरा करने की घोषणा की थी। लेकिन अफसरशाही की अनदेखी के चलते छह माह बाद भी मांगों पर कोई गौर नही किया गया। अधिकारी जानबूझ कर सरकार की किरकिरी करने के लिए शिक्षकों की मांगों को अनदेखा कर रहे हैं। ब्यूरो

# धरने में शामिल नहीं होंगे प्राथमिक शिक्षक

शिमला। राजकीय प्राथमिक शिक्षक संघ के सदस्य शनिवार को प्रस्तावित विधानसभा घेराव में शामिल नहीं होंगे। संघ के प्रदेश अध्यक्ष गुरचरण सिंह बेदी ने बताया कि राजकीय अध्यापक संघ प्राथमिक शिक्षकों के हित मे नहीं है। इस संघ द्वारा प्राथमिक ढांचे को समाप्त कर प्राथमिक शिक्षा को पूर्णतया लागू करने का सरकार पर दबाव बनाया जा रहा है। ब्यूरो

# येदियुरप्पा होंगे कर्नाटक में भाजपा का चेहरा: शाह

## हिमाचल पर अभी साफ नहीं हो पाई है स्थिति

अमर उजाला ब्यूरो

नई दिल्ली। उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश के बाद अब भाजपा कर्नाटक में भी कमल खिलाने की पूरी कोशिश में जुट गई है। भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने शुक्रवार को कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा राज्य में अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। राज्य में अगले साल चुनाव होने वाले हैं। यह पूछे जाने पर कि येदियुरप्पा जो प्रदेश पार्टी अध्यक्ष हैं, वे मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे? शाह ने कहा, 'हां वे होंगे। कर्नाटक में येदियुरप्पा के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा।' गौरतलब है कि येदियुरप्पा को भ्रष्टाचार के आरोपों के चलते मुख्यमंत्री पद की कुर्सी भी गंवानी पड़ी थी। उन पर जमीन और अवैध खनन घोटाले के आरोप लगे थे। कर्नाटक भाजपा में गुटबाजी चरम पर है। बीते दिनों गुटबाजी से निजात पाने के लिए पार्टी ने कई नेताओं के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की थी। वहीं शाह ने संकेत दिया कि गुजरात में मुख्यमंत्री विजय रूपानी इस शीर्ष पद के लिए पार्टी की पसंद होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या रूपानी गुजरात चुनाव में भाजपा का चेहरा होंगे? शाह ने कहा, 'वे पहले से ही मुख्यमंत्री हैं।' उन्होंने कहा कि गुजरात विधानसभा चुनाव में भाजपा 150 से अधिक सीटें जीतेगी। गुजरात में साल के अंत में चुनाव होने हैं। वहीं हिमाचल प्रदेश के बारे में पूछने पर उन्होंने कहा कि राज्य में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में अभी तय नहीं किया है। हिमाचल में भी गुजरात के साथ चुनाव होने हैं।

# मंत्री, विधायकों ने लिखकर दिया वीरभद्र के नेतृत्व में लड़ेंगे चुनाव

## विधायक दल के सभी सदस्यों ने मुख्यमंत्री पर जताया भरोसा

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

सरकार के मंत्रियों और विधायकों ने लिखकर दिया है कि हिमाचल में आगामी विधानसभा के चुनाव सीएम वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में लड़े जाएंगे।

इसमें ये भी लिखा गया है कि विधायक दल के सभी सदस्यों का मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में भरोसा है। इसके लिए प्रदेश विधानसभा परिसर में बाई सर्कुलेशन कांग्रेस विधायक दल की सांकेतिक बैठक हुई। कांग्रेस विधायकों का हस्ताक्षरित पत्र जल्दी ही पार्टी आलाकमान को भेजा जाएगा। शुक्रवार को प्रदेश विधानसभा परिसर में संसदीय कार्य मंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कांग्रेस विधायकों को एक पत्र दिया। इसमें विधायक दल की बैठक का एजेंडा स्पष्ट करते हुए सभी मंत्रियों और विधायकों से हस्ताक्षर करने को कहा गया। सूत्रों ने बताया कि पत्र में सीएम वीरभद्र सिंह के नेतृत्व में पूरा विश्वास होने की बात लिखी गई है और अगले विधानसभा चुनाव भी उन्हीं के नेतृत्व में लड़ने की बात भी है। इस पत्र पर कुछ कांग्रेस विधायकों ने विधानसभा के भीतर ही हस्ताक्षर किए, जबकि कुछ विधायकों को सीएम वीरभद्र सिंह के कार्यालय में बुलाकर वहां हस्ताक्षर लिए गए। सभी मंत्रियों और विधायकों ने इस पत्र में हस्ताक्षर किए हैं।

### प्रदेश विधानसभा के भीतर बाई सर्कुलेशन हुई विधायक दल की बैठक

### किसी की मेहरबानी से नहीं बना सीएम : वीरभद्र

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने विधानसभा में मीडिया से बातचीत के दौरान कहा कि वे किसी की मेहरबानी से सीएम नहीं बने हैं। चुनाव के माध्यम से निर्वाचित होने के बाद विधायक मंडल ने उन्हें सीएम चुना है। उनसे पूछा गया कि प्रदेश अध्यक्ष सुक्खू कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ईमानदार व्यक्ति को अध्यक्ष पद से क्यों हटाएगा। इस पर सीएम ने कहा कि वे अपने आप को सर्टिफिकेट दे रहे हैं इसकी खुशी है। कांग्रेस संगठनात्मक चुनाव को लेकर मुख्यमंत्री कायम दिखे। उन्होंने कहा कि आलाकमान को अवगत करवा चुके हैं कि विधानसभा चुनाव के साथ संगठनात्मक चुनाव नहीं होने चाहिए। उन्होंने संगठन और सरकार में मतभेद की आरोपों का खारिज किया है। मुख्यमंत्री से जब यह पूछा गया कि भाजपा के राष्ट्रीय नेता हिमाचल में आ रहे हैं जबकि कांग्रेस के प्रचार कमजोर दिख रहा है तो वे बोले कि भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं का स्वागत है। इन नेताओं के आने से कांग्रेस सरकार डरने वाली नहीं है और इनका कोई असर यहां होने वाला नहीं है। सीएम वीरभद्र सिंह ने कहा कि सरकार और संगठन में अच्छा तालमेल है। पूरी तरह से मिलकर दोनों काम कर रहे हैं और तालमेल और बेहतर करना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष बनने के लिए चुनाव नहीं टालने की मांग कर रहे हैं बल्कि विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन चुनाव के पक्ष में नहीं हैं।

# हिमुडा से सेवानिवृत्त कर्मियों को पेंशन खाद्य आपूर्ति निगम मुलाजिमों को डीए

## हमीरपुर में 36 फ्लैट बनाने को मंजूरी

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

हिमुडा से सेवानिवृत्त हुए कर्मचारियों को (जिनका ईपीएफ कटता हो) प्रोविजनल पेंशन मिलेगी। शुक्रवार को हिमुडा की बीओडी में यह फैसला लिया गया है। इस फैसले से हिमुडा के करीब 200 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फायदा होगा। अभी इन कर्मचारियों को पेंशन का लाभ नहीं दिया जा रहा था।

बीओडी बैठक की अध्यक्षता करते हुए शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा ने कहा कि वन टाइम सेटलमेंट पॉलिसी में लोगों को पैसा जमा कराने का समय भी बढ़ाया गया है। जिन लोगों ने हिमुडा से फ्लैट और प्लॉट लिए हैं उन्हें 31 मार्च तक अपने पैसा जमा कराने थे लेकिन अब वह 30 सितंबर, 2017 तक शेष राशि हिमुडा में जमा करा सकेंगे। उन्होंने कहा कि हिमुडा की ओर से जिन लोगों को व्यवसायिक गतिविधियां करने के लिए प्रापर्टी लीज पर दी थी, वह प्रापर्टी उन लोगों के नाम होगी। इसके लिए लोगों को हिमुडा की औपचारिकताएं पूरी करनी होंगी।

बीओडी की बैठक में हिमुडा की कालोनी कसुम्पटी और फ्लावरडेल में बने भवन 42 और 20 नंबर की बेसमेंट में फ्लैट बनाने को मंजूरी दी गई। उन्होंने कहा कि हमीरपुर में 36 फ्लैट बनाने को भी मंजूरी दी गई।

इसके अलावा परवाणू में हिमुडा कालोनियों में लगे व्यवसायिक पानी के कनेक्शन का रेट नहीं बढ़ेगा। आगामी तीन साल तक लोगों को उसी रेट पर पानी उपलब्ध होगा। बीओडी ने परवाणू में फड़ी और खोखे वालों को बसाने के लिए जमीन देने का फैसला लिया है।

### बीओडी की बैठक

## सस्ता सरिया बेचेगा खाद्य आपूर्ति निगम

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

हिमाचल के लोगों को अब भवन बनाने के लिए सस्ते दामों पर सरिया उपलब्ध होगा। खाद्य आपूर्ति निगम ने टाटा, जिंदल कंपनियों से सरिया खरीदने का फैसला लिया है। शुक्रवार को आयोजित बीओडी की बैठक में इसे मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता खाद्य आपूर्ति मंत्री जीएस बाली ने की।

बाली ने खाद्य आपूर्ति निगम के 700 कर्मचारियों को 3 फीसदी डीए देने की घोषणा की। इसके अलावा कर्मचारियों को 400 रुपये कैपिटल अलाउंस और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वाशिंग अलाउंस देने को मंजूरी प्रदान की। बाली ने कहा कि हिमाचल में 10 करोड़ रुपये की लागत से गोदामों का निर्माण किया जाएगा। इनमें कुछेक गोदामों में अनाज जबकि कइयों में सरिया रखा जाएगा। सरिया बेचने के लिए खाद्य आपूर्ति निगम अलग से डिपो खोलेगा।

इन डिपुओं में सरिया के अलावा बाइंडिंग वायर, कील आदि अन्य सामान उपलब्ध कराया जाएगा। बाजार मूल्य की अपेक्षा लोगों को निर्माण सामग्री सस्ते दामों में उपलब्ध होगी।

### तीन साल पूरा करने वाले कर्मचारी होंगे रेगुलर

बाली ने कहा कि खाद्य आपूर्ति निगम में तीन साल का कार्यकाल पूरा कर चुके अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करने का फैसला लिया गया है। इससे फैसले से खाद्य आपूर्ति निगम के सैकड़ों कर्मचारियों को फायदा होगा।

# पॉलिसी को लेकर सीएम से मिले कंप्यूटर शिक्षक

## बजट भाषण में की गई घोषणा की दिलाई याद

### सीएम बोले, कंप्यूटर शिक्षक की मांग के प्रति सरकार गंभीर

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

बजट भाषण मे घोषणा करने के बाद भी कंप्यूटर शिक्षकों के लिए पॉलिसी नही बन रही है।

इस मामले को लेकर कंप्यूटर शिक्षक संघ का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से मिला। संघ के अध्यक्ष जगदीश शर्मा ने मुख्यमंत्री को बताया कि वर्ष 2016-17 के बजट भाषण में कंप्यूटर शिक्षकों के लिए पॉलिसी बनाने की घोषणा की गई। लेकिन अफसर फाइल को एक टेबल से दूसरे टेबल भेजने के अलावा उचित निर्णय नहीं ले रहे हैं।

हिमाचल मे 14 सौ के करीब कंप्यूटर शिक्षक हैं, जो 14 साल से सरकारी स्कूलों में सेवाए दे रहे हैं। अन्य शिक्षकों की तरह शिक्षक छात्रों को पढ़ा रहे हैं।

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कंप्यूटर शिक्षकों को आश्वस्त किया कि प्रदेश सरकार इस मामले को लेकर गभीर है। शिक्षा विभाग के अधिकारियों से लगातार इस मामले पर विचार-विमर्श किया जा रहा है।

सरकार अगली मंत्रिमंडल की बैठक मे इस प्रस्ताव को लाने जा रही है। कंप्यूटर शिक्षकों के भविष्य को देखते हुए सरकार पालिसी बनाएगी।

### विक्रमादित्य सिंह से भी मिला प्रतिनिधिमंडल

मुख्यमंत्री से मिलने से पहले कंप्यूटर शिक्षक संघ की बैठक हुई। इसमें करीब 500 से अधिक शिक्षकों ने भाग लिया। इसके बाद कंप्यूटर शिक्षकों ने युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य से मुलाकात की। उन्होंने कहा कि सीएम ने बजट भाषण में कंप्यूटर शिक्षकों के लिए पालिसी का वायदा किया है। यह जरूर पूरा होगा।

# हाईकोर्ट ने नगर निगम चुनाव की याचिका पर सुरक्षित रखा फैसला

### वोटर लिस्ट में संशोधन के आदेशों के खिलाफ दायर की गई है याचिका

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

हाईकोर्ट ने शिमला नगर निगम के चुनाव से जुड़ी वोटर लिस्ट में संशोधन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की 9 मई को जारी आदेशों के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी राजू ठाकुर के अनुसार चुनाव आयोग ने नगर निगम शिमला के चुनाव टालने के इरादे से यह अधिसूचना जारी की गई है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सीबी बारोवालिया की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी राजू ठाकुर ने राज्य निर्वाचन आयोग के स्पेशल रिविजन आफ इलेक्ट्रोल रोलस के आदेशो को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। याचिकाकर्ता ने निर्वाचन आयोग के आदेशों को असंवैधानिक और गैर कानूनी बताया। कहा कि संविधान की धारा 243यू में स्थानीय निकायो के चुनावों को एक भी दिन टालने या आगे खिसकाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे मे राज्य निर्वाचन आयोग का फैसला तर्क संगत नही हैं। उन्होंने इस फैसले को रद्द करने और निर्वाचन आयोग को चार जून से पहले नगर निगम शिमला के चुनाव करवाने का आदेश देने का आग्रह भी कोर्ट से किया है। इससे पहले भी नगर निगम शिमला के चुनावो से जुड़ी वोटर लिस्टों का मामला हाईकोर्ट पहुंचा था जिसमे तीस अप्रैल और पहली मई को वोटर लिस्टो में नाम जोड़ने का अतिरिक्त समय दिया था। अब चुनाव आयोग के 9 मई को जारी आदेशों के अनुसार नगर निगम शिमला के नए वोटरो को बनाने के काम को विभिन्न चरणों से पूरा करने के बाद 23 जून को सेप्लीमेंटरी लिस्ट टू जारी करने के आदेश जारी दिए। प्रार्थी ने आयोग के इन्ही आदेशो को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। आयोग ने माना कि पंचायती राज अधिनियम के तहत उनका यह दायित्व है कि स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर करवाये जाएं परंतु उन्हें स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने हेतु यह निर्णय लेना पड़ा।

### मोदी सरकार के प्रचार के साथ प्रदेश सरकार को घेरेगा भाजयुमो

शिमला। विधानसभा चुनाव को देखते हुए भाजयुमो ने भी कमर कस ली है। मोर्चा के दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति सम्मेलन मे जिला और मंडल स्तर पर दीवार लेखन कार्यक्रम करने का निर्णय लिया गया। 'बूथ सबसे मजबूत' के नारे के साथ भाजयुमो ने संगठनात्मक जिलों व मंडलों के कार्यक्रम तय कर दिए हैं। दीवार लेखन के साथ स्वच्छता अभियान और युवा सम्मेलन आयोजित किए जाएगे। मोदी सरकार के प्रचार के साथ वीरभद्र सरकार को घेरने के लिए हर जिला मुख्यालय पर धरना-प्रदर्शन का कैलेंडर तय कर दिया है। भाजयुमो की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शुक्रवार को प्रदेश कार्यालय मे संपन्न हुई। मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विशाल चौहान की अध्यक्षता मे हुई बैठक मे पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि भाजयुमो के सभी कार्यकर्ता केंद्र की विकासात्मक योजनाओं को जनता के बीच लेकर जाएं। इससे पहले अध्यक्ष चौहान ने जिलाध्यक्षों से विस्तृत ब्योरा लिया। प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि बूथ स्तर पर केंद्र की योजनाओं और प्रदेश सरकार की नाकामियों को बताएं। सम्मेलन में प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा, शिमला संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम गुलेरिया, भाजयुमो के राष्ट्रीय सचिव एवं प्रदेश प्रभारी [illegible] तिवारी, सह प्रभारी सहदेव सलारिया, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी [illegible] छाबड़ा तथा राष्ट्रीय सदस्य [illegible] ठाकुर सहित सभी जिलाध्यक्ष मौजूद रहे। ब्यूरो

# पाक-साफ निकलेंगे वीरभद्र सिंह : तिवारी

### मोदी सरकार कर रही एजेंसियों का दुरुपयोग

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

कांग्रेस राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार केंद्रीय जाच एजेंसियों का दुरुपयोग कर राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। मुख्यमत्री वीरभद्र सिह के खिलाफ भी षड्यत्र के तहत ईडी, इनकम टैक्स और, सीबीआई की जाच करवाई जा रही है।

राजनीतिक विरोधियों की आवाज दबाने और कांग्रेस शासित राज्यों की सरकारो को अस्थिर करने के लिए यह सब किया जा रहा है। मनीष तिवारी ने कहा कि मुख्यमत्री के खिलाफ जो मामला बनाया गया है, उसको लेकर अदालत में चार्जशीट दायर कर ली गई है। उन्हे पूरा विश्वास है कि मुख्यमत्री वीरभद्र सिंह पाक साफ निकलेंगे। हिमाचल मे कांग्रेस सरकार फिर सत्ता मे आएगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू संगठन में ठीक काम कर रहे हैं। । कांग्रेस पार्टी के प्रदेशाध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कांग्रेस प्रदेश महासचिव नरेश चौहान, कोषाध्यक्ष सुरेंद्र चौहान, अनिल गोयल मौजूद रहे।



### मोदी सरकार ने बनाया आतंक और भय का माहौल : तिवारी

शिमला। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीन साल के कार्यकाल में आतक और भय का माहौल बनाया है। केंद्र सरकार आतरिक सुरक्षा की कसौटी पर फेल हुई है। कश्मीर में अराजकता का माहौल और जग जैसे हालात हैं। उत्तर और मध्य पूर्व मे माओवाद के कारण जवान मारे जा रहे है। मोदी सरकार 1947 की लड़ाई को दोहराना चाहती है। मनीष तिवारी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर यह आरोप शिमला में पेसवार्ता में लगाए। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के तीन साल का कार्यकाल पूरा हो चुका है। सरकार का आकलन 5 बिंदुओं पर होता है। सांप्रदायिक सौहार्द, आतरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास, अंतरराष्ट्रीय नीति और व्यवहार शामिल है। इसमें केंद्र सरकार फेल रही है।

(39)

27 May,2017 8:42 AM

# सूबे के लिए मोदी सरकार ने की कई घोषणाएं, पर नहीं आए अच्छे दिन

## विशेष श्रेणी राज्य की कुछ सुविधाएं बहाल कीं, आर्थिक संकट से नहीं उबरा राज्य, हवाई सेवाएं शुरू करने के अलावा कोई बड़ा काम धरातल पर नहीं उतरा

सुरेश शांडिल्य
शिमला।

मोदी सरकार के तीन साल के कार्यकाल में हिमाचल के लिए घोषणाएं तो कई हुईं, मगर गले तक कर्ज में डूबे इस पहाड़ी सूबे के आम लोगों के अच्छे दिन अभी पूरी तरह से नहीं आ सके हैं।

सत्ता में आने के कुछ वक्त बाद मोदी सरकार ने हिमाचल के लिए विशेष श्रेणी राज्य की कुछ सुविधाएं बहाल जरूर कीं, पर ये राज्य बदहाली से नहीं उबर पाया है। राजधानी शिमला को हवाई सेवाओं से जोड़ने के अलावा कोई भी बड़ा काम जमीन पर उतरा नहीं दिख रहा है। केंद्रीय भाजपा सरकार का




हिमाचल की कांग्रेस सरकार से सियासी समीकरण फिट नहीं बैठना भी इसका कारण माना जाता रहा है। चाहे करीब पांच दर्जन से ज्यादा नेशनल हाइवे की घोषणा हो या फिर बेहतरीन इलाज को एम्स खोलने की घोषणा के बावजूद धर्मशाला को स्मार्ट सिटी बनाना भी अभी कोसों दूर है। सेब आयात शुल्क बढ़ाने की चुनाव से पहले की अपनी घोषणा के विकल्प के तौर पर हिमाचल के फलों को कोल्ड ड्रिंक में खपाने की पीएम मोदी ने मंडी और शिमला में घोषणा की थी। पर भी अभी तक कंपनियों से कोई समझौता नहीं हुआ।

मोदी सरकार ने हिमाचल के लिए स्मार्ट सिटी, आईआईएस, एम्स, सोलर पार्क, करीब पांच दर्जन से ज्यादा नेशनल हाइवे जैसे प्रोजेक्टों की हिमाचल के लिए घोषणाएं कीं। हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज का शिलान्यास भी हुआ। ये सभी योजनाएं अभी अधूरी हैं। धर्मशाला में केंद्रीय विश्वविद्यालय भी जरूर खुला है, मगर अभी इसकी पूरी तरह से स्थापना में वक्त लगेगा। केंद्र सरकार ने पहले आम बजट में 10 जुलाई 2014 को हिमाचल को आईआईएम का तोहफा दिया। इसकी कक्षाएं एक निजी भवन में लगी हैं। इसी बजट में रेणुका बांध को केवल 50 करोड़ रुपये दिए। इसके पीछे भी असल मकसद यही से दिल्ली की पेयजल जरूरत को पूरा करना था। लाहौल स्पीति जिले में बड़े सौर ऊर्जा प्रोजेक्ट लगाने एलान भी हुआ। जो जमीन पर नहीं बना। तीसरे आम बजट में सभी जिलों में गुर्दे के मरीजों के लिए डायलिसिस सुविधा शुरू करने की घोषणा हुई। ये भी अभी अमल में नहीं आई। एक फरवरी 2017 को मोदी सरकार ने अपने चौथे आम बजट में भी हिमाचल को अलग से कुछ खास नहीं दिया गया।

### पांच दर्जन एनएच की घोषणा अभी कागजों में

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने हिमाचल आकर करीब पांच दर्जन एनएच की जरूर घोषणा की। ये परियोजनाएं भी कागजों में ही हैं। भाजपा इसके लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार को वक्त पर डीपीआर न बनाने के लिए जिम्मेवार ठहरा रही है।

### बिलासपुर में एम्स की अधिसूचना अभी नहीं

28 फरवरी 2015 को मोदी सरकार ने दूसरे आम बजट में यहां एम्स की घोषणा की। पर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा के गृह क्षेत्र बिलासपुर में एम्स खोलने की इस घोषणा की अधिसूचना तक जारी नहीं हुई है।

### हिमाचल की कांग्रेस सरकार से फिट नहीं बैठ पाए केंद्रीय भाजपा सरकार के समीकरण

### हिमाचल के संदर्भ में तो केवल जुमले ही रहे अब तक : सुक्खू



कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि मोदी सरकार की तमाम घोषणाएं हिमाचल के संदर्भ में जुमले के अलावा कुछ नहीं रही है। हवाई सेवाओं को शुरू करने के लिए सुप्रीम कोर्ट और हाईकोर्ट के आदेश थे। इसका लाभ आम आदमी को नहीं मिल पाया है। केंद्र सरकार नेशनल हाइवे की अधिसूचना को ठीक करे। इसमें खामियां हैं।

### प्रदेश को कई संस्थान मिले हाईवे की मिली सौगात : सत्ती



भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा है कि मोदी सरकार ने हिमाचल के लिए बहुत सी घोषणाएं की हैं। हिमाचल के लिए विशेष श्रेणी का दर्जा घोषित किया गया। इनमें स्मार्ट सिटी, आईआईएस, एम्स, केंद्रीय विश्वविद्यालय जैसे संस्थान, सोलर पार्क, नेशनल हाइवे जैसे प्रोजेक्टों की हिमाचल के लिए घोषणाएं हुईं। यहां से हवाई सेवाएं शुरू हुईं। कई राजमार्ग भी मिले।

अमर उजाला
27 MAY 2017

## आज पारित होगा हिमाचल का जीएसटी विधेयक, चर्चा संभव

शिमला। प्रदेश माल और सेवा कर विधेयक 2017 (जीएसटी बिल) शनिवार को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की ओर से सदन मे रखा जाएगा। सीएम वीरभद्र सिंह इसे पारित करने का प्रस्ताव पेश करेंगे। इस विधेयक पर दोनो पक्षों की ओर से चर्चा संभव है। हालांकि, माना जा रहा है कि इस विधेयक पर कांग्रेस और भाजपा दोनों दलों की सहमति होने के कारण इसे दोनो पक्ष ध्वनिमत से पास करेंगे। जीएसटी विधेयक पारित करने के लिए बुलाया गया हिमाचल विधानसभा का विशेष सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। ये सत्र शनिवार को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित भी कर दिया जाएगा। शनिवार को भी सत्र की शुरुआत सुबह 11 बजे होगी। राष्ट्रीय स्तर पर जीएसटी अधिनियम को लागू करने से पहले राज्यों में जीएसटी विधेयक को पारित करवाना जरूरी है। इसी विधायी औपचारिकता के कारण हिमाचल में भी विशेष सत्र बुलाया गया है। बताया जा रहा है कि राज्य सरकार और केंद्र सरकार के विधेयक मे कोई खास बदलाव नहीं होगा। केंद्रीय विधेयक की तर्ज पर ही राज्य सरकार ने जीएसटी विधेयक तैयार किया है। राज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद दो विधेयकों को भी सदन के पटल पर रखा जाएगा। ये विधेयक हिमाचल प्रदेश विनियोग विधेयक 2017 और हिमाचल प्रदेश न्यायालय फीस संशोधन विधेयक 2017 होंगे। ब्यूरो

# धर्मशाला, देहरा दोनों जगह सीयू कैंपस बनाने को तैयारः जावड़ेकर

## बोले, राज्य सरकार ने पर्यावरण मंजूरी को जमा नहीं कराया कैंपा फंड

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि केंद्र सरकार धर्मशाला और देहरा दोनो जगह केंद्रीय विश्वविद्यालय का कैंपस बनाने के लिए तैयार है। इसके लिए सैद्धांतिक मंजूरी भी दे दी गई है।

सीयू का काम हिमाचल सरकार की वजह से लटका है। प्रदेश सरकार ने केंद्र से पर्यावरण मंजूरी लेने के लिए अभी तक कैंपा फंड ही जमा नहीं कराया है। प्रदेश सरकार औपचारिकताएं पूरी करे तो केंद्र फौरन स्वीकृति दे देगा। शुक्रवार को शिमला पहुंचे केंद्रीय मंत्री जावड़ेकर ने कहा कि अगर कांग्रेस सरकार सीयू का कैंपस बनाने मे दिलचस्पी नहीं दिखाती है तो प्रदेश मे भाजपा सरकार बनते ही इस काम को पूरा किया जाएगा। उधर, सीएम वीरभद्र ने कहा कि हमने सभी दस्तावेज भेज दिए हैं। मामले को केंद्र लटका रहा है।

## देशभर के 31 एनआईटी में भरे जाएंगे शिक्षकों के 3000 पद

*शिमला (अनिमेष कौशल)। देशभर के 31 एनआईटी मे शिक्षकों के 3000 रिक्त पदों को भरा जाएगा। 1500 पद इस साल और शेष पद अगले साल तक भरे जाएंगे। शुक्रवार को राजधानी शिमला में हुई राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी, विज्ञान विषय और अनुसंधान संस्थानों की परिषद की 10वीं बैठक मे यह फैसला लिया गया। बैठक की अध्यक्षता केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने की। राज्य मंत्री महेंद्र नाथ पांडे भी बैठक मे मौजूद रहे। शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान मे आयोजित बैठक मे 31 नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी और 7 इंडियन इंस्टीट्यूट आफ साइंस एंड रिसर्च (आईआईएसईआर) के लिए 200 करोड़ की योजना को भी मंजूरी दी गई।* >> शेष 12 पर

**एनआईटी और आईआईएसईआर के लिए 200 करोड़ की योजना को मंजूरी**

**बदली जाएगी एनआईटी शिक्षकों की नियुक्ति प्रक्रिया**



**इस साल नहीं खुलेगा कोई बीएड कॉलेज**

केंद्रीय मंत्री ने बताया कि देश मे इस साल एक भी नया बीएड कॉलेज नहीं खोला जाएगा। केंद्र सरकार ने शिक्षकों के प्रशिक्षण का खाका बदलने का फैसला लिया है।

पांचवीं और आठवीं में भी फेल होंगे विद्यार्थी >> विस्तृत पेज 9 पर

# पांचवीं, आठवीं में भी फेल होंगे विद्यार्थी

शिमला। शिक्षा में गुणवत्ता घटने के लिए कई राज्यों की ओर से जिम्मेवार मानी जा रही आरटीई एक्ट के तहत बनाई गई नो डिटेंशन पॉलिसी में केंद्र सरकार ने बड़ा बदलाव कर दिया है। केंद्र की नई व्यवस्था मे अब पांचवी और आठवीं के स्टूडेंट्स भी फेल होंगे। शुक्रवार को राजधानी शिमला में केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने बताया कि पांचवी और आठवीं की वार्षिक परीक्षा में फेल होने के बाद स्टूडेंट्स को पास होने के लिए तीन महीने बाद एक और मौका मिलेगा। अगर स्टूडेंट दूसरी बार की परीक्षा मे भी फेल हो गया तो उसे पुरानी क्लास मे ही रोक लिया जाएगा। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस व्यवस्था को अपनाने या ना अपनाने का जिम्मा राज्य सरकारो का होगा पहली से आठवी कक्षा तक के बच्चों को आरटीई एक्ट लागू होने के बाद से फेल नहीं किया जाता है। वार्षिक परीक्षा के आधार पर सिर्फ असेस्मेंट कर बच्चो को अगली कक्षा में प्रवेश दे दिया जाता है। इस नीति के चलते नवीं और दसवी कक्षा में मे पहुंचते ही फेल/होने वाले बच्चों की संख्या देश भर में बढ़ रही है। नई शिक्षा नीति के तहत बीते साल हुई कई बैठकों में कई राज्य सरकारों ने इस नीति का विरोध किया है। हिमाचल के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह भी इस नीति की खिलाफत कर चुके हैं। ऐसे में अब केंद्र सरकार द्वारा की गई इस नई व्यवस्था के बाद संभावित है कि हिमाचल में जल्द ही परीक्षा पास नहीं करने वाले पांचवी और आठवीं कक्षा में बच्चों को फेल करना शुरू कर दिया जाएगा। हिमाचल मे वर्तमान में पांचवी और आठवीं कक्षा के परीक्षा पेपर स्कूल शिक्षा बोर्ड की ओर से तैयार किए जाते हैं। हालांकि, असेसमेंट स्कूल स्तर पर ही होती है केंद्रीय मंत्री ने बताया कि पहली से आठवी कक्षा तक बच्चों का लर्निंग आउटकम बढ़ाने की कवायद शुरू हो गई है। ब्यूरो

# विस परिसर में विधायक गोबिंद के साथ महिला कर्मचारी ने की धक्की-मुक्की

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

लोक निर्माण विभाग की एक महिला कर्मचारी ने विधानसभा परिसर में भाजपा के विधायक गोबिंद राम के साथ धक्का-मुक्की की। विधायक के बचाव के लिए जब पुलिस अफसर सहित पुलिस कर्मचारी आगे आए तो महिला ने उन पर भी हमला कर दिया।



## बीच बचाव कर रही पुलिस पर भी हमला

आरोपी महिला को संभालना मुश्किल हो रहा था। महिला चीख चीख कर कह रही थी कि बाकी विधायक कहां है। महिला को शांत करने के लिए जब अर्की विधानसभा के विधायक आगे आए तो उनके साथ दुर्व्यवहार किया। पुलिस के मुताबिक, महिला शिमला में लोक निर्माण विभाग में कार्यरत है। महिला के बारे में पुलिस ने लोक निर्माण विभाग से भी विवरण मांगा है। बताया जा रहा है कि विधानसभा के बाहर ट्रक ऑपरेटर यूनियन का धरना-प्रदर्शन चल रहा था। दोपहर बाद करीब डेढ़ बजे यह घटना हुई। आरोपी महिला को मौके पर ही पकड़ कर थाना बालूगंज ले जाया गया। आरोपी महिला के खिलाफ थाना बालूगंज में मुकदमा दर्ज कर आगामी छानबीन अमल में लाई जा रही है। एएसपी सिटी अर्जित सेन ठाकुर ने कहा कि महिला ने विधायक से दुर्व्यवहार किया है।

## सीने पर मारा मुक्का धक्का दिया : गोबिंद

शिमला। अर्की से भाजपा विधायक गोबिंद राम शर्मा ने कहा कि उन्हें नहीं मालूम कि वह कौन महिला थी। पता नहीं कि किसी ने षड्यंत्र के तहत भेजा था या कोई और मामला है। इसकी पुलिस छानबीन कर रही है। शर्मा ने कहा कि इस महिला ने उन्हे सीने में मुक्का मारा और धक्का भी दिया। वे 'बहन जी, बहन जी!' ही कहते रहे।

## पहली बार सदन में पहुंचे भोरंज विधायक

उपचुनाव में हाल ही में विजयी हुए भोरंज के नए भाजपा विधायक डॉ. अनिल धीमान भी पहली बार सदन में नजर आए। डॉ. अनिल धीमान ने अपने पिता पूर्व मंत्री आईडी धीमान के देहांत के बाद उपचुनाव में जीत हासिल की थी।

## सीएम के तीन बार बोलने पर अध्यक्ष ने सुना

नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल के शोक प्रस्ताव पर पीठ से गुलाब सिंह ठाकुर से प्रस्ताव रखने को कहा, लेकिन सीएम वीरभद्र ने पीठ की ओर इशारा कर वरिष्ठ साथी विद्या स्टोक्स से बुलवाने के लिए कहा। इसके बाद पीठ से मंत्री जीएस बाली को मौका दिया तो सीएम ने फिर अध्यक्ष बुटेल से कहा कि स्टोक्स को मौका दें। तीसरी बार महेश्वर सिंह की बारी आई तो सीएम ने उठकर अध्यक्ष से बोला कि इन्हें बोलने का मौका दिया जाए।

# हिमाचल के लोग परिवर्तन के लिए तैयार : जावड़ेकर

## केंद्रीय मंत्री ने शिमला में किया मोदी सरकार के तीन साल के कामकाज का बखान

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते तीन साल के कार्यकाल से लोगो की आशा को विश्वास में बदला है। तीन साल में विपक्ष भ्रष्टाचार का एक भी आरोप सरकार पर नही लगा सका।

शुक्रवार को राजधानी मे मीडिया से बातचीत में प्रकाश जावडेकर ने कहा साथ है, विश्वास है, हो रहा विकास है मोदी सरकार का नया मंत्र बन गया है। जावडेकर ने कहा कि हिमाचल में भी भाजपा को जीत मिलेगी। हिमाचल की जनता परिवर्तन के लिए तैयार है। प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना चाहती है। केंद्रीय मंत्री ने सरकार के तीन वर्ष को सफल बताते हुए कहा कि तीन साल पहले जनता ने नरेंद्र मोदी के नाम पर वोट दिया था। अब जो वोट भाजपा को मिल रहे हैं कि वह मोदी सरकार की ओर से किए गए कार्यों पर विश्वास जताकर दिए जा रहे हैं।

जनता ने जो विश्वास मोदी सरकार पर जताया है, वही इस सरकार की सबसे बड़ी कमाई है। मोदी सरकार ने तीन वर्ष में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है। साल



2022 तक देश मे छह करोड़ लोगों को आवास सुविधा दी जाएगी। सरकार गरीब, किसान और गांवों के लिए समर्पित सरकार है। लोगों की ओर से जताए गए विश्वास के बाद प्रधानमंत्री ने जनता पर विश्वास जताते हुए सेल्फ अटेस्टेशन को शुरू किया है। सरकार ने सरकारी दफ्तरों से मुहर लगाकर होने वाली अटेस्टेशन की ब्रिटिशकाल की प्रथा को समाप्त किया है।

उन्होने कहा कि यूपीए सरकार के समय अर्थशास्त्री प्रधानमंत्री होने के बावजूद दस सालो तक महंगाई ने जीना मुश्किल किया। भाजपा सरकार ने महंगाई को अब कम कर दिया है।

# भाजपा की चार्जशीट झूठ का पुलिंदा: माकपा

## पांच साल तक क्यों रहे खामोश : विजेंद्र मेहरा

अमर उजाला ब्यूरो

शिमला।

सीपीआई (एम) लोकल कमेटी शिमला ने नगर निगम शिमला के खिलाफ तैयार की गई चार्जशीट को झूठ का पुलिंदा व मानसिक दिवालियापन करार दिया है। पार्टी ने कहा है कि नगर निगम शिमला में सबसे ज्यादा पार्षद भाजपा के थे। अगर हकीकत में नगर निगम की कार्यप्रणाली में दोष था तो भाजपा के ये पार्षद पांच साल तक खामोश क्यों थे? भाजपा ने यह चार्जशीट केवल राजनैतिक रोटियां सेंकने के लिए बनाई है इसका हकीकत से इसका कोई वास्ता नहीं। पार्टी सचिव विजेन्द्र मेहरा ने भाजपा से पूछा है कि जब गिरी परियोजना से शिमला को पानी के लिए घटिया पाईपें बिछाई जा रही थी तो कांग्रेस - भाजपा दोनों सत्ता व विपक्ष में थे उनकी खामोषी से सवाल खड़ा होता है। अब इस स्कीम में हुए घोटाले को मेयर व डिप्टी मेयर ने जनता के सामने लाया है मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियो पर कार्रवाई की मांग की है तो भाजपा क्यों खामोश है? शिमला षहर मे पानी की समस्या के लिए भाजपा - कांग्रेस जिम्मेवार हैं क्योंकि नगर निगम के गठन के बाद से ही कांग्रेस - भाजपा प्रदेश की सत्ता में रही है। पानी मे सीवरेज सैस के लिए मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार जिम्मेवार हैं इसके लिए विरोध में दो बार नगर निगम हाउस से प्रस्ताव पारित कर इसे हटाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजे गए परंतु भाजपा ने विपक्षी पार्टी रहते हुए कभी कोई आवाज नहीं उठाई। सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में खामियों को लेकर डिप्टी मेयर की शिकायत के बाद ही एफआईआर दर्ज हुई और शिमला में गंदे पानी की सप्लाई बंद हुई। स्मार्ट सिटी के तौर पर शिमला को बाहर करने की साजिश कांग्रेस ने रची लेकिन भाजपा खामोश रही। । भाजपा नगर निगम चुनाव के मद्देनजर चोंचले बाजी कर रही है और उसका जनता की वास्तविक समस्याओं से कोई लेना - देना नहीं।

दिव्य हिमाचल 27 May,2017 8:42 AM

५२

## किसी की मेहरबानी से नहीं बना सीएम

शिमला— वीरभद्र सिंह ने कहा है कि वह किसी की मेहरबानी से और जबरदस्ती मुख्यमंत्री नहीं बने हैं। उन्हें चयनित हाउस ने ही सीएम के लिए चुना। विधानसभा में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि कोई यह कहता है कि एक व्यक्ति को मुख्यमंत्री पद पर दो बार से ज्यादा बार नहीं रहना चाहिए तो इसके लिए भारत के संविधान को बदलना चाहिए। उनका कहना था कि संविधान में ऐसा कोई प्रावधान नहीं हैं। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कुछ दिन पहले ही बयान दिया था कि यदि दो बार कांग्रेस अध्यक्ष रह चुके नेता को बदलना चाहिए तो दो बार सीएम पद पर रहे नेता को भी हटना चाहिए।



शिमला : विशेष सत्र के पहले दिन किसी बात पर मुस्कुराते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व नेता प्रतिपक्ष धूमल




शिमला : शुक्रवार को मंडी उत्सव के शुभारंभ के दौरान श्रीदेव माहूंनाग की पूजा-अर्चना करते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

# पक्के नहीं होंगे, पर रेगुलर जैसे मिलेंगे वित्तीय लाभ



■ स्टाफ रिपोर्टर, शिमला

लंबे समय से नियमित होने का इंतजार कर रहे पैट अध्यापकों को लेकर स्थिति तो साफ नहीं हो पाई है, लेकिन सरकार इन शिक्षकों को नियमित शिक्षकों के बराबर वित्तीय लाभ देने का आश्वासन दिया है। वर्तमान में इन शिक्षकों को 21 हजार 500 फिक्स वेतन दिया जा रहा है। वेतन वृद्धि भी अप्रैल में ही की गई थी। अब नियमित के बराबर वित्तीय लाभ देने का आश्वासन भी मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने दिया है। सीएम ने यह आश्वासन शुक्रवार को पैट शिक्षकों की ओर से आयोजित सम्मेलन के दौरान दिया है। हालांकि मामला कोर्ट में होने के चलते मुख्यमंत्री ने मंच से कोई औपचारिक घोषणा नहीं [illegible] आश्वासन दिया कि [illegible] पैट शिक्षकों को सरकार तोहफा देगी। गौर हो कि अप्रैल, 2017 में सरकार ने प्राइमरी असिस्टेंट टीचर्ज यानी पैट [illegible]ध्यापकों के वेतन में लगभग दोगुनी वृद्धि की है। अभी तक पैट अध्यापकों का केवल 11 हजार रुपए मासिक वेतन दिया जा रहा था, लेकिन अब 21 हजार 500 रुपए फिक्स वेतन दिया जा रहा है। पूरे प्रदेश में करीब 3400 पैट अध्यापक हैं। इनमें से अधिकतर पिछले करीब 14 सालों से प्रदेश के प्राथमिक स्तर पर सेवाएं दे रहे हैं। पैट एसोसिएशन के पदाधिकारियों का कहना है कि [illegible] लगाए [illegible] कर्मचारियों को भी पांच साल बाद नियमित कर दिया जाता है, लेकिन उन्हें 14 वर्ष का कार्यकाल पूरा होने के बाद भी नियमित नहीं किया जा रहा।

» सीएम वीरभद्र सिंह का पैट को आश्वासन, जल्द तोहफा देने की बात कही

### कांग्रेस नहीं करती भेदभाव की राजनीति

सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री ने शिक्षकों को आश्वासन दिया कि वह हर श्रेणी के शिक्षकों के लिए बेहतर ही कर रहे हैं। उन्होंने कांग्रेस न्याय को महत्त्व देती है, जबकि भाजपा जाति, क्षेत्र और धर्म आधारित राजनीति करती है। पैट संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह हिमराल ने सीएम का स्वागत किया। इस दौरान युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष चंद्रशेखर, संयुक्त निदेशक शिक्षा कुमार सैजल व अन्य लोग भी इस मौके पर मौजूद रहे।

### ट्रेनिंग पर फूंक दिए डेढ़ करोड़

पैट को पहले दो साल की इनसर्विस ट्रेनिंग डाइट से करवाई गई। इस प्रशिक्षण पर ही टीए, डीए और अन्य गतिविधियों पर करीब डेढ़ करोड़ रुपए खर्च कर दिए गए। बाद में इस प्रशिक्षण को यह कहकर रद्द कर दिया गया कि यह प्रशिक्षण एमसीटीई से मान्यता प्राप्त नहीं है। इसलिए दोबारा इन शिक्षकों की दो साल की ट्रेनिंग करवाई गई। ट्रेनिंग पूरी होने के बाद भी सरकार की ओर से इन अध्यापकों के नियमितीकरण की अधिसूचना जारी नहीं हुई है।

43

जलेब....



सिमला : राजधानी में मंडी उत्सव के शुभारंभ पर देवताओं की पालकी संग चलते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

# जावड़ेकर गलत, सरकार ने पूरी की हैं औपचारिकताएं

■ विशेष संवाददाता, शिमला



मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि राज्य सरकार ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी की स्थापना के लिए सभी औपचारिकताएं पूरी की हैं। बाकायदा सभी आवश्यक कागजात वन मंत्रालय के देहरादून स्थित कार्यालय भेजे गए थे। वहीं से आगे की औपचारिकताएं पूरी की जानी थीं। हिमाचल प्रदेश विधानसभा के विशेष सत्र के बाद पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने इस बारे में जो कहा है, वह सही नहीं है। राज्य सरकार सेंट्रल यूनिवर्सिटी के लिए शुरू से ही गंभीर रही है। मुख्यमंत्री ने एक अन्य सवाल पर कहा कि पूर्व मंत्री कर्ण सिंह के कारण खाली हुई सीट को भरने के लिए उचित अवसर पर कदम उठाया जाएगा। उन्होंने यह भी कहा कि संगठन व सरकार में बेहतरीन तालमेल हो, यह आवश्यक रहता है।

प्रदेश कांग्रेस संगठनात्मक चुनावों को लेकर पूछे गए सवालों पर उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान यह प्रक्रिया सही नहीं होगी। या तो संगठन चुनाव पहले करवा लिए जाते या फिर बाद में होने चाहिएं। इस बारे में कांग्रेस आलाकमान को भी

जावड़ेकर गलत, सरकार : पृष्ठ सात पर

**जावड़ेकर गलत, सरकार...**

अवगत करवा दिया गया है। उन्होंने एक अन्य सवाल पर कहा कि कांग्रेस के केंद्रीय नेता विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए हिमाचल आएं, उनका स्वागत है। कांग्रेस के हर नेता का यह अधिकार भी है कि वह अपनी सरकार के कामकाज के प्रचार व चुनावी प्रचार के लिए प्रदेश में आए। दरअसल उनसे पूछा गया था कि भाजपा के केंद्रीय नेता जिस तरह से पंक्तिबद्ध होकर हिमाचल आ रहे हैं, क्या कांग्रेस के नेता भी प्रदेश में आएंगे। मुख्यमंत्री ने संगठन चुनावों को लेकर यह भी कहा कि वह चार बार प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष रहे। चुनावी प्रक्रिया द्वारा उनका चयन हुआ। महज एक बार विधानसभा चुनावों से पूर्व पार्टी हाइकमान ने उन्हें अध्यक्ष बनाकर भेजा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक चुनाव प्रक्रिया पारदर्शितापूर्ण तरीके से ही की जानी चाहिए। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि यह कदम विधानसभा चुनावों के बाद ही उठाना सही होगा। मुख्यमंत्री से केंद्र सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को लेकर सवाल किया गया कि मोदी सरकार कैसा काम कर रही है। इस पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चल रही है।

27 May,2017 8:42 AM

# शिमला के रिज पर 'मेस्मराइजिंग मंडी'

## मुख्यमंत्री ने उत्सव की पारंपरिक जलेब से किया सांस्कृतिक कार्यक्रम का शुभारंभ

▫ स्टाफ रिपोर्टर, शिमला

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शुक्रवार को रिज पर मंडी जिला की संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित 'मेस्मराइजिंग मंडी' उत्सव का पारंपरिक 'जलेब' से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन मंडी के संयुक्त तत्त्वावधान में मंडी की संस्कृति, रीति-रिवाजों, खान-पान और परंपराओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया। इसी तर्ज 12 मास 12 जिले के तहत हर माह हर जिला की संस्कृति पर आधारित कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इसमें संबंधित जिला की लोक संस्कृति, पारंपरिक परिधान, स्थानीय व्यंजन परोसे जाने की योजना है। साथ ही कार्यक्रम के दौरान धार्मिक व ऐतिहासिक महत्त्व का भी प्रचार-प्रसार किया जाएगा। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि वह हमेशा अपनी प्राचीन परंपराओं भाषा एवं संस्कृति के सरंक्षण पर बल देते रहे हैं। इस अवसर पर सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इससे पूर्व सीएम ने देव माहुनाग और बाला कामेश्वर देवता को भी शीश नवाया, जिन्हें 'छोटी काशी' कहलाने वाले मंडी से विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम के दौरान आशियाना में अगले पांच दिन तक मंडी के पारंपरिक व्यंजनों को ही परोसा जाएगा। मंडी के मांडव कला मंच के कलाकारों ने रंगारंग संस्कृति प्रस्तुति भी दी। स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, राज्य युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, भाषा, कला एवं संस्कृति की प्रधान सचिव अनुराधा ठाकुर, उपायुक्त संदीप कदम व भाषा, कला एवं संस्कृति की निदेशक शशि ठाकुर आदि उपस्थित थे। शुक्रवार दोपहर को हुई बारिश और तेज हवा से रिज पर अनेक स्टॉल गिर गए। बारिश रुकने के बाद नए सिरे से स्टॉल लगाए गए।

### प्रदर्शनी देखने को उमड़ा हुजूम

मंडी — शिमला में शुक्रवार से शुरू हुए मंडी उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री ने गेयटी थियेटर में लगी हिमाचल दर्शन प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर मौजूद हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी मंडी के एक प्रतिनिधि चमन ने बताया कि पहले ही दिन प्रदर्शनी को देखने के लिए दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। मंडी के इस अद्भुत दर्शन के बारे में बीरबल शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मंडी जिला के हर पहलू को अलग अंदाज में दर्शाया गया है। मंडी उत्सव के दौरान इस प्रदर्शनी का समापन 31 मई को होगा।

# हिमुडा कर्मियों को 130 फीसदी डीए

▪ विशेष संवाददाता, शिमला

- जुलाई, 2016 से मिलेगा लाभ, अनुबंधित कर्मियों की ग्रेड पे 25 फीसदी बढ़ी
- कामर्शियल प्रापर्टी अब होगी फ्रीहोल्ड
- ईपीएफधारक कर्मियों को मिलेगी प्रोविजनल पेंशन

हिमुडा निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2017-18 के लिए 137.10 करोड़ का बजट प्रस्तावित किया है, वहीं वित्त वर्ष 2016-17 के लिए 102.47 करोड़ के रिवाइज्ड बजट प्रस्ताव अनुमोदित किए हैं। शुक्रवार को शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा की अध्यक्षता में हुई बैठक में ईपीएफधारक कर्मियों को पहली अप्रैल, 2017 से प्रोविजनल पेंशन देने का निर्णय लिया गया है। यही नहीं, वन टाइम फाइनल सेटलमेंट के तहत डिफाल्टरों के लिए तीन माह की और अवधि बढ़ाई गई है। यह पहली जून से 30 सितंबर तक होगी। हिमुडा ने अपने कर्मचारियों को पहली जुलाई, 2016 से 130 फीसदी की दर से महंगाई भत्ते की किस्त भी मंजूर की है। अनुबंध कर्मचारियों के ग्रेड-पे में 25 फीसदी की बढ़ोतरी करने का भी फैसला लिया है।

इसके अलावा कामर्शियल प्रापर्टी को अब फ्री होल्ड में करने का फैसला लिया है। पहले ये संपत्तियां लीज पर थीं। निर्माण एजेंसी ने पेयजल व्यावसायिक दर आगामी तीन वर्षों के लिए 92 रुपए प्रति हजार किलो लीटर निर्धारित की है। बैठक में निर्णय लिया गया कि हिमुडा कुसुम्पटी में पांच करोड़ 24 लाख 75 हजार 500 रुपए से 42 फ्लैट्स तैयार करेगा, जिसके लिए बैठक में प्रशासनिक अनुमति प्रदान की गई। बैठक में हाउसिंग कालोनी फ्लावरडेल में तीन करोड़ 88 लाख 99 हजार 300 रुपए से 20 बेसमेंट फ्लैट तैयार करने के मामले को प्रशासनिक अनुमति दी गई।

इसी कड़ी में कैटेगरी-वन के 24 फ्लैट, कैटेगरी-दो के 12 फ्लैट, करीब 16 करोड़ रुपए से हाउसिंग कालोनी हमीरपुर में बनाने को भी प्रशासनिक अनुमति प्रदान की गई। प्राधिकरण ने स्ट्रीट वेंडर मार्केट परवाणू के निर्माण के लिए जमीन हस्तांतरण करने के मामले को भी अनुमोदित किया है। यह जमीन एमसी परवाणू को स्थानांतरित की जाएगी। बैठक में उपाध्यक्ष हिमुडा यशवंत छाजटा, मुख्य कार्यकारी अधिकारी दिनेश कश्यप व अन्य मौजूद रहे।

# ट्रेनिंग पर तीन आईएएस चार को अतिरिक्त भार

शिमला— हिमाचल प्रदेश के तीन वरिष्ठ आईएएस अधिकारी मिड कैरियर ट्रेनिंग पर जा रहे हैं। यह प्रशिक्षण पांच से 30 जून तक चलेगा, जिस दौरान उनके विभागों का अतिरिक्त कार्यभार चार अधिकारियों को सौंपा गया है। ट्रेनिंग पर जाने अधिकारियों में प्रधान सचिव आईपीएच एवं सामाजिक न्याय अनुराधा ठाकुर, डिवीजनल कमिश्नर कांगड़ा नंदिता गुप्ता व निदेशक अनुसूचित जाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग अल्पसंख्यक मामले डा. संदीप भटनागर शामिल हैं। इनके ट्रेनिंग पर जाने के दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव लोक निर्माण एवं चुनाव नरेंद्र चौहान के पास आईपीएच विभाग का दायित्व रहेगा, वहीं अतिरिक्त मुख्य सचिव कृषि, मत्स्य, प्रशिक्षण अरविंद मेहता के पास सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता व भाषा संस्कृति विभाग, अक्षय सूद डिवीजनल कमिश्नर मंडी को डिवीजनल कमिश्नर कांगड़ा तथा रजिस्ट्रार को-आपरेटिव सोसायटी बीर सिंह ठाकुर के पास निदेशक अनुसूचित जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक मामले का अतिरिक्त कार्यभार रहेगा।

# कर्ण सिंह-मूलराज पाधा की याद में सदन गमगीन

## विधानसभा सत्र के पहले दिन शोकोद्गार, फूट-फूट कर रोए मंत्री विद्या स्टोक्स-कौल सिंह

■ सुनील शर्मा, शिमला

विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन शुक्रवार को शोकोद्गार प्रस्तुत किया गया। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री कर्ण सिंह व विधायक मूलराज पाधा के निधन से पूरा सदन गमगीन दिखा। यहां तक कि आईपीएच मंत्री विद्या स्टोक्स शोकोद्गार पेश करते हुए जहां फूट-फूट कर रोईं, वहीं स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह भी आंसू नहीं रोक सके। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व नेता प्रतिपक्ष प्रो. प्रेम कुमार धूमल शोकोद्गार प्रस्तुत करते हुए काफी गमगीन थे। कर्ण सिंह जैसे खुश मिजाज नेता को खोने का गम जहां आम लोगों को है, वहीं कांग्रेस व भाजपा के नेताओं के चेहरों पर भी साफ देखा जा सकता था।

### राजपरिवार के लाड़ले थे कर्ण सिंह



विधायक महेश्वर सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह उनसे साढ़े आठ वर्ष छोटे थे। पूरे परिवार के वह लाड़ले थे। वर्ष 2010 में अपने बेटे को खोने का गम वह सहन नहीं कर सके। न चाहते हुए भी उन्हें ऐसी आदतें आ गईं, जिससे वह संभल नहीं सके। इस गम में वह इतना डूब गए कि इससे बाहर निकलना मुश्किल था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने कहा था कि कभी-कभी लोकप्रियता साबित करने के लिए संसार को छोड़ने पर विवश होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि घर पर बूढ़ी मां अभी 88 वर्ष की है, जो इस गम से पार नहीं पा रही।

यही नहीं, कर्ण सिंह के बड़े भाई विधायक महेश्वर सिंह भी बेहद गमगीन थे। शोकोद्गार प्रस्तुत करते हुए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि 59 वर्षीय कर्ण सिंह को खोने का गम पूरे सदन को है और वह इस दुख की घड़ी में उनके परिजनों के साथ हैं। उन्होंने भगवान से उनकी आत्मा की शांति की कामना की। मुख्यमंत्री ने मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह 1980 में धर्मशाला से पहली बार विधायक बने। उन्होंने ताउम्र गरीबों व पिछड़े वर्गों के उत्थान का कार्य किया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि अभी पिछले सत्र में ही कर्ण सिंह सभी के साथ थे। वह जहां मृदुभाषी थे, वहीं सभी दलों के नेताओं के साथ उनकी मित्रता थी व सभी के सम्मान के पात्र थे।

विधायक मूलराज पाधा को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उन्होंने कहा कि 80 वर्ष की उम्र में वह स्वर्ग सिधारे हैं। विस अध्यक्ष बीबीएल बुटेल ने दोनों नेताओं के निधन को अपूर्णनीय क्षति करार दिया। स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह एक स्पष्टवादी व अच्छे इनसान थे। गुलाब सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह ठाकुर सच्चे मायने में एक राजकुमार की तरह जिए। विधायक जीएस बाली ने कहा कि कर्ण सिंह एक बेहतरीन इनसान व नेता थे। शोकोद्गार में भाजपा विधायक सतपाल सत्ती, कुलदीप कुमार, गोबिंद सिंह ठाकुर और राकेश कालिया ने भी दोनों नेताओं की आत्मा की शांति की प्रार्थना की।

[illegible]

# गणित-भाषा में हिमाचली छात्र देश में सबसे आगे

## एएसईआर के राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में हुआ खुलासा, पहाड़ी प्रदेश ने केरल को भी पीछे छोड़ा

■ दिव्य हिमाचल ब्यूरो, शिमला

एनुअल स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) के वार्षिक सर्वेक्षण में हिमाचल प्रदेश के पहली से पांचवीं कक्षा के छात्रों को भाषा व गणित के ज्ञान में देश के सभी राज्यों में सर्वश्रेष्ठ आंका गया है। हिमाचल प्रदेश में दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में अंग्रेजी व हिंदी के वाक्यों को अच्छी तरह से पढ़ पाने की क्षमता देश की औसत से बहुत ज्यादा है। इसके अलावा सातवीं कक्षा के विद्यार्थियों में कहानियों को पढ़ पाने की संख्या के आधार पर भी राज्य को प्रथम स्थान मिला है। यह जानकारी शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने शुक्रवार को दी। प्रवक्ता ने कहा कि पांचवीं कक्षा के वर्ग में दक्षता के आधार पर हिमाचल प्रदेश को देश में गणित विषय में भी प्रथम आंका गया है। यह उपलब्धि बेहद सराहनीय है, क्योंकि इसे हासिल करने में प्रदेश ने केरल जैसे बहुशिक्षित राज्य को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि एएसईआर के अनुसार भाषा में हिमाचल के सरकारी स्कूलों की





उपलब्धि का स्तर 65.3 प्रतिशत है, जो कि 41.6 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से कहीं अधिक है। गणित में हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 47.4 प्रतिशत है, जो कि 21.1 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से अधिक है। उन्होंने [illegible] इन परिणामों को देखकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए, क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व सार्थक परिवर्तन के लिए 'सामर्थ्य' नामक कार्यक्रम विशेष तौर पर [illegible] पाया है। उन्होंने कहा कि 'सामर्थ्य' प्रदेश व्यापी कार्यक्रम है, जो राज्य में प्रारंभिक राजकीय स्कूलों में शिक्षा के प्रबंधन तथा शिक्षा प्रदान करने में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। केवल शिक्षा पर ध्यान न केंद्रित करते हुए यह कार्यक्रम शिक्षा के सभी पहलुओं में बदलाव पर भी कार्य करता है।

# चुनावों से पहले सीयू का जिन्न

## सियासत-लेटलतीफी के चलते मंजिल तक नहीं पहुंच पा रहा संस्थान

■ [illegible], शिमला

विधानसभा चुनावों से पहले केंद्रीय विश्वविद्यालय का मुद्दा फिर गरमाने लगा है। भाजपा व कांग्रेस के बीच इसकी स्थापना को लेकर पांच वर्ष से भी ज्यादा अवधि से सदन के अंदर व बाहर गरमाहट देखने को मिल रही है। भाजपा के कुछ नेता चाहते हैं कि इसका मुख्य कैंपस देहरा में स्थापित हो, जबकि कांगड़ा से जुड़े भाजपा के ही कुछ नेता इस पर मौन हैं। भाजपा के वरिष्ठ नेता शांता कुमार की भी इस बारे में कोई बड़ी प्रतिक्रिया देखने को नहीं मिलती है। राज्य सरकार द्वारा सेंट्रल यूनिवर्सिटी का मुख्य कैंपस जदरांगल (धर्मशाला) में स्थापित करने को लेकर विस्तृत रिपोर्ट कुछ अरसा पहले ही केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय को सौंपी गई थी। उसके बाद फोरेस्ट क्लीयरेंस के लिए प्रयास शुरू किए गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब हिमाचल दौरे पर आए थे तो उस दौरान भी यह प्रयास था कि सीयू का शिलान्यास करवा लिया जाए, मगर बात आगे नहीं बढ़ सकी। क्योंकि इसे फोरेस्ट क्लीयरेंस नहीं मिली थी। अब चुनावी वर्ष में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह जहां धर्मशाला को दूसरी राजधानी बनाए जाने का ऐलान कर चुके हैं। ऐसे में विधानसभा चुनावों के दौरान यह मुद्दा फिर से गरमाएगा। क्योंकि मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने जो ब्यान दिया है, उसे लेकर भाजपा भी कांग्रेस को घेरने का प्रयास करेगी। हालांकि कांगड़ा के अधिकांश नेताओं का यह दावा रहता है कि धर्मशाला के लिए मंत्रालय भी सहमत है। क्योंकि यहां तमाम सुविधाएं मौजूद हैं, लिहाजा कैंपस यहीं स्थापित होना चाहिए। हालांकि वीरभद्र सरकार इस बात से भी इनकार नहीं करती है कि इससे जुड़े संस्थान देहरा व अन्य क्षेत्रों में खोले जा सकते हैं।

### केंद्र की वजह से देरी

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि केंद्रीय विवि के मामले में देरी हिमाचल सरकार के कारण नहीं, बल्कि केंद्र सरकार के कारण हो रही है। इसके सारे कागजात फोरेस्ट क्लीयरेंस को भेजे जा चुके हैं।

# मुख्यमंत्री को बताईं दिक्कतें

शिमला - कनिष्ठ अभियंता संघ ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग का प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को विधानसभा परिसर में अपनी मांगों को लेकर मुख्यमंत्री से मिला। इस दौरान प्रदेश भर के लगभग 70 कनिष्ठ अभियंता मौजूद रहे। संघ के प्रधान प्रदीप मेहता ने बताया कि सरकार से मांग की गई है कि जिला परिषद काडर के सभी कनिष्ठ अभियंताओं को ग्रामीण विकास विभाग में तकनीकी पदों पर मर्ज किया जाए। संघ ने कहा कि विभाग का वार्षिक बजट पीडब्ल्यूडी व आईपीएच विभाग के बराबर है, परंतु उसकी देखरेख के लिए पर्याप्त तकनीकी ढांचा नहीं है। मुख्य[illegible]ने शीघ्र ग्रामीण विकास [illegible] में तकनीकी कर्मचारियों को भर्ती करने का आश्वासन दिया है।

# वीरभद्र षड्यंत्र का शिकार, हाइकमान साथ

## प्रवक्ता मनीष तिवारी बोले, विकास के नाम पर रिपीट होगी हिमाचल सरकार

■ वरिष्ठ संवाददाता, शिमला

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा है कि कांग्रेस हाइकमान मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के साथ है। वीरभद्र सिंह एक षड्यंत्र का शिकार हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार अपनी सत्ता और मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है, अपनी एजेंसियों को उसने विपक्षी नेताओं के पीछे लगा रखा है। ऐसा ही कुछ वीरभद्र सिंह के साथ भी है और कांग्रेस को विश्वास है कि वीरभद्र सिंह अदालत से पाक-साफ होकर निकलेंगे। शुक्रवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में श्री तिवारी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने बेहतर तरीके से विकास किया है और विकास के नाम पर सरकार वापस रिपीट करेगी। हिमाचल के चुनाव में विकास ही मुख्य मुद्दा होगा, जिस पर यहां की जनता मुहर लगाएगी। मोदी सरकार की तीन साल की विफलताओं का उल्लेख करते हुए तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का एक ही नारा रहा है कि भाषण ही मेरा शासन व प्रशासन है। किसी सरकार के कामकाज को परखने के लिए पांच बिंदु अहम रहते हैं, जिनमें सांप्रदायिक सौहार्द, आंतरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति व संस्थाओं के प्रति व्यवहार शामिल है। इन सभी में मोदी सरकार पूरी तरह से विफल रही है। मोदी



सरकार के राज में सामाजिक तनाव पैदा हुआ है, वहीं कश्मीर के हालात बिगड़ चुके हैं। देश की आर्थिक स्थिति खराब हुई है और जीडीपी का अनुपात गिरा है। कहीं आतंकवाद है तो कहीं पर माओवाद। मोदी ने कई विदेशी दौरे किए, लेकिन आज रूस भी पाकिस्तान में सैन्य अभ्यास करता है। कश्मीर के लिए कोई हल नहीं निकाल पाए, भूटान को छोड़कर कोई देश अंतरराष्ट्रीय स्तर पर साथ नहीं है, जिसमें पड़ोसी भी शामिल हैं। सुप्रीम कोर्ट के फैसलों पर टकराव बढ़ा है। इन परिस्थितियों में साफ है कि मोदी सरकार ने देश को क्या कुछ दिया है। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के कई मामले उजागर हुए हैं, लेकिन उन पर कुछ नहीं किया जा रहा।

### मणिशंकर अय्यर पर महबूबा बताएं

मणिशंकर अय्यर के अलगाववादियों से मिलने के सवाल पर उन्होंने कहा कि पहले जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती बताएं कि उन्होंने प्रधानमंत्री से हुर्रियत नेताओं से बातचीत को क्यों कहा था। पहले वह अपना जवाब दें, जिस पर हम भी पक्ष रखेंगे।

# सीयू पर जावड़ेकर-वीरभद्र गर्म

## हिमाचल सरकार ने जमा नहीं किया कैंपा का पैसा

■ स्टाफ रिपोर्टर, शिमला

- केंद्रीय मंत्री ने काम में देरी पर प्रदेश सरकार पर बोला हमला
- कांग्रेस ने मंजूरी नहीं दी तो भाजपा की आने वाली सरकार देगी स्वीकृति



हिमाचल प्रदेश को मिले केंद्रीय विश्वविद्यालय को लेकर केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने वीरभद्र सरकार पर शुक्रवार को बड़ा हमला बोला। प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि राज्य सरकार ने विश्वविद्यालय के लिए कैंपा का पैसा नहीं दिया है। इसके चलते इसको स्थापित नहीं किया गया है। उन्होंने कहा कि यदि मौजूदा सरकार ने इसके लिए कदम नहीं उठाए तो प्रदेश में आने वाली भाजपा सरकार ही इसके लिए कदम उठाएगी। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर शिमला में भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में एक कार्यक्रम में शिरकत करने पहुंचे थे। यहां पर मीडिया से बातचीत के दौरान जावड़ेकर ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय की स्थापना को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नहीं है। उनके पास जब पर्यावरण मंत्रालय था और इस दौरान विश्वविद्यालय के देहरा में स्थापना के लिए पर्यावरण मंत्रालय के पास जब इसका प्रस्ताव आया था तो इसकी पहली मंजूरी मंत्रालय ने दी थी। इसके लिए दूसरी मंजूरी देने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा कैंपा का पैसा जमा करवाना था, जो कि सरकार ने जमा नहीं करवाया। इसके चलते विश्वविद्यालय के

हिमाचल सरकार ने : पृष्ठ सात पर

**हिमाचल सरकार ने...**

निर्माण को लेकर आगामी कार्रवाई नहीं हुई है। जावड़ेकर ने कहा कि यदि प्रदेश सरकार इस विश्वविद्यालय को लेकर प्रक्रिया पूरी नहीं करती तो भाजपा की आने वाली प्रदेश सरकार ही इस दिशा में कदम उठाएगी। केंद्रीय मंत्री ने प्रदेश सरकार के इन आरोपों को भी खारिज किया जिनमें कहा गया है कि केंद्र सरकार राज्य सरकार की योजनाओं को समय पर मंजूरी नहीं दे रही। इसके चलते विकास कार्य नहीं हो रहे। जावड़ेकर ने कहा कि ये आरोप बेबुनियाद हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खुद केंद्रीय योजनाओं को लागू करने में गंभीर नहीं है। इसका एक बड़ा उदाहरण केंद्रीय विश्वविद्यालय है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विश्वविद्यालय बीते पांच सालों से भाजपा व कांग्रेस के बीच राजनीति का अखाड़ा बना हुआ है। भाजपा जहां इसको देहरा में स्थापित करना चाह रही है, वहीं कांग्रेस इसका मुख्य कैंपस धर्मशाला में स्थापित करना चाह रही है। इससे यह मामला लटका हुआ है।

## बाबा अमरदेव ने केंद्रीय मंत्री को लिखी चिट्ठी

वरिष्ठ संवाददाता, शिमला

कंडाघाट स्थित रामलोक मंदिर के विवादित बाबा अमरदेव ने मंदिर व अपनी सुरक्षा को लेकर केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह को पत्र लिखा है। उन्होंने पत्र में केंद्रीय मंत्री को अवगत करवाया है कि 26 अप्रैल को उनके रामलोक मंदिर में भगवान परशुराम मूर्ति की स्थापना समारोह की तैयारी चल रही थी। इसी बीच गांव के कुछ लोगों ने उन पर हमला कर दिया। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव वालों ने मंदिर परिसर को जलाने, भगवान की मूर्ति को क्षतिग्रस्त करने, रामचरित मानस को जलाने और फाड़ने का कथित कार्य किया है। उन्होंने कहा कि वह उस समय भक्तों के साथ पूजा में बैठे हुए थे कि उसी समय तीन महिलाएं अचानक मंदिर में आईं, जिसमें से एक महिला ने उन पर दराट से हमला किया। दूसरी महिला ने भी दराट से हमला किया, परंतु वह बच गए। पहली महिला दूसरी महिला के वार से घायल हो गई। पंचायत के अन्य लोगों ने भी उन पर हमला कर दिया, जिनके नाम भी अमरदेव ने अपने पत्र में लिखे हैं। उन्होंने कहा कि इस मामले में उन्होंने हिमाचल सरकार के प्रशासनिक अधिकारियों को पूरी घटना से अवगत करवाया है, लेकिन अभी तक कोई भी गिरफ्तारी नहीं की गई है। उन्होंने प्रशासन पर आरोप लगाया कि वह बेपरवाह प्रतीत हो रहा है। इसलिए उन्होंने केंद्रीय मंत्री से आग्रह किया कि राम भक्तों पर हो रहे इस प्रकार के अत्याचार रोके जाएं।

दैनिक ... 27 मई 2017

## राज्यपाल ने वर-वधू को दिया आशीर्वाद

शिमला : राज्यपाल आचार्य देवव्रत शुक्रवार को मुख्य सचिव वीसी फारका के निवास स्थान पर गए और नवविवाहित वर-वधू को आशीर्वाद दिया। नवविवाहित जोड़े को शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने उनके सुखी व सफल भविष्य की कामना की...

# सियासत में सिसकती स्वां




दस हजार हेक्टेयर पर लहलहाते खेतों का ख्वाब देखने वाले ऊनावासियों के अरमानों पर सियासत की रेत बिछती जा रही है। श्रेय लेने की होड़ और केंद्र की बेरुखी ने स्वां के खौफ को और भी बढ़ा दिया है। तटीकरण योजना को अगर समय रहते बजट न मिला तो जो काम हो चुका है वह भी बाढ़ में बह जाएगा...

■ जितेंद्र कंवर, ऊना

**922 करोड़ की है योजना**

**189 करोड़ दिए केंद्र ने**

**224 करोड़ खर्च कर चुकी है हिमाचल सरकार**

स्वां नदी व 73 सहायक खड्डों के उफान से रेत की चादर में लिपट गई 10000 हेक्टेयर भूमि को रिक्लेम कर पुनः खेती योग्य बनाने का चमत्कार करने वाली देश की सबसे बड़ी स्वां नदी तटीकरण परियोजना राजनीतिक खींचातानी के चलते अधर में लटक गई है। परियोजना का श्रेय लेने की होड़ में राजनेताओं की आपसी खींचतान इतनी बढ़ गई कि 922 करोड़ रुपए लागत की इस परियोजना के लिए अब एक फूटी-कौड़ी बजट में नसीब नहीं हुई है। अदालत के हस्तक्षेप के बाद केंद्रीय जल मंत्रालय ने अगस्त, 2016 में 50 करोड़ रुपए की एक किस्त जरूर जारी की थी, जिससे किए गए कार्यों का भुगतान हो सका। अभी भी 15 करोड़ से अधिक की देनदारी है, जबकि करीब 35 करोड़ रुपए के अवार्ड किए गए कार्य बजट न होने के चलते रोक दिए गए हैं।

922 करोड़ की इस परियोजना में अभी 413 करोड़ रुपए व्यय हो चुके हैं। केंद्र व राज्य सरकारों के 70:30 अनुपात में सहयोग से चलने वाली इस परियोजना में केंद्र सरकार ने अभी तक 189 करोड़ जारी किए हैं, जबकि राज्य सरकार ने अपनी हिस्सेदारी से 224 करोड़ जारी कर दिए हैं। इसमें राज्य सरकार ने करीब 100 करोड़ रुपए अधिक जारी किए हैं। परियोजना के तहत कुल 387 किलोमीटर तटीकरण का कार्य होना है, जिससे 6071.54 हेक्टेयर भूमि रिक्लेम होनी थी, जबकि अभी तक 162 किलोमीटर तटीकरण ही हो पाया है, जिससे 2884 हेक्टेयर भूमि रिक्लेम की जा सकी है। इस प्रोजेक्ट से ऊना जिला में दौलतपुर पुल से गगरेट पुल तक स्वां का 11 किलोमीटर लंबा क्षेत्र चैनेलाइज किए जाने के साथ-साथ दौलतपुर चौक से संतोषगढ़ पुल तक सभी 73 खड्डें चैनेलाइज होनी थीं। अभी तक केवल 35 खड्डों के तटीकरण का कार्य ही हो पाया है।

## 98 किलोमीटर तटीकरण

स्वां नदी तटीकरण के प्रथम, द्वितीय व तीसरे चरण में कुल 336.46 करोड़ व्यय कर करीब 98 किलोमीटर तटीकरण कार्य किया गया, जिसमें 7260 हेक्टेयर भूमि रिक्लेम हुई। जबकि चौथे चरण में भी अभी तक 2800 हेक्टेयर भूमि रिक्लेम हो चुकी है। परियोजना पूरी होती है तो पांच हेक्टेयर और भूमि रिक्लेम होगी।

## अब बजट की आस न के बराबर

केंद्रीय जल मंत्रालय ने बाढ़ प्रबंधन योजना के तहत ऊना जिला को 922 करोड़ की स्वां नदी तटीकरण परियोजना स्वीकृत की थी। योजना के अंतर्गत 31 मार्च, 2017 तक पूरे देश में बाढ़ प्रबंधन पर 10000 करोड़ व्यय होने थे, लेकिन इस अवधि में केवल 1200 करोड़ योजना के तहत पूरे देश में आवंटित हुए। पिछले वर्ष व चालू वित्त वर्ष में भी जल मंत्रालय को बाढ़ प्रबंधन के लिए मात्र 150 करोड़ रुपए का बजट मिला। इसमें देश भर में बाढ़ प्रबंधन कार्यों के लिए बजट आवंटित होगा, जिसके चलते स्वां नदी परियोजना को केंद्रीय बजट की आस न के बराबर है।

## ऊना जिला से खिसक रहे हर बड़े प्रोजेक्ट

स्वां तटीकरण की फाइल बंद होने से जिला ऊना में एक बार फिर से बड़े प्रोजेक्ट के खटकने या फिर इसके शिमला में पकने के चलते ठंडे बस्ते में पड़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। ऊना जिला में दो-दो सुपर मिल्क स्वीकृत हुईं, लेकिन एक भी धरातल पर टिक नहीं पाई। ... में स्वाई अड्डा मेला एक्सप्रेस स्वीकृत किया, लेकिन विरोध की भेंट चढ़ गया। मेडिकल कॉलेज अलग-अलग कारणों से ले लिया गया। सीएसडी कैंटीन पर भी पानी फिर गया। इसके अलावा ट्रिपल आईटी एक धमाक सकती है। इंडियन ऑयल डिपो का शिलान्यास नहीं किया जा सका है। आरसीटी व केंद्रीय कालेज जैसे अहम संस्थान ऊना से खिसक चुके है।

## 285 करोड़ की डीपीआर

विभाग ने ब्यास में मिलने वाली दौलतपुर चौक से मरवाड़ी तक स्वां नदी के सात किलोमीटर तथा 11 सहायक खड्डों के तहत कुल 65 किलोमीटर तटीकरण कार्य के लिए परियोजना के पांचवें चरण में 285 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार कर शिमला मुख्यालय को भेजी है, लेकिन चौथे चरण के लटक जाने से इसे भी ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है।

## केंद्र का दोहरा रवैया



कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राकेश कालिया ने स्वां तटीकरण को लेकर केंद्र पर दोहरे रवैये का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि देश के इतिहास में ऐसा संभवतः पहली बार हुआ है कि किसी प्रोजेक्ट को बीच में रोककर जनता के हितों की बलि चढ़ा दी गई हो।

## दोष मढ़ रही कांग्रेस



भाजपाध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि कांग्रेस में परियोजना को जब शुरू किया गया, तब न ता शुभारंभ के लिए केंद्रीय मंत्री को बुलाया गया और न ही सांसद अनुराग ठाकुर को। प्रदेश सरकार अपनी विफलताओं का ठीकरा केंद्र पर फोड़कर जनता को गुमराह कर रही है।

(48)

# आज ड्यूटी पर नहीं पहुंचे तो नौकरी गई




- रोजगार सेवकों की हड़ताल पर विभाग सख्त, 11 बजे से पहले आना होगा काम पर
- बीडीओ को आदेश जारी, पंचायत सचिवों व सहायकों ने संभाला रोजगार सेवकों का काम
- नहीं ले पाएंगे स्टे, सरकार ने अदालत में दी फाइल, नए पदों के लिए जल्द निकलेंगे विज्ञापन

वरिष्ठ संवाददाता, शिमला

हड़ताल पर गए ग्रामीण विकास विभाग के ग्राम रोजगार सेवकों को आखिरी मौका दिया गया है। शनिवार सुबह 11 बजे तक हड़ताली कर्मचारी यदि वापस काम पर नहीं लौटते हैं तो ये खुद-ब-खुद टर्मिनेट कर दिए जाएंगे। इन कर्मचारियों की हड़ताल को प्रदेश सरकार ने सख्ती से लिया है और नोटिस के साथ टर्मिनेशन के आदेश भी जारी कर दिए हैं। सूत्रों के अनुसार इस मामले में सरकार की ओर से ग्रामीण विकास विभाग ने अदालत में शिकायत भी फाइल कर दी है, ताकि ये कर्मचारी स्टे न ले सकें। इस परिस्थिति में पहले सरकार का पक्ष सुना जाएगा, जिसके बाद ही कोई फैसला होगा। बताया जाता है कि शाम को सभी बीडीओ के साथ ग्रामीण विभाग के अधिकारियों ने वीडियो कान्फ्रेंसिंग की और उन्हें साफ तौर पर हिदायतें दीं कि यदि 11 बजे तक ग्राम रोजगार सेवक अपना कार्यभार नहीं संभालते हैं तो उनके टर्मिनेशन के आदेश जारी कर दिए जाएं। इनके हड़ताल पर जाने से पंचायतों में मनरेगा के काम पर असर जरूर पड़ा है, लेकिन पंचायत सचिवों व पंचायत सहायकों ने काम संभाल लिया है। उन्हें दो दिन का प्रशिक्षण इस काम के लिए दिया गया था, ताकि पंचायतों में किसी प्रकार की परेशानी न हो। जानकारी के अनुसार कई ब्लॉकों से ग्राम रोजगार सेवक हड़ताल पर गए हैं। कुछ ब्लॉकों में ये कर्मचारी अभी भी काम कर रहे हैं। इस बारे में जानकारी जुटाई जा रही है। वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए बीडीओ से पूछा गया है और वहां पर मनरेगा मजदूरों की दिहाड़ी में देरी न हो, इसे सुनिश्चित बनाने के लिए कहा गया है। विभाग ने इसके साथ नए रोजगार सेवक रखने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है। जितने लोग शनिवार को टर्मिनेट होंगे, उनकी जगह पर नए पदों को भरने के लिए विज्ञापन जारी किए जाएंगे।

> ग्राम रोजगार सेवकों की हड़ताल पूरी तरह से अवैध है। यदि शनिवार को वे ड्यूटी पर नहीं आते हैं तो टर्मिनेशन की जाएगी। विभाग मनरेगा दिहाड़ी का काम सही तरह से चलाने को पूरी तरह से सख्त है
>
> **भूपेंद्र कुमार अत्री**
> संयुक्त निदेशक, ग्रामीण विकास

## पंचायत सचिव रहेंगे दूर

शिमला – हिमाचल प्रदेश राज्य ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज अधिकारी महासंघ के राज्य अध्यक्ष चंद्रमणि ठाकुर और महासचिव रवि ठाकुर ने स्पष्ट किया है कि वह ग्राम रोजगार सेवकों की कथित हड़ताल में शामिल नहीं होंगे और न ही उनका इस हड़ताल से कोई सरोकार है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज के पंचायत सचिव सरकार द्वारा दिए गए सभी दायित्वों का सुचारू रूप से निर्वहन करेंगे।

## क्या है कर्मियों की मांग

ग्राम रोजगार सेवक सरकार से नियमितीकरण की मांग कर रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें तय अवधि से पहले नियमित किया जाए और इसमें उनका पूर्व का कार्यकाल भी शामिल किया जाए। हालांकि पिछले साल सरकार ने उनको कमीशन से हटाकर अनुबंध आधार पर रखने की बात कही थी और उनके लिए एक पालिसी भी बनाई गई है। इस पर ये लोग अब राजी नहीं हो रहे हैं।

# स्वां के सियासी तट

पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम व अरुणाचल प्रदेश के बीच प्रगति के जिस आयाम का नाम सबसे बड़े पुल पर अंकित हो गया, इसके विपरीत खुद को बचाने की चेष्टा में ऊना जिला के आवारा स्वां को सियासत ने बांध दिया। स्वां की फितरत कम खतरनाक नहीं और न ही इस पर सियासी किश्तियां चल पाएंगी। एक अच्छी भली परियोजना के हर तट पर सियासत इस कद्र बिखर गई कि तीन चरणों के बाद विकास के अनगिनत टुकड़े होते हुए देखे जाएंगे। हम यह नहीं कह सकते कि कौन सी सियासत किस पर भारी है, लेकिन यकीनन हिमाचली नेताओं की मानसिक संकीर्णता अब प्रदेश के अस्तित्व पर हमले कर रही है। योजना के जिस खाके से पहले के चरणों को धन उपलब्ध हुआ, वह अचानक निर्मम क्यों हुआ और ऐसा कौन नेता है जो केंद्र या राज्य में अपने ही प्रदेश की फाइलों को रोक रहा है। पहाड़ी खड्डों की विकरालता में खेत खोने का दर्द क्या होता है, इसे स्वां के साथ-साथ बसे हजारों परिवार जानते हैं। इसलिए स्वां तटीकरण की तो परियोजनाओं से विकास के युग बनते हैं और राजनीतिक नेतृत्व की पहचान भी होती है। अगर यह कांग्रेस और भाजपा के बीच श्रेय युद्ध सरीखा कोई जल प्लावन है, तो मझधार में हर बार जनता का भविष्य ही डूबेगा और यही हो रहा है, क्योंकि चौथे चरण के ... करोड़ में प्रदेश के नसीब को फूटी कौड़ी भी नसीब नहीं हुई। परियोजना में अगर असली ... नीयत राजनीति ही बनी रहेगी, तो हिमाचल हर बार डूबेगा और केंद्र-राज्य के बीच किसी एक को भी सुरक्षित तट नहीं मिलेगा। भाजपा के भीतर यह मत भी हो सकता है कि जब केंद्र और राज्य के दोनों पाटों पर उसकी हुकूमत होगी, तभी प्रदेश की नैया को पार लगाएगी। ऐसी सोच से कांग्रेस भी अछूत नहीं और प्रशंसा की खींचतान स्वां तटीकरण पर इस पार्टी ने भी की है। ऐसे में राजनीति के ऐसे व्यवहार से मुक्ति चाहिए, अन्यथा दूरगामी सोच हमेशा अपाहिज रहेगी। प्रदेश की तरक्की में स्वां तटीकरण मात्र एक परियोजना नहीं, बल्कि विजन है। इसकी प्रारंभिक सफलता के प्रत्यक्ष प्रमाण भी हाजिर हैं और अब तक बचाई गई करीब दस हजार हेक्टेयर अतिरिक्त जमीन की कीमत समझी जा सकती है। करीब इतनी ही अतिरिक्त भूमि चौथे व पांचवें चरण में जुड़ती है, तो ऊना जिला हिमाचल के गोदामों में अनाज भर सकता है। आश्चर्य है कि किसान के खेत को बचाने का जज्बा, केवल अपने राजनीतिक आधार तक ही सिमट गया है। इसी सियासत ने केंद्रीय विश्वविद्यालय के अस्तित्व को आज तक तड़पाया है, तो आत्मश्लाघा के विभिन्न चरणों में हम ऊना के ही ट्रिपल आईटी को मरणासन्न देखते हैं। एम्स, आईआईएम और तमाम मेडिकल कालेजों के खूंटे डराते हैं कि न जाने कब किसी संस्थान पर राजनीतिक मुकाबला हो जाए। बयानबाजियों के दौर में अगर कुछ उजड़ता है, तो यह हिमाचली क्षमता और संभावना है। स्वां तटीकरण पर खेल रही सियासत असल में किसान के सम्मान को ठोकरें मार रही है। इसी तरह अन्य परियोजनाओं के आसपास सियासी लुकाछिपी का खेल अपने ही प्रदेश से गद्दारी सरीखा ही माना जाएगा। प्रदेश के प्राकृतिक संसाधनों की क्षमता और मानव संसाधनों की प्रतिभा के विरुद्ध ऐसे किसी भी राजनीतिक मुकाबले को सही नहीं ठहराया जा सकता। सरकारें पहले भी बदलीं और आगे भी स्थायी नहीं रहेंगी, लेकिन प्रदेश के अस्तित्व के खिलाफ सियासी चालों का वर्तमान दौर अत्यंत भयावह दिखाई देता है। अति शिक्षित व जागरूक हिमाचली जनता की आंखों में धूल झोंकने का अपराध सियासत का हर छोर कर रहा है। स्वां के तटों पर बैठी राजनीति को अगर नहीं हटाया, तो डूबेगा तो किसान का वजूद ही।

## धूमल बोले, जोश में होश न खो बैठें कार्यकर्ता

शिमला— भारतीय जनता युवा मोर्चा की दो दिवसीय प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के आखिरी दिन नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कार्यकर्ताओं से जोश में होश न खोने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि भाजयुमो के सभी कार्यकर्ता केंद्र की विकासात्मक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाएं। प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संगठनात्मक विषय व दायित्व बोध पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और सभी युवाओं को अपनी जिम्मेदारी मेहनत व लगन से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि किसी भी चुनाव में विजय निश्चित करने के लिए बूथ को मजबूत करना होता है। यदि बूथ मजबूत होगा तो हम किसी भी चुनाव में आसानी से विजय हासिल कर सकते हैं। इसलिए सर्वप्रथम हमें अपना बूथ सबसे मजबूत के नारे को चरितार्थ करते हुए अपने-अपने बूथ को मजबूत करना है, ताकि हम आने वाले विधानसभा चुनावों में विजय हासिल कर सकें।

## नगर निगम चुनाव पर फैसला रखा सुरक्षित



शिमला— नगर निगम के चुनाव टाले जाने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिका पर हाई कोर्ट ने दोनों पक्षों को सुनने के पश्चात फैसला सुरक्षित रखा है। यह आदेश न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान और न्यायाधीश चन्द्र भूषन बरोवालिया के खंडपीठ ने फागली निवासी राजू ठाकुर द्वारा दायर याचिका के सुनवाई के बाद पारित किए। प्रार्थी ने राज्य चुनाव आयोग द्वारा नौ मई को जारी उस आदेश की वैधता को चुनौती दी गयी है, जिसके तहत इन चुनावों को स्थगित कर दिया गया था। प्रार्थी ने दलील दी है कि राज्य चुनाव आयोग द्वारा मतदाता सूची तैयार न होने के कारण निगम चुनावों को स्थगित किया जाना असंवैधानिक है, इसलिए इसे रद्द किया जाए।

(49)

# शिमला विधानसभा के बाहर ट्रक आपरेटरों का हो-हल्ला

वरिष्ठ संवाददाता, शिमला

## जेपी कंपनी से 30 करोड़ वसूली करवाने की मांग, मुख्यमंत्री से मिला आश्वासन

जेपी कंपनी के खिलाफ ट्रक आपरेटर शुक्रवार को सरकार के द्वार पहुंचे। जेपी सीमेंट कंपनी में ढुलाई करने वाले इन ट्रक आपरेटरों ने सरकार से उनकी लगभग 30 करोड़ रुपए की वसूली करवाने की मांग उठाई। उन्होंने यहां विधानसभा के बाहर धरना दिया और मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि वह सरकार की ओर से कदम उठाएंगे, जिसके बाद मुख्य सचिव के साथ इन ट्रक आपरेटरों की बैठक हुई। विधानसभा का विशेष सत्र शुक्रवार से शुरू हुआ, जिसे देखते हुए बाघा-बलग के ट्रक आपरेटर यहां धरना देने पहुंचे। पिछले कई दिन से ये लोग जेपी सीमेंट कंपनी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन उनकी वसूली नहीं हो पा रही है। ये करीब चार हजार ट्रक आपरेटर हैं, जिनके करोड़ों रुपए फंसे हुए हैं। इन्होंने मुख्यमंत्री से मामले को उठाया, जिन्होंने अधिकारियों को इन लोगों को न्याय दिलाने के लिए आदेश दिए। जयनगर और अर्की क्षेत्र से बड़ी संख्या में यहां लोग पहुंचे हुए थे, जिन्होंने सरकार से न्याय की गुहार लगाई और जेपी के खिलाफ नारेबाजी की। ट्रक आपरेटरों ने साफ कहा है कि यदि जेपी जल्द उनका पैसा नहीं देता है, तो वे कड़े कदम उठाने के लिए मजबूर होंगे। शाम को मुख्य सचिव के सामने इन ट्रक आपरेटरों ने अपनी पूरी बात रखी। सरकार ने इस मामले में जेपी कंपनी से जवाब मांगा है। देखना होगा कि इन ट्रक आपरेटरों की मांग कब तक पूरी होती है। यहां विधानसभा के बाहर काफी संख्या में ट्रक आपरेटर पहुंचे हुए थे।



बाहर काफी संख्या में ट्रक आपरेटर पहुंचे हुए थे।

# विधायक को धक्का डीएसपी को जड़ा थप्पड़

स्टाफ रिपोर्टर, शिमला

- विधानसभा के बाहर ट्रक आपरेटर यूनियन के प्रदर्शन के दौरान वाकया
- पुलिस ने हिरासत में ली पीडब्ल्यूडी की बेलदार

शिमला में विधानसभा के बाहर एक महिला ने डीएसपी को थप्पड़ मार दिया। घटना दिन के वक्त की है, जब वहां ट्रक आपरेटर यूनियन का प्रदर्शन हो रहा था। पुलिस ने महिला को हिरासत में ले लिया है। बताया जा रहा है कि ट्रक आपरेटर यूनियन का विधानसभा के बाहर कनैड़ी चौक पर प्रदर्शन हो रहा था। इस दौरान वहां एक महिला आई, जो विधानसभा की ओर जा रही थी, उसने वहां खड़े एक विधायक को धक्का मारकर गिरा दिया। इस पर वहां खड़े डीएसपी ने जब बीच-बचाव किया तो महिला ने धक्का-मुक्की की और उसने डीएसपी को ही थप्पड़ मार दिया। इसे वहां आसपास खड़े सभी लोग हैरान रह गए। बताया जा रहा है कि महिला लोक निर्माण विभाग की बेलदार है, जो कि विधानसभा में तैनात है। पुलिस ने महिला को तुरंत हिरासत में लिया। एडिशनल एसपी अजीत सेन ने कहा है कि महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

27 May, 2017 8:42 AM

# सरकार के तीन साल में भ्रष्टाचार का नाश

■ स्टाफ रिपोर्टर, शिमला



केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि मोदी सरकार ने देश को भ्रष्टाचार मुक्त सुशासन दिया है। मोदी सरकार ने अपने तीन साल के कार्यकाल में देश की जनता का भरोसा जीता है, यह उसकी सबसे बड़ी कमाई है। श्री जावडेकर ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में एक कार्यक्रम में मीडिया से बातचीत में कहा कि केंद्र सरकार के तीन साल हो गए हैं और इस दौरान भ्रष्टाचार का एक भी आरोप विपक्ष नहीं लगा पाया है। इसकी वजह है कि सरकार ने अपने सभी कामों में पारदर्शिता बरती है। स्पेक्ट्रम और खदानों के आबंटन की प्रक्रिया को बदला है। अब इनकी नीलामी की जा रही जा रही है। सरकार ने यह तय किया है कि नीलामी की राशि को राज्य सरकारों को दिया जाएगा। केंद्र सरकार ने जनता को सुशासन दिया है। सरकारी कार्यालयों में प्रमाण पत्रों को सत्यापन करने की व्यवस्था को खत्म किया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की 1.25 करोड़ की जनता पर भरोसा जताकर कहा था कि वे अब खुद ही इन प्रमाण पत्रों को सत्यापन करेंगे। देश में लालबत्ती का कल्य खत्म किया गया है और लोगों की सुविधा के लिए कई कदम उठाए हैं। उन्होंने कहा कि शिमला से सस्ती हवाई सेवाएं शुरू की गईं, ताकि आम लोग भी इसका फायदा उठा सकें। देश में ऐसे 140 एयरपोर्ट विकसित किए जा रहे हैं। श्री जावडेकर ने कहा कि लोगों के लिए सड़क, बिजली, पानी व आवास जैसी मूलभूत सुविधाओं के लिए मोदी सरकार ने कदम उठाए हैं। लोगों को आवास उपलब्ध करवाने के लिए 2022 तक छह करोड़ आवास बनाने का लक्ष्य रखा गया है। सरकार ने किसान क्रेडिट को बढ़ाकर सात लाख करोड़ से बढ़ाकर 10 लाख करोड़ किया है। देश में किसानों को उनके उत्पादों के बेहतर दाम उपलब्ध करवाने के लिए ई-मंडी प्रोजेक्ट शुरू किया गया है। अब मनरेगा का पैसा भी सीधे लोगों के खाते में जा रहा है। इस तरह भ्रष्टाचार पर प्रहार कर सत्ता में दलाली के धंधे को भी खत्म किया है। मजदूरों की दिहाड़ी में भी 42 फीसदी बढ़ोतरी की गई है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार दलित व वंचितों की सरकार है।

## यहां बहुमत से जीतेंगे

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावडेकर ने दावा किया कि हिमाचल में भी आने वाले चुनावों में भाजपा बहुमत से जीतेगी और यहां भ्रष्टाचार मुक्त शासन प्रदान किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हिमाचल में भी लोग सत्ता परिवर्तन के लिए उत्सुक है। लोग यहां प्रदेश की भ्रष्ट सरकार से ऊब चुके हैं।

(51)

# गैर जनजातीय क्षेत्रों को मिले बजट

## आयोग के राष्ट्रीय अध्यक्ष के समक्ष एसटी वर्ग ने उठाया मामला



दिव्य हिमाचल ब्यूरो, धर्मशाला

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग (एनसीएसटी) के अध्यक्ष नंद कुमार साय के समक्ष हिमाचल के जनजातीय लोगों ने गैर जनजातीय क्षेत्र में भी बजट सुविधा देने की मांग उठाई है। हिमाचल के एसटी लोगों ने जनसंख्या के हिसाब से जनजातीय लोगों को आरक्षण देने का मामला भी उठाया। नंद कुमार ने इन मांगों को केंद्र के समक्ष रखने तथा बजट का प्रावधान करने का आश्वासन एसटी वर्ग के लोगों को दिया है। कांगड़ा जिला में अनुसूचित जनजातियों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के लिए शुक्रवार को आयोग के अध्यक्ष नंद कुमार साय धर्मशाला पहुंचे थे। बैठक में उनके साथ राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के सदस्य हरिकृष्ण डामोर और हरसदभाई चुन्नीलाल वसावा भी मौजूद रहे। उन्होंने बैठक में सभी विभागों के अनुसूचित जनजातियों से जुड़े मामलों पर विस्तार से चर्चा की और अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने अनुसूचित जनजाति वित्त निगम की योजनाओं, लोक निर्माण विभाग, शिक्षा, वन, सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य, खाद्य आपूर्ति विभाग, स्वास्थ्य, श्रम विभाग, कृषि और अन्य विभागों सहित जिला ग्रामीण विकास अभिकरण की विभिन्न योजनाओं के तहत अनुसूचित जनजातियों के लाभार्थियों के बारे में भी विस्तार से जाना। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. ऋचा वर्मा ने कहा कि जिला में अनुसूचित जनजाति के लोगों के कल्याण को लेकर प्रभावी कदम उठाए गए हैं। बैठक में पुलिस अधीक्षक संजीव गांधी, प्रदेश कांग्रेस समिति के अनुसूचित जनजाति प्रभाग के उपाध्यक्ष बेनी प्रसाद और अन्य गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

### गद्दी कल्याण बोर्ड के पदाधिकारियों से मिले

राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग के अध्यक्ष एवं सदस्यों ने धर्मशाला के परिधि गृह में कांगड़ा एवं चंबा क्षेत्रों के अनुसूचित जनजातियों के लोगों, गद्दी कल्याण बोर्ड व गद्दी जनजातीय विकास समिति के पदाधिकारियों तथा सदस्यों से भेंट की तथा उनकी समस्याएं एवं शिकायतें सुनीं। उन्होंने लोगों को हिमाचल में अनुसूचित जनजाति आयोग के गठन व जनसंख्या के आधार पर राजनीतिक प्रतिनिधित्व दिलवाने सहित अन्य मांगों पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करने का आश्वासन दिया।

**निर्णय** बैकलॉग से पद भरने के केस पर ट्रिब्यूनल का फैसला

# जेबीटी में सिर्फ 50 फीसदी आरक्षण

- कहा, आरक्षित श्रेणी व बैकलॉग का 50 प्रतिशत से अधिक कोटा नहीं

▪ स्टाफ रिपोर्टर, शिमला

प्रदेश के स्कूलों में जेबीटी के 700 पद भरने के मामले में हिमाचल प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल ने अहम फैसला दिया है। इस फैसले के मुताबिक जेबीटी के जिलावार पदों में से केवल 50 फीसदी पद ही आरक्षित किए जा सकते हैं। इसी 50 फीसदी में ही बैकलॉग को भी शामिल किया गया है। ट्रिब्यूनल के इस फैसले के बाद अनारक्षित श्रेणी के उन उम्मीदवारों ने राहत की सांस ली है जो बैकलॉग से पद भरे जाने के कारण इन पदों के लिए आवेदन करने से वंचित रह गए थे। 18 अप्रैल को जारी अधिसूचना के मुताबिक जेबीटी के 700 पदों में से बिलासपुर को 52, चंबा को 106, हमीरपुर को 23, कांगड़ा को 41, कुल्लू को 18, लाहुल स्पीति को 25, मंडी को 201, शिमला को 118, सिरमौर को 64 और सोलन को 52 पद स्वीकृत किए गए हैं।

### 700 पद भरने को जारी हुई थी अधिसूचना

18 अप्रैल को सरकार की ओर से जेबीटी के 700 पद भरने की अधिसूचना जारी हुई। यह अधिसूचना जेबीटी के करंट वैकेंसी को लेकर हुई थी। इन पदों की अधिसूचना जारी होने के बाद बैकलॉग के पदों को भी इन्हीं वैकेंसी से भरने की अधिसूचना जारी कर दी गई। नतीजा यह रहा कि कई जिलों में कुछ पद रिजर्व में चले गए और कुछ बैकलॉग में। ऐसे में अनारक्षित श्रेणी के पात्र उम्मीदवारों को मौका नहीं मिल पाया। इसके चलते चंबा से पात्रता रखने वाले उम्मीदवारों ने ट्रिब्यूनल में याचिका दायर की। इस पर फैसला सुनाते हुए ट्रिब्यूनल ने साफ किया है कि जेबीटी में बैकलॉग व अन्य आरक्षित पदों की संख्या 50 फीसदी से अधिक नहीं हो सकती। यानी 50 फीसदी ही सीटें बैकलॉग व अन्य श्रेणी से भरी जाएंगी, जबकि 50 फीसदी सीटें अनारक्षित वर्ग के लिए रहेंगी। वहीं जेबीटी प्रशिक्षु संघ के अध्यक्ष विक्रांत ने संघ की ओर से इस फैसले का स्वागत किया है।

दैनिक जागरण 27 May, 2017 8:42 AM

58

# रिज मैदान पर दिखी मंडी की संस्कृति की झलक

## मुख्यमंत्री ने किया 'मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक' महोत्सव का आरंभ

**जागरण संवाददाता, शिमला :** गेयटी परिसर व रिज मैदान पर मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक शीर्षक से पांच दिवसीय महोत्सव का आरंभ शुक्रवार को हुआ। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इसका आयोजन भाषा एवं संस्कृति विभाग, पर्यटन एवं नागरिक उड्डयन विभाग, महिला एवं बाल विकास निदेशालय तथा जिला प्रशासन मंडी के संयुक्त तत्वाधान में किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने रिज मैदान पर मंडी जिला की पारंपरिक संस्कृति को दर्शाती प्रदर्शनी का उद्घाटन तथा स्टॉलों पर मंडी के स्वयं सहायता समूहों तथा विभागों द्वारा प्रदर्शित किए गए उत्पादों का अवलोकन किया। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, राजस्व व कानून मंत्री ठाकुर कौल सिंह, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, सोहन लाल ठाकुर संसदीय सचिव उनके साथ थे।

मुख्यमंत्री ने मंडी से शिमला पधारे दो देवता देव कामेश्वर, बल्ह तथा देवता मांहूनाग टारना की पूजा अर्चना की। बाद में देवताओं के साथ एक जलेब में गेयटी थियेटर से प्रदर्शनी स्थल तक मुख्य अतिथि को ले जाया गया। इसी उत्सव के तहत गेयटी थियेटर के टैवरन हॉल में लगाई गई मंडी के दुर्लभ छायाचित्रों व मंडी कलम के चित्रों की प्रदर्शनी का आरंभ कौल सिंह ने किया। कौल सिंह ने कहा कि मंडी की संस्कृति बहुत प्राचीन है। रियासत काल में भी सेन वंशज राजाओं ने मंडी में शिक्षा और संस्कृति को विशेष प्रोत्साहन दिया। उन्होंने कहा कि विभाग द्वारा रियासत काल के समय खोले गए विजय हाई स्कूल का जीर्णोद्धार करके विभाग ने एक अनुकरणीय उदाहरण दिया है।

उन्होंने शिमला में मंडी जिला की समग्र लोक संस्कृति को प्रस्तुत करने के लिए उठाए गए प्रयास की सराहना करते हुए प्रधान सचिव (भाषा संस्कृति) अनुराधा ठाकुर तथा सहयोगी विभागों को सफल आयोजन के लिए शुभकामनाएं दी। सरकार के सहयोग व प्रधान सचिव (भाषा संस्कृति) के मार्गदर्शन से विभाग ने हर माह एक जिला के कार्यक्रम शिमला में उत्सव के रूप में करने का निर्णय लिया है। उपायुक्त मंडी ने मुख्य अतिथि तथा सभी आगंतुकों का धन्यवाद किया।

वहीं, सायं पांच बजे गेयटी थियेटर में मंडी की संस्कृति पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरंभ सूरजमणि द्वारा शहनाई वादन से हुआ। माण्डव्य कला मंच द्वारा मंडी जनपद का नागरीय नृत्य जो विशेषकर महिलाओं द्वारा किया जाता है, प्रस्तुत किया गया। इसी दल के कलाकारों द्वारा मंडी का लोक नाट्य बांठणा प्रस्तुत किया। विभाग की निदेशक शशि ठाकुर ने बताया कि 27 मई को दोपहर बाद चार बजे गेयटी के कांफ्रेंस हॉल में बहुभाषी कवि सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन गेयटी गौथिक हॉल में किया जाएगा।

# केंद्र सरकार कर रही राजनीति

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के मामले में केंद्र सरकार राजनीति कर रही है। प्रदेश सरकार ने केंद्रीय कमेटी की इच्छानुसार जमीन चिन्हित कर दी है। जमीन को वन संरक्षण अधिनियम (एफसीए) के तहत मंजूरी दिलाने का काम केंद्र सरकार को करना है।

विधानसभा में पत्रकारों से बातचीत में मुख्यमंत्री ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय विवि मामले को जानबूझकर लटकाया है। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा केंद्रीय विवि मामले में परिसर निर्माण का ठीकरा प्रदेश सरकार पर फोड़ा जाना गलत है। इसकी पूरी जिम्मेदारी केंद्रीय मानव संसाधन मंत्रालय की है। केंद्रीय विवि के लिए जमीन का निरीक्षण कर केंद्रीय टीम लौट गई है। प्रदेश सरकार ने एफसीए की मंजूरी का मामला देहरादून भेजा है। प्रदेश सरकार विवि का परिसर स्थापित करने के लिए प्रयासरत है। बकौल वीरभद्र, भाजपा सरकार वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पर सफलता का ढोल पीट रही है मगर यह मोदी सरकार की देन नहीं है। जीएसटी के माध्यम से देश में एक समान कर प्रणाली लाने का श्रेय डॉ. मनमोहन सिंह को जाता है।

**संगठन चुनाव नहीं, विस चुनाव जीतना प्राथमिकता :** वीरभद्र सिंह ने कहा कि इस समय विधानसभा चुनाव जीतना पहली प्राथमिकता होनी चाहिए। कांग्रेस के हर नेता व कार्यकर्ता को चुनाव के लिए कमर कसनी चाहिए लेकिन हम संगठन चुनाव में ताकत लगा रहे हैं। कांग्रेस को सत्ता में काबिज रहने के लिए जरूरी है कि विधानसभा चुनाव पर ध्यान केंद्रित किया जाए। कांग्रेस के संगठन चुनाव तो विधानसभा चुनाव के बाद भी हो सकते हैं। समझदारी यह थी कि संगठन चुनाव इस वर्ष के शुरू में हो जाते। विधानसभा चुनाव सिर पर हैं और हम संगठन चुनाव की बात कर रहे हैं जो समझदारी नहीं है।

**वीरभद्र बोले, प्रदेश सरकार ने जमीन चिन्हित की, एफसीए के तहत मंजूरी दिलाना केंद्र का काम, भाजपा नहीं, मनमोहन सिंह को है जीएसटी का श्रेय**



### मोदी सरकार ने योजनाओं के नाम बदल श्रेय लिया

मुख्यमंत्री ने कहा कि मोदी सरकार केवल चल रही है और यही इस सरकार की उपलब्धि है। देश का आम आदमी महंगाई से त्रस्त है। नया कुछ नहीं हुआ है। मोदी सरकार ने यूपीए सरकार की योजनाओं के नाम बदलकर श्रेय लेने का काम किया है।

### केंद्रीय विवि के लिए कब क्या हुआ

- वर्ष 2007 में देश में अन्य केंद्रीय विवि (सीयू) के साथ हिमाचल को भी सीयू देने की घोषणा हुई।
- 20 मार्च 2009 को शाहपुर में सीयू का अस्थायी शैक्षणिक व धर्मशाला में कार्यालय स्थापित।
- 10 वर्ष तक सीयू के लिए भूमि का चयन नहीं हुआ।

### शिक्षकों की जायज मांगें ही मानेगी सरकार : वीरभद्र

राज्य ब्यूरो, शिमला : मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि सरकार शिक्षकों की जायज मांगों को ही मानेगी। कांग्रेस सरकार न्याय में विश्वास रखती है। सरकार ने शिक्षकों की मानदेय बढ़ाने की मांग को पूरा किया है। पीएटी शिक्षकों का वेतन बढ़ाने के संबंध में अधिसूचना जारी कर दी गई है जबकि नियमितीकरण की मांग कहां तक उचित है, इसे देखा जाएगा। पीटरहॉफ शिमला में शुक्रवार को प्रदेश के साढ़े तीन हजार प्राथमिक सहायक शिक्षकों ने मानदेय बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के सम्मान में समारोह का आयोजन किया। हाल ही में मुख्यमंत्री ने शिक्षकों का मानदेय 13000 रुपये से बढ़ाकर 21,000 रुपये किया था। समारोह के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस ने सभी वर्गों से सदा न्याय किया है जबकि भाजपा जाति, क्षेत्र व धर्म की राजनीति करती है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की अन्य मांगों को समय पर पूरा करने का आश्वासन दिया। इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, ग्रामीण शिमला खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर, नारायण हिमराल आदि उपस्थित थे।

# कर्ण सिंह दूसरे ऐसे नेता जिनका मंत्री रहते देहांत हुआ

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** प्रदेश विधानसभा में कैबिनेट मंत्री कर्ण सिंह के निधन पर शोक प्रकट किया गया। सदन के नेता मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शोक प्रस्ताव पेश किया। मंत्री रहते हुए स्व. देसराज महाजन का इससे पहले निधन हुआ था। कर्ण सिंह दूसरे ऐसे मंत्री हैं, जिनका सरकार में रहते हुए निधन हुआ।

शुक्रवार को सदन ने बजट सत्र के बाद अब तक की अवधि के बीच में स्वर्गवासी हुए दो व्यक्तियों के निधन पर शोक व्यक्त किया। प्रदेश सरकार की ओर से जीएसटी विधेयक को पारित करने के लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया था। पहले सत्र एक दिन का प्रस्तावित किया गया था, मगर मंत्री का निधन होने के कारण पहले दिन केवल शोक प्रस्ताव ही लाया जा सकता है। इसे देखते हुए सरकार ने सत्र दो दिन का बुलाने का निर्णय लिया था।

### जानकारी

- देशराज महाजन थे पहले मंत्री, ठाकुर राम लाल की सरकार में थे शिक्षा मंत्री

दैनिक जागरण



# हिमाचल आज पारित करेगा जीएसटी विधेयक

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** हिमाचल प्रदेश विधानसभा में शनिवार को वस्तु एवं सेवा कर विधेयक पारित कर दिया जाएगा। जीएसटी विधेयक पारित करने की औपचारिकता के साथ ही प्रदेश सरकार के राजस्व में वृद्धि होने की आस है। शनिवार को आबकारी एवं कराधान मंत्री प्रकाश चौधरी 400 पन्नों का विधेयक पेश करेंगे। सत्ता पक्ष व विपक्षी सदस्यों के सुझाव आने के बाद इसे पारित कर दिया जाएगा। जीएसटी बिल को पारित करने वाला मध्य प्रदेश पहला राज्य था, उसके बाद कई राज्य इसे स्वीकृति देकर केंद्र सरकार को भेज चुके हैं। प्रदेश विधानसभा से औपचारिक मंजूरी के बाद विधेयक केंद्र को भेजा जाएगा। पहली जुलाई से देशभर में जीएसटी लागू होगा। एक समान कर प्रणाली लागू होने से जो वस्तुएं दिल्ली में जिस भाव में मिलेंगी, उसी मूल्य में प्रदेश के सभी स्थानों पर लोग खरीद सकेंगे। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि विशेष सत्र में शनिवार को जीएसटी विधेयक पारित कर दिया जाएगा।

## कर्ण सिंह और मूलराज पाधा के निधन पर शोक प्रस्ताव

**शिमला :** जीएसटी विधेयक को मंजूरी प्रदान करने के लिए प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। विधानसभा सत्र के पहले दिन आयुर्वेद एवं सहकारिता मंत्री कर्ण सिंह व पूर्व विधायक मूलराज पाधा के आकस्मिक निधन पर शोक प्रस्ताव पेश किया गया। सदन के दोनों पक्षों के सदस्यों ने कर्ण सिंह को हंसमुख व सौम्य स्वभाव का व्यक्ति बताया और कहा कि उनकी जगह की भरपाई करना संभव नहीं होगा। पूर्व विधायक मूलराज पाधा को समाज के लिए समर्पित व्यक्तित्व बताया। पाधा का 8 अप्रैल को 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सदन को सुचित किया कि अत्यंत दुख हो रहा है कि बंजार के विधायक एवं आयुर्वेद व सहकारिता मंत्री कर्ण सिंह का इस महीने 12 मई को 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सदन को अवगत करवाया कि कर्ण सिंह का जन्म 14 अक्टूबर, 1957 को कुल्लू के राजघराने में हुआ था। उन्होंने वर्ष 1990, 1998 और 2012 में तीन बार बंजार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। मुख्यमंत्री ने कहा किमूलराज पाधा वर्ष 1985 में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए थे। उनकी सामाजिक कार्यों तथा गरीब लोगों की सेवा में विशेष रुचि थी। शोक प्रस्ताव के तहत नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि अभी विधानसभा के पिछले बजट सत्र में कर्ण सिंह का हंसमुख चेहरा, मृदुभाषा हम सदन में देखते व सुनते थे। कौल सिंह ठाकुर, जीएस बाली, विद्या स्टोक्स, सतपाल सिंह सत्ती, कुलदीप कुमार, गोविंद सिंह ठाकुर व राकेश कालिया ने चर्चा में भाग लिया। सभी सदस्यों ने मूलराज पाधा के योगदान को भी याद किया। सदन की कार्यवाही समाप्त होने से पहले दो मिनट का मौन रखा गया।

**जानकारी** नाचन हलके के रजवाड़ी में आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए खरीदी है 70 बीघा जमीन

# हिमुडा ने महंगे दाम पर खरीदी सस्ती जमीन

**जागरण संवाददाता, मंडी :** जिला मंडी के नाचन हलके के रजवाड़ी में हिमुडा ने आवासीय कॉलोनी बनाने के लिए सस्ती जमीन महंगे दाम पर खरीद ली है। लोगों ने जमीन खरीद में हुई धांधली की शिकायत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राज्यपाल आचार्य देवव्रत और मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से की है। लोगों ने जमीन खरीद की जांच विजिलेंस से करवाने की मांग की है। हिमुडा ने आवासीय योजना के तहत रजवाड़ी में करीब 70 बीघा जमीन खरीदी है। उसमें 90 फीसद भवन निर्माण के लिए उचित नहीं है। शेष 10 फीसद जमीन मालिक को छोड़ दी गई है।

कुल्लू निवासी चेतराम, शेर सिंह, किशन लाल का आरोप है कि जमीन खरीद में लाखों रुपये का गोलमाल हुआ है। चहेतों को लाभ पहुंचाने के लिए सस्ती जमीन महंगे दाम पर खरीदी गई। पूरी जमीन पहाड़नुमा है। वहां न तो कोई प्लॉट बन सकता है और न ही भवन निर्माण हो सकता है। जमीन के आसपास मीलों दूर तक पानी है। सड़क निकालने के लिए जगह नहीं है। लोगों ने इस जमीन की खरीद की रजिस्ट्री को रद करने की मांग भी की है। जो पैसा इस सस्ती जमीन का जमीन बेचने वालों को ज्यादा मिला है, वह उनके खातों से कहां गया। इस सौदे में संलिप्त अधिकारियों के खातों की भी जांच की मांग की गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि इसमें राजस्व विभाग से लेकर हिमुडा के कई अधिकारी शामिल हैं। जमीन की खरीद में घोटाला हुआ है। रजिस्ट्री के समय 50 फीसद जमीन की कीमत की राशि विक्रेताओं को अदा कर दी गई थी। शेष 50 फीसद 18 महीने के अंदर चुकता करने पर बात बनी थी। इस बीच देश में नोटबंदी हो गई। पैसा नहीं बंट पाया। जमीन का सर्किल रेट 1.69 लाख रुपये है। वार्ता कमेटी ने 3.38 लाख रुपये प्रति बीघा जमीन मालिक को पहले ऑफर किया था। प्रदेश में सत्ता परिवर्तन के बाद कमेटी ने इसे सीधे सात से 10 लाख रुपये तक बढ़ा दिया। जमीन के रेट को वार्ता कर 3.38 हजार रुपये प्रति बीघा से बढ़ाकर 6.18 लाख तक पहुंचा दिया गया।

हिमुडा के सीईओ दिनेश कश्यप का कहना है कि जमीन नियमानुसार खरीदी गई है। अगर किसी को आपत्ति है तो वह उनके कार्यालय में आकर जांच कर सकता है।

### सूरत-ए-हाल

- सर्किल रेट से छह गुणा अधिक पैसा दिया गया
- प्रधानमंत्री, राज्यपाल व मुख्यमंत्री से लोगों ने की शिकायत

"हिमुडा ने नियमों को ताक पर रखकर जमीन खरीदी है। हमने जिस जमीन को बिजली, पानी और सड़क सुविधा न होने पर रद कर किया था उसे कांग्रेस सरकार के समय केवल पैसा कमाने की मंशा से भवन बनाने के लिए खरीदा गया जो गलत है। निर्माण से साइट पर कितना खर्च होगा और साइट विकसित करने पर क्या लागत आएगी, ये सब देखना होता है लेकिन यहां सब नजरअंदाज किया गया। इसमें भ्रष्टाचार का अंदेशा है। भाजपा जांच की मांग करेगी। -महेंद्र सिंह ठाकुर,

# खाद्य एवं आपूर्ति निगम कर्मियों को तीन फीसद डीए

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** खाद्य एवं आपूर्ति निगम के कर्मचारियों को तीन फीसद महंगाई भत्ता (डीए) जारी किया गया है। इस निर्णय से करीब 800 कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री जीएस बाली की अध्यक्षता में खाद्य एवं आपूर्ति निगम के निदेशक मंडल की बैठक में डीए को मंजूरी प्रदान की गई।

बैठक में 31 अनुबंध कर्मियों को नियमित करने का भी निर्णय लिया गया। इनमें दो सहायक एरिया मैनेजर, आठ वरिष्ठ सहायक व 21 डाटा एंट्री ऑपरेटर शामिल हैं। इसके अलावा कर्मचारियों को कैपिटल एलाउंस, वाशिंग व ट्राइबल एलाउंस देने का भी निर्णय लिया गया है। गोदामों के लिए दस करोड़ रुपये का प्रावधान करने के साथ राज्य सरकार को लाभ का दस फीसद हिस्सा भी दिया गया है। अब खाद्य एवं आपूर्ति निगम टाटा और जिंदल से सरिया खरीदेगा और बेचा जाएगा। सरकारी विभाग खाद्य एवं आपूर्ति निगम से सरिया खरीद सकेंगे। इसके लिए निदेशक मंडल ने अनुमति प्रदान कर दी है। बैठक में निदेशक मंडल के सदस्यों के अलावा निगम के अधिकारी भी उपस्थित थे।

### तोहफा

- 31 अनुबंध कर्मी नियमित होंगे, कैपिटल एलाउंस, वाशिंग व ट्राइबल एलाउंस भी मिलेगा
- खाद्य एवं आपूर्ति निगम टाटा व जिंदल से सरिया खरीदकर बेचेगा

## हिमुडा के कर्मचारियों को पेंशन

**राज्य ब्यूरो, शिमला :** हिमुडा के कर्मचारियों को प्रोविजनल पेंशन मिलेगी। यह लाभ केवल उन्हीं सेवानिवृत्त कर्मचारियों को मिलेगा, जिनका ईपीएफ कटता है। शुक्रवार को हिमुडा की बीओडी की बैठक में यह फैसला लिया गया। हिमुडा के फैसले से करीब 200 सेवानिवृत्त कर्मचारियों को फायदा होगा। निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा ने की। हमीरपुर में 36 फ्लैट बनाने को मंजूरी दी गई। बैठक में हिमुडा से फ्लैट लेकर अभी तक पैसे जमा न करवाने वालों को भी राहत प्रदान की गई है। हिमुडा से फ्लैट लेने वालों को 31 मार्च तक पैसे जमा कराने थे। अब यह सितंबर, 2017 तक शेष राशि हिमुडा में जमा करा सकेंगे। हिमुडा कॉलोनी कसुम्पटी और फ्लावरडेल में बने भवन 42 और 20 नंबर की बेसमेंट में फ्लैट बनाने को मंजूरी दी गई।

- हमीरपुर में 36 फ्लैट बनाने को दी गई मंजूरी, फ्लैट की राशि जमा करवाने को सितंबर तक समय दिया

27May,2017 8:42AM
27 MAY 2017

(54)

# भाषण ही मोदी का शासन व प्रशासन : तिवारी

राज्य ब्यूरो, शिमला : कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने मोदी सरकार के तीन वर्ष के जश्न पर तीखे प्रहार किए। उन्होंने कहा कि भाषण ही मोदी का शासन व प्रशासन है और सिर्फ झूठ बोलकर देश को गुमराह करने के अलावा केंद्र की कोई उपलब्धि नहीं रही है। केंद्र सरकार सांप्रदायिक सौहार्द, देश की आतंरिक सुरक्षा, आर्थिक विकास, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और देश की संस्थाओं से उचित व्यवहार करने में नाकाम रही है।




कांग्रेस के प्रवक्ता मनीष तिवारी पत्रकारों से बातचीत करते • जागरण

मनीष तिवारी ने कहा कि आज देश में जिस तरह का सामाजिक तनाव है, ऐसा उदाहरण शायद ही अतीत में मिले। जिस तरह से विचारधारा की लड़ाई 1947 में हुई थी, उसी तरह की लड़ाई आज केंद्र सरकार में बैठे कुछ नेता व आरआरएस के आका लड़ना चाह रहे हैं। देश में आतंक व भय का माहौल है। केंद्र सरकार की आंतरिक सुरक्षा को लेकर न तो नीयत व न ही नीति स्पष्ट है। मोदी सरकार चुनी हुई सरकारों को अलोकतांत्रिक तरीके से गिराने की कोशिश कर रही है। पाकिस्तान के प्रति मोदी सरकार की क्या कूटनीति रही है, इस पर स्थिति स्पष्ट नहीं है। भाजपा के तीन साल के शासनकाल में 14 बड़े घोटाले हो चुके है। जम्मू-कश्मीर की मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को जवाब देना चाहिए कि क्या केंद्र सरकार को हुर्रियत से बात करनी चाहिए या नहीं, उसके बाद विपक्ष अपना पक्ष रखेगा। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता मणिशंकर अय्यर व्यक्तिगत हैसियत से कश्मीर जाकर क्यों मिलते है, लोगों को इससे भी एतराज है।

### आरोप

- झूठ बोलकर देश को गुमराह करने के अलावा केंद्र की कोई उपलब्धि नहीं रही
- देश में है आतंक व भय का माहौल

### पाक साफ साबित होंगे वीरभद्र

मनीष तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ ईडी, सीबीआइ व आयकर जांच षड्यंत्र के तहत करवाई जा रही है। मुख्यमंत्री इस जांच में पाक साफ साबित होंगे। उन्होंने मोदी सरकार पर केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय में कहा कि केंद्रीय जांच एजेंसियों के दम पर मोदी सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों को कमजोर करने का प्रयास कर रही है। हिमाचल में कांग्रेस सरकार ने अथाह विकास किया है। विकास के नाम पर ही कांग्रेस चुनाव में जनता के बीच जाएगी व पुन: सत्ता हासिल करेगी।

---

**पहल** | रिपन में मेरा अस्पताल एप योजना लागू, कमियों की रिपोर्ट सीधे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय करेगा तलब

# स्वास्थ्य मंत्रालय फोन कर जान रहा कमियां

लाल चंद • शिमला

जिला अस्पताल रिपन की कमियों की रिपोर्ट अब सीधे केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय तलब करेगा। सरकार ने अस्पतालों की स्थिति सुधारने के लिए मेरा अस्पताल एप योजना लांच की है। इसके माध्यम से अस्पताल में आए मरीजों को फोन पर पूछा जा रहा है कि वे अस्पताल की सेवाओं से संतुष्ट हैं या नहीं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किए गए फोन पर यदि मरीज नेगेटिव रिपोर्ट देता है तो केंद्रीय मंत्रालय इसके लिए अस्पताल प्रशासन से जवाब तलब करेगा। प्रदेश का एकमात्र रिपन ऐसा अस्पताल है, जहां पर यह सुविधा शुरू की गई है। पायलेट प्रोजेक्ट के आधार पर रिपन में यह योजना चलाई गई है। यदि योजना सफल हुई तो प्रदेशभर के अस्पतालों में इसे लागू किया जाएगा। इस योजना के तहत पर्ची लेने के समय ऑपरेटर को मोबाइल नंबर भी देने होंगे। अस्पताल से कटने वाली पर्ची में मोबाइल फोन नंबर अंकित होंगे, जो मेरा अस्पताल पोर्टल पर चले जाएंगे।

### योजनाओं की जानकारी मिलेगी मैसेज से

मेरा अस्पताल एप के माध्यम से अस्पताल में प्रदान की जा रही सरकारी सेवाओं की जानकारी भी एसएमएस से समय-समय पर मरीजों को मिल रही है। केंद्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की संपूर्ण जानकारी उपलब्ध होगी। इसके अलावा केंद्रीय मंत्रालय से आने वाले फोन पर अस्पताल की कमियों की शिकायत भी दर्ज करवाई जा सकती है। इसमें अस्पताल में दवा का न मिलना, राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना का पालन न होना और अन्य किसी प्रकार की कमी की शिकायत फोन पर करेंगे तो केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय अस्पताल प्रशासन को जवाब तलब करेगा।

> अस्पताल में आने वाले सभी मरीजों का पर्ची लेने के साथ ही ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन हो जाता है, लेकिन कइयों के पास मोबाइल नहीं होने से परेशानी होती है, लेकिन रिपन अस्पताल में यह योजना सुगमता से चल रही है। सभी मरीजों के आनलाइन रजिस्ट्रेशन करवाया जा रहा है।
>
> –रजना राव, चिकित्सा अधीक्षक रिपन अस्पताल।

यहां से इंटरेक्टिव वॉयस रिस्पांस सिस्टम द्वारा मरीज या परिजन को कॉल करके अस्पताल की सेवाओं के बारे में पूछा जाता है। पूछा जाता है कि यदि आप अस्पताल की सेवाओं से संतुष्ट हो तो एक दबाएं और यदि संतुष्ट नहीं हुए तो दो का बटन दबाएं। कोई मरीज या परिजन असंतुष्टि जाहिर करता है तो उससे असंतुष्टि की वजह भी पूछी जाती है।

सरकार की सभी योजनाओं को ऑनलाइन किया जा रहा है। मेरा अस्पताल योजना के तहत मरीजों से मिलने वाली शिकायतों, सुझाव पर अमल किया जा रहा है। डॉक्टरों के ओपीडी में नहीं आने को गंभीरता से लेते हुए समय पर आने की हिदायत दी जा रही है। नहीं आने देर से आने वालों को नोटिस देकर कार्रवाई भी की जाती है।

# एनआइटी में खाली नहीं रहेगी सीट

राज्य ब्यूरो, शिमला : केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा है कि राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआइटी) में इस साल कोई सीट खाली नहीं रहेगी। देश की सभी एनआइटी में सारी सीटें भरी जाएंगी। इसके लिए जिन कोर्स की मांग नहीं है, उन्हें हटाने का निर्णय हुआ है। इनकी जगह नए कोर्स लाए जाएंगे। सात राउंड में एनआइटी में सभी सीटों पर प्रवेश होगा। पिछले साल तीन हजार से अधिक सीटें खाली रह गई थी। एनआइटी में शिक्षकों की चार स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया में भी बदलाव जाएगा।

वह शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में शुक्रवार को देश के 32 एनआइटी और सात आइसीएल के निदेशक मंडल की बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे। इसमें निर्णय हुआ है कि इन संस्थानों में दो साल में तीन हजार शिक्षकों की भर्ती की जाएगी। इसमें 1500 शिक्षकों की भर्ती इस साल व 1500 की अगले साल होगी। गैर शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती भी शीघ्र की जाएगी। बैठक में राज्य मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने कहा कि एनआइटी और आइसीएल की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। आइसीएल को नेचर मैग्जीन ने विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में पीएचडी और शोध कार्यों को उत्कृष्ट संस्थान का दर्जा दिया है। एनआइटी और आइसीएल में इस वक्त लगभग एक लाख छात्र पढ़ रहे हैं, जिन्हें बढ़ाए जाने की योजना है।

### बोले जावड़ेकर

- दो साल में तीन हजार शिक्षकों की नियुक्ति करने का फैसला
- शिक्षकों की चार स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया में होगा बदलाव
- शिमला में एनआइटी व आइसीएल निदेशक मंडल की बैठक



### शोध कार्यों को 200 करोड़

वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के लिए 200 करोड़ रुपये का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। इससे आइटी पार्क व इनोवेशन सेंटर खोले जाएंगे। फेलोशिप प्रदान की जाएगी।

### पांचवीं-आठवीं में पास न करने पर राज्य लें फैसला

सभी राज्य 5वीं और 8वीं कक्षा में मार्च में अनुत्तीर्ण छात्रों को जून में उत्तीर्ण होने के लिए एक मौका दें। राज्य सरकारों को अधिकार दिए गए हैं कि दोबारा उत्तीर्ण न होने पर छात्रों को उसी कक्षा में रोकने का निर्णय अपने स्तर पर ले सकती हैं। जावड़ेकर ने कहा कि यह जरूरी है कि छात्र ने क्या सीखा और उसे कैसी शिक्षा दी जा रही है। एनआइटी और आइसीएल की संख्या बढ़ाने पर पूछे गए प्रश्न पर उन्होंने कहा कि चल रहे संस्थानों में ही शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जाएगा। नए संस्थान खोलने की योजना नहीं है।

# सायू पर केंद्र व हिमाचल आमने-सामने

## हिमाचल ने लटकाया केंद्रीय विवि का मामला

राज्य ब्यूरो, शिमला : केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय का मामला हिमाचल सरकार ने लटकाया है। सरकार ने केंद्रीय विवि के लिए कंपनसेटरी एफॉरेस्टेशन फंड मैनेजमेंट एंड प्लानिंग अथॉरिटी (कैंपा) के तहत राशि जमा नहीं करवाई जिससे प्रदेश सरकार की गंभीरता का पता चलता है।

जावड़ेकर ने भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान शिमला में पत्रकारों से कहा कि प्रदेश सरकार केंद्रीय विवि स्थापित करने के बजाए राजनीति करने में अधिक दिलचस्पी लेती रही। केंद्र सरकार ने देहरा व धर्मशाला में केंद्रीय विवि स्थापित करने के लिए सैद्धांतिक मंजूरी प्रदान कर दी थी। उसके बाद प्रदेश को पर्यावरण मंजूरी लेने के लिए पैसा जमा करवाना था। इसलिए केंद्र सरकार ने केंद्रीय विवि की स्वीकृति रोक दी। देहरा व धर्मशाला में केंद्रीय विवि तब बनना था, जब हिमाचल सरकार कैंपा के तहत हिस्सा जमा करवाती। उन्होंने कहा कि घबराने की बात नहीं है क्योंकि प्रदेश कांग्रेस कांग्रेस सरकार का जाना तय हो चुका है। प्रदेश में भाजपा सरकार बनते ही केंद्रीय विवि स्थापित करने की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश की जनता भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन चाहती है। प्रदेश उसी दिशा में आगे बढ़ रहा है।

**केंद्र सरकार ने जीता जनता का विश्वास :** जावड़ेकर ने कहा कि जीएसटी को राज्य सरकारों के साथ मिलकर लागू किया जा रहा है। तीन साल में केंद्र सरकार ने भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन देकर जनता का विश्वास जीता है। लालबत्ती को खत्म कर जनता को अपनेपन का अहसास करवाया है। कोयला खदानों व स्पेक्ट्रम सहित अन्य कार्यों का आवंटन नीलामी से होने पर यूपीए सरकार के समय चलने वाला दलाली का धंधा बंद हो गया है। कोयला की नीलामी से आनी वाली राशि का हिस्सा राज्य सरकारों को मिलेगा।

### बोले जावड़ेकर



- सरकार ने कैंपा के तहत जमा नहीं करवाई राशि
- प्रदेश सरकार ने केंद्रीय विवि स्थापित करने के बजाए राजनीति में ली दिलचस्पी

### अब 10 रुपये नहीं, 100 रुपये पहुंचते हैं लोगों के खाते में

जावड़ेकर ने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी कहते थे कि यदि केंद्र सरकार किसी योजना में 100 रुपये देती है तो जनता तक 10 रुपये पहुंचते हैं। मोदी सरकार अब बैंको में सीधे राशि डालती है जिससे 100 रुपये सीधे लोगों के खाते में जाते हैं।

## मतदाता सूची संशोधन मामले में फैसला सुरक्षित

जागरण संवाददाता, शिमला : प्रदेश हाईकोर्ट ने नगर निगम शिमला के चुनाव से जुड़ी मतदाता सूची में संशोधन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नौ मई को जारी आदेश के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी राजू ठाकुर का आरोप है कि चुनाव आयोग ने नगर निगम शिमला के चुनाव टालने के इरादे से यह अधिसूचना जारी की है।

न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सीबी बारोवालिया की खंडपीठ के समक्ष इस मामले की सुनवाई हुए। राजू ठाकुर ने निर्वाचन आयोग के आदेश को असंवैधानिक व गैरकानूनी बताया है। याचिककर्ता ने कहा कि संविधान की धारा 243 यू में स्थानीय निकायों के चुनाव को एक भी दिन टालने या आगे खिसकाने का कोई प्रावधान नहीं है। ऐसे में राज्य निर्वाचन आयोग का फैसला तर्कसंगत नहीं हैं। उन्होंने इस फैसले को रद करने और निर्वाचन आयोग को चार जून से पहले नगर निगम शिमला के चुनाव करवाने का आदेश देने का आग्रह कोर्ट से किया है। प्रार्थी के अनुसार शिमला नगर निगम चुनाव को चार जून तक पूरा किया जाना ही संवैधानिक होगा क्योंकि इसके बाद नियमों के तहत नगर निगम के सदन को एक भी दिन की एक्सटेंशन नहीं दी जा सकती है।

इससे पहले भी नगर निगम शिमला के चुनाव से जुड़ी मतदाता सूचियों का मामला हाईकोर्ट पहुंचा था। तीस अप्रैल व पहली मई को मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने का अतिरिक्त समय दिया गया था। अब चुनाव आयोग के नौ मई को जारी आदेश के अनुसार नगर निगम शिमला के नए मतदाता बनाने के काम को विभिन्न चरणों में पूरा करने के बाद 23 जून को सप्लिमेंटरी लिस्ट दो जारी करने के आदेश जारी किए गए।

प्रार्थी ने आयोग के इन्हीं आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी है। चुनाव आयोग के अनुसार उन्होंने 11 अप्रैल को नगर निगम के चुनाव से जुड़ी मतदाता सूचियां प्रकाशित कर दी थीं। इन सूचियों में खामियां होने के कारण आयोग के समक्ष भारी संख्या में शिकायतें आने लगीं। आयोग के अनुसार उन्होंने भरसक प्रयास कर पांच मई को अंतिम मतदाता सूचियां जारी कर दी थीं मगर फिर से इन सूचियों में खामियों को दर्शाते हुए कई लोगों ने इन्हें फिर संशोधित करने की मांग की। आयोग ने माना कि पंचायती राज अधिनियम की धारा 243 यू (3) ए के तहत उनका यह दायित्व है कि स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर करवाए जाएं मगर उन्हें स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए यह निर्णय लेना पड़ा।



- प्रार्थी का आरोप, चुनाव टालने के इरादे से जारी की गई है अधिसूचना
- निर्वाचन आयोग के आदेश को असंवैधानिक व गैरकानूनी बताया है

# आसमान से बरसी आफत, पांच जिलों में फसलों को नुकसान



शिमला के रिज मैदान पर मंडी महोत्सव के दौरान लगाई गई प्रदर्शनी का स्टेज भी तेज तूफान के कारण क्षतिग्रस्त हो गया • जागरण

जागरण संवाददाता, शिमला : हिमाचल में शुक्रवार को बेमौसमी बारिश व भारी ओलावृष्टि ने कहर बरपाया। शिमला, ऊना, मंडी, सिरमौर व सोलन जिलों में ओलों व तूफान से फसलों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रदेश में बारिश से अधिकतम व न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है।

मौसम के करवट बदलने से बागवानों पर कुदरत का कहर टूटा है। ऊपरी शिमला में रोहड़ू व इसके साथ लगते क्षेत्र में तूफान व ओलावृष्टि से सेब की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। तूफान से ऊपरी शिमला में सेब की अधिकतर सेटिंग खराब हो गई है। तूफान से कई स्थानों पर पौधे जड़ से उखड़ गए। मशोबरा व कुफरी में ओलावृष्टि से सेब के पौधों की टहनियां टूट गईं। इसके अलावा फ्रासबीन, टमाटर व शिमला मिर्च की फसल भी बर्बाद हो गई है। मंडी जिला की बल्ह घाटी में भारी ओलावृष्टि से टमाटर की 80 प्रतिशत फसल तबाह हो गई। सोलन जिला में भारी ओलावृष्टि व बारिश के कारण फसलों को नुकसान पहुंचा है। सिरमौर में तूफान के साथ बारिश हुई। ऊना जिला में तूफान से कई क्षेत्रों में बोर्ड व होर्डिंग गिर गए। कांगड़ा जिला के नूरपुर में तूफान के कारण आम की फसल को काफी नुकसान हुआ है। पालमपुर में चलती कार पर एक पेड़ गिर गया। हादसे में कार चालक को मामूली चोटें आई हैं। वहीं, शुक्रवार को प्रदेश में अधिकतम तापमान ऊना में 36.3 डिग्री सेल्सियस व न्यूनतम तापमान केलंग में 6.2 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।



पालमपुर में शुक्रवार को चलती कार पर पेड़ गिरने के बाद बाहर निकलने की कोशिश करता व्यक्ति • जागरण

- ओलों व तूफान से सेब को भारी नुकसान, पौधे जड़ से उखड़े
- फ्रासबीन, टमाटर व शिमला मिर्च की फसल भी बर्बाद
- मंडी की बल्ह घाटी में भारी ओलावृष्टि से टमाटर की 80 प्रतिशत फसल तबाह
- कांगड़ा जिला के नूरपुर में तूफान से आम की फसल को काफी नुकसान
- पालमपुर में चलती कार पर पेड़ गिरने से चालक घायल
- तापमान में तीन डिग्री की गिरावट

**ओलावृष्टि से टमाटर तबाह**



**80** फीसद फसल मंडी के बल्ह हलके में बर्बाद

**350** हेक्टेयर में बल्ह घाटी में की जाती है टमाटर की खेती

**280** हेक्टेयर में फसल हो गई बर्बाद

# बारिश-ओलों से 100 करोड़ की क्षति

राज्य ब्यूरो, शिमला : हिमाचल में डेढ़ महीने से बारिश व ओलावृष्टि के कारण कृषि व बागवानी को करीब 100 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। अकेले बागवानी को 85 करोड़ रुपये के नुकसान का अनुमान है। प्राथमिक तौर पर कृषि फसलों को भी करोड़ों रुपये का नुकसान पहुंचा है जिसका आकलन अभी किया जा रहा है। हालांकि अभी तक एकत्रित डाटा के आधार पर कृषि फसलों को 15 करोड़ रुपये से अधिक के नुकसान का अनुमान है। पिछले डेढ़ महीने के दौरान मौसम के बिगड़े मिजाज ने प्रदेश के किसानों व बागवानों की कमर तोड़ दी है। प्रदेश के 60 हजार बागवान व किसान प्रभावित हुए हैं। ओलावृष्टि से प्रदेश में करीब 3000 फलदार पेड़ व 2000 छोटे पौधे पूरी तरह बर्बाद हो गए हैं। इसके अलावा बीन, टमाटर और अन्य नकदी फसलों को काफी नुकसान हुआ है। सबसे अधिक नुकसान शिमला व मंडी जिलों के बागवानों को हुआ है। इन क्षेत्रों में 70 करोड़ रुपये के फल व फसलें बर्बाद हो गई हैं। मौसम की मार का असर सबसे अधिक सेब पर पड़ा है। इसके अलावा प्लम, आड़ू, आम व लीची को भारी नुकसान हुआ है।

बारिश व ओलावृष्टि के कारण प्रदेश में बागवानी को भारी नुकसान हुआ है। यह नुकसान और बढ़ेगा। नुकसान की भरपाई के लिए बागवानों को उपकरण आदि पर अनुदान प्रदान करने का प्रावधान है।

हेमराज शर्मा,

**कहां कितना हुआ नुकसान**

| जिला | नुकसान | जिला | नुकसान |
|---|---|---|---|
| | | कुल्लू | 214.65 |
| | | मंडी | 369.215 |
| | | शिमला | 6724.58 |
| बिलासपुर | 29.2 | सिरमौर | 533.05 |
| चंबा | 2.2 | सोलन | 168.50 |
| हमीरपुर | 32.565 | ऊना | 103.52 |
| कांगड़ा | 107 | | |

(नुकसान लाख रुपये में)

# ओलावृष्टि से टमाटर की 80 फीसद फसल तबाह

सहयोगी, नेरचौक (मंडी) : मंडी जिले की बल्ह घाटी में शुक्रवार दोपहर बाद आंधी व ओलावृष्टि से टमाटर व सब्जी की 80 फीसद फसल पूरी तरह से तबाह हो गई। इससे क्षेत्र के किसानों को लाखों रुपये का नुकसान हुआ है। टमाटर के हरे-भरे पौधों से लहलहा रहे खेतों में ओलावृष्टि से चार माह की मेहनत पर आधे घंटे में पानी फिर गया। पौधों से टमाटर झड़ कर खेतों में गिर गए। बड़े-बड़े आकार के ओले गिरने से टमाटर के पौधों के टुकड़े-टुकड़े हो गए। बल्ह घाटी में 350 हेक्टेयर में टमाटर की खेती की जाती है, जिसमें 280 हेक्टेयर में फसल बर्बाद हो गई है। ओलावृष्टि से गागल राजगढ़, कुम्मी, टांवा, डडौर, ढाबण, कंसा, बाल्ट रत्ती, लोहारा, खांदला, नलसर, बग्गी सहित अन्य क्षेत्रों में टमाटर की खेती को सबसे ज्यादा नुकसान पहुंचा है। दिनभर मौसम साफ रहने के बाद अचानक हुई ओलावृष्टि ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। टमाटर व खीरे की खेती में लगे फूल नष्ट हो गए। डडौर में सावित्री सेन के घर की चारदीवारी पर दो पॉपुलर के पेड़ गिरने से लोहे की चद्दरों से बनाई चारदीवारी को नुकसान पहुंचा है।

राजगढ़ के गगन जुवलानी, अजय कुमार, कृष्ण चंद, मोहन राम, परम देव, ओम चंद, रिंकू, अब्बू गुलेरिया, नलिन, गगन, डडौर के अमी चंद, महेश्वर, प्रकाश चंद, जगदीप, विनोद कुमार, वीरेंद्र, खूबराम, शशि कुमार, कंसा के हेत राम, प्रकाश चंद, पूर्ण चंद, प्रवीण, कुम्मी के प्रवीण कुमार, कमलेश, नीटू का कहना है कि इस बार मौसम की बेरुखी उन पर भारी पड़ गई। फसल बर्बाद होने से बीज, खाद व कीटनाशक पर आया खर्च भी पूरा नहीं हो पाएगा। पेड़ गिरने से घाटी में बिजली, पानी व दूरसंचार सेवाएं प्रभावित होने से लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं।



मंडी के बल्ह हलके के लोहारा में ओलावृष्टि से क्षतिग्रस्त हुई टमाटर की फसल • जागरण

**बेरुखी**

- बल्ह घाटी के किसानों को लाखों रुपये का हुआ नुकसान
- चार माह की मेहनत पर आधे घंटे में फिरा पानी

बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए संबंधित हलके के पटवारियों को निर्देश दिए गए हैं। कृषि फसल बीमा योजना व राहत नियमावली के अनुसार प्रभावित किसानों को मुआवजा दिया जाएगा।

-जय गोपाल शर्मा,

ओलावृष्टि से हुए नुकसान की रिपोर्ट फील्ड स्टाफ से मांगी गई है। अधिकारियों को प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करने के निर्देश दिए गए हैं। - डॉ. आरएल चौहान,

# 21 दिन से बंद है ज्यूरी-सराहन सड़क

## ग्रामीणों ने एसडीएम के माध्यम से मुख्यमंत्री को भेजा ज्ञापन, झेल रहे परेशानी, सड़क को जल्द बहाल करने की मांग



ज्यूरी-सराहन सड़क की बहाली के लिए मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजते ग्रामीण • जागरण

**संवाद सहयोगी, रामपुर बुशहर :** ज्यूरी-सराहन सड़क के जल्द निर्माण के लिए क्षेत्र के लोगों के एक प्रतिनिधिमंडल ने उपमंडलाधिकारी रामपुर डॉ. निपुण जिंदल के माध्यम से मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में कहा कि सड़क 21 दिन से बंद पड़ी हुई है। इस कारण क्षेत्र के लोगों को कई प्रकार की परेशानियां झेलनी पड़ रही हैं। क्षेत्र की किन्नू, शाहधार और सराहन पंचायत के प्रतिनिधियों ने सराहन-पिथ्वी-कुरगू मार्ग को पास करवाने की गुहार भी लगाई है। बीडीसी सदस्य अनीता लक्टू और किन्नू पंचायत प्रधान यशपाल चौहान ने कहा कि ज्यूरी-सराहन सड़क राई खड्ड के पास बाधित होने से केंद्रीय विद्यालय सराहन में पढ़ने वाले विद्यार्थियों को स्कूल पहुंचने और ऊपरी क्षेत्र के कॉलेज जाने वाले छात्रों परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। प्रशासन और लोक निर्माण विभाग सड़क की बहाली को लेकर कोई ठोस कदम अभी तक नहीं उठा पाया है। ग्रामीणों ने कहा कि सराहन पहुंचने के लिए ज्यूरी-नानण-नवारू सड़क एक विकल्प है, लेकिन इसकी हालत भी बदत्तर है, जिस कारण हादसे का खतरा बना रहता है। लोगों ने मुख्यमंत्री से ज्यूरी नानण सड़क की खस्ताहालत सुधारने और इसे चौड़ा करने की मांग की है। प्रतिनिधिमंडल ने दुर्गम पंचायत किन्नू के रूनपू और बगावट स्कूल में शिक्षकों के रिक्त पद भरने के लिए मुख्यमंत्री से मांग की है।

इस मौके पर ग्रामीण जय चंद, प्रभु लाल, सुरेंद्र कुमार, संजीव कुमार, चरन दास, ठाकुर दास, संतोष कुमारी, सेवादासी, चुन्नी लाल, अनिल कुमार, प्रताप मेहता, अनिश मेहता, कांता मेहता, मोहन मेहता, प्यारे लाल, आलम सिंह, सीमा, अंजना, काजल राक्टा, माया, मीना कुमारी, किशन कुमार, सैंज राम, ठुकली देवी, रीना मेहता, छेवांग, मैना राम, चैन राम, प्रभू लाल आदि उपस्थित रहे।

# हलाऊ से शिमला वाया नेरवा बस चलाने की मांग

**संवाद सूत्र, नेरवा :** शिमला बस का रूट बदलने से हलाऊ सहित पांच पंचायतों के लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। परिवहन निगम की ओर से एक साल पहले हलाऊ से शिमला के लिए वाया नेरवा-धबास-चौपाल बस चलाई गई थी, लेकिन छह माह पूर्व इस बस का रूट वाया झिकनीपुल-मडौग कर दिया गया है। रूट बदलने से उपमंडल मुख्यालय चौपाल इससे बाहर हो गया है। उपमंडल मुख्यालय में एसडीएम, तहसीलदार, बीडीओ, डीएफओ, डीएम वन निगम, तहसील कल्याण अधिकारी, पीडब्ल्यूडी मंडल, विद्युत मंडल आदि कार्यालय हैं व इन कार्यालयों में कार्यों के चलते हलाऊ के लोगों को प्रतिदिन चौपाल जाना पड़ता है। बस का रूट बदलने के कारण लोगों को नेरवा में बस बदलनी पड़ती है। इस कारण लोगों को परेशानी झेलनी पड़ती है। रूट बदलने से हलाऊ के अतिरिक्त बिजमल, केदी, पौलिया व चइंजन पंचायत के लोग भी प्रभावित हुए हैं। लोग कई बार रूट को बहाल करने की मांग कर चुके हैं, लेकिन सुनवाई नहीं हुई।

ग्राम पंचायत हलाऊ की प्रधान जस्सो देवी, पूर्व प्रधान संत राम ओक्टा, ग्राम पंचायत बिजमल की प्रधान बबिता समटा चौहान, पूर्व प्रधान भगत राम चौहान, दिनेश चौहान, ग्राम पंचायत केदी के प्रधान तपेंदर नेगी, पूर्व बीडीसी सदस्य नारायण सिंह, सुरेंदर नंबरदार व मनी राम शर्मा ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाई है कि हलाऊ-शिमला बस रूट को बहाल किया जाए। परिवहन निगम नेरवा डिपो के क्षेत्रीय प्रबंधक डीके नारंग ने बताया कि इस बस के आलावा मडौग के लिए और कोई विकल्प नहीं था, बसों की व्यवस्था होने पर इस बस की पूर्व स्थिति बहाल कर दी जाएगी।

# सभी से बैठक कर तय होगी सेब ढुलाई की दर

**जागरण संवाददाता, शिमला :** शिमला में सेब सीजन की पूर्व तैयारियों की समीक्षा बारे सेब उत्पादकों के साथ उपायुक्त ने बैठक की। इसमें जिले के बागवान संगठन, उपमंडलाधिकारी तथा संबद्ध विभागों के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त रोहन चंद ठाकुर ने की।

रोहन चंद ठाकुर ने कहा कि उपमंडलाधिकारी, पुलिस, बागवान संगठन, सेब उत्पादकों, ट्रक ऑपरेटर संघ के साथ बैठक के उपरांत ही सर्वसम्मति से सेब ढुलाई दरों को निर्धारित किया जाएगा। सेब सीजन के दौरान सेब उत्पादकों की मांग के अनुसार अन्य स्थानों पर भी सेब नियंत्रण कक्ष खोले जाएंगे। मुख्य नियंत्रण कक्ष तथा उप नियंत्रण कक्ष द्वारा 15 जुलाई से सुचारू रूप से कार्य करना आरंभ हो जाएगा। सेब उत्पादक क्षेत्रों में चल रही सड़कों की टारिंग का कार्य 15 जून तक पूरा कर लिया जाएगा।

मुख्य मार्गों की मरम्मत के लिए प्रशासन द्वारा हरसंभव सहायता प्रदान की जा रही है। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को राष्ट्रीय उच्च मार्ग व संपर्क सड़कों में सेब सीजन के दौरान लगने वाले ट्रैफिक जाम के स्थानों में यातायात सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अर्जित सिंह, अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सुनिल कुमार, सहायक आयुक्त ईशा ठाकुर, जिले के उपमंडलाधिकारी व विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**तैयारियां**



- सेब सीजन के लिए उपायुक्त ने की बागवानों व अधिकारियों से बैठक
- जिला में 15 जुलाई से शुरू हो जाएंगे नियंत्रण कक्ष

27May,2017 8:42AM

27 MAY 2017

सुक्खू पर वार | चुना हुआ सीएम हूं, मनोनीत नहीं किया गया, जनता ने जताया है विश्वास

# किसी की मेहरबानी से नहीं बना हूं मुख्यमंत्री : वीरभद्र

भास्कर न्यूज | शिमला

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष सुखविंद्र सिंह सुक्खू का खुद को ही सर्टिफिकेट देना खुशी की बात है। उन्होंने कहा कि अच्छाई वह होती है, जो दूसरे देते हैं। उन्होंने कहा कि मैं चुना हुआ मुख्यमंत्री हूं, विधायक दल की बैठक में चूना है। विधानसभा में विशेष सत्र के पहले दिन के बाद सीएम ने मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि संगठनात्मक चुनाव कांग्रेस के अभी करवाने की कोई जरूरत नहीं हैं। कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव करवाने थे तो पार्टी हाईकमान साल के शुरू में ही करवा सकती थी, लेकिन साल के बीच में विस चुनावों की तैयारी चल रही है।

इस दौरान संगठनात्मक चुनाव करवाए जाते हैं तो पार्टी के विस चुनावों के रिजल्ट पर इसका विपरीत असर पड़ेगा। इसलिए यह मामला पार्टी हाईकमान से उठाया है, उम्मीद है कि संगठनात्मक चुनाव विस चुनावों के बाद ही होंगे। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि विशेष सत्र जीएसटी को पास करने के लिए बुलाया गया है। पहले सरकार ने इसे एक दिन का ही बुलाने का फैसला लिया था, लेकिन राज्य सरकार के मंत्री और बंज़ार के विधायक कर्ण सिंह के निधन के कारण इस सत्र को दो दिन का किया गया। पहले दिन सदन ने उनके निधन पर शोक जताया। इसके बाद दूसरे दिन जीएसटी बिल के सदन में पेश कर



विधानसभा सत्र के दौरान किसी बात पर हंसते सीएम और पूर्व मुख्यमंत्री प्रेम कुमार धूमल।

पारित किया जाना है। यह देश को पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की देन है। अब इस काम को पूरा किया जा रहा है। पूर्व प्रधानमंत्री डॉ. मनमोहन सिंह की दूरगामी सोच का नतीजा है जीएसटी। इसे हिमाचल विधानसभा में भी पारित किया जाना है। इसका खाका राज्य सरकार ने तैयार कर लिया है। शनिवार को इसे विशेष सत्र में पास किया जाना प्रस्तावित है।

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय मंत्री राज्य में आते हैं। यह रूटीन है। इनका राज्य में स्वागत है, लेकिन किसी भी केंद्रीय मंत्री को राज्य की जनता को गुमराह नहीं करना चाहिए। केंद्रीय विवि के लिए हिमाचल की कांग्रेस सरकार देहरा और धर्मशाला में जमीन का चयनित किया। इसके बाद इससे संबंधित सभी दस्तावेज केंद्र सरकार को सौंप दिए हैं। इसमें केंद्र सरकार की ओर से देरी की जा रही है। ऐसे में केंद्रीय मंत्री का यह कहना कि देरी हिमाचल सरकार की ओर से की जा रही है। यह जनता को गुमराह करने वाली बात है। केंद्रीय मंत्री को इस तरह से नहीं करना चाहिए।

दैनिक भास्कर

27 MAY 2017

### गेयटी के टेवरन हॉल में लगी अद्भुत मंडी की प्रदर्शनी

# छायाचित्रों की प्रदर्शनी में दिखाई मंडी की सुंदरता व प्राचीन संस्कृति



रिज पर आयोजित मंडी फेस्टिवल के दौरान प्रदर्शनी को देखते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और अन्य लोग।

सिटी रिपोर्टर | शिमला

हिमाचल प्रदेश पर्यटन विभाग, भाषा एवं संस्कृत विभाग व मंडी जिला प्रशासन की ओर से गेयटी के टेवरन हॉल में बीरबल शर्मा की छायाचित्र प्रदर्शनी व मंडी कलम की प्रदर्शनी का उद्घाटन स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर व पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा ने किया।

प्रदर्शनी में मंडी जिले की प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन संस्कृति, व आधुनिक संस्कृति को दिखाया गया है। इसके अलावा मंडी कलम की प्रदर्शनी में मंडी जिले की प्राचीन संस्कृति का चित्रण किया गया है। मंडी जिले छायाचित्र प्रदर्शनी में स्नोर की नाटी, आस्था का आंचल, भूंडा यज्ञ, धूप का आनंद ग्रामीण दस्करी के साथ, वाह हिमाचल, मंडयाली नृत्यों की झलक, शिकारी माता मंदिर, वाद्य यंत्रों से गूंजता आसमान, भेड़चाल यह अनुशासन, झरनों से बहता नीर, चटटानी नमक का आपार भंडार, तत्तापानी के दृश्य प्रमुख है। मंडी की कलम प्रदर्शनी में पूजा करती महिला, नौदत की चित्रकला, लिखणु कला, कोहरा, स्वागतकर्ता, ढोल-नगाड़े, देवी-देवताओं का चित्रण किया गया है। लुप्त हुई कलाओं को जागरूक किया गया है।

## मंडी की एतिहासिक धरोहर को दिखाया

प्रदर्शनी में मंडी जिले की प्राकृतिक सुंदरता, प्राचीन संस्कृति, व आधुनिक संस्कृति को दिखाया गया है। इसके अलावा मंडी कलम की प्रदर्शनी में मंडी जिले की प्राचीन संस्कृति का चित्रण किया गया। इस प्रदर्शनी में मंडी की संस्कृति को चित्रकारों ने अपनी कलाकृतियों में दिखाया। कलाकृतियों में मंडी की प्राचीन एतिहासिक धरोहर को दिखाने का प्रयास किया।

**चित्रकला में मंडी की कलाएं दिखाने का प्रयास किया :** मंडी कलम के चित्रकार राजेश कुमार ने कहा कि उन्होंने अपनी चित्रकला में लुप्त हुई कलाओं को उजागर करने क प्रयास किया है। उन्होंने कहा कि इस प्रदर्शनी से लोगों को मंडी की प्राचीन संस्कृति के बारे में भी पता चलेगा। देश-विदेशों में मंडी की संस्कृत व सुंदरता का फैलाव होगा।

इस तरह के आर्ट से आने वाले समय में लोगों को रोजगार भी मिलेगा। छायाचित्रों के फोटोग्राफर चमन शर्मा ने कहा कि मंडी के इन छायाचित्रों में लोगों को मंडी की प्राकृतिक सुंदरता देखने को मिलेगी। मंडी के कल्चर के बारे में भी लोगों को जानकारी मिलेगी।

धन्यवाद 'कार्यक्रम' | पैट शिक्षकों को जल्द रेग्युलर करेगी सरकार, मिलेगी सभी सुविधाएं: वीरभद्र

# पैट शिक्षकों ने मानदेय बढ़ाने पर सीएम को किया सम्मानित, जिंदाबाद के नारे भी लगाए

भास्कर न्यूज | शिमला

प्राथमिक शिक्षक संघ (पैट) ने शुक्रवार को पीटरहॉफ में 'धन्यवाद' कार्यक्रम का आयोजन किया। शिक्षकों का मानदेय 13000 रुपए से बढ़ाकर 21,000 रुपए करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का धन्यवाद किया। कार्यक्रम के दौरान शिक्षकों ने मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को सम्मानित किया। शिक्षकों का ये कार्यक्रम चुनावी रैली में तब्दील हो गया। कार्यक्रम में शिक्षकों ने मुख्यमंत्री जिंदाबाद के नारे लगाए।

शिक्षकों ने मंच से ऐलान किया कि सातवीं बार वीरभद्र सिंह को मुख्यमंत्री बनाएंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि चुनावों में इस वादे को पूरा करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार शिक्षकों की हर मांग को पूरा करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि पैट शिक्षकों की सभी मांगों से सरकार परिचित है। शिक्षकों को रेग्युलर की तर्ज पर सभी तरह की सुविधाएं सरकार मुहैया करवाएगी। उन्होंने कहा कि पैट शिक्षकों को रेग्युलर किया जाएगा।



मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को सम्मानित करते हुए प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारी।

**कांग्रेस रखती है न्याय में विश्वास: सीएम** | मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव न्याय में विश्वास रखती है और सरकार ने शिक्षकों की मानदेय बढ़ाने की मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस संबंध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षक समुदाय के कल्याण को सदा सुनिश्चित करती आ रही है तथा विशेषकर सीमित आय वाले शिक्षकों का पूरा ध्यान रखा जाता है। राज्य सरकार ने पीएटी, पैरा अथवा पीटीए शिक्षकों की उचित मांगों के प्रति उदार रवैया रहा है। इनमें से ज्यादातर को पूरा भी किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने सभी वर्गों से सदा न्याय किया है, जबकि इसके विपरीत भाजपा जाति, क्षेत्र तथा धर्म की राजनीति करती आ रही है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की अन्य मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पीपीटी के राज्य अध्यक्ष नारायण हिमराल ने मुख्यमंत्री व अन्य गणमान्यों का इस अवसर पर स्वागत किया। राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, ग्रामीण शिमला खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर, शिक्षा के संयुक्त निदेशक केआर सैजल भी उपस्थित थे।

### 14 साल से दे रहे सेवाएं, जल्द करें नियमित

प्राथमिक सहायक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नारायण हिमराल ने मुख्यमंत्री का पैट शिक्षकों के वेतन को 13 हजार से 21 हजार रुपए करने के लिए आभार जताया। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस कार्यकाल में ही पैट शिक्षकों की नियुक्तियां की गई थी। उन्होंने कहा कि पिछले चौदह सालों से विभाग में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जल्द ही इन शिक्षकों को नियमित किया जाए। प्रदेश में 3406 शिक्षक पैट आधार पर कार्यरत है। शिक्षक नियमित होने के लिए सभी तरह की पात्रता रखते हैं। उन्होंने सरकार से जल्द ही नियमित करने की मांग की है।

आरोप | कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष ने लगाया केंद्र सरकार पर आरोप, वीरभद्र निर्दोष, न्यायालय में होगी सच्चाई की जीत

# वीरभद्र के खिलाफ जांच एजेंसियों का दुरुपयोग

भास्कर न्यूज | शिमला

**कांग्रेस** के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने केंद्र की मोदी सरकार राजनैतिक विरोधियों की आवाज को दबाने के लिए जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ सीबीआई, इनकम टैक्स और ईडी की कार्रवाई भी इसी षड्यंत्र का एक हिस्सा है। केंद्र सरकार की तीन साल की नाकामियों को बताने शिमला पहुंचे मनीष तिवारी ने मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह पर बनाए गए केस में चार्जशीट फाइल हो चुकी है। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह निर्दोष है। न्यायालय में सच्चाई की जीत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने अपने चार साल के कार्यकाल में राज्य में बहुत विकास करवाया है। मोदी सरकार के झूठ और जुमलों का जवाब हिमाचल की जनता चुनाव में देगी। मनीष तिवारी ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने देश में आतंक और भय का माहौल बनाया गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार सांप्रदायिक सौहार्द, देश की आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और देश की संस्थाओं के साथ किया जा रहा व्यवहार जैसे मुख्य बिंदुओं में विफल रही है।



शिमला में पत्रकारों से बातचीत करते कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी।

### डालर की कीमत प्रधानमंत्री की उम्र के बराबर पहुंची

मनीष तिवारी ने कहा कि नोट बंदी के फैसले का असर देश की अर्थ व्यवस्था पर पड़ा है। यूपीए सरकार के समय में डॉलर की कीमत 58 रुपए थी। 3 साल बाद डालर 64 रुपए यानि प्रधानमंत्री मोदी की उम्र के बराबर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने रोजगार के नाम पर भी छला है। मोदी ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था जबकि तीन साल के कार्यकाल में सिर्फ 4 लाख लोगों को ही नौकरियां दी गयीं।

**36 महीनों में 60 मुल्कों के दौरे:** तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री ने 36 महीनों के दौरान 50 से 60 मुल्कों के दौरे किए लेकिन परिणाम शून्य ही रहा। उन्होंने कहा कि आज स्थिति यह है कि जरूरत के समय कोई भारत के साथ खड़ा रहेगा या नहीं, इसको लेकर केंद्र के पास कोई जवाब नहीं है।

**14 बड़े घोटाले आए सामने:** मनीष तिवारी ने कहा कि भाजपा के तीन साल के कार्यकाल में 14 बड़े घोटाले सामने आए हैं। व्यापम स्कैम, छत्तीसगढ़ स्कैम, ललित गेट स्कैम, विजय माल्या स्कैम, गुजरात पेट्रोलियम स्कैम, गुजरात लैंड स्कैम, अरुणाचल स्कैम, राजस्थान माइनिंग स्कैम, बिरला व सहारा पेपर स्कैम सहित अन्य हजारों करोड़ों के घोटाले हो चुके हैं।

27 May,2017 8:42 AM

27 MAY 2017

(6)

मंडी महोत्सव का आगाज | देव पालकियों के साथ देव धुनों से भक्तिमय हुआ माहौल, मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया उद्घाटन

# रिज पर दिखा मंडी, ढोल-नगाड़ों के बीच निकले देवता

सिटी रिपोर्टर | शिमला

रिज मैदान पर भाषा, कला एवं संस्कृति विभाग, पर्यटन विभाग, महिला एवं बाल विकास निदेशालय व जिला प्रशासन मंडी की ओर से आयोजित पांच दिवसीय मंडी उत्सव का शुभारंभ शुक्रवार को हुआ। इस दौरान मंडी के कलाकारों ने रिज मैदान पर रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया। देवी-देवताओं के रथ व पालकियों को भी इस उत्सव में लाया गया और पूरे रिज मैदान पर यात्रा निकाली गई। लोगों का मानना है कि देवी देवताओं के आशीर्वाद से शुरू किया गया कार्य जरूर सफल होता है और ये देवी देवता प्राचीन संस्कृति की धरोहर है। इसलिए देवी-देवताओं की पालकियों को इस उत्सव में लाया गया। इससे मंडी जिले की संस्कृति के बारे में लोगों को पता चलेगा। इसके अलावा मंडी के कलाकारों ने नागरीय लोक नृत्य, बदार क्षेत्र का लोकनृत्य, छिंज गीत, सुहाग गीत, लुड्डी और डंठणु लोक नृत्य व लोक नाट्य बांठड़ा लोगों के सामने प्रस्तुत किए। कलाकारों ने बताया कि यह लोक नृत्य शादी, मेलों, त्यौहारों व विशेष अवसरों पर किए जाते है।

**बांठड़ा से दिया सामाजिक कुरीतियों का संदेश:** बांठड़ा लोक नाट्य के माध्यम से विभिन्न सामाजिक कुरीतियों भ्रष्टाचार, अंधविश्वास, जाति प्रथा व युवाओं में बढ़ते नशे के सेवन के दुष्प्रभाव का संदेश दिया। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पंचायत राज मंत्री अनिल शर्मा, सीपीएस सोहन लाल, भाषा एवं संस्कृति विभाग की निदेशक शशि ठाकुर, सचिव अनुराधा ठाकुर मौजूद रहे।

**संस्कृति को प्रदर्शित करने के लिए लगाए स्टॉल:** मंडी की विभिन्न संस्थाओं के लोगों ने मंडी की संस्कृति को प्रदर्शित करने लिए स्टॉल भी लाए। इन स्टॉल्स में लोगों ने शॉल, टोपियां, देवी-देवताओं की मूर्तियां, ढोल-नगाड़े, गर्म वस्त्र, मंडी के प्राचीन संस्कृति से जुड़ी सामग्री, घरों मे तैयार की गई खादय सामग्री को बिक्री के लिए रखा गया। इसके अलावा मंडी के प्रसिद्ध व्यंजनों क स्टॉल्स भी लगाए गए।



शिमला में शुक्रवार को रिज पर आयोजित मंडी महोत्सव के दौरान जलेब में भाग लेते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह और अन्य।



जलेब के दौरान वाद्य यंत्र नरसिंगा और करनाल की धुनों ने लोगों का मनोरंजन किया।



मंडी महोत्सव के दौरान गेयटी के बाहर लोकनृत्य पेश करती महिलाएं।

स्टॉल्स लगाने आए लोगों ने कहा कि वे मंडी जिले के कल्चर का पूरे भारत में फैलाना चाहते हैं। स्टॉल्स में सामग्री को देखकर लोगों को मंडी जिले की संस्कृति का पता चलेगा। वस्तुओं की बिक्री से लोगों को आजीविका भी मिलेगी और कलाकारों को बढ़ावा भी मिलेगा।

**ज्यादा से ज्यादा लोगों का मिलेगी कल्चर की जानकारी:** सीएम वीरभद्र सिंह ने इस अवसर पर कहा कि इस लोक उत्सव से ज्यादा से ज्यादा लोगों का मंडी जिले की संस्कृति के बारे में जानकारी मिलेगी। देश-विदेशों में हमारी संस्कृति का फैलाव होगा। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रमों के आयोजन से कलाकारों को भी बढ़ावा मिलता है।

## बारिश और तूफान का खलल, स्टॉल टूटे, सामान खराब

### अचानक आई बारिश से दुकानदार न सामान समेट पाए न शिफ्ट कर पाए, तिरंगे को भी हुआ नुकसान

सिटी रिपोर्टर | शिमला

रिज मैदान पर शुरू हुए मंडी महोत्सव में बारिश ने भी दोपहर बाद खलल डाला दिया ऊपर से तेज हवाओं ने भी कसर नहीं छोड़ी। कई दुकानदारों के स्टॉल बूरी तरह से टूट गए। इसमें कई स्टॉल फट गए। मंडी से पारंपरिक व्यंजन व अन्य सामग्री लेकर पहुंचे दुकानदारों को इससे काफी नुकसान हुआ। इसमें सबसे अधिक नुकसान पदाद्रेम कॉम्प्लेक्स के ऊपर लगे स्टॉल को हुआ। वहां पर लगभग सभी स्टॉल गिरकर टूट गए। ऐसे में अचानक बारिश के कारण न तो दुकानदार अपना सामान समेट पाए और न ही कहीं और जगह पर इसे शिफ्ट कर पाए। अधिकांश दुकानदारों का सामान भीगने के कारण खराब हो गया।



शिमला में शुक्रवार को हुई बारिश और तेज हवाओं से रिज पर लगे स्टॉलों को नुकसान पुहंचा।

मंडी महोत्सव का शुभारंभ शुक्रवार दोपहर करीब एक बजे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया था। इस दौरान उन्होंने स्टॉल में लगे सामान भी देखे। यह स्टॉल सोफा कवर, कुशन, दालें, शॉल, टोपी, सूत्री वस्त्र, आचार, अनारदाना, मसाले, सेपू बड़ी, मंडी के स्पेशल व्यंजन के लगाए गए थे। इसके अलावा देवी देवताओं की मूर्तियों की प्रदर्शनियां भी लगाई गई थी। 30 मई तक चलने वाले इस महोत्सव में विभिन्न कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। रिज मैदान पर लगाए गए तिरंगे झंडे को भी बारिश से नुकसान पहुंचा है। तिरंगा फट गया है।

(62)

# कांग्रेस वीरभद्र की अगुवाई में लड़ेगी विधानसभा चुनाव

## मंत्रियों व विधायकों ने किए पत्र पर हस्ताक्षर

भास्कर न्यूज | शिमला

आगामी विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की अगुवाई में लड़ने के लिए कांग्रेस विधायकों से शुक्रवार को विशेष सत्र के दौरान हस्ताक्षर करवाए गए। विधायक संजय रतन सदन की कार्यवाही के दौरान ही मंत्रियों, सीपीएस और विधायकों के पास हस्ताक्षर करवाने के लिए अलग-अलग से पहुंच रहे थे। इस पत्र में साफ था कि विधायक दल 2017 में होने वाले विस चुनाव मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की अध्यक्षता में लड़ना चाहता है। सभी मंत्रियों, सीपीएस और विधायकों ने हस्ताक्षर तो कर दिए, लेकिन सभी एक सवाल जरूर कर रहे थे कि इसकी जरूरत क्या है। वीरभद्र सिंह प्रदेश के मुख्यमंत्री हैं, और कांग्रेस के चुनाव उन्हीं की अध्यक्षता में होना तय है। विधानसभा या हस्ताक्षर करवाने के बाद मंत्रियों से लेकर विधायकों तक इसकी चरचा थी कि आखिर इसकी जरूरत क्यों पड़ी। क्या हाईकमान के साथ हाल ही में हुई मीटिंग में कुछ ऐसे संकेत दिए हैं कि चुनावों के लिए भी नेतृत्व परिवर्तन पर विचार किया जा सकता है। जिसका तोड़ निकालने के लिए मुख्यमंत्री के समर्थकों ने इस पत्र पर हस्ताक्षर करवाए हैं। सूत्रों की मानें तो अपने अगले दिल्ली दौरे के दौरान सीएम या उनके समर्थक विधायक दल के हस्ताक्षरित इस पत्र को हाईकमान को सौंप सकते हैं। भले ही मसला जो भी हो लेकिन मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के समर्थकों की यह मुहिम राजनीति गलियारों में चरचा का विषय बना है। कांग्रेस मे ही वीरभद्र विरोधी धड़ा खासतौर पर इस विषय पर चरचा कर आगामी रणनीति तैयार कर रहा है।

# विशेष सत्र के पहले दिन सदन ने कर्ण को किया याद, जीएसटी बिल आज होगा पास

## पूर्व विधायक मूलराज पाधा को भी दी श्रद्धांजलि

भास्कर न्यूज | शिमला

विधानसभा में सदन ने शुक्रवार को पूर्व आयुर्वेद एवं सहकारिता मंत्री स्वर्गीय कर्ण सिंह व पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से परिवार को इस दुःख को सहने की क्षमता देने की प्रार्थना की है। साथ ही सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा। विधानसभा में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शोकादार प्रस्ताव लाया। इसमें बताया कि इनका जन्म 14 अक्टूबर 1957 को हुआ था। बीमारी के बाद 12 मई को इनका निधन हो गया। वह 1990, 1998 और 2012 में तीन बार बंजार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। यह सरकार में दो बार मंत्री भी रहे। सीएम ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। मूलराज पाधा का निधन 8 अप्रैल 2017 को 80 वर्ष की आयु में हुआ। उनका जन्म 5 मई 1937 को खलियारा में हुआ था। वह वर्ष 1985 में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए उनकी सामाजिक कार्य व गरीब लोगों की सेवा मे रुचि थी। उन्होंने पिछड़े व कमजोर लोगों के उत्थान के लिए काम किया। सदन में नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कौल सिंह ठाकुर, आईपीएच मंत्री विद्या स्टोक्स, परिवहन मंत्री जीएस बाली, विधायक गुलाब सिंह ठाकुर, गोविंद ठाकुर और राकेश कालिया ने भी शोकादार प्रस्ताव में हिस्सा लिया।

राज्य विधानसभा में विशेष सत्र के दौरान शनिवार को जीएसटी बिल पारित किया जाना है। इसके लिए राज्य सरकार ने विशेष सत्र बुलाया है।

### सीआईसी के चयन पर होनी है बैठक

राज्य में मुख्य सूचना आयुक्त कौन होगा, इसका चयन भी राज्य सरकार की ओर से शनिवार को किया जाना है। इसके लिए सीएम, नेता प्रतिपक्ष सहित राज्य की वरिष्ठ मंत्री भी हिस्सा लेगी। इसके बाद ही राज्य सरकार ही ओर से इसके चयन की प्रक्रिया पूरी की जानी है।

# ट्रिब्यूनल का आदेश, जेबीटी के 50% से ज्यादा आरक्षित पदों को न भरा जाए

## शिक्षा विभाग ने खाली पदों को भरने के लिए निकाला था विज्ञापन

शिमला | प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल ने शिक्षा विभाग को आदेश दिए हैं कि वह जेबीटी के खाली पड़े पदों को भरने के लिए जारी की गई विज्ञप्ति के तहत 50 फीसदी से अधिक आरक्षित पदों को न भरे।

ट्रिब्यूनल अध्यक्ष वीके शर्मा व प्रशासनिक सदस्य प्रेम कुमार की खंडपीठ ने शिक्षा विभाग द्वारा जेबीटी के पदों को भरने के लिए 18 अप्रैल को जारी सूचना व 25 अप्रैल को जारी विज्ञप्ति को चुनौती देने वाली याचिका की सुनवाई के बाद यह आदेश जारी किए। ट्रिब्यूनल ने स्पष्ट किया कि विज्ञापन में चाहे आरक्षित वर्ग की पुरानी रिक्तियां हों या मौजूदा रिक्तियां, परंतु सुप्रीम कोर्ट के फैसले के अनुसार आरक्षित वर्ग के लिए 50% से अधिक सीटें रिजर्व नहीं हो सकती। प्रारंभिक शिक्षा विभाग में जेबीटी के 700 पदों को भरा जा रहा है। -शेष पेज 5 पर

### काउंसलिंग पर थी रोक

ट्रिब्यूनल ने जेबीटी की काउंसलिंग पर रोक लगा दी थी। 11 मई को ये काउंसलिंग होनी थी। ट्रिब्यूनल ने शिक्षा विभाग को काउंसलिंग की डेट नए सिरे से तय करने के निर्देश दिए हैं। अभ्यार्थियों ने इसको लेकर ट्रिब्यूनल मे चुनौती दी थी। उनका तर्क था कि राज्य के सभी जिलों मे काउंसलिंग का शेड्यूल एक ही रखा गया है।

### ट्रिब्यूनल का आदेश,...

इसके लिए विभाग ने विज्ञापन जारी किया था। बैकलॉग ज्यादा होने के चलते कुछ जिलों में सारे पद रिजर्व श्रेणी में आ गए थे। सामान्य श्रेणी के लिए पद ही नहीं बचा था। जेबीटी प्रशिक्षुओं ने इस मामले को लेकर ट्रिब्यूनल में चुनौती दी थी। हिमाचल प्रदेश जेबीटी प्रशिक्षु संघ के अध्यक्ष विक्रांत बरागटा ने ट्रिब्यूनल के फैसले का स्वागत किया है।

### राज्य आपूर्ति निगम

# 900 कर्मियों को 3% डीए का तोहफा, 31 को किया नियमित

भास्कर न्यूज | शिमला

राज्य आपूर्ति निगम के नौ सौ कर्मचारियों को सरकार ने तीन प्रतिशत डीए देने का निर्णय लिया है। कर्मचारियों को एक जुलाई 2016 से इसका लाभ मिलेगा। एरियर का यह पैसा कर्मचारियों को कैश दिया जाएगा। निगम के 31 कर्मचारियों को नियमितिकरण का तोहफा भी दिया है। इसमें 21 डाटा एंट्री ऑपरेटर, आठ वरिष्ठ सहायक और दो सहायक एरिया मैनेजर है जिन्हें सरकार तीन साल का अनुबंध कार्यकाल पूरा होने पर रेग्युलर करेगी। यह फैसला सरकार ने राज्य आपूर्ति निगम की बीओडी की बैठक में लिया। बैठक खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री जीएस बाली की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसके अलावा सरकार ने कर्मचारियों को कैपिटल ट्राइबल वाशिंग अलाउंसिस देने का भी निर्णय लिया है। सरकार ने गोदाम खोलने के लिए 10 करोड़ रुपए की व्यवस्था की है। निगम ने अपने 3.50 करोड़ रुपए के लाभांश से सरकार को 10 प्रतिशत का डिविडेंड के तौर पर 35.50 लाख रुपए दिए हैं।

**हिमुडा की कर्मचारियों और डिफाल्टरों को राहतः** हिमुडा की बीओडी में कर्मचारियों को डीए के फैसले पर मोहर लगाई गई। इसके साथ अनुबंध कर्मचारियों को 25 फिसदी ग्रेड पे देने और हिमुडा के डिफॉल्टर ग्राहकों को पैनल इंटरेस्ट पर 9% की छूट की अवधि को बढ़ा दिया। बैठक में हिमुडा के 137.10 करोड़ के बजट को भी मंजूरी दी गई। कसुम्पटी में 42 फ्लैट्स, फ्लावरडेल में 20 फ्लैट्स, हमीरपुर में 24 फ्लैट्स बनाने को मंजूरी दी गई। बैठक की अध्यक्षता शहरी विकास मंत्री सुधीर शर्मा ने की। इस अवसर पर एसीएस मनीषा शर्मा, सीईओ दिनेश कश्यप सहित दूसरे अन्य पदाधिकारी भी उपस्थित थे।

# कई जगह रखा जाएगा रिजर्व फॉरेस्ट

## हिमाचल के जंगलों में एमपीसीडीए बनाने की तैयारी, होगा संरक्षण

हेल्थ रिपोर्टर। शिमला

प्रदेश में जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों के संरक्षण के लिए अब नई तकनीक अपनाई जाएगी। इसके लिए चरणबद्ध तरीके से मेडिसिन प्लांट कंजर्वेशन डेवलपमेंट एरिया (एमपीसीडीए) बनाया जा सकता है। इसमें एक क्षेत्र को फॉरेस्ट राइट क्षेत्र रखा जाएगा जिसमें जड़ी बूटियां लगाई जाएगी। इसके अलावा दूसरे एरिया में ग्रामीण लोगों को कुछ जड़ी बूटियां निकालने के अधिकार दिए जाएंगे। जबकि एक क्षेत्र को रिजर्व रखा जाएगा। नेशनल मेडिसिन प्लांट बोर्ड, आयुर्वेद विभाग तथा वन विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला का शुक्रवार को समापन पर यह चर्चा की गई। इस दौरान वन विभाग के अधिकारियों ने जंगलों में पाई जाने वाली जड़ी बूटियों पर विस्तृत चर्चा की। कार्यशाला में नेशनल मेडिसन प्लांट की डिप्टी सीईओ पद्मा प्रिय बाला कृष्णन विशेष तौर पर मौजूद रही। इसके अलावा जीएस गौरेया तथा हरियाणा सरकार के पीसीसीएफ भी मौजूद रहे। दो दिवसीय इस वर्कशॉप का शुभारंभ अतिरिक्त मुख्य सचिव आयुर्वेद निशा सिंह ने किया था। पहले दिन आयुर्वेद व मेडिसिन प्लांट की कृषि पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान 365 दिन का आवश्यक कैलेंडर भी डिस्कस किया गया। सरकार की ओर से कई डिमांड मेडिसन प्लांट बोर्ड के समक्ष रखी गई। जिसमें प्रमुख तौर पर 25 बीघा की लैंड होल्डिंग की शर्त को हटाने की मांग है। बोर्ड की सीईओ शोमिता विश्वास ने उनसे एक प्रस्ताव मांगा तथा जल्द इस शर्त को हटवाने का आश्वासन दिया।

### हर्बल गार्डन पर दिया जोर

कार्यशाला के दौरान महाराष्ट्र से आए विशेषज्ञों ने हर्बल गार्डन की तकनीक के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र में कई जगहों पर हर्बल गार्डन बनाए गए हैं। इन गार्डनों में जहां लोग भ्रमण के लिए आते हैं। वहीं जरूरत पड़ने पर वहां से जड़ी बूटियां निकाली जा सकती हैं। महाराष्ट्र सरकार इस बारे में काफी काम कर रही है। हर्बल गार्डन में कई प्रकार की जड़ी बूटियां उगाई जा सकती हैं। इससे लोगों के लिए एक पार्क भी मिलता है तथा उन्हें जड़ी बूटियों के बारे में भी जानकारी मिलती है।

# गुणात्मक शिक्षा पर राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में प्रदेश अव्वल

भास्कर न्यूज | शिमला

स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (एएसईआर) के वार्षिक सर्वेक्षण में प्रदेश को भाषा व गणित दक्षता में राज्यों मे प्रथम आंका गया है। हिमाचल प्रदेश में न केवल दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में अच्छी तरह से पढ़ पाने वाले बच्चों की दर सर्वाधिक है, बल्कि पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियो में कहानियो को पढ़ पाने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर भी राज्य को प्रथम स्थान मिला है। यह जानकारी शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने दी। प्रवक्ता ने कहा कि पांचवीं कक्षा की श्रेणी में दक्षता के आधार पर हिमाचल प्रदेश देश में गणित विषय में भी प्रथम आंका गया है। यह उपलब्धि बेहद सराहनीय है, क्योंकि इसे हासिल करने में प्रदेश ने केरल जैसे बहु शिक्षित राज्य को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि एएसईआर के अनुसार भाषा में हिमाचल के सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 65.3 प्रतिशत है, जो कि 41.6 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से कहीं अधिक है। गणित में हिमाचल में सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 47.4 प्रतिशत है, जो कि 21.1 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से अधिक है।

उन्होंने कहा कि इन परिणामों को देखकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र मे कई बड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व सार्थ परिवर्तन के लिए 'सामर्थ्य' नामक कार्यक्रम विशेष तौर पर सराहा गया है। उन्होंने कहा कि 'सामर्थ्य' प्रदेश व्यापी कार्यक्रम है, जो राज्य में प्रारंभिक राजकीय स्कूलों में शिक्षा के प्रबंधन और प्रदान करने में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है।

# 31 मई से 80% तक सस्ती मिलेंगी ब्रांडेड दवाएं

## आईजीएमसी में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा करेंगे अमृत फॉर्मेसी का शुभारंभ, रोजाना आते हैं सैकड़ों मरीज

### कैंसर अस्पताल में शुरू होगी अमृत फॉर्मेसी

हेल्थ रिपोर्टर | शिमला

ब्रांडेड दवाओं के लिए मरीजों को अब न तो अधिक दाम चुकाने होंगे और न ही इसके लिए उन्हें आईजीएमसी में भटकना नहीं पड़ेगा, बल्कि सस्ती दरों पर आसानी से उन्हें दवाएं उपलब्ध होंगी। 31 मई को आईजीएमसी के कैंसर अस्पताल में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा अमृत फार्मेसी का शुभारंभ करेंगे। दावा किया है कि इस मेडिसन शॉप में रोगियों को 50 से 80 फीसदी ब्रांडेड दवाओं में छूट दी जाएगी। इसमें रोगियों को हर प्रकार की मेडिसन उपलब्ध होगी। अमृत फार्मेसी के लिए सरकार से काफी पहले मंजूरी मिल चुकी थी। अब यह बनकर पूरी तरह तैयार हैं। फिलहाल यहां पर एक शॉप शुरू की जाएगी, जल्द ही दूसरी शॉप आईजीएमसी परिसर में शुरू होगी। आईजीएमसी के एमएस डॉ. रमेश चंद ने इसकी पुष्टि की है।

आईजीएमसी अस्पताल में रोजाना 2000 हजार से अधिक ओपीडी है। यहां पर पूरे प्रदेश से रोगी इलाज के लिए पहुंचते हैं। ऐसे में उन्हें दवाए लेने के लिए भटकना पड़ता था। वैसे तो आईजीएमसी की ओर से चलाए जा रहे निशुल्क जेनेरिक स्टोर में भी मरीजों को दवाइयां मिल रही है, लेकिन कई बार डॉक्टर ब्रांडेड दवाइयां लिखते हैं, जो जैनेरिक स्टोर में नहीं मिलती, ऐसे में मरीजों को बाहर से खरीदनी पड़ती है। अब मरीजों को अस्पताल से बाहर जाने की जरूरत नहीं है। सारी दवाइयां अस्पताल में ही उपलब्ध होगी।

**यह होगा लाभ** : आईजीएमसी में अमृत फार्मेसी के तहत खुलने वाले शॉप से सबसे बड़ा लाभ यह होगा कि यहां पर हर प्रकार की दवा उपलब्ध होगी तथा उस पर मरीजों को 50 से 80 प्रतिशत तक का डिस्काउंट भी दिया जाएगा। मौजूदा समय पर आईजीएमसी में निशुल्क जैनेरिक स्टोर भी चल रहा है। मगर अब वहां पर केवल जैनेरिक दवाएं ही दी जाती हैं। यहां तक की प्रशासन से अब 500 दवाओं में से 244 दवाइयां मिलती है। ऐसे में ब्रांडेड दवा के लिए रोगियों को निजी मेडिसन स्टोर में जाना पड़ता है। जहां पर दवाएं कई बार पूरे दाम पर दी जाती है। इसके अलावा यहां पर सभी प्रकार की सर्जिकल आइटम भी डिस्काउंट में उपलब्ध रहेगी।

### कैंसर, डायबिटीज, हृदय रोग की दवाइयां भी मिलेंगी

अस्पताल खुल रही अमृत फार्मेसी में शुरुआती दौर में अस्पताल से बाहर मेडिसन शॉप में मिलने वाली कैंसर, डायबिटीज और हृदय रोग की दवाइयां बहुत ही सस्ती दरों पर मुहैया करवाई जाएगी। अमृत फार्मेसी चलाने वाली एचएलएल कंपनी के प्रभारी अमन ठाकुर ने बताया कि शॉप्स में बाहर महंगी दरों पर मिलने वाली अधिकतर दवाइयां रखी जाएगी। इसके अतिरिक्त बीमारी के अनुसार दवाइयों पर 60 से 80 प्रतिशत की छूट मिलेगी।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शिमला में कहा-

# देहरा में सीयू को जमीन देने को केंद्र तैयार, राज्य ने नहीं दिया अपने हिस्से का पैसा

भास्कर न्यूज़ | शिमला

हिमाचल में केंद्रीय विश्वविद्यालय (सीयू) के लिए देहरा और धर्मशाला दोनों ही परिसरों के लिए केंद्र सरकार को जमीन देने में कोई आपत्ति नहीं हैं। केंद्र ने इसके लिए सहमति दे दी है। राज्य सरकार ने देहरा की जमीन के लिए वन मंजूरी का केस भी केंद्र के पास भेजा था। जिसे मंजूरी दे दी गई थी। केंद्रीय मानव संसाधन और पर्यावरण मामलों के मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने शिमला में शुक्रवार को यह बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार ने अभी तक दूसरे चरण की मंजूरी के लिए जरूरी नेट प्रेजेंट वेल्यू (एनपीवी) राशि जमा नहीं करवाई है। इसके बगैर राज्य सरकार को इस भूमि के गैर वनीय इस्तेमाल की मंजूरी नहीं मिल सकती।

राज्य सरकार की ओर से जब तक यह राशि जमा नहीं करवाई जाएगी। इसकी मंजूरी की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ सकती। वहीं एक सवाल पर जावड़ेकर ने कहा कि दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनावों में हिमाचल में भाजपा अपनी सरकार बनाएगी। -शेष पेज 5 पर




केंद्रीय मंत्री ने कहा कि 2014 के लोकसभा चुनावों में देश की जनता ने भाजपा से उम्मीद लगाकर मतदान किया था। पीएम मोदी सहित भाजपा के नेताओं ने देश भर में विकास कर जनता का विश्वास जीता है। इसका परिणाम है कि देश भर में अब हो रहे चुनावों में भाजपा को भारी मतों से जीत मिल रही है। इससे साफ हो रहा है कि केंद्र सरकार कि विकास की दिशा में हो रहा काम, जनता को पसंद आ रहा है। जनता इस पर विश्वास जता रही है। इसी कारण भाजपा को 2014 के चुनावों के बाद लगातार ही जीत मिल रही है।

### देहरा में सीयू...

प्रदेश में पूरी तरह से भाजपा के पक्ष में माहौल है। राज्य में भाजपा ही नहीं बल्कि प्रदेश की जनता भी इसके लिए पूरी तरह से तैयार है। राज्य की भ्रष्ट कांग्रेस सरकार से राज्य की जनता त्रस्त महसूस कर रही है। ऐसे में राज्य सरकार को अपनी पांच साल की कारगुजारियों को इन चुनावों में भुगतना पड़ेगा। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि देश भर में महगाई को काबू कर केंद्र सरकार ने बड़ी सफलता हासिल की है। केंद्र सरकार ने छह करोड़ आवास बनाने के लिए काम शुरू कर दिया है।

## कांग्रेस रोक रही है गांव का विकास : सत्ती

ऊना | ऊना सदर के विधायक एवं भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सत्ती ने कहा कि मोदी सरकार सबका विकास सबका साथ लक्ष्य लेकर चल रही है। लेकिन कांग्रेस सरकार ग्रामीण विकास को रोकने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र से मिले पैसे को अनुमति देने के लिए बहाने लगाए जाते हैं। जबकि उक्त पैसे का ग्रामीण विकास पर इस्तेमाल होना चाहिए। उन्होंने बताया कि 14वें वित्तायोग के तहत मोदी सरकार ने ऊना सदर की 35 पंचायतों को विकास कार्यों के लिए 4 करोड़ 57 लाख 34 हजार 826 सीधे तौर पर भेजे हैं। जिसे जनता मोदी फंड के नाम से जानती है। सत्ती ने बताया कि केंद्र सरकार से लालसिंगी को 17 लाख, लोअर अरनियाला को 13 लाख, अपर अरनियाला को 15 लाख, मलाहत को 18 लाख, बसोली को 16 लाख, टब्बा को 34 लाख, बहडाला को 30 लाख, भड़ोलिया कलां को सात लाख, रामपुर को 14 लाख, कुठारकलां को सात लाख, कुठारखुर्द को पांच लाख, अबादा बराना को छह लाख, जनकौर को 13 लाख, सुनेहड़ा को चार लाख, नंगड़ा को 17 लाख, बडेहर को 11 लाख, झूडोवाल को 15 लाख, लमलेहड़ा को चार लाख, सासन को आठ लाख, चढ़तगढ़ को 15 लाख, फतेहपुर को छह लाख, खानपुर को 8 लाख, लोअर देहलां को 20 लाख, अपर देहलां को 25 लाख, जखेड़ा को 15 लाख, वनगढ़ को 20 लाख, भटोली को 14 लाख, मैहतपुर को 10 लाख, रायपुर 24 लाख, अजोली को 15 लाख, बीनेवाल को सात लाख, मलूकपुर को तीन लाख, मजारा को 13 लाख, सनौली को 15 लाख और उदयपुर को चार लाख केंद्र से विकास कार्यों के लिए मिली है।

# 2 बड़ी सीमेंट कंपनियां करेगी हिमाचल में 2000 करोड़ रुपए का निवेश

भास्कर न्यूज़ | शिमला

देश की दो बड़ी नामी सीमेंट कंपनियां हिमाचल मे दो हजार करोड़ रुपए का निवेश करेंगी। कंपनियों ने हिमाचल में निवेश के लिए उद्योग विभाग को आवेदन किया है। इन कांपियों ने एक एक हजार करोड़ रुपए के निवेश को आवेदन कर रखा है। हिमाचल में सीमेंट उद्योग की अधिक संभावनाओ को देखते हुए कंपनिया प्रदेश में करोड़ों के निवेश के लिए आगे आई है। इन कंपनियों को निवेश की मंजूरी देने से पहले मामले को सिंगल विंडो की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा। सिंगल विंडो की बैठक को लेकर विभाग को सरकार से डेट मिलने का इंतजार है। इसके अलावा विभाग को प्रदेश में मौजूदा छह से अधिक उद्योगों ने और नई औद्योगिक इकाइयां स्थापित करने और अपने निवेश की डेट को एक्सटेंड करने की परमिशन उद्योग विभाग से की है। प्रदेश में नए निवेश के बाद हिमाचल के सैकड़ों बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे। दोनों कंपनियों के निवेश के बाद प्रदेश में 600 लोगों को रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगें। अधिकारियों का कहना है कि कंपनियों ने तीन तीन सौ लोगों को रोजगार देने की बात अपने प्रस्ताव में की है। अब अगर सरकार सिंगल विंडो की बैठक में दोनों कंपनियों को निवेश की मंजूरी प्रदान करती हैं तो बेरोजगारों को रोजगार मिलेगा।



प्रदेश में देश की दो नामी कंपनियों ने करोड़ों के निवेश के लिए आवेदन किया है। मामले को सिंगल विंडो की बैठक में मंजूरी के लिए रखा जाएगा।
**राजेश शर्मा, निदेशक उद्योग विभाग**

27May,2017 8:42AM



**अधर में योजना** थरमटी में प्रस्तावित है मंडी, तीन साल पहले की थी घोषणा, लेकिन अभी पूर्ण नहीं

# बेमौसमी सब्जी का गढ़ ठियोग, सुविधा संपन्न मंडी नहीं

सिटी रिपोर्टर | ठियोग

पिछले तीन दशकों से बेमौसमी सब्जी उत्पादन के क्षेत्र में अव्वल रहने वाले ठियोग क्षेत्र के किसानों बागवानों को ठियोग नगर या आसपास उसके एक अच्छी सब्जी मंडी बनने का इंतजार है।

ठियोग नगर में 1977 में एक सब्जी मंडी तत्कालीन मुख्यमंत्री शांता कुमार के समय बनी थी, जिसे बने हुए चार दशक हो चुके हैं लेकिन आज भी इस मंडी में किसानों-बागवानों के लिए सुविधाएं तो दूर ढंग का बोली यार्ड भी नहीं है।

ठियोग क्षेत्र में हर साल करोड़ों रुपए की बेमासमी सब्जियां पैदा होती हैं, जिन्हें लेकर किसानों को ढली या चंडीगढ़ की मंडियों में जाना पड़ता है या सड़कों किनारे बैठे आढ़तियों के पास सब्जियां बेचनी पड़ती हैं। ठियोग नगर अपर शिमला का केंद्र स्थल है और यहां पर एक अच्छी व सुविधा संपन्न मंडी की जरूरत है। ठियोग मधान, मतियाना, क्यारटू, चियोग सहित कई क्षेत्रों के किसानों के लिए केंद्रीय स्थान है और किसान सब्जी बेचने के अलावा यहां आकर अपने सरकारी व बैंकों आदि के काम भी निपटाते हैं।

फिलहाल, ठियोग में जो मंडी है उसकी व्यवस्था व सुविधाएं ठीक न होने के कारण कई बार गावों से आने वाली बसों की छतों पर ही किसान सब्जियां बिचौलियों के हाथों बेचकर ठगे जाते हैं।

### कई सालों से टारिंग के लिए लगा है मिक्सर प्लांट

वर्तमान सरकार ने ठियोग व फागू के बीच थरमटी नामक स्थान पर सब्जी मंडी बनाने की घोषणा तीन साल पहले की थी, लेकिन आज तक इस मंडी के निर्माण का कार्य कागजी करवाई में ही फंसा हुआ है। थरमटी में जहां पर यह मंडी बननी है वहां पर पिछले कई सालों से टारिंग के लिए मिक्सर प्लांट लगा हुआ है। इसके साथ की सब्जी मंडी के लिए भूमि का चयन हुआ था। इस स्थान की मंजूरी के लिए एपीएमसी कई बार प्रस्ताव बनाकर देहरादून भेज चुकी है, लेकिन अभी तक इस स्थान को सब्जी मंडी के लिए मंजूरी नहीं मिल पाई है।

### ठियोग के बागवानों के लिए अन्य मंडियां दूर

ठियोग के मधान, मतियाना चियोग आदि क्षेत्रों के सब्जी उत्पादकों के लिए ढली, सोलन, चंडीगढ़ की मंडियां काफी दूर पड़ती हैं। पराला में जो सब्जी मंडी बनी है, वहां पर सब्जियों की खरीद का कार्य नहीं होता है। वहां केवल सेब सीजन में की आढ़ती आते हैं। ठियोग में जो वर्तमान मंडी है वहां आढ़ती हैं, लेकिन सुविधाएं न होने के कारण यहां अधिक व्यापार नहीं हो पाता है। किसानों को भी यहां सामान लाने में असुविधा होती है। हालांकि ठियोग की इस मंडी में किन्नौर व करसोग आदि से भी मटर आदि बेचने के लिए किसान आते हैं।

**जल्द मंजूरी मिलने की आस**

शिमला किन्नौर एपीएमसी के अध्यक्ष महेन्द्र स्तान का कहना है कि इस बार थरमटी में मंडी के निर्माण के लिए देहरादून से मंजूरी मिलने की सौ प्रतिशत संभावना है क्योंकि जितने भी आब्जेक्शन लगाए गए थे उन्हें दूर कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि एक माह के भीतर थरमटी में सब्जी मंडी के निर्माण का कार्य शुरू होने की आशा है।

# एनआईटी में भरी जाएंगी सभी सीटें : प्रकाश

## टीचर्स के चार स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया को बदलने का निर्णय, 1500 शिक्षक भरेंगे एक वर्ष में

### शिक्षकों के प्रशिक्षण का पूरा खाका बदला जाएगा

एजुकेशन रिपोर्टर | शिमला



एडवांस स्टडीज में केंद्रीय मंत्री प्रकाश का स्वागत करते अधिकारी।

### रिसर्च के लिए 200 करोड़ का प्रावधान

वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के लिए 200 करोड़ रुपए का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है। जिससे नए आईटी पार्क व इन्नोवेशन सेंटर खोले जाएंगे और फेलोशिप प्रदान की जाएगी। जावडेकर ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार करना वर्तमान सरकार कि प्राथमिकता है। वर्तमान में चल रहे संस्थानों मे ही शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जाएगा और नए संस्थान खोले जाने की कोई योजना नहीं है।

देश भर की एनआईटी में इस वर्ष सभी सीटों को भरा जाएगा। कोई भी सीट खाली नहीं रहेगी। यह बात एडवांस्ड स्टडी में 32वें एनआईटी आईआईसीआरएस के निदेशक मंडल की बैठक में केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने कही। उन्होंने कहा कि बैठक में निर्णय लिया गया है कि देशभर की एनआईटी में इस बार कोई भी सीटें खाली नहीं रखी जाएगी।

जिस कोर्स की डिमांड नहीं थी, उसे हटा दिया गया है। इनके स्थान पर नए कोर्सिस लाए गए हैं। पिछली बार लगभग तीन हजार सीटें खाली रह गई थी, ऐसे में इस बार इन सीटों को भरा जाएगा। इसके अलावा बैठक में निर्णय लिया गया की शिक्षकों के लिए चार स्तरीय नियुक्ति प्रक्रिया पिछले कुछ वर्षो से एनआईटी में थी। उसके कारण लीगल केसिस होते थे, अब इसे बदला जाएगा। एनआईटी में तीन हजार शिक्षकों के पद रिक्त है, जिसमें इस वर्ष करीब 1500 पद भरे जाएंगे। नॉन टीचिंग स्टाफ के सभी मामलों को सुलझा कर उन्हें न्याय प्रदान किया जाएगा। उनका कहना है एनआईटी का स्तर ऊंचा करने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर केंद्रीय मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय भी मौजूद थे।

केंद्रीय मंत्री का कहना है कि शिक्षा को बेहतर बनाने के लर्निंग आउट कम के फॉर्मूले पर काम किया जा रहा है। उनका कहना है कि एक बच्चे को क्या आना चाहिए, इस पर हम फोकस कर रहे हैं। हमने सिर्फ इंफ्रास्ट्रक्चर पर जोर नहीं दिया है। बच्चे ने क्या सीखा है, इस पर जोर दे रहे हैं। शिक्षकों के प्रशिक्षण का पूरा खाका बदला जाएगा। इस बार किसी भी नए बीएड कॉलेज को मंजूरी नहीं मिलेगी। जो छात्र मार्च की परीक्षा में पास नहीं होता है, उसे जून में प्रवेश देने का अवसर मिलेगा। यदि वह जून की परीक्षा में फेल होता है तो उसे उसी कक्षा में रोका जा सकेगा। यह अधिकार राज्य सरकारों को मिलेगा।

27 MAY 2017

66

# बाइक को टैक्सी के तौर पर चलाओ

## रेंट ए मोटरसाइकिल की अधिसूचना जारी, परिवहन विभाग में करें पंजीकृत

सिटी रिपोर्ट| शिमला

प्रदेश में अब टैक्सी की तर्ज पर बाइक पर भी सैर कर सकेंगे। इसके लिए अधिसूचना जारी कर दी गई है। प्रदेश के परिवहन मंत्री जीएस बाली ने इसकी नोटिफिकेशन को अपनी फेसबुक वॉल पर भी डाला है। रेंट ए मोटर साइकिल की इस स्कीम के तहत युवा मोटर साइकिल को परिवहन विभाग के पास पंजीकरण करवा सकेंगे। उन्हें टैक्सी की तरह एक नंबर अलॉट कर दिया जाएगा। इन बाइकों को युवा वर्ग रेंट पर देश-विदेश के सैलानियों को दे सकेंगे साथ ही खुद भी किसी को भी घुमा सकेंगे। बाइक मिनिमम 100 सीसी क्षमता की होनी चाहिए। यह पंजीकरण पांच साल के लिए वैलिड होगा। स्कीम के लिए पात्र लोग हिमाचली होने चाहिए व उनके घर के बाहर बाइक के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था होनी जरूरी है। स्कीम के तहत एक मोटरसाइकिल को भी लाइसेंस देने का प्रावधान है। टैक्सी की तरह संचालित रेंट ए बाइक स्कीम में मोटर साइकिलों की कोई भी लिमिट नहीं है। परिवहन मंत्री जीएस बाली का कहना है कि है यह युवाओं के लिए रोजगार के रूप में एक प्रभावी स्कीम सिद्ध होगी। बाहरी राज्य से आने वाले पर्यटक इस स्कीम से लाभान्वित होंगे।

**पार्किंग होना जरूरी है :** यदि कोई व्यक्ति इस स्कीम के तहत जुड़ना चाहते हैं, वह 10 से 15 बाइक अपने पास रख सकेंगे या इससे भी ज्यादा बाइक रख सकते हैं। जबकि शर्त यह है कि उसके पास पार्किंग की उचित व्यवस्था होनी चाहिए। बाइक में नाम पता व फोन नंबर भी दर्शाना होगा। स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी पांच साल के लिए लाइसेंस देगी। इसके लिए पांच साल के लिए एक बार टैक्स देना होगा। उल्लंघन करने वालों पर कड़ी कार्रवाई कर 10 हजार रुपए तक जुर्माना किया जा सकता है। बाइक को टैक्सी के तौर पर चलाने के पीछे पर्यटन को बढ़ावा देना मकसद है। प्रदेश भर में करीब 3500 निजी बसें चलती हैं। इनमें कई बसें तो सीधा पर्यटन से जुड़ी हुई है। ऐसे में प्रदेश के प्राकृतिक स्थानों पर जहां बसों और गाड़ियों को ले जाने में दिक्कतें आती है, वहां बाइक आसानी से पहुंच जाता है।

### ऐसे कर सकेंगे प्रयोग

जो मोटरसाइकिल को परिवहन विभाग में पंजीकृत करवाएगा, वह इसे रेंट पर भी दे सकता है और खुद भी चला सकता है। व्यक्ति का हिमाचली होना अनिवार्य किया गया है। पांच वर्ष के लिए लाइसेंस मिलेगा। मोटर साइकिल को किस तरह से चलाएं, इस संबंध में दिशा निर्देश देने होंगे। सुरक्षा की पूरी जानकारी भी बाइक मालिक को देनी होगी।

# महिला ने पहले विधायक गिराया फिर डीएसपी को थप्पड़ मारा

## विधानसभा के बाहर की घटना, ट्रक ऑपरेटर्स का था प्रदर्शन

**शिमला |** एक महिला ने पहले विधायक को धक्का देकर नीचे गिरा दिया और फिर बीच बचाव करने पहुंचे डीएसपी को थप्पड़ मार दिया। महिला लोक निर्माण विभाग में बेलदार पद पर कार्यरत है। उसने ऐसा क्यों किया, इसके बारे में पुलिस छानबीन कर रही है। पुलिस ने महिला को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। शुक्रवार को प्रदेश विधानसभा के बाहर यह घटना पेश आई। यहां पर ट्रक ऑपरेटर अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। सोलन, बिलासपुर से पहुंचे ये ऑपरेटर माल भाड़े को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। इस दौरान भाजपा के विधायक गोविंद राम ट्रक ऑपरेटरों से बातचीत करने मौके पर पहुंचे। ऑपरेटरों और विधायक के बीच बहसबाजी चल रही थी कि एक महिला ने विधायक को धक्का देकर नीचे गिरा दिया। ड्यूटी पर तैनात डीएसपी जब बीच बचाव करने उतरे पर उसने उन्हें थप्पड़ मार दिया। यह महिला सोलन जिले के शालाघाट की रहने वाली बताई जा रही है। ऑफिसर को थप्पड़ मारने के बाद जवानों ने महिला को पकड़ लिया और उसे बालूगंज थाने ले गए। जहां पर महिला से पूछताछ की गई। हालांकि, यह पता नहीं चला कि उसने ऐसा कदम क्यों उठाया। डीएसपी की ओर से बालूगंज थाना में महिला के खिलाफ शिकायत भी दर्ज कराई गई है।

# ट्रिब्यूनल में प्रशासनिक सदस्य का पद रिक्त

**शिमला|** ट्रिब्यूनल में प्रशासनिक सदस्य का पद काफी समय से रिक्त होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। यह पद 18 अप्रैल को हरींद्र हीरा की सेवानिवृत्ति के बाद रिक्त हो गया था। प्रशासनिक प्राधिकरण को 8 जुलाई 2008 को बंद करने के पीछे यह भी एक कारण माना गया था कि प्रशासनिक प्राधिकरण में रिक्त पदों को समय पर भरने के कारण लंबित मामलों की संख्या में इजाफा हुआ था। इस तरह के पदों को भरने के लिए 6 माह पूर्व कार्यवाही शुरू करनी जरूरी होती है ताकि पद रिक्त होते ही तुरंत भरा जा सके।

67

27 MAY 2017

# करसोग में निगम डिपो का हाल, नहीं चले नए रूट

## परिवहन डिपो को खुले दो वर्ष बीत चुके, तमाम सुविधाएं अधर में व वर्कशॉप भी नहीं बन पाई

सिटी रिपोर्टर | करसोग

राज्य परिवहन निगम के करसोग डिपो के खस्ताहाल से आम लोग परेशान हैं। निगम के इस डिपो की प्रस्तावित नीति अभी तक सिरे चढ़त नजर नहीं आ रही।

वीरभद्र सरकार ने गत 1 मई 2015 को यहां पर सब डिपो को अपग्रेड करके डिपो बनाया, लेकिन परिवहन डिपो को खुले दो वर्ष बीत चुके हैं अभी तक डिपो को मिलने वाली तमाम सुविधाएं अधर में है। निगम की वर्कशॉप दो वर्षों से नही बन पाई । डिपो खुलने के बाद करसोग से ग्रामीण क्षेत्रों, नगरों व शहरों को प्रस्तावित बस के नये रूट अभी भी अधर में लटके हुए है। बीते इन दो वर्षों में डिपो में कोई स्थाई क्षेत्रिय प्रबंधक नहीं मिल पाया है। यहां से क्षेत्रिय प्रबंधक चार बदले जा चुके हैं, जबकि पांचवें का पदभार मंडी डिपो के आरएम को अतिरिक्त जिम्मा दे रखा है।

सरकार ने किसी एक अधिकारी को यहां पर स्थाई तौर पर टिकने नहीं दिया, जबकि कई डिपो में सरकार ने दो-दो आरएम. को बैठा रखा है। नाहन डिपो इसका उदाहरण है। अब सरकार का कुछ ही कार्यकाल शेष रह गया है। दूसरी ओर स्थानीय विधायक एवं सीपीएस मनसाराम अपना आखिरी पड़ाव पूरा करने तक ही सीमित है।

मनसाराम का यह कार्यकाल उनके राजनीतिक जीवन में खासा निराशाजनक साबित होगा। डिपो के अलावा और कई योजनाएं अधर में लटकी हुई हैं, जो सिरे नहीं चढ़ पाई। चाहे स्वास्थ्य सेवाएं देने की बात हो चाहे कोई और सभी योजनाएं इप होकर रह गई। दशकों से बस स्टैंड बनाने की मांग भी लंबित है। वहीं, स्थानीय बस अड्डे पर जहां रोजाना यात्रियों को समस्याओं से दो-चार होना पड़ता है वहीं एचआरटीसी के कर्मचारी भी इन समस्याओं से अछूते नहीं है।

**विधायक बोले, सरकार कर रही है काम** : इस बारे में स्थानीय विधायक एवं सीपीएस मनसाराम का कहना है कि करसोग में परिवहन डिपो में तमाम सुविधाएं जुटाने के लिए सरकार कार्य कर रही है। करसोग में वर्कशॉप व अन्य सुविधाएं जल्द मुहैया करवा दी जाएगी।

# निगम चुनाव पर सुरक्षित रखा फैसला

## हाईकोर्ट में याचिकाकर्ता ने निवार्चण आयोग के फैसले को बताया है असंवैधानिका

लीगल रिपोर्टर | शिमला

हाईकोर्ट ने शिमला नगर निगम के चुनाव से जुड़ी वोटर लिस्ट में संशोधन के लिए राज्य निर्वाचन आयोग की ओर से 9 मई को जारी आदेशों के खिलाफ दायर याचिका पर फैसला सुरक्षित रख लिया। प्रार्थी राजू ठाकुर के अनुसार चुनाव आयोग ने नगर निगम के चुनाव टालने के इरादे से यह अधिसुचना जारी की गई है। न्यायाधीश तरलोक सिंह चौहान व न्यायाधीश सीबी बारोवालिया की खंडपीठ के समक्ष मामले की सुनवाई हुई। प्रार्थी ने राज्य निर्वाचन आयोग के स्पेशल रिविजन ऑफ इलेक्ट्रोल रूल्स के आदेशों को हाईकोर्ट में चुनौती दी है।

याचिकाकर्ता ने निर्वाचन आयोग के आदेशों को असंवैधानिक और गैर कानूनी बताया। याचिकाकर्ता ने कहा कि संविधान की धारा 243 यू में स्थानीय निकायों के चुनावों के एक भी दिन टालने या आगे खिसकाने का कोई प्रावधान नहीं हैं। उन्होंने इस फैसले को रद्द करने और निर्वाचन आयोग को चार जून से पहले नगर निगम के चुनाव करवाने का आदेश देने का आग्रह भी कोर्ट से किया है। निगम चुनावों को चार जून तक पूरा किया जाना ही संवैधानिक होगा क्योंकि इसके बाद नियमो के तहत नगर निगम के सदन को एक भी दिन की एक्सटेंशन नहीं दी जा सकती। इससे पहले भी निगम शिमला के चुनावों से जुड़ी वोटर लिस्टों का मामला हाईकोर्ट पहुंचा था जिसमें ने तीस अप्रैल और पहली मई को वोटर लिस्टों में नाम जोड़ने का अतिरिक्त समय दिया था। चुनाव आयोग के 9 मई को जारी आदेशों के अनुसार नगर निगम शिमला के नए वोटरों को बनाने के काम को विभिन्न चरणों से पूरा करने के बाद 23 जून को सप्लीमेंटरी लिस्ट टू जारी करने के आदेश जारी कर दिए। प्रार्थी ने इन्हीं आदेशों को चुनौती दी है।

चुनाव आयोग के अनुसार उन्होंने 11 अप्रैल को नगर निगम के चुनाव से जुड़ी मतदाता सूचियां प्रकाशित कर दी थी। इन सूचियों में खामियां होने के कारण आयोग के समक्ष भारी संख्या में शिकायतें आने लगी। 17 अप्रैल को बीजेपी ने मतदाता सूचियो मे संशोधन के दावे व आपत्तियां दर्ज करवाने के लिए 10 दिनों के अतिरिक्त समय की मांग की और ऐसी ही मांग सीपीआई व नगर निगम के प्रस्ताव के माध्यम से आयोग के समक्ष आई। आयोग के अनुसार उन्होंने भरसक प्रयास कर 5 मई को अंतिम मतदाता सूचियां जारी कर दी थी परंतु कांग्रेस व सीपीआई ने फिर से इन सूचियों में खामियों दर्शाते हुए इन्हें फिर से संशोधित करने की मांग की। आयोग ने भी पाया कि नगर निगम व विधान सभा सूचियों में भारी अंतर था इसलिए उन्होंने स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव के लिए 9 मई को अधिसूचना जारी करनी पड़ी जिसके तहत 23 जून तक मतदाता सूचियां पूरी तरह से दुरुस्त करने के आदेश जारी किए गए हैं। आयोग ने माना कि पंचायती राज अधिनियम की धारा 243 यू (3) ए के तहत उनका यह दायित्व है कि स्थानीय निकायों के चुनाव समय पर करवाया जाए परन्तु उन्हें स्वतंत्र व निष्पक्ष चुनाव करवाने के लिए यह निर्णय लेना पड़ा।

(68)

27 MAY 2017

चार यूनियनों ने विधानसभा परिसर के बाहर दिया धरना, 28 करोड़ की राशि है बकाया

# ऑपरेटरों की बकाया राशि दिलाने को बनी कमेटी



शिमला में बिलासपूर, सोलन जेपी उद्योग ट्रक ऑपरेटर समन्वय समिति के प्रतिनिधि अपनी मांगों को लेकर विधान सभा के बाहर प्रदर्शन करते हुए।

भास्कर न्यूज | शिमला

जेपी कंपनी में सीमेंट ढुलाई का काम कर रहे चार ट्रक ऑपरेटर यूनियनों के ऑपरेटरों ने विशेष सत्र के पहले दिन जोरदार धरना दिया। इस दौरान ऑपरेटरों ने कंपनी पर आरोप लगाया कि कंपनी लंबे समय से ढुलाई के कार्य के एवज में राशि का भुगतान नहीं कर रही है। जनवरी से लेकर मार्च तक का पैसा अभी तक ट्रक ऑपरेटरों को नहीं दिया गया है। ऑपरेटरों का दावा है कि कंपनी पर 28 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि कंपनी पर देय है।

**मार्च तक की बकाया राशि :** मार्च माह तक की राशि बकाया है। इसके बाद ऑपरेटरों ने हड़ताल कर दी है। इसके बाद से लगातार ही ऑपरेटर हड़ताल कर रहे हैं। यूनियन के पदाधिकारी रवि कांत पाठक, सुरेंद्र वर्मा, रोशन लाल ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर और कैप्टन सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि ऑपरेटरों को परिवार का पालन पोषण से लेकर वाहनों की किश्तों का भुगतान में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मसले को लेकर पहले भी चारों ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से लेकर राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारियों से मिले, इसके बावजूद राहत के नाम पर कुछ हासिल नहीं हो रहा है। इस कारण ऑपरेटर्स का सब्र का प्याला छलकता जा रहा है। इस कारण सभी को एकजुट होकर विधानसभा के बाहर पहुंचना पड़ा। इस दौरान मांगल सहकारी परिवहन सभा, बी बिलासपुर जेपी विस्थापित एवं प्रभावित परिवहन सभा, महाऋषि मारकंडेय भूतपुर्व सैनिक सहकारी सभा और कोहनुर सर्वहितकारी परिवहन सहकारी सभा रानी कोटला के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

**सरकारी कमेटी से उम्मीद :** राज्य सरकार की ओर से सीएम के आदेशों के बाद गठित कमेटी से अब आपरेटरों को काफी उम्मीदें हैं। कंपनी की ओर से बकाया राशि दिला दी जाती है। हड़ताल पर सहमति बनने के काम शुरू होता है तो पांच हजार से ज्यादा ऑपरेटरों को दोबारा से रोजगार शुरू हो सकता है।

चीफ सेक्रेटरी की अध्यक्षता वाली कमेटी करेगी मध्यस्तता

## जनवरी से लेकर कंपनी ने नहीं दिया है आपरेटरों का पैसा

जेपी कंपनी में सीमेंट की ढुलाई के लिए आपरेटरों ने लाखों रुपए का ऋण लेकर ट्रक खरीदे हैं। कंपनी की ओर से ऑपरेटरों के साथ किए जा रहे नकरात्मक रवैये के कारण अब इन्हें वाहनों की किश्तों के भुगतान में परेशानी हो रही है। कंपनी ने पहले तीन महीने ढुलाई का पैसा नहीं दिया है, इसके बाद से हड़ताल चल रही है। शीघ्र ही राहत नहीं मिली तो ऑपरेटरों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

## विधायक गोविंद शर्मा सहित अन्य भाजपा विधायक भी पहुंचे

इस दौरान ऑपरेटरों से मिलने के लिए स्थानीय विधायक गोविंद राम शर्मा और भाजपा के अन्य विधायक भी पहुंचे। इसी दौरान मौके पर एक महिला ने विधायक पर जोर जोर से चिल्लाना शुरू कर दिया। हालांकि, बाद में इस मामले में सुलझा लिया। पुलिस ने हस्तक्षेप किया, लेकिन विधायक के इंकार के बाद महिला को छोड़ दिया गया, लेकिन एक समय विधानसभा के बाहर महिला ने माहौल काफी गरमा दिया था।

जनसत्ता

# विधानसभा के विशेष सत्र में कर्ण और पाधा को श्रद्धांजलि

शिमला, 26 मई (जनसत्ता)।

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुक्रवार शुरू हुआ। सदन के पहले दिन सदन में आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा को श्रद्धांजलि दी गई। सदन के नेता मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने इन दोनों के निधन पर शोक उद्‌गार पेश किया।

इस दौरान सदन का माहौल गमगीन हो गया और कर्ण सिंह की यादों को सदस्यों ने ताजा किया। सीएम ने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से प्रदेश में एक मिलनसार और हंसमुख चेहरा सदा के लिए चला गया। उन्होंने फर्गूसन कालेज में बीए आनर्स किया और 1990 में वे पहली बार विधायक चुने गए थे और 1998 में दूसरी बार विधायक बने और फिर प्राथमिक शिक्षा मंत्री बने। इसके बाद वे 2012 में तीसरी बार विधायक और 2015 में आयुर्वेद मंत्री बने। सीएम ने कहा कि वे ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना करते हैं।

# भाषण ही मोदी का प्रशासन, झूठ इकलौती उपलब्धि

शिमला, 26 मई (जनसत्ता)।

कांग्रेस ने केंद्र की मोदी सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को 'झूठ का कार्यकाल' करार दिया है। पार्टी का कहना है कि 'पीएम मोदी के भाषण ही उनका शासन और प्रशासन है और झूठ के सिवाय कोई उपलब्धि नहीं है'।

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष तिवारी ने शुक्रवार यहां कहा कि तीन वर्ष में डालर की कीमत भी मोदी की उम्र के करीब पहुंच गई है। कहा कि किसी भी सरकार का आकलन पांच बिंदुओं पर होता है। इनमें सांप्रदायिक सौहार्द, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और देश की संस्थाओं के साथ व्यवहार शामिल है और इन सभी में मोदी सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास कर रही है।

तिवारी ने कहा कि कश्मीर में

## मनीष तिवारी का कहना

अराजकता का माहौल है और पीडीपी-बीजेपी सरकार वहां की स्थिति से निपटने में विफल रही है। 'वहां पर हालात खराब हैं और इसकी जिम्मेदारी एनडीए सरकार की है'। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री, जिनके पास रक्षा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है, कह रहे हैं कि कश्मीर के हालात जंग जैसे हैं। मोदी सरकार अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी पूरी तरह फेल रही है। कहा कि पाक-चीन कोरीडोर को लेकर जब भारत ने विरोध जताया तो कोई पड़ोसी देश साथ नहीं आया। केवल मात्र भूटान ही साथ आया। उन्होंने एनडीए सरकार से पूछा कि उसकी पाक के प्रति क्या कूटनीति है। भरोसेमंद दोस्त रूस को क्यों खोया। उन्होंने अंदेशा जताया कि यदि कल देश पर कोई मुसीबत आई तो कोई भी मित्र साथ नहीं होगा। मोदी सरकार का देश की हर संस्था के साथ झगड़ा है। उन्होंने व्यापम, विजय माल्या प्रकरण, गुजरात पेट्रोलियम स्कैम, दाल स्कैम, पनामा लीक्स, राजस्थान का माइनिंग स्कैम, बिरला सहारा पेपर की जांच नहीं करवाई।

27 May,2017 8:42 AM

जनसत्ता

(७७)

27 MAY 2017

# मोदी ने तीन साल में बदली देश की तस्वीर

हमीरपुर, 26 मई (जनसत्ता)।

सांसद अनुराग ठाकुर ने शुक्रवार कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी प्रधान सेवक की भावना दिल में लेकर तेजी से देश के उज्ज्वल भविष्य की और अग्रसर हैं। प्रधानमंत्री के कड़े और कठोर, लेकिन देश हित में किए फैसलों का ही नतीजा है कि देश की अर्थव्यवस्था तेजी से बदल रही है और महंगाई दर 11 प्रतिशत से 4 प्रतिशत रह गई है।

## अनुराग ने कहा

यहां पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि एनडीए सरकार के तीन साल का कार्यकाल देश के उज्ज्वल भविष्य की और तेजी से बढ़ाए गए कदम हैं। इन तीन साल में केंद्र सरकार ने अनगिनत क्रांतिकारी और एतिहासिक कार्य किए हैं जिनकी बदौलत भारत ने कई मामलों में विश्व भर में न केवल नाम कमाया बल्कि देश का सर ऊंचा किया है। अनुराग ने कहा की केंद्र सरकार को सबका साथ मिला है और जनता का विश्वास भी। केंद्र सरकार ने सब तरफ विकास किया और कहीं अधिक तीव्र गति से किया है। 'पिछली सरकार के समय मनमोहन सिंह और सोनिया गांधी निर्णय करने के लिए सक्षम नहीं थे लेकिन मोदी सरकार ने कड़े और एतिहासिक फैसले किए'। कहा कि कालेधन पर जस्टिस एपी शाह के नेतृत्व में एक कमेटी बनाई। कालेधन और बेनामी संपति पर कड़े कानून बनाए। पांच सौ और हजार के नोट बंद कर हजारों करोड़ रुपए देश के खजाने में जमा हुए। नोट बंदी के उपरान्त एक करोड़ नए करदाता बने जिससे डाइरेक्ट टैक्स रेवेन्यु सरकारी खजाने में बड़ा है।

उन्होंने कहा कि दशकों से लंबित पड़ी वन रैंक वन पेंशन की मांग को पूरा किया। सालों बाद जीएसटी पर सर्वसम्मति बना कर पूरे देश को एक समान कर प्रणाली दी। केंद्र सरकार ने अपार सुविधाएं देकर खुशहाल परिवार की नींव रखी। सत्तर साल में कांग्रेस जो नहीं कर पाई मोदी सरकार ने सात महीनों में अठाइस करोड़ लोगों के खाते बैंकों में खुलवाए। मुद्रा योजना के तहत सात करोड़ गरीब लोगों को कर्ज दिए जिससे कई परिवारों को रोजगार उपलब्ध हुआ।

अजीत समाचार
MAY 2017

(७१)



शिमला में आयोजित मंडी उत्सव में देवी-देवताओं की पालकी निकाली गई जलेब में भाग लेते हुए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व मंत्रीगण। (छाया : धर्मेन्द्र)

# रिज पर मंडी उत्सव की धूम



देव पूजन कर मंडी उत्सव का से शुभारम्भ करते हुए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह।



मंडी उत्सव में लगाई गई प्रदर्शनी को देखते हुए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा व अन्य अधिकारी। (छाया : धर्मेन्द्र)

शिमला, 26 मई (अ.स.): मंडी ज़िला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव का शुक्रवार को शिमला में ढ़ोल नगाड़ों के साथ आगाज हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का स्वागत रिज मैदान पर पारंपरिक वाद्य यंत्रों और मंडी के लोक नृत्य के साथ किया गया। रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने खूब रंग जमाया। इस अवसर पर मंडी से शिमला विशेष तौर पर पधारे मंडी के देव माहूनाग टारना और देव बाला कामेशवर की पालकी के समक्ष लोग श्रद्धा से नतमस्तक हुए। दोनो देवता के शिमला पधारने पर ज़िला प्रशासन ने स्वागत किया, वहीं मुख्यमंत्री ने भी माथा टेका। मंडी ज़िला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव के तहत रिज मैदान पर विभिन्न वस्तुओं के स्टॉल लगाए गए हैं, जिसमें मंडी के पारंपरिक पकवान, प्राचीन समय में प्रयोग मे आनी वाली चीजें, वाद्य यंत्रों एलकड़ी से बनाई गई कालाकृतियां, हाथों से तैयार की गई ऊनी शॉल, मफलर, स्टोल, स्वेटर, जूट के बैग के स्टॉल आदि के स्टॉल सजाए गए हैं। शिमला घुमने आ रहे इन दिनों पर्यटकों हेतु भी मंडी ज़िला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव आकर्षण का केन्द्र रहा।

अजीत समाचार
27 May, 2017 8:42 AM

74

# केन्द्रीय वि.वि. के लिए प्रदेश की ओर से नहीं हुई देरी : वीरभद्र सिंह

## केन्द्रीय विश्व विद्यालय के कैंपस निर्माण के लिए वन मंत्रालय को मंजूरी के लिए भेजा है मामला, मंत्री पद भरने पर करेंगे विचार, जीएसटी पूर्व की यूपीए सरकार की उपलब्धि

शिमला, 26 मई (अ.स.): मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के निर्माण को देरी प्रदेश की ओर से नहीं हुई है। इसके लिए केंद्र सरकार जिम्मेवार है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्व विद्यालय के कैंपस के निर्माण के मकसद से वन मंत्रालय से मंजूरी का केस देहरादून भेजा गया है। सरकार केंद्रीय विश्व विद्यालय हेतु तमाम जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने यह भी कहा कि प्रदेश में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव विधान सभा चुनाव के बाद होने चाहिए। जीएसटी राजग सरकार की नहीं, बल्कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की उपलब्धि है। वह आज विधानसभा परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश मंत्रिमंडल में रिक्त पड़े मंत्री के पद को भरने पर विचार किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि कर्ण सिंह के निधन के कारण मंत्री का एक पद रिक्त हो गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन के चुनाव का कार्यक्रम तय किया गया है। विधान सभा चुनाव भी सिर पर हैं। मैं समझता हूं कि विधान सभा चुनाव के बाद संगठन के चुनाव होने चाहिए, अथवा इन्हें पहले करवाया जाना चाहिए था। एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी बिल को प्रदेश विधान सभा भी शनिवार को पारित करेगी। उन्होंने कहा कि जीएसटी विधेयक को केंद्र की पूर्व कांग्रेस सरकार के वक्त संसद में लाया गया था। लंबी चर्चा के बाद इसे पारित किया गया। देश के अन्य राज्यों ने भी इसे विधान सभाओं में पारित किया है। उन्होंने इसे पूर्व यूपीए सरकार की उपलब्धि बताया। केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा केंद्रीय विश्व विद्यालय के कैंपस निर्माण का ठीकरा राज्य सरकार के सिर फोड़ने की कोशिश को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इसके लिए जमीन चिन्हित कर दी है। केंद्रीय टीम निरीक्षण कर लौट गई है। एफसीए की मंजूरी का मामला देहरादून भेजा गया है। सरकार कैंपस की जल्द स्थापना के लिए प्रयासरत है। मोदी सरकार की उपलब्धियों पर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चल रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी आने वाले दिनों में हिमाचल प्रवास पर आएंगे।

**प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वयं को दे रहे सैल्फ सर्टीफिकेट :** एक सवाल के जवाब में मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष स्वयं को सैल्फ सर्टीफिकेट दे रहे हैं। याद रहे कि प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा था कि पार्टी हाईकमान एक ईमानदार व्यक्ति को अध्यक्ष पद से क्यों हटाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू से कोई झगड़ा नहीं है। वह पार्टी के सदस्य है तथा पार्टी के मनोनित अध्यक्ष है।

# हिमाचल को गुणात्मक शिक्षा पर राष्ट्रव्यापी सर्वेक्षण में प्रथम स्थान

शिमला, 26 मई (अ.स.): स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट (ए.एस.ई.आर.) के वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश को भाषा व गणित दक्षता में राज्यों में प्रथम आंका गया है। हिमाचल प्रदेश में न केवल दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में अच्छी तरह से पढ़ पाने वाले बच्चों की दर सर्वाधिक है, बल्कि पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों में कहानियों को पढ़ पाने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर भी राज्य को प्रथम स्थान मिला है। शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने कहा कि पांचवीं कक्षा की श्रेणी में दक्षता के आधार पर हिमाचल प्रदेश देश में गणित विषय में भी प्रथम आंका गया है। यह उपलब्धि बेहद सराहनीय है, क्योंकि इसे हासिल करने में प्रदेश ने केरल जैसे बहुशिक्षित राज्य को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि एएसईआर के अनुसार भाषा में हिमाचल के सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 65.3 प्रतिशत है, जो कि 41.6 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से कहीं अधिक है। गणित में हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 47.4 प्रतिशत है, जो कि 21.1 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन परिणामों को देखकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए गए हैं। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व सार्थ परिवर्तन के लिए 'सामर्थ्य' नामक कार्यक्रम विशेष तौर पर सराहा गया है। उन्होंने कहा कि 'सामर्थ्य' प्रदेश व्यापी कार्यक्रम है, जो राज्य में प्रारम्भिक राजकीय स्कूलों में शिक्षा के प्रबन्धन तथा प्रदान करने में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। केवल शिक्षा पर ध्यान न केन्द्रित करते हुए यह कार्यक्रम शिक्षा के सभी पहलुओं में बदलाव पर भी कार्य करता है, जिससे राज्य में सभी सरकारी स्कूली छात्रों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की समीक्षा तथा देखरेख प्रणाली को पूरी तरह रूपांतरित किया गया है। पूर्व की तरह केवल बैठकों में शामिल होने की बजाय विभाग द्वारा राज्य तथा जिला स्तर पर प्रति माह महत्वपूर्ण जानकारी की आदान-प्रदान के लिए बैठकों का नियमित आयोजन करवाया गया है। समस्याओं के कारणों का पता लगाने तथा उनके निदान के लिए जिला व खण्ड अधिकारी निदेशक (प्रारम्भिक) तथा राज्य परियोजना निदेशक (एसएसए/आरएमएसए) से नियमित तौर पर मिलते रहते हैं।

# जीएसटी को लेकर प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आरम्भ

## सदन में पूर्व मंत्री कर्ण सिंह व पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त, मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सदन में लाया था शोकोद्‌गार, सदन की कार्यवाही स्थगित



विधानसभा में आयोजित विशेष सत्र के शुरू होने से पूर्व मुख्यमंत्री [वीर]भद्र सिंह को गार्ड ऑफ ऑनर देते हुए पुलिस महिला कर्मी।



सदन की ओर जाते हुए विधायक रवि ठाकुर, सीपीएस विनय कुमार, सीपीएस रोहित ठाकुर, विधायक किशोरी लाल, उद्योग मंत्री मुकेश अग्निहोत्री, विधायक अनिरुद्ध सिंह, परिवहन मंत्री जी.एस. बाली, आबकारी व कराधान मंत्री प्रकाश चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर, शहरी व विकास मंत्री सुधीर शर्मा, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, सीपीएस सोहनलाल व सीपीएस मनसाराम। (छाया : धर्मेन्द्र)

शिमला, 26 मई (अ.स.): प्रदेश [विधा]नसभा में सदन ने शुक्रवार को पूर्व [आयु]र्वेद एवं सहकारिता मंत्री स्वर्गीय कर्ण [सिंह] व पूर्व विधायक मूल राज पाधा के [निध]न पर शोक व्यक्त किया। सदन ने [शोक] संतप्त परिवार के प्रति अपनी [संवेद]नाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से परिवार [को इ]स दुःख को सहने की क्षमता देने की [प्रार्थन]ा की है। साथ ही सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा। विधानसभा में मुख्यमंत्री ने शोकोद्‌गार लाते हुए कहा कि आयुर्वेद व सहकारिता मंत्री कर्ण सिंह का 12 मई, 2017 को 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त, 1957 को जन्मे कर्ण सिंह ने बीए ऑनर की उपाधी प्राप्त की थी। उन्होंने वर्ष 1990, 1998 तथा 2012 में तीन बार बंजार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1998 में वह प्राथमिक शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बने तथा 2015 में आयुर्वेद मंत्री बने। कर्ण सिंह ने सामाजिक कार्य एवे गरीबी उत्थान के लिए कार्य किया। सदन उनकी प्रदेश व समाज के लिए किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करता है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहने की क्षमता प्रदान की प्रार्थना की है। मुख्यमंत्री ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक किया। उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा का निधन 8 अप्रैल, 2017 को 80 वर्ष की आयु में हुआ। उनका जन्म 5 मई, 1937 को खलियारा में हुआ था तथा वह वर्ष 1985 में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए उनकी सामाजिक कार्य व गरीब लोगों की सेवा में रूची थी। उन्होंने पिछड़े व कमजोर लोगों के उत्थान के लिए काम किया। नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह का व्यक्तित्व मृदु भाषी व मिलनसार था। 59 वर्ष की आयु में उनका दिल्ली में देहांत हो गया। उन्होंने कहा कि 1990 में पहली बार वह भाजपा की टिकट पर विधायक चुने गए तथा 1998 में दूसरी बार विधानसभा पहुंचे व प्राथमिक शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बने। वह दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर काम करते थे। तथा सभी का सम्मान करते थे। धूमल ने विपक्ष की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त करते हुए कहा कि उनका 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया।

(शेष पृष्ठ 13 पर)

### शनिवार को पास किया जाएगा जीएसटी

शिमला, 26 मई (अ.स.): हिमाचल प्रदेश विधानसभा का जीएसटी को लेकर विशेष सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। सत्र में पहले दिन जहां पूर्व मंत्री कर्ण सिंह तथा पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदन के दूसरे दिन शनिवार को जीएसटी को मंजूरी दी जाएगी।

# जीएसटी को लेकर प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आरम्भ

पृष्ठ 3 का शेष

उन्होंने पंचायत प्रधान से अपनी पारी की शुरूआत की थी तथा विधायक तक पहुंचे थे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर चली। राजनीति में उनकी अपनी पहचान थी तथा वह हंसमुख व अच्छे इंसान थे। वर्ष 1977 में वह भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह ने अपने जीवनकाल में कई पुरस्कार प्राप्त किए। कौल सिंह ने कहा कि वर्ष 2009 में जब वह पार्टी अध्यक्ष थे तो कर्ण सिंह अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह अच्छे, ईमानदार व स्पष्टवादी राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक मूलराज पाधा एक मृदु स्वाभाव के व्यक्ति व सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह चामुंडा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भी रहे। विधायक गुलाब सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह का व्यक्तित्व आकर्षक था तथा वह हंसमुख थे। वह सदन में नए अंदाज व नए ड्रेस में आते थे। सदन में आकर वह विपक्षी सदस्यों से हंस कर मिलते थे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जब किसी भी दल का व्यक्ति उनके पास काम के लिए आता था, तो वह उसे पूरा करने का प्रयास करते थे। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। परिवहन मंत्री जीएस बाली ने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से पूरे प्रदेश में सन्नाटा छा गया था। बाली ने मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्पष्टवादी थे तथा जिला कांग्रेस के पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। सिंचाई एवं स्वास्थ्य मंत्री विद्या स्टोक्स ने कहा कि कर्ण सिंह को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। शोक व्यक्त करते हुए स्टोक्स का गला भर आया था। उन्होंने मूल राज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि सामाजिक सरोकार निभाने में कर्ण सिंह आगे रहे। शोकोद्‌गार में विधायक कुलदीप कुमार, गोविंद सिंह ठाकुर व राकेश कालिया ने भी भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने कर्ण सिंह व मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की भावना को उनके परिवार तक पहुंचा दिया जाएगा।

**परिवार के लाडले थे कर्ण सिंह :** विधायक तथा पूर्व मंत्री स्वर्गीय कर्ण सिंह के बड़े भाई महेश्वर सिंह ने उन्हें याद करते हुए कहा कि कर्ण सिंह उन विभूतियों में से एक थे जो अपनी गहरी छाप छोड़ गए है। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह का जन्म 14 अक्तूबर, 1957 को ज़िला कुल्लू के रघुनाथ पुर के कस्बे में हुआ था। कर्ण सिंह परिवार में सबसे छोटे थे, इसलिए माता-पिता, दादा-दादी सभी के लाडले थे। उनकी 10वीं तक की शिक्षा कुल्लू में ही हुई तथा उसके बाद उच्च शिक्षा पूना के फर्गुसन कॉलेज में हुई। उनके दो बच्चे थे तथा वर्ष 2010 में उनके बड़े बेटे का दुर्घटना में निधन हो गया। इसके बाद से कर्ण सिंह की प्रवृति में बदलाव आया। पुत्र की मौत के गम में वह इतना गमगीन हो गया कि उससे बाहर ही नहीं निकल सका। महेश्वर सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह गरीबों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस से लगाया जा सकता है कि उनके अंतिम यात्रा में कुल्लू व प्रदेश ही नहीं हजारों की संखया में लोग बाहरी राज्यों से भी आए। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह की बूढ़ी मां 88 साल की है, उन पर क्या गुजर रही होगी यह भगवान ही जानता है। उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा एक अच्छे समाजसेवक थे।

# राज्यपाल ने किया सुनिधि शर्मा को सम्मानित

सरकाघाट, 26 मई (पवन प्रेमी) : हिम ज्योति आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला नबाही देवी तहसील सरकाघाट की दसवीं कक्षा की छात्रा सुनिधि शर्मा पुत्री कश्मीर चंद को हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड द्वारा मार्च 2017 में आयोजित परीक्षा में 700 में से 665 अंक प्राप्त करने पर श्री सांई इंजीनियरिंग फ उडेंडेशन द्वारा सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत द्वारा धर्मपुर में आयोजित एक कार्यक्रम में प्रदान किया गया। स्कूल के चेयरमैन एसपी गारला ने इस उपलब्धि के लिए तथा स्कूल का नाम रोशन करने के लिए सुनिधि शर्मा व उसके परिजनों को बधाई दी है व उसके उज्जवल भविष्य की कामना की है।



सुनिधि शर्मा को सम्मानित करते महामहिम राज्यपाल आचार्य देवव्रत।

# राज्य सरकार करेगी शिक्षकों की जायज मांगों पर विचार : मुख्यमंत्री

शिमला, 26 मई (अ.स.): प्रदेश भर से आए 3406 प्राथमिक सहायक शिक्षकों ने पीटर हॉफहोटल में आयोजित धन्यवाद कार्यक्रम में शिक्षकों का मानदेय 13000 रुपये से बढ़ाकर 21, 000 रुपये करने के निर्णय के लिए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का धन्यवाद किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव न्याय में विश्वास रखती है और सरकार ने शिक्षकों की मानदेय बढ़ाने की मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस संबन्ध में अधिसूचना भी जारी कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार शिक्षक समुदाय के कल्याण को सदा सुनिश्चित करती आ रही है तथा विशेषकर सीमित आय वाले शिक्षकों का पूरा ध्यान रखा जाता है। राज्य सरकार ने पीएटीए पैरा अथवा पीटीए शिक्षकों की उचित मांगों के प्रति उदार रवैया रहा है तथा इनमें से ज्यादातर को पूरा भी किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकारों ने सभी वर्गों से सदा न्याय किया है, जबकि इसके विपरीत भाजपा जाति, क्षेत्र तथा धर्म की राजनीति करती आ रही है। मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की अन्य मांगों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पूर्व पीएटी के राज्य अध्यक्ष नारायण हिमराल ने मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्यों का इस अवसर पर स्वागत किया। राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, ग्रामीण शिमला खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चन्द्रशेखर, शिक्षा के संयुक्त निदेशक केआर सैजल भी उपस्थित थे।

# शिमला में शुरू हुआ मंडी महोत्सव

## छाया चित्रों पर आधारित फोटो प्रदर्शनी में पहुंचे कौल व अनिल

मंडी, 26 मई (खेमचंद शास्त्री) : शिमला में शुक्रवार से शुरू हुए मंडी उत्सव का शुभारंभ मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया। फोटो प्रदर्शनी में मंडी से संबंधित मंत्री ठाकुर कौल सिंह व अनिल शर्मा भी दलबल के साथ पहुंचे तथा अपने ही जिले को इस तरह से एक छत के नीचे पाकर अभिभूत हुए। प्रदर्शनी में मौजूद हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी मंडी के प्रतिनिधि चमन शर्मा ने बताया कि पहले ही दिन प्रदर्शनी को देखने के लिए दर्शकों का हुजूम उमड़ पड़ा। इधर मंडी से जुड़े छाया चित्रों को प्रदर्शित करने के लिए टेबरन हॉल छोटा पड़ गया। मंडी के इस अदभुत व अभूतपूर्व दर्शन के बारे में बीरबल शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मंडी जिले के हर पहलू को अलग अंदाज में दर्शाया गया है। दर्शकों के रोमांच को देखकर इसका सहसा ही अहसास हो जाता है। मंडी उत्सव के दौरान यह प्रदर्शनी जारी रहेगी और 31 मई को इसका समापन होगा। गौरतलब है कि इससे पहले मई 2012 में बीरबल शर्मा के छाया चित्रों पर आधारित वाह हिमाचल के नाम से प्रदर्शनी लगी थी जिसे दर्शकों की मांग पर चार दिन से बढ़ाकर 6 दिन किया गया था। इसे देश-विदेश से आए हजारों दर्शकों ने अभूतपूर्व माना था। बीरबल शर्मा ने शिमला जाने वाले व शिमला में रहने वाले मंडी जिले के तमाम लोगों से आग्रह किया है कि वह अपने जिले की विविध संस्कृति, कुदरती सौंदर्य, इतिहास, प्राचीन मंदिर, पुराने छाया चित्रों व हर पहलू को देखने के लिए गेयटी थियेटर के टेबरन हाल में आएं। लगभग 100 बड़े छाया चित्रों के अलावा यहां पर मंडी जिले की विविधिता को दर्शाती आधा दर्जन फोटो बुक भी रखी गई हैं। इसमें अद्भुत मंडी, इतिहास के झरोखे में मंडी, मंडी आर्ट, हिमाचल दर्शन, वाह हिमाचल, मंडी शिवरात्रि, नियूंद्रा आदि रखी गई हैं ताकि मंडी जिले को लेकर कोई भी पहलू अछूता न रह जाए।

# तीन डबल लेन पुलों के लिए 12 करोड़ की राशि मंजूर : आशा कुमारी

## 60 से ज्यादा सम्पर्क मार्गों का बिछेगा जाल

चंबा, 26 मई (शिव शर्मा): डलहौजी हलके के तहत सलूनी उपमंडल में एक साथ तीन डबल लेन पुलों के निर्माण को मंजूरी मिली है। यह तीनों पुल विधायक प्राथमिकता में शामिल थे। डलहौजी की विधायक आशा कुमारी ने कहा कि बाथरी-सुंडला-लगेरा सड़क मार्ग पर बनने वाले इन तीन डबल लेन पुलों के निर्माण के लिए 12 करोड़ 6 लाख की राशि मंजूर हो चुकी है। इनमें सलंदरी नाला पर बनने वाले पुल पर 4 करोड़ 11 लाख, रोल्हा नाला (सुंडला) पुल पर 4 करोड़ 85 लाख जबकि घराट नाला में बनने वाले पुल पर 3 करोड़ 10 लाख रुपए खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि मौजूदा परिस्थितियों में डबल लेन पुलों का होना लाजिमी था। इन तीनों योजनाओं को इसलिए विधायक प्राथमिकता में डाला गया था, जिन्हें सरकार ने मंजूर कर लिया है। आशा कुमारी ने बताया कि लोक निर्माण विभाग को जल्द निर्माण प्रक्रिया शुरू करने के लिए कहा गया है। उन्होंने ये भी कहा कि डलहौजी हलके में 60 से ज्यादा सम्पर्क मार्गों का जाल बिछाकर कई नए गांवों सड़क सुविधा से जुड़ेंगे। गौरतलब है कि पधरी जोत के रास्ते पांगी और डोडा-किश्तवाड के लिए वाहनों की आवाजाही में पिछले कुछ अर्से से बहुत ज्यादा इजाफा हो रहा है। खुंडिमराल से लगेरा की तरफ सड़क को डबल लेन करने का काम भी प्रगति पर है। पहले चरण में इस पर 25 करोड़ खर्च हो रहे हैं।

# मोदी सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल झूठा कार्यकाल : मनीष

शिमला, 26 मई (अ.स.): अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता मनीष तिवारी ने शुक्रवार को शिमला में आयोजित एक पत्रकार वार्ता में केन्द्र की मोदी सरकार पर हमला बोला। उन्होंने मोदी सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को झूठ का कार्यकाल बताया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के भाषण ही उनका शासन और प्रशासन है। पीएम मोदी की झूठ के सिवाय कोई उपलब्धि नहीं है। उन्होंने कहा कि तीन वर्ष में डॉलर की कीमत भी मोदी की उम्र के करीब पहुंच गया है। मोदी सरकार की तीन वर्ष के कार्यकाल पर बात करते हुए तिवारी ने कहा कि किसी भी सरकार का आकलन पांच बिंदुओं पर होता है। इनमें सांप्रदायिक सौहार्द, आंतरिक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था, अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और देश की संस्थाओं के साथ व्यवहार शामिल है और इन सभी में मोदी सरकार विफल रही है। उन्होंने कहा कि मोदी नेतृत्व वाली एनडीए सरकार सांप्रदायिक सौहार्द को खराब करने का प्रयास कर रही है। उनका कहना था कि तीन वर्ष के दौरान देश में खाने पर पाबंदी, बोलने पर पाबंदी और सब मेम भय का माहौल है। तिवारी ने आंतरिक सुरक्षा पर मोदी सरकार को घेरा



शिमला में पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए मनीष तिवारी। (छाया : धर्मेन्द्र)

और कहा कि कश्मीर में अराजकता का माहौल है और पीडीपी-बीजेपी सरकार वहां की स्थिति से निपटने में विफल रही है। वहां पर हालात खराब हैं और इसकी जिम्मेदारी एनडीए सरकार की है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री, जिनके पास रक्षा मंत्रालय की भी जिम्मेदारी है, वे कह रहे हैं कि कश्मीर के हालात जंग जैसे हैं। ऐसे में इसके लिए जिम्मेदार कौन है। उन्होंने देश में माओवाद की समस्या से निपटने में भी यह सरकार विफल रही है। इसके साथ-साथ उत्तर पूर्व की स्थिति को भी केंद्र सरकार नहीं संभाल पा रही। कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि मोदी सरकार अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी पूरी तरह फेल रही है। उन्होंने कहा कि पाक-चीन कोरीडोर को लेकर जब भारत ने विरोध जताया तो कोई पड़ोसी देश साथ नहीं आया। केवल मात्र भूटान ही साथ आए। इससे विदेश नीति का पता चलता है। उन्होंने एनडीए सरकार से पूछा कि उसकी पाक के प्रति क्या कूटनीति रही है। उन्होंने पूछा कि भरोसेमंद दोस्त रूस को क्यों खोया।

उन्होंने अंदेशा जताया कि यदि कल देश पर कोई मुसीबत आई तो कोई भी मित्र साथ नहीं होगा। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार का देश की हर संस्था के साथ झगड़ा होता है। उन्होंने कहा कि बीजेपी सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप हैं। उन्होंने व्यापम, विजय माल्या प्रकरण, गुजरात पेट्रोलियम स्कैम, दाल स्कैम, पनामा लीक्स, राजस्थान का माइनिंग स्कैम, बिरला सहारा पेपर की जांच न करवाना ई मार्केट पोर्टल आदि शामिल है।

(75)

27 MAY 2017

## मुख्यमंत्री ने किया केपीएस गिल के निधन पर शोक व्यक्त

शिमला, 26 मई (अ.स.): मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने पंजाब पुलिस के पूर्व महानिदेशक के केपीएस गिल के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया। उनका शुक्रवार को दिल्ली में ह्रदयघात से निधन हो गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि गिल को पंजाब से आतंकवाद खत्म करने के लिए सदा याद रखा जाएगा। उन्होंने भारतीय हॉकी फेडरेशन के अध्यक्ष रहते हुए राष्ट्रीय खेल हॉकी में अपना महत्त्वपूर्ण योगदान दिया। वीरभद्र सिंह ने शोक संतप्त परिवार के प्रति सहानुभूति व्यक्त की तथा दिवंगत आत्मा की शांति के लिए परमात्मा से प्रार्थना है।

## युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोगिंद्रनगर भाजपा कार्यालय का घेराव

जोगिन्द्रनगर, 26 मई (अनिल सूद): जोगिंद्रनगर ब्लॉक युवा कांग्रेस अध्यक्ष गुरु शरण परमार की अध्यक्षता में शुक्रवार को युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा जोगिंद्रनगर भाजपा कार्यालय का घेराव किया गया। इस घेराव का आयोजन भारतीय युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजा अमरिंदर सिंह वडिंग, प्रदेश युवा कांग्रेस प्रभारी वीर दविंदर सिंह सिद्धू, राम विशाल देव और हिमाचल युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह के निर्देशानुसार पूरे देश में आयोजित किया गया, जिस कड़ी में जोगिंद्रनगर युवा कांग्रेस ने भी भाजपा कार्यालय का घेराव किया, जिसके तहत शहर के एनएसी मार्केट से भाजपा कार्यालय तक युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा केंद्र सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली निकाली गई। इस अवसर पर युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए गुरुशरण परमार ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी व केंद्र सरकार स्थिति स्पष्ट करे कि तीन साल पहले अपने चुनावी घोषणा पत्र में किए गए वायदों में से कितने पूरे किए गए। उन्होंने कहा कि भाजपा इस बात का जवाब दे कि कितने भारतीयों के खातों में 15-15 लाख रूपये आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि आज महँगाई डायन अपने निम्न स्तर पर पहुंच चुकी है। उन्होंने मोदी कि केंद्र सरकार से प्रश्न किया कि क्या किसानों की आत्महत्या रूक चुकी है, देश से धारा 370 हट चुकी है, सरहद पर सैनिकों का मारा जाना व आतंकवाद खत्म हो गया है, क्या डोलर किमत 30 रूपये आ चुकी है, क्या पेट्रोल डिजल के दाम 30 रूपये हो चुके हैं,क्या देश में यूनिक सिविल कोड लागू हो चुका है, राम मंदिर का निर्माण हो गया है। उन्होंने कहा कि उक्त अनेकों सवाल आज हर भारतीय के जहन में हैं। परमार ने कहा कि चुनावी घोषणा पत्र का एक भी वादा केंद्र सरकार पूरा नहीं कर पाई है। उन्होंने कहा कि अपने किए वादों से देश कि जनता का ध्यान भटकाने के लिए केंद्र सरकार द्वारा अनेकों निराधार मुद्दे, जैसे कि तीन तलाक, घर वापसी, सांप्रदायिक दंगे, सर्जिकल स्ट्राइक आदि उठाए जा रहे हैं।

इस जनसभा को प्रदेश महिला कांग्रेस कार्यकारिणी सदस्य विमला चौहान व राजेंद्र चौहान ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर नप जोगिंद्रनगर कि पार्षद ममता कपूर, इंटक जिला अध्यक्ष विवेक जसवाल, कांग्रेस कर्मठ कार्यकर्ता अजय बाबा, सोशल मीडिया अध्यक्ष ओमप्रकाश नचवाल, एनएसयूआई जोगिंद्रनगर अध्यक्ष उमेश ठाकुर, कैप्टन मंगतराम, दुनी चंदन, बलराज, राजकुमार, पूर्ण चंद, दयाल, अशोक, रमन, कमलेश्वर, नरेश, धीरज, शुभम, अजय, सुनील सहित अनेकों कांग्रेस कार्यकर्ता भी उपस्थित रहे।

आपका फैसला 27 May, 2017 8:42 AM
27 MAY 2017

# विधानसभा में पूर्व मंत्री कर्ण सिंह व पूर्व विधायक मूलराज पाधा को दी श्रद्धांजलि

## सदन के विशेष सत्र में माहौल रहा गमगीन

राज्य ब्यूरो प्रमुख



शिमला, 26 मई। विधानसभा के विशेष सत्र की शुरूआत पूर्व आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा को श्रद्धांजलि के साथ हुई। सदन के नेता सीएम वीरभद्र सिंह ने इन दोनों नेताओं के निधन पर शोकोद्गार पेश किया। इस दौरान सदन का माहौल गमगीन हो गया और कर्ण सिंह की यादों को सदस्यों ने ताजा किया। सीएम वीरभद्र सिंह ने कहा कि 12 मई को 59 वर्ष की उम्र में आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह का देहांत हुआ। उनके निधन से प्रदेश ने मिलनसार और हंसमुख चेहरा सदा के लिए चला गया। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह ने फर्गूसन कॉलेज मे बीए आनर्स किया और उसके बाद 1990 में वे पहली बार विधायक चुने गए थे और 1998 में दूसरी बार विधायक बने और फिर प्राथमिक शिक्षा मंत्री बने। इसके बाद वे 2012 में तीसरी बार विधायक बने और 2015 में वे आयुर्वेद मंत्री बने। सीएम ने कहा कि वे ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हैं और परिवारजनों को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करे। सीएम ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा 80 के निधन पर भी शोक जताया और कहा कि वे 1985 में धर्मशाला से विधायक चुने गए थे।

-(शेष पृष्ठ 2 पर)-

## शिमला के रिज पर मंडी उत्सव का आगाज

शिमला, 26 मई। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शिमला के रिज मैदान पर मंडी जिला की संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित मेस्मराजिंग मंडी उत्सव का पारंपरिक जलेब से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कला भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन मंडी के संयुक्त तत्वावधान में मंडी जिला की संस्कृति रीति-रिवाजों खान-पान और परंपराओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि वह हमेशा अपनी प्राचीन

-(शेष पृष्ठ 2 पर)-

## शिमला के रिज...

परंपराओं भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण पर बल देते रहे हैं क्योंकि हमारी पहचान हमारे रीति-रिवाजों और परंपराओं से ही है। जो सभ्यताएं अपनी विरासत को बनाए रखने में नाकाम रही हैं, वे समय के साथ विलीन हो जाती है। इस अवसर पर सरकारी विभागों गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई जिसका मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इससे पूर्व उन्होंने देव माहुनाग और बाला कामेश्वर देवता को भी शीश नवाया, जिन्हें छोटी काशी कहलाने वाले मंडी से विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मंडी के मांडव कला मंच के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृति प्रस्तुति भी दी। स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, राज्य युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, भाषा, कला एवं संस्कृति की प्रधान सचिव अनुराधा ठाकुर, मंडी के उपायुक्त संदीप कदम एव भाषा, कला एवं संस्कृति की निदेशक शशि ठाकुर तथा शिमला व मंडी के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## विधानसभा में पूर्व...

उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा की सामाजिक कार्यों में रूचि थी। उन्होंने दिवगत आत्मा की शांति की कामना की और शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना जताई। स्वास्थ्य-मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने कहा कि यह दुख की बात है कि हमारे सहयोगी कर्ण सिंह सदन में मौजूद नहीं हैं। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से प्रदेश में शोक की लहर है। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया। परिवहन मंत्री जीएस बाली ने इस शोकोद्गार मे शामिल होते हुए कहा कि कर्ण सिंह काफी हंसमुख थे और मिलनसार थे। उन्होंने कहा कि बीमारी के बाद जब उनका देहांत हुआ तो उनकी अंतिम यात्रा में वे भी शामिल हुए। उस दौरान वहां जो भीड़ उमड़ी थी, उससे उनकी लोकप्रियता का पता चलता था। बाली ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया और कहा कि जब वे बीमार थे तो वे उनसे मिले थे। उन्होंने स्व. मूलराज पाधा के निधन पर शोक जताते हुए शोकाकुल परिवार को इस दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की। इसके साथ ही बीजेपी सदस्य ठाकुर गुलाब सिंह ने कहा कि स्व. कर्ण सिंह अलग तरह के व्यक्ति थे। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया। विधानसभा अध्यक्ष बीबीएल बुटेल ने भी पूर्व मंत्री स्व. कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर शोक जताया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे भी शोकाकुल परिवार के साथ हैं। इसके बाद सदन में इन दोनों सदस्यों निधन पर दो मिनट का मौन भी रखा और श्रद्धांजलि दी। इस दौरान नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा विधानसभा के पिछले सत्र में हंसमुख चेहरा सबके सामने था लेकिन इसी माह मिलनसार व्यक्तित्व रखने वाले कर्ण सिंह का निधन हो गया और इससे पूरा सदन सदमे में हैं। धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह ने 1990 मे बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीते थे। इसके बाद 1998 में भी बीजेपी से चुनाव लड़े और जीते। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह जिस भी दल में रहे, उनकी मित्रता दल से ऊपर उठकर थी। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह की कमी खलती रहेगी और इस दुख की घड़ी में वे शोकाकुल परिवार के साथ हैं। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया और कहा कि उन्होंने पंचायत प्रधान से विधायक तक का सफर तय किया था।

महेश्वर सिंह ने कहा कि 2010 मे परिवार मे ऐसी घटना घटी जिसने सबको झकझोर कर रख दिया। उन्होंने कहा कि उस समय कर्ण सिंह के बड़े बेटे की मौत हो गई और इससे कर्ण सिंह के जीवन में परिवर्तन आ गया। पुत्र वियोग को वे सहन नहीं कर पाए। उनके मित्र उन्हें रोकते थे, लेकिन वे गम में गमगीन हो गए। वे गरीबों की मदद को हमेशा आगे रहते थे। इस बीच 15 अप्रैल को उन्हें कहा गया कि कर्ण सिंह को चलने मे दिक्कत हो रही है तो वे मानने को तैयार नही थे, लेकिन बाद मे पता चला कि उनके फेफड़े में पानी भर गया था। महेश्वर ने कहा कि इस बीच ऐसी घटनाएं घटी कि परिवार से दूर हो गए और इसमें उसका दोष नहीं था। वह कमजोर हृदय के थे और कुछ लोगों ने इसका फायदा उठाया और उन्हें गुमराह किया और ऐसा वक्त आया कि वह हमसे क्या, सबसे दूर हो गए। उनकी लोकप्रियता का पता तब चला, जब वे हजारों लोग उनकी अंतिम यात्रा में विदाई देने आए। उन्होंने कहा कि घर पर 88 वर्ष की बुजुर्ग मां है और उन पर क्या गुजर रही है वह भगवान ही जानता है। उधर सिंचाई मंत्री विद्या स्टोक्स शोकोद्गार के दौरान भावुक हो गई और उनकी आंखों से आंसु निकल आए। 8

## मोदी सरकार के तीन वर्ष बेहद सफल : जावड़ेकर

# राज्य सरकार केंद्रीय विवि को गंभीर नहीं

### प्रदेश सरकार ने पर्यावरण मंजूरी को लेकर पैसे जमा नहीं करवाए

जिला ब्यूरो प्रमुख

शिमला, 26 मई। केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने पीएम मोदी सरकार के तीन वर्ष को बेहद सफल करार दिया है। उन्होंने कहा कि जनता ने आशा के साथ जो विश्वास मोदी सरकार पर जताया है, वही इस सरकार की कमाई है। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में मीडिया से बातचीत के दौरान केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विवि को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले पर अपनी औपचारिकताएं पूरी करनी है, वह नहीं की जा रही। जावड़ेकर ने कहा कि राज्य सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रति गंभीर नहीं है। केंद्र ने देहरा और धर्मशाला में इस विवि के कैंपस को लेकर सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी थी, लेकिन इसके बाद राज्य सरकार ने पर्यावरण मंजूरी को लेकर जो पैसे जमा करने थे वे नहीं किए और इस कारण केंद्र से स्वीकृति नहीं मिली। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अपनी औपचारिकताएं पूरी करे तो केंद्र तुरंत स्वीकृति दे देगा।



धर्मशाला कैंपस को लेकर भी यही स्थिति है। जावड़ेकर ने कहा कि यदि वीरभद्र सरकार अपनी औपचारिकताएं पूरी करती है तो ठीक है वरना अगले वर्ष राज्य में आने वाली बीजेपी सरकार इसकी स्वीकृति दे देगी। शिमला में जावड़ेकर ने पीएम मोदी सरकार के तीन वर्ष को बेहद सफल करार दिया। उन्होंने कहा कि हिमाचल में हम पूरी तरह से जीतेंगे और जनता सत्ता बदलने का इंतजार कर रही है। जावड़ेकर ने कहा कि राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में बीजेपी सत्तासीन होगी, क्योंकि राज्य की जनता बदलाव का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना चाहती है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने तीन वर्ष में भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है और इस सरकार पर ऐसा एक भी आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा कि 2022 तक राज्य में छह करोड़ लोगों को आवास सुविधा दी जाएगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार गरीब किसान और

-(शेष पृष्ठ 2 पर)-

# मोदी सरकार पूरी तरह विफल

## सभी के दिमाग में भय और आतंक का माहौल बनाया : तिवारी

जिला ब्यूरो प्रमुख



शिमला, 26 मई। मोदी सरकार के 3 साल पूरे होने पर केंद्र सरकार की घेराबंदी के लिए कांग्रेस के नेताओं ने देश के सभी 29 राज्यों के मुख्यालय में प्रेस वार्ता की। इसी कड़ी में पूर्व केंद्रीय मंत्री और कांग्रेस प्रवक्ता मनीष तिवारी ने शिमला में पत्रकार वार्ता की और कहा कि एनडीए सरकार के 3 साल पूरे हुए हैं। किसी भी सरकार का आंकलन 5 बिंदुओं पर किया जा सकता है। इसके अनुरूप मोदी सरकार पूर्ण रूप से विफल रही है। साम्प्रदायिक सौहार्द में सरकार बुरी तरह विफल रही। सरकार में बैठे लोग और उनके आरआरएस के आका भारत के मूलभूत सिद्धांतों में उनका कोई लेना देना नहीं। 1947 की लड़ाई को केंद्र सरकार फिर से लड़ने के मूड में है। सभी के दिमाग में एक भय और आतंक का माहौल बनाया है। कश्मीर में अराजकता का माहौल बनाया गया है। केंद्र में

-(शेष पृष्ठ 2 पर)-

### राज्य सरकार केंद्रीय...

आम जनता की सरकार है और इस सरकार ने महंगाई पर काबू पाया है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी ने कहा था कि केंद्र से यदि एक रूपया के बदले 15 पैसे ही मजदूर तक मिलते है लेकिन मोदी सरकार में केंद्र से आने वाला सौ रूपया जनता तक मनरेगा के रूप में सौ रूपया मिलते है। आने वाला पूरा पैसा जनता तक पहुंच रहा है और यह केंद्र सरकार की उपलब्धि है।

पार्ट टाइम रक्षा मंत्री कहते हैं कि कश्मीर में जंग जैसी स्थिति है तो बताएं इसके लिए कौन जिम्मेदार है। मध्य में माओवाद के कारण जवान मारे जा रहे है और कमोबेश यही स्थिति उत्तर पूर्व की है। इसके लिए सरकार के पास न नियत है न नीति। आंतरिक सुरक्षा की कसौटी पर सरकार बुरी तरह फैल हुई है। वित्तीय स्थिति में 2013-14 में ग्रोथ 8.09 प्रतिशत थी जो 15-16 में 7.01 प्रतिशत रह गई, जबकि महज 5.10 प्रतिशत पर पहुंच गई है। जबकि यूपीए में 8.8 प्रतिशत की दर से बढ़ रही थी। नोटबंदी के घातक फैसले से मुद्रा आपूर्ति 3 प्रतिशत से गिरी है। जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ा। डॉलर 58 रुपए पर छोड़ा था और 3 साल बाद 64 रुपए पहुंचा है। जितनी मोदी की उम्र है। रोजगार के नाम पर भी छला गया। सिर्फ 4 लाख नौकरियां दी गई जबकि 2 करोड़ प्रति वर्ष का दावा किया था। 36 महीनों में कई विदेशी दौरे किये परिणाम कुछ नही। जरूरत पर कोई देश भारत के साथ खड़ा नहीं है। पाकिस्तान ने 36 महीने में 36 बार पॉलिसी पर समर सॉल्ट मारा होगा। बिन बुलाए पाकिस्तान पहुंच गए थे और 15 साल बाद उनके मंत्री कहते है कश्मीर में जंग की स्थिति है बताएं पकिस्तान के प्रति क्या नीति है। 70 साल में पहली बार अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा समिति में मुंह की खानी पड़ी। 3 साल में हर संस्था के साथ इनका झगड़ा हुआ है। चुनी हुई सरकारों को अलोकतांत्रिक तरीके से गिराने की कोशिश की। मोदी कादु मेरा भाषण ही मेरा शासन है। सिर्फ झूठ ही कहा कोई उपलब्धि नही। भ्रष्टाचार के मामले पर मनीष तिवारी ने कहा कि इस सरकार में व्यापम, विजय माल्या जैसे 14 बड़े घोटाले हुए हैं।

78

2 MAY 2017

## पच्छाद क्षेत्र के लोगों ने की अस्पतालों में अव्यवस्था की शिकायत

# मुख्यमंत्री के पास पहुंचा अभद्र व्यवहार का मामला

प्रतिनिधि

सराहां, 26 मई। सराहां सिविल अस्पताल में बढ़ती चिकित्सों की अभद्र व्यवहार की घटनाओं से आहत स्थानीय लोगों को आखिरकार मुख्यमंत्री से मामला उठाना पड़ा। अब देखना यह है कि मुख्यमंत्री कब तक स्थानीय लोगों की समस्याओं को हल कर पाते हैं। सिविल अस्पताल सराहां में कहने को तो पांच डाक्टर हैं, लेकिन सही अर्थों में जनता को एक का भी लाभ नहीं मिल रहा है। अक्सर अस्पताल की ओपीड़ी मे मुश्किल से एक दो डाक्टर ही मिल पाते हैं बाकि डॉक्टर कहां होते हैं, यह एक यक्ष प्रश्न बना हुआ है। वैसे तो पच्छाद हलके मे नाम के लिए स्वास्थ्य सस्थान हैं। सराहां व राजगढ मे दो सिविल अस्पताल काम कर रहे हैं, लेकिन धरातल की हकीकत कुछ ओर ही ब्यान कर रही है। इन अस्पतालों को यदि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र कहा जाए तो कोई बड़ी बात होगी। पच्छाद के पच्छाद के तेज तरार नेता माने जाने वाले पूर्व विधायक गंगूराम मुसाफिर भले ही स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करते हो, लेकिन क्षेत्र की जनता इससे कतई सहमत नजर नहीं आ रही है। सिविल अस्पतालों में न केवल धड़ल्ले से बाहर की दवाइयां लिखी जा रही हैं, बल्कि मरीजों से दुर्व्यवहार की घटनाएं भी बढ़ती जा रही है। लगता है कि पच्छाद के नेताओं को जनता की इन रोजमर्रा की परेशानियों से कोई सरोकार नही है। इस अव्यस्था से आहत स्थानिय लोगों ने सराहां सिविल अस्पताल की मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह को शिकायती पत्र भेजकर शिघ्र उचित समाधान की मांग की है। हांलाकि इससे पहले सीएमओ नाहन व बीएमओ सराहां को कई बार इस अवव्यस्थता को अवगत करा चुके हैं लेकिन इसमें कोई भी सुधार नहीं हो पा रहा है। गौरतलब है कि सिविल अस्पताल सराहां में प्रति दिन सैकड़ो मरीज आते हैं, लेकिन डॉक्टरों के रूखे रवैये के चलते मरीज भी इस अस्पताल से मुंह मोडने लगे हैं। अव्यस्थता का आलम यह है कि पिछले दिनों यहां से सभी डॉक्टर के पद खाली थे केवल बीएमओ और डेंटल डॉक्टर बचे थे। हैरानी की बात तो यह है कि विभाग ने मानगढ़ पीएचसी से डॉक्टर को डेप्युट कर इस सिविल अस्पताल को चलाया।

**क्या कहते हैं बीएमओ डॉ. यशवंत चौहान**

उधर, बीएमओ डॉ. यशवंत चौहान का कहना है कि उन्होंने [illegible] व अस्पताल स्टाफ को कई बार हिदायत दे दी है कि वह [illegible] से सही व्यवहार करें। उधर, सीएमओ डॉ. संजय शर्मा [illegible] अस्पताल की बार बार शिकायतें आ रही हैं जिस पर [illegible] संज्ञान लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस बारे बीएमओ पच्छाद को उचित कार्रवाई के आदेश दिए हैं।

79

# बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं सुनिश्चित करे प्रदेश सरकार



[illegible] सिंह ठाकुर
सुंदरनगर, मंडी

हमारा खान-पान, दिनचर्या, व्यवसाय, पहनावा, रहन-सहन, वार्तालाप सब कुछ पाश्चात्य सभ्यता के रंग में रंग चुका है। यही कारण है कि आज हर तीसरा व्यक्ति किसी न किसी बीमारी से ग्रस्त है। जब कोई व्यक्ति किसी बीमारी से ग्रस्त होता है, तभी उसे स्वास्थ्य के मूल्य का पता चलता है। बढ़ती महंगाई में जहां परिवार का भरण-पोषण करना मुश्किल होता जा रहा है, वहीं बीमारियों से जूझता आम आदमी दर-दर की ठोकरें खाने को मजबूर हो जाता है। निजी अस्पतालों में चिकित्सा सेवाएं बहुत महंगी हैं तथा सरकारी अस्पतालों में लंबी-लंबी कतारें, अव्यवस्था तथा भाई-भतीजावाद प्रदेश के हर अस्पताल में देखने को मिलता है। कभी हड़ताल से अस्पताल व्यवस्था थम जाती है, तो कभी डाक्टर साहब की वीआईपी ड्यूटी, प्रशिक्षण में तैनाती इस कद्र प्रदेश के सरकारी अस्पतालों में हावी है कि आम आदमी को किसी छोटी सी बीमारी के उपचार के लिए कई बार चक्कर लगाने पड़ते हैं। स्वास्थ्य के साथ ऐसा खिलवाड़ आखिर कहां तक उचित है और इसका जिम्मेदार कौन है? प्रदेश की 89.96 प्रतिशत जनसंख्या ग्रामीण क्षेत्रों में रहती है। कृषि व बागवानी पर निर्भरता लगभग 62 प्रतिशत है। कृषि में व्यस्त किसान अपनी सेहत पर बहुत ही कम ध्यान देता है। जब कभी बीमार पड़ भी जाता है, तब वह पास के स्वास्थ्य केंद्र में जाकर उपचार करवाता है। गंभीर बीमारी पर तहसील या जिला स्तर के अस्पतालों में जाता है। यही कारण है कि ग्रामीण निवासी, शहरी लोगों की अपेक्षा अधिक बीमार रहते हैं। इन लोगों का उपचार का एकमात्र केंद्र सरकारी अस्पताल ही होता है। यहां भी सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों की कमी, स्वास्थ्य सेवाओं में बरती जाने वाली कोताही व लापरवाही का वास्तविक खामियाजा ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ता है। स्वास्थ्य सेवाओं का संचालन स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा किया जाता है। हर वर्ष करोड़ों रुपए का बजट स्वास्थ्य पर खर्च होता है। प्रदेश सरकार 'मुफ्त दवा नीति' के तहत 56 प्रकार की दवाएं मुफ्त में उपलब्ध करवा रही है। नाहन, चंबा, हमीरपुर में नए मेडिकल कालेज खोले गए हैं। लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल कालेज नेरचौक का सरकार द्वारा अधिग्रहण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त आईजीएमसी शिमला व टांडा मेडिकल कालेज पहले से ही स्थापित हैं। प्रदेश के लिए एक अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान स्वीकृत किया गया है, जिसे बिलासपुर में स्थापित किया जा रहा है। प्रदेश में स्वास्थ्य संस्थानों व कालेजों का नेटवर्क बढ़ता ही जा रहा है, जोकि उन्नति का प्रतीक है, लेकिन इन संस्थानों की वास्तविकता का अंदाजा व सुविधाओं का आकलन हाल ही में मेडिकल काउंसिल के निरीक्षण से जगजाहिर हुआ है। इसमें कॉलेजों में आधारभूत आवश्यकताओं की कमी तथा विशेषज्ञ डाक्टरों व प्रोफेसरों की तैनाती का न होना स्वास्थ्य सेवाओं में विफलता का एहसास करवाता है। नए संस्थान क्षेत्रवाद, वोट बैंक को बढ़ावा देने के लिए नहीं खोले जाने चाहिए। शिक्षा व स्वास्थ्य जैसे क्षेत्रों में तो सरकार को खास सजगता बरतनी चाहिए। प्रदेश सरकार करोड़ों रुपए खर्च कर रही है, लेकिन धरातलीय वास्तविकता कुछ और ही है। प्रदेश में विशेषज्ञ डाक्टरों की तो कमी है ही, साथ में ग्रामीण क्षेत्रों में तो कोई भी विशेषज्ञ डाक्टर अपनी सेवाएं नहीं देना चाहता। प्राथमिक उपचार केंद्रों के साथ-साथ तहसील व जिला अस्पतालों में भी डाक्टरों की कमी व प्रशासन का लचीला रवैया ही देखने को मिलता है। सरकारी लैबों में टेस्टों की सुविधाओं के नाम पर महज औपचारिकताएं ही होती हैं। कहीं न कहीं सरकारी क्षेत्र का कर्मचारी व अधिकारी नौकरी पाने तक ही संघर्षरत दिखता है, उसके बाद वह अपनी जिम्मेदारी व दायित्व को भूल जाता है। यही कारण है कि निजी क्षेत्र का कर्मचारी आज सरकारी कर्मचारी के बगल में बैठकर बेहतर सेवाएं दे रहा है। क्यों न प्रदेश सरकार ऐसी व्यवस्था करे, जिससे सरकारी कर्मचारी, निजी कर्मचारी की कार्य संस्कृति व पद्धति को अपनाने पर मजबूर हो। जिस दिन इस कार्य संस्कृति का आगाज होगा, उसी दिन से सरकार की सेवाओं की धरातलीय पहुंच भी सुनिश्चित होगी। इस व्यवस्था को अपनाने के लिए सरकार को कोई विशेष सामग्री व उपकरणों को भी खरीदने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी और न ही किसी तरह का वित्तीय बोझ पड़ेगा। इसके साथ में सरकारी व निजी अस्पतालों के डाक्टरों की मिलीभगत व लापरवाही पर शिकंजा कसना भी जरूरी हो गया है। हाल ही में पश्चिम बंगाल की सरकार ने विधानसभा में मेडिकल सेवाओं में लापरवाही व कोताही बरतने वाले डाक्टरों के खिलाफ एक बिल पास किया, जिसमें यह प्रावधान किया गया है कि डाक्टर की लापरवाही से मरीज में इंजरी के केस में तीन लाख से पांच लाख का जुर्माना तथा मृत्यु पर दस लाख का हर्जाना देना होगा। इस बिल से डाक्टर साहब की लापरवाही व कोताही पर जवाब सुनिश्चित होगा, आम आदमी को बहुत बड़ा लाभ होगा। इस तरह से जन लाभदायी बिल अन्य राज्यों में भी अमल में लाने की आवश्यकता होगी। प्रदेश सरकार जहां स्वास्थ्य में भारी-भरकम राशि खर्च कर रही है, तो सरकार का दायित्व बनता है कि किसी डाक्टर की लापरवाही से किसी भी नागरिक की जान न जाए तथा उसे सर्वोत्तम सुविधा सरकारी अस्पतालों में ही उपलब्ध हो। एक सजग व जागरूक हिमाचली होने के नाते सरकार का ध्यान स्वास्थ्य सेवाओं की धरातलीय पहुंच सुनिश्चित करने की ओर आकर्षित करने का प्रयास किया है। प्रदेश सरकार को मौजूदा अधोसंरचना का बेहतर इस्तेमाल करके आधुनिक सुविधाओं का सही उपयोग करना चाहिए, ताकि हर हिमाचली को सरकारी संस्थानों में उपचार मिल सके।

# हिमाचल व पंजाब नशा मिटाने को एक

पंजाब व हिमाचल प्रदेश मिलकर नशा मिटाएंगे। खुशी की बात है कि दोनों राज्यों के आला पुलिस अधिकारियों ने रणनीति भी तैयार कर ली है। नशे का ज्यादातर कारोबार सीमावर्ती क्षेत्रों में होता है। दोनों राज्य ड्रग माफिया के खिलाफ संयुक्त अभियान चलाएंगे व व्हट्स ग्रुप भी कारगर साबित होंगे। इसमें सीमावर्ती जिलों के पुलिस अधीक्षक, सहायक पुलिस अधीक्षक, पुलिस उप-अधीक्षक स्तर के अधिकारी होंगे व वे समय-समय पर सूचनाओं का आदान-प्रदान करेंगे। ऐसे में नशे के कारोबारियों को नकेल कसने में आसानी होगी। दोनों राज्यों की सीमाओं पर इतनी पैनी नजर होगी कि संदिग्ध लोगों व उद्घोषित अपराधियों का इधर-उधर जाना मुश्किल हो जाएगा। मुस्तैदी व सतर्कता के चलते वे देर-सबेर पकड़ में आ जाएंगे। बदनाम तस्करों व गैंगस्टरों से संबंधित सूचनाएं भी एक-दूसरे से सांझा की जाएंगी। दोनों राज्यों के बीच बेहतर तालमेल न होने के चलते ये शातिर सीमा के आर-पार तुरंत ही जाते हैं। ऊना जिला के भरवाईं में पुलिस समन्वय समिति की उच्च स्तरीय बैठक में कई अहम फैसले लिए गए। बैठक में पंजाब के रोपड़, होशियारपुर व प्रदेश के कांगड़ा, ऊना, बिलासपुर, चंबा व बद्दी के वरिष्ठ अधिकारियों ने माथापच्ची करके नशे के कारोबारियों पर लगाम कसने की कार्ययोजना को अंजाम दिया। अपराधी जिस थाना क्षेत्र का होगा, वहां के थाना की पुलिस ही उसे गिरफ्तार करेगी। बड़ी चोरी, डाका या एटीएम में सेंधमारी करने वाले अगर पड़ोसी राज्य में पकड़े जाते हैं, तो इस बाबत सूचनाओं का आदान-प्रदान होगा। भाजपा ड्रग माफिया को बड़ा मुद्दा बनाने की फिराक में है। प्रदेश में भाजपा के नेता इस मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। कांग्रेस ऐसा कहां करने देगी। उद्योग मंत्री मुकेश अग्निहोत्री पहले ही ड्रग माफिया के मसले को पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह से उठा चुके हैं। शायद इन्हीं प्रयासों का यह परिणाम है कि भरवाईं में पुलिस अधिकारियों की उच्च स्तरीय बैठक हुई। अगर नशा बढ़ रहा है तो इसमें कहीं न कहीं शासन व प्रशासन की ओर से खामियां रह जाती हैं। तस्कर इन्हीं का फायदा उठाकर रातों-रात लखपति बन रहे हैं। पुलिस व तस्करों के आपसी संबंधों की खबरें भी कई बार सुर्खियां बन जाती हैं। तेजतर्रार पुलिस अफसर इस काले धंधे का नामोनिशान मिटा सकते हैं। रही नशे की बात तो यह प्रादेशिक या राष्ट्रीय नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बन गया है। नशे के खिलाफ सामाजिक व स्वयंसेवी संगठनों, शासन, प्रशासन, पुलिस व आम आदमी को अपना-अपना योगदान देना होगा। पंजाब में विधानसभा चुनावों के दौरान नशा बहुत बड़ा मुद्दा बन गया था। कांग्रेस ने इस मसले को इस कदर जोर-शोर से उठाया कि अकाली-भाजपा गठबंधन चित हो गया। हिमाचल प्रदेश में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने वाले हैं। भाजपा इस मुद्दे को न उठाए, ऐसा हो ही नहीं सकता है।

27May,2017 8:42AM
27 MAY 2017



# सदन को बहुत याद आए कर्ण सिंह

**किसी ने राजकुमार कहा, तो किसी ने हंसमुख चेहरा**

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

**विशेष सत्र**

हिमाचल विधानसभा के विशेष सत्र की शुरुआत पूर्व आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह और पूर्व विधायक मूलराज पाधा के लिए शोकोद्गार के साथ हुई। सदन की परंपरा के अनुसार पहले दिन सिटिंग सदस्य कर्ण सिंह की याद मे श्रद्धांजलि के बाद सदन को शनिवार के लिए स्थगित कर दिया गया।

सदन के नेता सीएम वीरभद्र सिंह ने शोकोद्गार पेश किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि 12 मई को 59 वर्ष की उम्र मे आयुर्वेद मंत्री कर्ण सिंह का देहांत हुआ। उनके निधन से प्रदेश ने मिलनसार और हंसमुख चेहरा सदा के लिए खो दिया है। 1990 में वे पहली बार विधायक चुने गए थे और 1998 मे दूसरी बार विधायक बने और फिर प्राथमिक शिक्षा मंत्री बने। इसके बाद वे 2012 मे तीसरी बार विधायक बने और 2015 मे वे आयुर्वेद मंत्री बने। सीएम ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक जताया और कहा कि वे 1985 मे धर्मशाला से विधायक चुने गए थे। कर्ण सिंह के बड़े भाई और भाजपा विधायक महेश्वर सिंह ने कहा कि कुछ विभूतियां ऐसी होती है, जो गहरी छाप छोड़कर जाती हैं और उनमें कर्ण सिंह भी एक थे। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह उनसे साढ़े आठ वर्ष छोटा था और घर मे सबका लाड़ला था। मेरे लोकसभा में जाने के बाद कर्ण सिंह बजार सीट से विधानसभा चुनाव मे उतरे और जीते। वे 1998 मे फिर इसी सीट से जीते थे। महेश्वर ने माना

**महेश्वर बोले, भोला था छोटा भाई, गुमराह भी हो गया**

कि जवान बेटे को सड़क हादसे में खोने के बाद कर्ण सिंह इसी गम मे डूबे और खुद को संभाल नहीं पाए। वह भोला था, इसी कारण कइयों के हाथों गुमराह भी हो गया।

स्वास्थ्य मंत्री ठाकुर कौल सिंह ने याद ताजा करते हुए कहा कि जब वह 15 अप्रैल को कुल्लू में तिरंगा फहराने गए तो उस दिन कर्ण सिंह को बुखार था। मैंने ही सीएमओ को मेडिकल चेकअप के लिए कहा। इसके बाद ही एम्स भेजा गया। आईपीएच मंत्री विद्या स्टोक्स, भाजपा विधायक गुलाब सिंह ठाकुर, सतपाल सत्ती और कुलदीप कुमार समेत कई सदस्यों ने कर्ण सिंह को याद किया।

## पार्टी से अलग कर्ण की थी सबसे दोस्ती

नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि विधानसभा के पिछले सत्र मे हंसमुख चेहरा सबके सामने था लेकिन इसी माह मिलनसार व्यक्तित्व रखने वाले कर्ण सिंह का निधन हो गया और इससे पूरा सदन सदमे मे है। धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह ने 1990 मे बीजेपी के टिकट पर चुनाव लड़ा था और जीते थे। इसके बाद 1998 मे भी बीजेपी से चुनाव लड़े और जीते। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह जिस भी दल मे रहे, उनकी मित्रता दल से अलग थी। पूर्व विधायक मूलराज पाधा के योगदान को याद करते हुए उन्होंने कहा कि पाधा ने पंचायत प्रधान से विधायक तक योगदान दिया।



विधानसभा के विशेष सत्र में भाग लेने पहुंचे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह।



विशेष सत्र मे भाग लेने पहुंचे नेता विपक्ष प्रेम कुमार धूमल व स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर सदन की ओर जाते हुए।

## गवर्नर ने नवविवाहित जोड़े को दिया आशीर्वाद



शिमला। राज्यपाल आचार्य देवव्रत शुक्रवार को मुख्य सचिव वीसी फारका के निवास स्थान पर गऐं और नव विवाहित जोडे को आशीर्वाद दिया। नव विवाहित जोडे को शुभकामनाए देते हुए उन्होंने उनके सुखी वैवाहिक जीवन व सफल भविष्य की कामना की।

81

27 MAY 2017 हिमाचल दस्तक

आयोजन

भाषा एवं संस्कृति विभाग व मंडी जिला प्रशासन का पांच दिवसीय मंडी उत्सव शुरू

# मंडयाली संस्कृति से गुलजार हुआ शिमला का रिज

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

भाषा एवं संस्कृति विभाग और जिला प्रशासन मंडी की ओर से शुक्रवार को रिज पांच दिवसीय मंडी उत्सव का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया। इस दौरान जहां रिज मैदान पर मंडयाली संस्कृति की झलक देखने को मिली, वहीं लूडी नृत्य ने लोगों का मन मोहा। सीएम ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से प्रदेश की संस्कृति और सभ्यता को बढ़ावा मिलता है। भाषा एवं संस्कृति विभाग का यह सराहनीय प्रयास है। ऐसे कार्यक्रमों से पर्यटकों को भी प्रदेश की संस्कृति को जानने का मौका मिलेगा। राजधानी होने के नाते हर माह रिज पर प्रत्येक जिला के कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। जो सभ्यताएं अपनी विरासत को बनाए रखने में नाकाम रही हैं वे समय के साथ विलीन हो जाती हैं। मंडी जिला की संस्कृति व खान-पान को बढ़ावा देने के लिए मकसद से यह उत्सव आयोजित किया गया है। इस प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को मंडी जिला की संस्कृति के दर्शन होंगे। इसमें विभिन्न स्टालों में परम्परागत बर्तन व पुरातन काल के वाद्य यंत्र प्रदर्शित किए गए हैं। वहीं मंडी जिला के खान-पान से जुड़े स्टाल भी लगाए गए हैं जो लोगों के आकर्षण का केंद्र बने हैं। आगामी पांच दिनों तक मंडी जिला की संस्कृति पर विभिन्न कार्यक्रम गेयटी थियेटर में आयोजित किए जाएंगे।





शिमला में मंडी उत्सव के दौरान मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का स्वागत करते आयोजक। (बाएं) सांस्कृतिक प्रस्तुति देती कलाकार।

## प्राचीन बर्तनों की भी लगी प्रदर्शनी

मंडी उत्सव में प्राचीन समय में ग्रामीण क्षेत्रों में प्राचीन समय में प्रयोग किए जाने वाले बर्तनों की भी प्रदर्शनी लगी है। मिट्टी और गोबर से बने ये बर्तन बहुत पुराने हैं। इसमें आटा गूंथने के लिए कनवाला, धान की कटाई के लिए प्रयोग किया जाने वाला ढकाल, मसालों की पिसाई के लिए दलोई, अनाज सुखाने के लिए चगेर बढ़िया और पराल से बनाई गई मजरी कुछ ऐसी चीजें रखी गई हैं, जो आज के समय में मिलना दुर्लभ हैं। घास से बनी पूले और चप्पल भी हैं, जिन्हें लोग घरों में पूजा के लिए ही प्रयोग करते थे।

## मंडी जिले के कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

मंडी के माण्डव कला मंच के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी। शेर-ए-पंजाब से लेकर रिज मैदान तक मंडी जिला के गीत गाते हुए सांस्कृतिक दलों ने रंगारंग प्रस्तुति दी। स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा, राज्य युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, भाषा कला एवं संस्कृति की प्रधान सचिव अनुराधा ठाकुर, मंडी के उपायुक्त संदीप कदम एवं भाषा कला एवं संस्कृति की निदेशक शशि ठाकुर तथा शिमला व मंडी के अन्य गणमान्य व्यक्ति भी इस अवसर पर उपस्थित थे।

## शॉल व मफलर के लिए लगाई गई है खादी मशीन

मंडी उत्सव में कृष्णा वुल की ओर से खादी मशीन भी लगाई गई है। दो हजार से लेकर 9 हजार रुपये तक मंडी शॉल की बिक्री की जा रही है।

27May,2017 8:42AM

27 MAY 2017 हिमाचल दस्तक

# मैंने वादा निभाया, अब आपकी बारी : वीरभद्र

## प्राथमिक सहायक अध्यापकों के सम्मेलन में बोले सीएम

- 7वीं बार सीएम देखना चाहते हो तो वोट देकर वादा निभाओ

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

पैट शिक्षको के सेमिनार में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने खूब चुनावी तीर छोड़े। उन्होंने शिक्षकों द्वारा लगाए जा रहे नारे पर मंच के माध्यम से अपने संबोधन में कहा कि यदि शिक्षक उन्हें सातवीं बार सीएम देखना चाहते हैं तो कांग्रेस को समर्थन दो। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शिक्षको की कई मांगे मानी हैं। अब शिक्षको की वादा निभाने की बारी है। गौर हो कि शिक्षको के अभी तक कई कार्यक्रमों के आयोजन के बाद इस बार पैट शिक्षकों के सेमिनार में प्रदेश के मुख्यमंत्री का भाषण चुनावी रूप में रंगा नजर आया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार तंग दिल वाली सरकार नहीं है। उन्होंने भाजपा को घेरते हुए कहा कि उनकी पार्टी का तराजू न्याय का है और भाजपा पूरी तरह से राजनीति से प्रभावित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव न्याय में विश्वास रखती है। सीएम ने कहा कि शिक्षको की जायज मांगो पर गौर करके उन्हें पूरा भी किया जा रहा है जिसमें पैट शिक्षको का वेतन अभी हाल ही में 21 हजार तक किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार का पीएटी, पैरा अथवा पीटीए शिक्षको की उचित मांगो के प्रति उदार रवैया रहा है तथा इनमें से ज्यादातर को पूरा भी किया है।

मुख्यमंत्री ने शिक्षकों की अन्य मांगो को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम में राज्य युवा कांग्रेस के अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह, ग्रामीण शिमला खंड कांग्रेस समिति के अध्यक्ष चंद्रशेखर, शिक्षा संयुक्त निदेशक केआर सैजल सहित पीएटी के राज्य अध्यक्ष नारायण हिमराल मौजूद थे।



पीटरहॉफ में पैट अध्यापक संघ के सम्मेलन के दौरान मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का हार पहनाकर स्वागत किया गया।

### बारिश ने पंद्रह मिनट में सिमटा दिया कार्यक्रम

बारिश के कारण पैट का कार्यक्रम पंद्रह मिनट में ही सिमट गया। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के भाषण से पहले युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह और पैट अध्यक्ष नारायण सिंह हिमराल का संबोधन होना था, जो नहीं हो पाया। मुख्यमंत्री के बीच भाषण में ही बारिश और तूफान ने कार्यक्रम को चंद मिनटो में ही समेट दिया।

# खुद को सर्टिफिकेट देने की आदत मेरी नहीं

## कांग्रेस अध्यक्ष खुद को सर्टिफिकेट बांटें, ये उनका मसला: सीएम

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह कांग्रेस अध्यक्ष सुखविंद्र सुक्खू के बयानों पर पूछे गए सवालों को लेकर शुक्रवार को काफी आक्रामक थे।

विधानसभा परिसर में मीडिया से बातचीत में वीरभद्र सिंह से जब पूछा गया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कहते हैं कि पार्टी हाईकमान ईमानदार व्यक्ति को अध्यक्ष पद से क्यों हटाएगा? सीएम ने जवाब दिया कि वे अपने आप को सर्टिफिकेट दे रहे हैं, इसकी खुशी है लेकिन मेरी ये आदत नहीं। वीरभद्र सिंह ने कहा कि वे किसी की मेहरबानी से और जबरदस्ती सीएम नहीं बने हैं। वे जब भी सीएम बने हैं, चुनाव के माध्यम से बने हैं। विधायकों ने सीएम चुना। यदि कोई यह कहता है कि एक व्यक्ति को सीएम पद पर दो बार से ज्यादा बार नहीं रहना चाहिए तो इसके लिए भारत के संविधान को बदलना चाहिए। कुछ दिन पहले सुक्खू का बयान था कि यदि दो बार अध्यक्ष रह चुके पीसीसी चीफ को बदलना चाहिए तो दो बार रहे व्यक्ति को भी सीएम पद से हटना चाहिए।

- विधायक दल ने सीएम चुना है, किसी की मेहरबानी पर नहीं हूं

वीरभद्र सिंह ने दोहराया कि विधानसभा चुनाव के साथ संगठन के चुनाव नहीं होने चाहिए। संगठन के चुनाव या तो इस वर्ष के शुरू में हो जाते या फिर ये विधानसभा चुनावों के बाद हों। उन्होंने कहा कि सरकार और संगठन में अच्छे ताल्लुकात हैं और पूरी तरह से तालमेल है और तालमेल और बेहतर करना चाहिए।

उन्होंने कहा कि वे पीसीसी अध्यक्ष बनना नहीं चाहते। वे वन मैन वन पोस्ट के पक्षधर हैं। उन्होंने कहा कि बीजेपी के जो भी राष्ट्रीय नेता हिमाचल आ रहे हैं, उनका स्वागत है। ये नेता एक टारगेट लेकर यहां आते हैं, लेकिन इनसे कांग्रेस सरकार डरने वाली नहीं है और इनका कोई असर यहां नहीं होगा।

27 May, 2017 8:42 AM

(83)

# सेंट्रल यूनिवर्सिटी को हिमाचल ने लटकाया

## शिमला में बोले एचआरडी मिनिस्टर

हिमाचल दस्तक ब्यूरो । शिमला

- देहरा और धर्मशाला में ही होंगे दो कैंपस
- वन भूमि की एवज में प्रदेश सरकार ने जमा नहीं करवाया कैंपा फंड

केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर ने कहा कि हिमाचल में सेंट्रल यूनिवर्सिटी



स्थापित करने में हो रही देरी के लिए प्रदेश की कांग्रेस सरकार जिम्मेदार है। भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में देशभर के एनआईटी की काम की समीक्षा करने के बाद जावडेकर ने मीडिया से कहा कि केंद्र को कैंपा का पैसा राज्य सरकार ने जमा करवाना था, जो नहीं करवाया गया है। इसी वजह से सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दो जगह कैंपस का निर्माण नहीं हो सका। एचआरडी मिनिस्टर ने साफ किया कि सेंट्रल यूनिवर्सिटी के दो कैंपस होंगे, देहरा और धर्मशाला। जावडेकर ने कहा कि केंद्र सरकार ने देहरा और धर्मशाला में सीयू कैंपस स्थापित करने की मंजूरी दी, लेकिन देहरा में वन भूमि के एवज में प्रदेश सरकार ने कैंपा फंड जमा नहीं किया है। इसी कारण देरी हो रही है।

## मुख्यमंत्री का पलटवार, केंद्र सरकार की वजह से है देरी

केंद्रीय मंत्री के आरोपों का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा



कि केंद्रीय विवि के मामले में देरी हिमाचल सरकार के कारण नहीं, बल्कि केंद्र के कारण है। राज्य सरकार ने केंद्रीय विवि के लिए भूमि के हस्तांतरण का मामला केंद्र को भेजा। वन मंजूरी में केस है। राज्य सरकार की कोशिश है कि क्लीयरेंस जल्द हो। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार ने ही जमीन का चयन किया। केंद्र की टीम ने उसका निरीक्षण किया और फिर वन मंजूरी के लिए मामला देहरादून भेजा। उन्होंने कहा कि हिमाचल सरकार इस मामले पर केंद्र से लगातार संपर्क में है। क्लीयरेंस होती तो कैंपा फंड भी जमा कर देते।

# हिमाचल में तय नहीं सीएम प्रत्याशी

## कर्नाटक में येद्दियुरप्पा सीएम पद के उम्मीदवार : शाह

एजेंसी । नई दिल्ली

- गुजरात में विजय रुपाणी पार्टी की पसंद
- पार्टी अध्यक्ष ने गुजरात में 150 सीट जीतने का किया दावा

भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने कहा कि कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री बी एस येद्दियुरप्पा राज्य में अगले विधानसभा चुनाव में भाजपा के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार होंगे। राज्य में अगले साल चुनाव होने वाले हैं।

शाह ने संकेत दिया कि गुजरात में मुख्यमंत्री विजय रूपानी इस शीर्ष पद के लिए पार्टी की पसंद होंगे। कहा कि गुजरात विधानसभा



चुनाव में भाजपा 150 से अधिक सीटें जीतेगी जहां इस साल के अंत में चुनाव होने हैं। गुजरात में 182 सदस्यीय विधानसभा है। अमित शाह ने हालांकि कहा कि पार्टी ने हिमाचल प्रदेश में पार्टी के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार के बारे में अभी तय नहीं किया है, जहां गुजरात के साथ चुनाव होने हैं। उन्होंने कहा कि कर्नाटक में येद्दियुरप्पा के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा।

84

# राजनाथ के बहाने राजपाट की कसरत

*हमीरपुर में राजनाथ सिंह त्रिदेव सम्मेलन को आ रहे हैं। वैसे तो पहले भी कई बार राजनाथ सिंह आए हैं, लेकिन इस बार उनकी आमद को लेकर बीजेपी का एक खेमा कुछ ज्यादा सतर्क है। कहने की जरूरत नहीं है कि खेमा धूमल विरोधी है। इस खेमे की चिंता यह है कि जब भी राजनाथ धूमल के किसी प्रोग्राम मे आते हैं तो धूमल की सियासी राहों के अवरोध जादुई ढंग से दूर हो जाते हैं। दोनों ठकुरो के बीच की केमिस्ट्री है ही ऐसी। पिछले चुनाव (2007) से पहले पालमपुर वाले पंडीजी पूरे शबाब पर थे। उन्हे लगभग-लगभग यह तय था कि एक बार फिर से उनको मौका मिलने वाला है। चुनाव बाद एक साक्षात्कार में उन्होंने यह बात हमसे साझा भी की थी कि सत्ता सामने दिख रही थी। खैर उसी बीच राजनाथ सिंह की रैली हुई। रैली के बहाने धूमल ने ऐसा शक्ति प्रदर्शन किया कि पंडीजी की सारी यौगिक शक्तियो को धराशायी कर डाला। हालांकि तब शांता कुमार ने सुषमा स्वराज जैसी कद्दावर नेता जो नाराज चल रही थी, को भी मनाने मे सफलता लगभग हासिल कर ली थी। क्या रैली करवाई थी सुषमा स्वराज की शांता जी ने शाहपुर में। पर शायद इस चक्कर में वे राजनाथ सिंह की शक्ति को कम आंक गए या फिर उन्होंने तरजीह देना जरूरी नहीं समझा। वैसे भी शांता कुमार धूमल के एमपी बनकर केंद्र मे जाने से आश्वस्त थे कि अब धूमल दिल्ली मे ही रहेंगे और शिमला पर फिर उनका कब्जा होगा। बाद मे अटल जी के घर पर जब शिमला की सरदारी का फैसला हो रहा था तो भी शांता कुमार पर ही लगभग सहमति बन गई थी। इसी बीच नाश्ते की टेबल पर राजनाथ सिंह ने अटल जी के कान मे कुछ फूंक दिया। खाते-खाते अचानक अटल जी ने पूछा .. वो सरकार के खिलाफ हमीरपुर उपचुनाव किसने लड़ा था.? कोई कुछ समझ पाता इससे पहले राजनाथ सिंह बोले धूमल जी ने, और अटल जी का अगला वाक्य था .. जिसने सरकार को धूल चटाई, सरकार भी वही बनाएगा और शांता जी का सपना शांत हो गया। अब फिर से राजनाथ हमीरपुर आ रहे हैं। ऐसे में विरोधी खेमा फिर अशांत है।*

# वीरभद्र के समर्थन में फिर चिट्ठी तैयार

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

- **विशेष सत्र के पहले दिन विधायकों से करवाए गए हस्ताक्षर**
- **28 को दिल्ली जाएंगे सीएम, 29 को जमानत याचिका पर सुनवाई**

हिमाचल विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन शुक्रवार को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के समर्थन में विधायकों ने एक पत्र पर हस्ताक्षर किए। विधानसभा अध्यक्ष बुटेल को छोड़कर सभी विधायको ने इस पर साइन किए। इसमें लिखा गया था कि सारा कांग्रेस विधायक दल मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के साथ खड़ा है और कांग्रेस सरकार ये मजबूती कायम रखेगी।

इस पत्र को एक बार फिर हाईकमान को भेजा जाएगा। जब से मुख्यमंत्री के खिलाफ केस चल रहे है, तब से हर विधानसभा सत्र में ऐसे पत्र पर हस्ताक्षर किए जाते है। इस बार भी मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह सत्र के एकदम बाद 28 मई को नई दिल्ली जा रहे हैं। 29 को सीबीआई कोर्ट में उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई है। उनके एलआईसी एजेंट आनंद चौहान की याचिका पर भी इसी दिन सुनवाई है। सभव है ये पत्र भी ले जाकर हाईकमान को दिया जाए।

## आज सदन में आएगा जीएसटी बिल

जीएसटी बिल, जिसके लिए विधानसभा का विशेष सत्र बुलाया गया है, वह शनिवार को सदन मे रखा जाएगा। इस बारे मे मीडिया से बातचीत मे सीएम वीरभद्र सिंह ने कहा कि जीएसटी की शुरुआत पूर्व पीएम डॉ. मनमोहन सिंह ने की थी। उसी समय इसके लिए एक कमेटी बनी थी और सारी प्रक्रिया शुरू हुई थी। संसद से पारित होने के बाद अब सभी विधानसभाओं मे इसे पारित होना है।

# बेहतर परिणाम को कसनी होगी कमर

**सरकारी** स्कूलों में खराब परीक्षा परिणाम का मुद्दा आए दिन सुर्खियां बटोर रहा है। सरकार अध्यापको और अध्यापक सिस्टम की खामियों और रिक्त पदों को इसके लिए जिम्मेदार ठहरा रहे है। वहीं अभिभावक दोनो को कोस रहे हैं। हा यह सच है कि सरकारी स्कूलो के अध्यापको को निजी स्कूलों के शिक्षको से ज्यादा वेतन व सुविधाएं मिलती हैं, लेकिन व्यवस्थागत खामियो और स्कूलो में रिक्त पदो की बात को भी नहीं नकारा जा सकता है। मगर छात्रों को बेहतर शिक्षा प्रदान करना उनका मुख्य दायित्व है। इसका निर्वहन हर हाल मे होना चाहिए। तमाम शिक्षक संघो की बैठकों, धरने-प्रदर्शन और ज्ञापन सौंपने के समाचार अक्सर छपते रहते हैं। ये संघ अपनी मांगो को मनवाने के लिए दबाव समूह के रूप में भी कार्य करते हैं। राजनीतिक दलो को चुनावों मे समर्थन देने, न देने की बात भी कहते हैं। यही नहीं कई बार निर्णायक भूमिका भी निभाते हैं। इसे शिक्षा क्षेत्र की विडंबना ही कहेंगे कि इन बैठको मे शिक्षको की मांगो का ही जिक्र होता है। सरकारी स्कूलो मे शिक्षा के स्तर को कैसे सुधारा जाए, इस पर चर्चा तक नही होती है। इस पर शिक्षक संघो को मंथन करना होगा। उनका ध्यान सुविधाओ की ओर ही नहीं होना चाहिए, उन्हे दायित्व निर्वहन के लिए भी अग्रसर होना होगा। सरकार को भी अध्यापकों के सिर ठीकरा फोड़ने के बजाय अपने कर्तव्य का निर्वहन करना होगा। मसलन शिक्षा व्यवस्था मे सुधार, रिक्त पद भरने और अध्यापकों की जिम्मेदारी तय करनी होगी। यानी बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए बेहतर कार्यप्रणाली की जरूरत है। एक और पहलू भी है कि सरकारी स्कूलों मे बेहतर परिणाम का दायित्व सरकार, शिक्षक वर्ग का ही नही है। अभिभावको की सहभागिता की भी इसमें खासी दरकार है। सरकारी स्कूलों में शिक्षा के स्तर को सुधारने के लिए एक-दूसरे पर दोषारोपण करने से कुछ हासिल नही होगा। इसके लिए अभिभावकों, शिक्षको और सरकार को सामूहिक प्रयास करने होंगे।

27 May,2017 8:42 AM
27 MAY 2017

(85)

# जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही केंद्र सरकार: तिवारी

## ◆ कहा, पाक साफ निकलेंगे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एवं पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने मोदी सरकार के तीन साल पर शिमला में प्रतिक्रिया व्यक्त की है। शुक्रवार को कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए तिवारी ने कहा कि मोदी सरकार केंद्रीय जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से संबंधित केस के बारे में पूछे गए एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह पाक साफ निकलेंगे और इस बार के चुनाव में कांग्रेस की ही जीत होगी।

◆ मोदी सरकार के तीन साल को विफल करार दिया

तिवारी ने कहा कि सीबीआई, ईडी व आईटी मामले में मोदी सरकार के इशारे पर ही जांच एजेंसियां काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने तीन साल के कार्यकाल में आतंक और भय का ही माहौल बनाया है। केंद्र सरकार आंतरिक सुरक्षा की कसौटी पर पूरी तरह से फेल हुई है। भाजपा की मोदी सरकार के पास आंतरिक सुरक्षा के लिए न तो नीयत है और न ही कोई नीति है। कश्मीर में अराजकता का माहौल और जंग की स्थिति बन गई है। उत्तर व मध्य पूर्व में माओवाद के कारण जवान मारे जा रहे हैं।

तिवारी ने कहा कि केंद्र सरकार साम्प्रदायिक सौहार्द बनाने में पूरी तरह फेल रही। सरकार में बैठे लोग और उनके आरएसएस के आकाओं का भारत के मूलभूत सिद्धांतों से कोई लेना-देना नहीं है। आज देश में सभी के दिमाग में भय और आतंक का माहौल बन गया है। केंद्र में पार्ट टाइम रक्षा मंत्री कहते हैं कि कश्मीर में आज जंग जैसी स्थिति है, तो बताएं इसके लिए कौन जिम्मेदार है?

### दो करोड़ का वादा कर दी चार लाख जॉब्स



मनीष तिवारी ने कहा कि नोटबंदी के घातक फैसले से मुल्क आर्थिक तीन फीसदी गिरी है, जिसका असर भारत की अर्थव्यवस्था पर पड़ा है। यूपीए कार्यकाल के समय में डॉलर 58 रुपये पर छोड़ा था और आज तीन साल बाद डॉलर 64 रुपये यानी प्रधानमंत्री मोदी की उम्र के बराबर पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने रोजगार के नाम पर भी छला है। मोदी ने प्रतिवर्ष दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था जबकि तीन साल के कार्यकाल में सिर्फ चार लाख लोगों को ही नौकरियां दी गई। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 36 महीनों में 86 विदेश दौरे किए और परिणाम शून्य ही रहा। मनीष तिवारी ने केंद्र सरकार पर प्रहार करते हुए कहा कि चुनी हुई सरकारों को अलोकतांत्रिक तरीके से गिराने की कोशिश कर रही है। मोदी कहते हैं कि मेरा भाषण ही मेरा शासन है। सिर्फ झूठ ही कहा, कोई उपलब्धि नहीं।

### भाजपा के तीन साल के शासनकाल में हुए 14 बड़े घोटाले

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा कि भाजपा के तीन साल के शासनकाल में 14 बड़े घोटाले हो चुके हैं। व्यापम स्कैम, छत्तीसगढ़ स्कैम, ललित गेट स्कैम, विजय माल्या स्कैम, गुजरात पेट्रोलियम स्कैम, गुजरात लैंड स्कैम, अरुणाचल स्कैम, राजस्थान माइनिंग स्कैम, बिरला व सहारा पेपर स्कैम सहित अन्य हजारों-करोड़ों के घोटाले हो चुके हैं। उन्होंने कहा कि देश को गुमराह करना और भाषण से विकास करना है तो पीएम मोदी के बराबर कोई नहीं है। उन्होंने कहा कि कभी मन की बात तो कभी दिल की बात करते हैं मोदी, लेकिन देश की आंतरिक सुरक्षा व आतंकी हमलों से निपटने के लिए कोई बात नहीं है।

---

### जेपी कंपनी पर सीमेंट ढुलाई की एवज में पैसे न देने का आरोप

# ट्रक ऑपरेटर्स ने विस के बाहर बोला हल्ला

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। शिमला

जेपी कंपनी में सीमेंट ढुलाई कर रहे ट्रक ऑपरेटर्स ने शुक्रवार को विधानसभा के बाहर हल्ला बोला। विधानसभा के विशेष सत्र के पहले दिन चार ट्रक ऑपरेटर्स ने यहां धरना दिया। इस दौरान ऑपरेटरों ने कंपनी पर आरोप लगाया कि कंपनी लंबे समय से ढुलाई के कार्य के एवज में राशि का भुगतान नहीं कर रही है। जनवरी से लेकर मार्च तक का पैसा अभी तक ट्रक ऑपरेटरों को नहीं दिया गया है। ऑपरेटरों का दावा है कि कंपनी पर 28 करोड़ से अधिक की बकाया राशि कंपनी पर देय है। मार्च माह तक की राशि बकाया है। इसके बाद ऑपरेटरों ने हड़ताल कर दी है। इसके बाद से लगातार ही ऑपरेटर हड़ताल कर रहे हैं। यूनियन की मानें तो ऑपरेटरों को परिवार का पालन-पोषण से लेकर वाहनों की किस्तों के भुगतान में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस मसले को लेकर पहले भी चारों ऑपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह से लेकर राज्य सरकार के अन्य पदाधिकारियों से मिले, इसके बावजूद राहत के नाम पर कुछ हासिल नहीं हो रहा है। इस कारण सभी को एकजुट होकर विधानसभा के बाहर पहुंचना पड़ा। इस दौरान मांगल सहकारी परिवहन सभा, बी बिलासपुर जेपी विस्थापित एवं प्रभावित परिवहन सभा, महर्षि मार्कंडेय भूतपूर्व सैनिक सहकारी सभा और कोहनूर सर्वहितकारी परिवहन सहकारी सभा रानी कोटला के सदस्यों ने हिस्सा लिया। राज्य सरकार की ओर से सीएम के आदेशों के बाद गठित कमेटी से अब ऑपरेटरों को काफी उम्मीदें हैं। इस दौरान आंदोलनरत ट्रक ऑपरेटर्स से मिलने के लिए अर्की के विधायक गोविंद राम शर्मा और भाजपा के अन्य विधायक भी पहुंचे।



◆ विधायक गोविंद शर्मा सहित अन्य भाजपा विधायक भी पहुंचे

(86)

27 MAY 2017

# दून विधायक और नप अध्यक्ष के खिलाफ चार्जशीट की तैयारी

## दून में माफिया राज के खिलाफ आंदोलन शुरू करेगी भाजपा

हिमाचल दस्तक ब्यूरो। बद्दी

दून मे माफिया राज के खिलाफ आंदोलन की शुरुआत दून भाजपा चार्जशीट से करेगी। तथ्यों के साथ तैयार चार्जशीट में भाजपा ने दून विधायक राम कुमार चौधरी व नप बद्दी के अध्यक्ष मदन लाल चौधरी पर निशाना साधने की तैयारी की है। विधानसभा चुनाव की सरगर्मियो की बीच दून भाजपा की चार्जशीट क्या नई हलचल पैदा करती है यह 29 मई को सामने आएगा। भाजपा की इस चार्जशीट मे पांच वर्षो के दौरान दून मे कबाड माफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया, वन माफिया, तबादला माफिया, शराब माफिया को फ्रेम कर आरोपो को तथ्यों सहित सरकार को भेजने की तैयारी की है।

भाजपा प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य डॉ श्रीकांत शर्मा ने बताया कि कांग्रेस के शासनकाल मे दून मे जंगल राज रहा है। इसी जंगलराज की पोल खोलने को दून भाजपा 29 मई को संबधित चार्जशीट तहसीलदार के माध्यम से सरकार को भेजेगी। उन्होंने कहा कि पिछले पांच वर्षों मे कबाड़ माफिया, ड्रग माफिया, खनन माफिया, वन माफिया, तबादला माफिया, शराब माफिया और टोल टैक्स के नाम पर जबरन बसूली माफिया, उद्योगपतियों से अवैध चंदा वसूली माफिया समेत दून में जंगल राज फैला है। कांग्रेस कार्यकाल में भ्रष्टाचार बड़े पैमाने पर पनप रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि दून विधायक और नगर परिषद के अध्यक्ष अधिकारियों का डरा कर अपने चहेतो को काम के ठेके दिलवाते हैं। यही नहीं कांग्रेस के कुछ कार्यकर्ता उद्योगपतियो को धमकाकर उद्योगों में कबाड के लिए जबरन काम दिलवाने का दबाव बनाते हैं। क्षेत्र की ऐसी स्थिति बन गई है कि स्वच्छ छवि का अधिकारी और ईमानदार, व्यापारी तथा काम करने वाला उद्योगपति इस श्रेणी के सब लोग दून छोड़ने को मजबूर है और इन्हो कांग्रेसियों के व्यवहार के चलते उद्योगपति पलायन कर रहे हैं।

**✔ 29 को तथ्यो सहित तहसीलदार के माध्यम से सरकार को भेजी जाएगी चार्जशीट**

**✔ दून में माफिया राज को फ्रेम कर आरोप जड़ेगी भाजपा, सरकार से करेगी जांच की मांग**

प्रदेश सदस्य डॉ श्रीकांत शर्मा व जिला भाजपा सचिव बलविंद्र ठाकुर ने कहा कि नगर परिषद मे बिना योजना के काम हो रहे हैं। सड़कों की स्थिति बद से बदतर हो गई है। एक काम को चार-चार बार किया जा रहा है। एमएलए व नगर परिषद अध्यक्ष के समर्थक चांदी कूट रहे हैं। जिन गलियो मे सीवरेज का काम होना था उनमें सीवरेज का काम होने से 3-4 महीने पहले टाइलें लगवाई गई, फिर सीवरेज का काम करने के लिए उन्हें उखाड़ा गया। सरकारी धन का जबरदस्त दुरुपयोग हो रहा है। जब मन करता है तो नगर परिषद नालियो को उखाड देते हैं और जब मन करता है उन्हे बना लेते हैं। लोगों को हाउस टैक्स देने के लिए बाध्य किया जा रहा है जबकि सहूलियतें नाममात्र दी जा रही है।

भाजपा नेताओं ने कहा कि इस बात से अंदाजा लगाया जा सकता है कि बद्दी-साई रोड़ पर स्थित लगभग 4-5 किलोमीटर की मार्केट के लिए न ही विधायक और न रही नगर परिषद अध्यक्ष कोई पीने के पानी की व्यवस्था को उपलब्ध करवा पा रहे हैं और न ही शौचालय की सुविधा मिल पाई है।

बस स्टैंड व यूको बैंक वाला शौचालय अकसर बंद रहता है। क्षेत्र की इन स्थियों को देखकर और कांग्रेसी विधायक तथा नगर परिषद अध्यक्ष द्वारा मनमाने तरीके से काम करने, कांग्रेस समर्थकों द्वारा सरकार को चूना लगाने की संस्कृति, के खिलाफ तथा क्षेत्र मे बढ रही गुंडागर्दी, भ्रष्टाचार, भाई-भतीजावाद के खिलाफ दून भाजपा तहसीलदार के माध्यम से 29 को राज्यपाल को चार्जशीट सौंपेगी।

श्रीकांत शर्मा नें यह भी कहा कि सरकार बनने के बाद विधायक व उनके लोगों के द्वारा किए जा रहे समस्त कार्यों की जाच करवाई जाएगी।

# वर्कशॉप के शोर में ट्रिब्यूनल को टालनी पड़ी सुनवाई

## सचिवालय वर्कशॉप में गाड़ियां धोने से काम प्रभावित

विधि संवाददाता। शिमला

सचिवालय वर्कशॉप में गाड़ियो को धोने के कार्य के चलते प्रदेश प्रशासनिक ट्रिब्यूनल का कार्य बाधित हो रहा है। यही कारण है कि हाईकोर्ट के समक्ष दायर याचिका मे प्रार्थी अधिवक्ता योगेश चंदेल को इस वर्कशॉप मे गाडियो को धोने पर रोक लगाने का आग्रह करना पड़ा। प्रदूषण को रोकने के लिए बनाए गए अधिनियम के दृष्टिगत वायु की गुणवत्ता व माहौल तथा ध्वनि के स्तर को मापने का प्रावधान बना रखा है। इसी प्रावधान व हाईकोर्ट द्वारा इसी तरह के मामले मे जारी निर्देशों के दृष्टिगत इस मामले मे भी कार्यवाही करने हेतु संबधित विभागों को छह सप्ताह का समय दिया था। 16 मार्च 2016 को हाइकोर्ट ने इस याचिका का निपटारा कर दिया था। आज जब ट्रिब्यूनल का कार्य हो रहा था तो गाडियो को धोने वाले उपकरण की ध्वनि के कारण ट्रिब्यूनल का कार्य पूरी तरह से बाधित होता रहा जिस कारण मजबूरन ट्रिब्यूनल को मामलों पर कार्यवाही रोकनी पड़ी। क्योंकि ऐसे वातावरण में मामलो पर सुनवाई सम्भव नहीं थी।

### प्रशासनिक सदस्य न होने से भी काम पर असर

ट्रिब्यूनल मे प्रशासनिक सदस्य का पद काफी समय से रिक्त होने के कारण कार्य प्रभावित हो रहा है। ये पद 18 अप्रैल को हरिंद्र हीरा की सेवानिवृत्ति के बाद खाली हुआ था। सरकार द्वारा अभी तक इस पद को भरने हेतु किसी भी कार्यवाही को अंजाम नहीं दिया जा रहा है। गौरतलब है कि प्रशासनिक प्राधिकरण को 8 जुलाई 2008 को बंद करने के पीछे यह भी एक कारण माना गया था कि प्रशासनिक प्राधिकरण में रिक्त पदो को समय पर भरने के कारण लंबित मामलों की संख्या मे इजाफा हुआ था। हालांकि प्रशासनिक प्राधिकरण के पुनर्गठन के बाद मामलो का अधिक मात्रा मे निपटारा किया गया है, मगर रिक्त पदों को समय पर न भरने के कारण प्राधिकरण उसी स्थिति मे आ सकता है।

**◆ रोक लगाने के लिए अधिवक्ता योगेश को दायर करनी पड़ी याचिका**

दैनिक ट्रिब्यून

27 MAY 2017



शिमला में शुक्रवार को मंडी महोत्सव में परंपरागत वाद्य बजाते कलाकार। -दैनिक ट्रिब्यून

# 'मेस्मराजिंग मंडी' सांस्कृतिक कार्यक्रम शुरू

शिमला, 26 मई (निस)

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने आज शिमला के रिज मैदान पर मंडी जिला की संस्कृति को प्रोत्साहन देने के उद्देश्य से आयोजित 'मेस्मराजिंग मंडी' उत्सव का पारम्परिक 'जलेब' से उद्घाटन किया। इस कार्यक्रम का आयोजन कला, भाषा एवं संस्कृति विभाग तथा जिला प्रशासन मंडी के संयुक्त तत्वावधान में मंडी जिला की संस्कृति, रीति-रिवाजों, खान-पान और परम्पराओं को ज्यादा से ज्यादा लोगों तक पहुंचाने के लिए किया गया।

इस अवसर पर अपने सम्बोधन में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि वह हमेशा अपनी प्राचीन परम्पराओं भाषा एवं संस्कृति के संरक्षण पर बल देते रहे हैं, क्योंकि हमारी पहचान हमारे रीति-रिवाजों और परम्पराओं से ही है।

इस अवसर पर सरकारी विभागों, गैर सरकारी संगठनों और स्वयं सहायता समूहों द्वारा प्रदर्शनी भी लगाई गई, जिसका मुख्यमंत्री ने उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी के माध्यम से दर्शकों को मंडी जिला की संस्कृति के दर्शन होंगे, जिसमें विभिन्न स्टालों में परम्परागत बर्तन व पुरातन काल के वाद्य यंत्र प्रदर्शित किए गए तथा मंडी जिला के खान-पान से जुड़े स्टाल भी लगाए गए हैं।

मुख्यमंत्री ने बताया कि इस तरह का आयोजन प्रत्येक जिला की संस्कृति के प्रोत्साहन के लिए चरणबद्ध तरीके से आयोजित किया जाएगा ताकि सभी जिलों के इतिहास परम्पराओं, रीति-रिवाजों से आम आदमी के साथ-साथ बाहर से आने वाले पर्यटक भी परिचित हो सकें।

इससे पूर्व उन्होंने देव माहुनाग और बाला कामेश्वर देवता को भी शीश नवाया, जिन्हें 'छोटी काशी' कहलाने वाले मंडी से विशेष तौर पर आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर मंडी के मांडव कला मंच के कलाकारों ने रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुति भी दी।

(88)

## विधानसभा के बाहर पिटे विधायक व डीएसपी

शिमला, 26 मई (निस)

शिमला में विधानसभा के बाहर ट्रक आपरेटरों के प्रदर्शन के दौरान एक महिला ने आपा खो दिया और वहां मौजूद एक विधायक और बीच-बचाव कर रहे डीएसपी को चांटा जड़ दिया। इसके बाद घटना स्थल पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। बाद में पुलिस महिला को पूछताछ के लिए थाने ले गई।

विधानसभा का आज विशेष सत्र शुरू हुआ था। बिलासपुर और सोलन में स्थित जेपी उद्योग सोलन-बिलासपुर ट्रक ऑपरेटर समन्वय समिति की ओर से माल-भाड़े को लेकर धरना व प्रदर्शन चल रहा था। इस दौरान सोलन जिले के अर्की क्षेत्र से भाजपा विधायक गोविंद राम प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने पहुंचे। बताया जाता है कि प्रदर्शनकारियों व विधायक के बीच तीखी बहसबाजी शुरू हो गई और देखते ही देखते वहां मौजूद एक महिला ने विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। इस दौरान डीएसपी सिटी राजेंद्र कुमार की ओर से महिला को रोकने का प्रयास किया गया तो महिला ने डीएसपी पर भी चांटा जड़ दिया।

दैनिक ट्रिब्यून 27 MAY

## हिमाचल विधानसभा का विशेष सत्र आरम्भ

### कर्ण सिंह को सदन ने दी श्रद्धांजलि

शिमला, 26 मई (निस)

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र आज शिमला में आरम्भ हो गया। यह सत्र जीएसटी बिल को प्रदेश विधानसभा की मंजूरी देने के लिए बुलाया गया है। सत्र के पहले दिन आज सदन में अपने दिवंगत मंत्री कर्ण सिंह को याद कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। सदन ने पूर्व विधायक मूल राज पाधा को भी श्रद्धांजलि दी और दोनों सदस्यों के सम्मान में दो मिनट का मौन भी रखा।

सदन की बैठक आरम्भ होते ही मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सदन में शोक प्रस्ताव प्रस्तुत किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि कर्ण सिंह की सेवाओं प्रदेश लम्बे समय तक याद रखेगा। कर्ण सिंह का बीते 12 मई को निधन हो गया था। मुख्यमंत्री ने मूल राज पाधा को भी श्रद्धांजलि दी। विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने भी दोनों के निधन पर शोक जताया।

विपक्ष के नेता प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह ने दलगत राजनीति से ऊपर उठकर मित्रता की और यही उनका काम करने का भी अंदाज था।

दैनिक ट्रिब्यून 27 MAY 2017

# मोदी का शासन केवल उनका भाषण

## 3 वर्षों में हर मोर्चे पर भाजपा नीत सरकार को विफल बताया

शिमला, 26 मई (निस)

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा है कि केंद्र की



एनडीए सरकार बीते तीन सालों में हर मोर्चे पर विफल रही है। केंद्र सरकार के खिलाफ चलाए जा रहे अपने राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत आज शिमला मे एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि इन तीन सालों में एक बात सही साबित हुई है वह है कि नरेंद्र मोदी का प्रशासन और शासन केवल उनका भाषण है।

मनीष तिवारी ने कहा कि आज देश की अर्थव्यवस्था का बुरा हाल है और नौजवानों को रोजगार नहीं मिल रहा है। आज देश की आंतरिक सुरक्षा के परखचे उड़ गए हैं तथा कश्मीर में अराजकता का माहौल है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पूरे देश में समप्रदायिक सौहार्द को पूरी तरह से कुचल कर रख दिया है। तिवारी ने यह भी कहा कि खासकर अंतराष्ट्रीय स्तर पर चीन और पाकिस्तान को लेकर भारत की कोई नीति ही नहीं है। विदेश नीति मामले में मोदी सरकार बुरी तरह विफल हुई है।

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा शासित राज्यों में भ्रष्टाचार के कई बड़े मामले उजागर हुए हैं लेकिन उन पर कुछ नहीं किया जा रहा।

### हाईकमान वीरभद्र के साथ

मनीष तिवारी ने कहा कि कांग्रेस हाईकमान मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के साथ है। उन्होंने कहा कि वीरभद्र सिंह एक षड्यंत्र का शिकार हुए हैं और ऐसे षड्यंत्र विपक्ष के नेताओं के खिलाफ लगातार किए जा रहे हैं। तिवारी ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार अपनी सत्ता और मशीनरी का दुरुपयोग कर रही है, अपनी एजेंसियों को उसने विपक्षी नेताओं के पीछे लगा रखा है। ऐसा ही कुछ वीरभद्र सिंह के साथ भी है।

# बेदाग है मोदी सरकार भ्रष्टाचार पर कसी नकेल

शिमला (निस) : केंद्रीय मानव संसाधन मंत्री प्रकाश जावड़ेकर ने



कहा है कि केंद्र की मोदी सरकार बेदाग है और बीते तीन सालों में न केवल इस सरकार ने भ्रष्टाचार पर नकेल कसी है बल्कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा है। जावडेकर आज शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते तीन सालों में देश को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार दी है। जावडेकर ने मोदी सरकार के तीन वर्ष के कार्यकाल को बेहद सफल करार दिया। जावडेकर ने कहा कि राज्य में इस वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव में भाजपा सत्तासीन होगी, क्योंकि राज्य की जनता बदलाव का बड़ी बेसब्री से इंतजार कर रही है। उन्होंने कहा कि राज्य की जनता भ्रष्टाचार से छुटकारा पाना चाहती है।

केंद्रीय मंत्री ने केंद्रीय विश्वविद्यालय कांगड़ा की स्थापना को लेकर राज्य सरकार पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को इस मामले पर अपनी औपचारिकताएं पूरी करनी है वह नहीं की जा रही। जावडेकर ने कहा कि राज्य की कांग्रेस सरकार केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रति गंभीर नहीं है। केंद्र ने देहरा और धर्मशाला में इस विश्वविद्यालय के कैंपस को लेकर सैद्धांतिक स्वीकृति दे दी थी, लेकिन इसके बाद राज्य सरकार ने पर्यावरण मंजूरी को लेकर जो पैसे जमा करने थे वे जमा नहीं किए गए और इस कारण केंद्र से स्वीकृति नहीं मिली।

# जी एस टी राजग की नहीं बल्कि यूपीए सरकार की उपलब्धि है : वीरभद्र सिंह

## कहा, प्रदेश कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव विस चुनाव के बाद होने चाहिए

**शिमला/रणदेव**

मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव विधान सभा चुनाव के बाद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्व विद्यालय के कैंपस के निर्माण के मकसद से वन मंत्रालय से मंजूरी का केस देहरादून भेजा गया है। सरकार केंद्रीय विश्व विद्यालय के लिए तमाम जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश कर रही है। जीएसटी राजग सरकार की नहीं, बल्कि डॉ मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की उपलब्धि है। मोदी सरकार चल रही है, केंद्रीय मंत्री अगर प्रदेश में आते हैं तो हम उनकी मेहमानवाजी करते हैं। वीरभद्र सिंह विधान सभा परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

**» विधान सभा जीएसटी बिल आज पारित करेगी**



उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन के चुनाव का जो कार्यक्रम तय किया गया है। विधान सभा चुनाव भी सिर पर हैं। मैं समझता हूं कि विधान सभा चुनाव के बाद संगठन के चुनाव होने चाहिए, अथवा इन्हें पहले करवाया जाना चाहिए था।

जीएसटी के मुद्दे पर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी बिल को विधान सभा भी शनिवार को पारित करेगी। कहा कि जीएसटी विधेयक कांग्रेस सरकार के वक्त संसद में लाया गया। लंबी चर्चा के बाद इसे पारित किया गया। देश के अन्य राज्यों ने भी इसे विधान सभाओं में पारित किया है। उन्होंने इसे पूर्व यूपीए सरकार की उपलब्धि बताया।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा केंद्रीय विश्व विद्यालय के कैंपस निर्माण का ठीकरा राज्य सरकार के सिर फोड़ने की कोशिश को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इसके लिए जमीन चिन्हित कर दी है। केंद्रीय टीम निरीक्षण कर लौट गई है। एफसीए की मंजूरी का मामला देहरादून भेजा गया है। सरकार कैंपस की जल्द स्थापना के लिए प्रयासरत है।

# मंत्री कौल, अनिल गेयटी में मंडी संबंधी फोटो प्रदर्शनी देख अभिभूत हुए

## प्रदर्शनी को देखने दर्शकों का हजूम उमड़ा

**मंडी/हेमकांत कात्यायन**



शिमला में शुक्रवार से शुरू हुए मंडी उत्सव जिसका शुभारंभ मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने किया में फोटो प्रदर्शनी में मंडी से संबंधित मंत्री ठाकुर कौल सिंह व अनिल शर्मा भी दलबल के मंडी पहुंचे तथा अपने ही जिले को इस तरह से एक छत के नीचे पाकर अभिभूत हुए। प्रदर्शनी में मौजूद हिमाचल दर्शन फोटो गैलरी मंडी के एक प्रतिनिधि चमन ने बताया कि पहले ही दिन प्रदर्शनी को देखने के लिए दर्शकों का हजूम उमड़ पड़ा। इधरए मंडी से जुड़े छायाचित्रों को प्रदर्शित करने के लिए टेबरन हाल छोटा पड़ गया। मंडी के इस अद्भुत व अभूतपूर्व दर्शन के बारे में बीरबल शर्मा ने बताया कि इस प्रदर्शनी में मंडी जिले के हर पहलू को अलग अंदाज में दर्शाया गया है। दर्शकों के रोमांच को देख कर इसका सहसा ही अहसास हो जाता है। मंडी उत्सव के दौरान यह प्रदर्शनी जारी रहेगी और 31 मई को इसका समापन होगा। गौरतलब है कि इससे पहले मई 2012 में बीरबल शर्मा के छायाचित्रों पर आधारित वाह हिमाचल के नाम से प्रदर्शनी लगी थी जिसे दर्शकों की मांग पर चार दिन से बढ़ाकर 6 दिन किया गया था। इसे देश विदेश से आए हजारों दर्शकों ने अभूतपूर्व माना था। बीरबल शर्मा ने शिमला जाने वाले व शिमला में रहने वाले मंडी जिले के तमाम लोगों से आंग्रह किया है कि वह अपने जिले की विविध संस्कृति कुदरती सौंदर्य इतिहास प्राचीन मंदिर पुराने छायाचित्रों व हर पहलू को देखने के लिए गेयटी थियेटर के टेबरन हाल में आएं। लगभग 100 बड़े छायाचित्रों के अलावा यहां पर मंडी जिले की विविधिता को दर्शाती आधा दर्जन फोटो बुक भी रखी गईं हैं।

उत्तम हिन्दू

2 MAY 2017

विस अधिवेशन का पहला दिन

# कर्ण सिंह और विधायक पाधा को श्रद्धांजलि देने के बाद सदन स्थगित

शिमला/ रणदेव

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का दो दिवसीय विशेष अधिवेशन आज शोकाआतुर माहौल में शुरू हुआ, जिसमें हाल ही में दिल्ली में ए स संस्थान में स्वर्गवास हुए सहकारिता मंत्री कर्ण सिंह तथा पिछले अधिवेशन के बाद जिला कांगड़ा के पूर्व विधायक मूल राज पाधा को श्रद्धांजलि दी गई और दो मिनट का मौन रखा गया। सदन के नेता मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कर्ण सिंह के परिवार से संवेदना व्यक्त करते हुए उनके गुणों को उजागर किया और कहा कि कर्ण सिंह न केवल मृदुभाषी थे, बल्कि दीन-हीन लोगों के प्रति विशेष लगाव रखते थे। वह दो बार बंजार से निर्वाचित हुए। वह भाजपा शासनकाल में भी मंत्री रहे थे।

दोनों पक्षों की ओर से लगभग 12 सदस्यों ने दिवंगत मंत्री के गुणों का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने हमेशा ही अपने चुनाव क्षेत्र के विकास की ओर ध्यान दिया। दिवंगत मंत्री के शोकादगार में शामिल होने वालों में वीरभद्र सिंह के अतिरिक्त विपक्ष के नेता प्रेम कुमार धूमल, परिवहन मंत्री जीएस बाली, सतपाल सिंह सत्ती, कौल सिंह ठाकुर, गुलाब सिंह, राकेश कालिया व कुलदीप कुमार शामिल थे। महेश्वर सिंह जो उनके बड़े भाई थे, ने रघुनाथ मंदिर के सरकारीकरण को लेकर



यद्यपि उनके मतभेद थे, लेकिन महेश्वर ने स्वर्गीय कर्ण सिंह के प्रति स्नेह प्रकट किया और कहा कि उन्होंने कभी भी उनके साथ दुर्व्यवहार नहीं किया। विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने भी दोनों ओर से प्रकट शोकादगार में अपने आपको शामिल किया। इसके बाद सदन कल के लिए स्थगित हो गया। सदन की कार्रवाई आज लगभग एक घंटे तक चली। सदन में कल जीएसटी बिल को अनुमोदित किया जाएगा।

# प्रदेश को गुणात्मक शिक्षा पर राष्ट्र व्यापी सर्वेक्षण में प्रथम स्थान

शिमला/रणदेव

स्टेटस ऑफ एजुकेशन रिपोर्ट के वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश को भाषा व गणित दक्षता में राज्यों में प्रथम आंका गया है। हिमाचल प्रदेश में न केवल दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में अच्छी तरह से पढ़ पाने वाले बच्चों की दर सर्वाधिक है। बल्कि पांचवीं कक्षा के विद्यार्थियों में कहानियों को पढ़ पाने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर भी राज्य को प्रथम स्थान मिला है। यह जानकारी शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने आज यहां दी। प्रवक्ता ने कहा कि पांचवीं कक्षा की श्रेणी में दक्षता के आधार पर हिमाचल प्रदेश देश में गणित विषय में भी प्रथम आंका गया है। यह उपलब्धि बेहद सराहनीय हैए क्योंकि इसे हासिल करने में प्रदेश ने केरल जैसे बहुशिक्षित राज्य को भी पीछे छोड़ दिया है। उन्होंने कहा कि एएसईआर के अनुसार भाषा में हिमाचल के सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 65ण्3 प्रतिशत हैए जो कि 41.6 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से कहीं अधिक है। गणित में हिमाचल प्रदेश में सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर 47.4 प्रतिशत हैए जो कि 21.1 प्रतिशत की राष्ट्रीय दर से अधिक है। उन्होंने कहा कि इन परिणामों को देखकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए गए हैं।

**» हिमाचल ने शिक्षा में केरल को पछाड़ा**

प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व सार्थ परिवर्तन के लिए ष्सामर्थ्यष् नामक कार्यक्रम विशेष तौर पर सराहा गया है। उन्होंने कहा कि ष्सामर्थ्यष् प्रदेश व्यापी कार्यक्रम हैए जो राज्य में प्रारम्भिक राजकीय स्कूलों में शिक्षा के प्रबन्धन तथा प्रदान करने में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। केवल शिक्षा पर ध्यान न केन्द्रित करते हुए यह कार्यक्रम शिक्षा के सभी पहलुओं में बदलाव पर भी कार्य करता हैए जिससे राज्य में सभी सरकारी स्कूली छात्रों को शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। प्रवक्ता ने कहा कि राज्य की समीक्षा तथा देखरेख प्रणाली को पूरी तरह रूपांतरित किया गया है। पूर्व की तरह केवल बैठकों में शामिल होने की बजाय विभाग द्वारा राज्य तथा जिला स्तर पर प्रति माह महत्वपूर्ण जानकारी की आदान-प्रदान के लिए बैठकों का नियमित आयोजन करवाया गया है। समस्याओं के कारणों का पता लगाने तथा उनके निदान के लिए जिला व खण्ड अधिकारी निदेशक ;प्रारम्भिकद्ध तथा राज्य परियोजना निदेशक (एसएसए/आरएमएसए) से नियमित तौर पर मिलते रहते हैं। शिक्षा क्षेत्र में ष्खास शिक्षाष् नामक सरकार के विशेष अभियानए जिसमें शिक्षकए मुख्य शिक्षकए प्रधानाचार्य इत्यादि को सराहनीय काम के लिए सम्मानित किया जाता हैए से भी इस उपलब्धि को हासिल करने में सहायता मिली है।



27 May,2017 8:42 AM

(91)

(92)

उना हिन्दू

27 MAY 2017

# मोदी फंड से बदलेगी गांव के विकास की तस्वीरः सत्ती



**ऊना/ममता मनोट**

राज्य भाजपा के अध्यक्ष व सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा की देश में पहली बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पंचायतों को सीधे विकास के लिए धन भेजने का प्रावधान किया है। शुक्रवार को जारी बयान में सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि 14वें वित्त आयोग के तहत मोदी सरकार ने ऊना सदर विधानसभा क्षेत्र की 35 पंचायतों के लिए 4 करोड़ 57 लाख 34 हजार 826 रुपये की मदद विकास कार्यों के लिए सीधे ग्राम पंचायतों को भेजी है। सत्ती ने कहा कि पंचायतों में जनता इस धन को मोदी फंड के नाम से जानती है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत को जरूरत अनुसार लाखों रुपए में धन 8 किश्तों में मिल चुका है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग व जिला प्रशासन इस पैसे को समयबद्ध ढंग से फील्ड में लगाने का प्रावधान करना चाहिए, ताकि पंचायतों में विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें। सतपाल सत्ती ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से लालसिंगी को 17 लाख, अरनियाला लोअर 13 लाख, अरनियाला अपर को 15 लाख, मलाहत 18लाख, बसोली को 16 लाख, टब्बा को 34लाख, बहडाला को 30 लाख, भडोलिया कलां कला को 7 लाख, रामपुर को 14 लाख, कोठर कलां को 7 लाख, कुठर खुर्द को 4 लाख, अबादा बराना को 6 लाख, जनकौर को 13 लाख, सुनहेरा को चार लाख, नंगड़ा को 17 लाख, बढ़ेहर 11 लाख, झुड़ोवाल को 15 लाख, लमलेहड़ा को 4 लाख मिले है। इसके अलावा सांसन 8 लाख, चडतगढ़ को 15 लाख, फतेहपुर 6 लाख, खानपुर को 8 लाख, देहलां लोअर 20 लाख, देहलां अप्पर को 25 लाख, जखेड़ा को 15 लाख, बनगढ़ को 20 लाख, भटोली को 14 लाख, मैहतपुर को 10 लाख, रायपुर सहोड़ा 24 लाख, अजौली को 15 लाख, बीनेवाल को सात लाख, मलूकपुर को 3 लाख, मजारा को 13 लाख, सनौली को 15 लाख, उदयपुर को 4 लाख के करीब की राशि केंद्र सरकार से विकास कार्यों के लिए प्राप्त हुई है। सती ने कहा कि केंद्र की नरेंद्र मोदी सरकार सबका विकास सबका साथ लक्ष्य लेकर आगे चल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास को रोकने का काम प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है। केंद्र सरकार से प्राप्त पैसे को खर्च करने में अनुमति देने के लिए कई बहाने लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए मिले धन का समय पर प्रयोग सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। सत्ती ने कहा कि सदर को विकास कार्यों का आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा।

# वीरभद्र भ्रष्टाचार मामले में पाक साफ निकलेंगे : मनीष तिवारी

**शिमला/रणदेव**

हिमाचल के मु यमंत्री वीरभद्र सिंह कथित भ्रष्टाचार के मामले में अदालत से पाक साफ निकलेंगे। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से कार्य कर रही है । प्रदेश के मु यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई भी इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण है । हिमाचल में अथाह विकास हुआ है। प्रदेश में विकास के नाम पर फिर से कांग्रेस सत्ता में आएगी । यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने पत्रकारों के पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कही । उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने राजनैतिक विरोधियों के खिलाफ राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए केंद्रीय जांच एजैंसियों को दुरुप्रयोग कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ई.डी., सी.बी.आई. और इनकम टैक्स का प्रयोग आज विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है। मनीष तिवारी ने कहा कि मु यमंत्री वीर द्र सिंह के खिलाफ जो मामला बनाया गया है, उसको लेकर अदालत में चार्जशीट दायर कर ली गई है। ऐसे में जब तक अदालत से आरोप तय नहीं हो जाते है तब तक उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना सहीं नहीं है।



उन्होंने कहा कि उन्हे पूरा विश्वास है कि मु यमंत्री वीर द्र सिंह अदालत से पाक-साफ होकर निकलेगें। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने एक [illegible] में कहा कि हिमाचल में कांग्रेस सरकार विकास के नाम पर ही चुनाव में जनता के बीच जाएगी।

(93)

दैनिक सवेरा टाइम्स 27 MAY 2017

# शिमला के रिज पर मंडी की संस्कृति झलकी

## ढोल नगाड़ों के साथ हुआ मंडी उत्सव का आगाज ➤ देव माहूनाग टारना, देव बालाकामेश्वर भी पधारे शिमला





मंडी उत्सव का देव पूजन से शुभारंभ करते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह। (मध्य) देवी-देवताओं की निकाली पालकी में भाग लेते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व अन्य तथा (दाएं) मंडी उत्सव में लगाई प्रदर्शनी को देखते मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह, स्वास्थ्य मंत्री कौल सिंह ठाकुर, पंचायती राज मंत्री अनिल शर्मा व अन्य अधिकारी। (ओम)

शिमला, 26 मई (चंद्रिका) : मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव का शुक्रवार को शिमला में ढोल नगाड़ों के साथ आगाज हुआ। इस अवसर पर बतौर मुख्यातिथि पहुंचे मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह का स्वागत रिज मैदान पर पारंपरिक वाद्य यन्त्रों और मंडी के लोक नृत्य के साथ किया गया। रिज मैदान पर पारंपरिक वेशभूषा में कलाकारों ने

### मंडी के पारंपरिक पकवानों का लोगों ने चखा स्वाद

खूब रंग जमाया। इस अवसर पर मंडी से शिमला विशेष तौर पर पधारे मंडी के देव माहूनाग टारना और देव बाला कामेशवर की पालकी के समक्ष लोग श्रद्धा से नतमस्तक हुए। दोनों देवता के शिमला पधारने पर जिला प्रशासन ने स्वागत किया। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने भी देवताओं के समक्ष माथा टेका।

मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव के तहत रिज मैदान पर विभिन्न वस्तुओ के स्टॉल लगाए गए हैं जिसमें मंडी के पारंपरिक पकवान, प्राचीन समय में प्रयोग मे आनी वाली चीजे, वाद्य यन्त्रों, लकड़ी से बनाई गई कलाकृतियां, हाथों से तैयार की गई ऊनी शॉल, मफलर, स्टॉल, स्वेटर, जूट के बैग के स्टॉल, आदि के स्टॉल सजाए गए हैं। शिमला घूमने आ रहे इन दिनो पर्यटकों के लिए भी मंडी जिला की सांस्कृतिक झलक महोत्सव आकर्षण का केंद्र रहा। कार्यक्रम शुरू होते ही स्थानीय लोगों से लेकर पर्यटको ने भी यहा का अवलोकन किया और मंडी के पारंपरिक पकवान लूची चना, बाबरू, भल्ले, झोल पकौड़ी, रोड़ु आदि पकवानो का भी लुत्फ उठाया।

### प्राचीन वाद्य यंत्रों का भी लगाया स्टॉल

रिज पर लगे विभिन्न स्टॉलो में एक ऐसा स्टॉल भी है जहां प्राचीन वाद्य यंत्रों को रखा गया है। यहां प्राचीन लोक वाद्य सारंगी, पुराने समय में पानी, लस्सी और पेय पदार्थ रखने के लिए प्रयोग मे लाया जाने वाला बर्तन, देवालयों व लोक संस्कृति मे प्रयोग में लाया जाने वाला नगाड़ा आदि वस्तुएं भी रखी गई है। खास बात ये है कि यहां रखी गई प्रत्येक वस्तुओ के साथ इसके बारे मे जानकारी भी दी गई है।

दैनिक सवेरा टाइम्स 27May,2017 8:42AM
27 MAY 2017

# विधानसभा चुनाव के बाद होने चाहिए संगठनात्मक चुनाव : वीरभद्र सिंह

शिमला, 26 मई (धनंजय शर्मा) : मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा है कि प्रदेश में कांग्रेस के संगठनात्मक चुनाव विधानसभा चुनाव के बाद होने चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस के निर्माण के मकसद से वन मंत्रालय से मंजूरी का केस देहरादून भेजा गया है। सरकार केंद्रीय विश्व विद्यालय के लिए तमाम जरूरी औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश कर रही है। जीएसटी राजग सरकार की नहीं, बल्कि डा. मनमोहन सिंह के नेतृत्व वाली यूपीए सरकार की उपलब्धि है। मोदी सरकार चल रही है, केंद्रीय मंत्री



अगर प्रदेश में आते हैं तो हम उनकी मेहमानवाजी करते हैं। वीरभद्र सिंह विधान सभा परिसर में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में कांग्रेस संगठन के चुनाव का जो कार्यक्रम तय किया गया है। विधानसभा चुनाव भी सिर पर हैं। मैं समझता हूं कि विधानसभा चुनाव के बाद संगठन के चुनाव होने चाहिए, अथवा इन्हें पहले करवाया जाना चाहिए था।

- **सीयू कैंपस निर्माण को देहरादून भेजा एफसीए का मामला**
- **सरकार तमाम औपचारिकताएं पूरी करने की कोशिश में**
- **जीएसटी राजग सरकार की नहीं, यूपीए की उपलब्धि**

जीएसटी के मुद्दे पर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार के जीएसटी बिल को विधानसभा भी शनिवार को पारित करेगी। कहा कि जीएसटी विधेयक कांग्रेस सरकार के वक्त संसद में लाया गया। लंबी चर्चा के बाद इसे पारित किया गया। देश के अन्य राज्यों ने भी इसे विधान सभाओं में पारित किया है। उन्होंने इसे पूर्व यूपीए सरकार की उपलब्धि बताया।

केंद्रीय मंत्री प्रकाश जावड़ेकर द्वारा केंद्रीय विश्वविद्यालय के कैंपस निर्माण का ठीकरा राज्य सरकार के सिर फोड़ने की कोशिश को लेकर पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने इसके लिए जमीन चिन्हित कर दी है। केंद्रीय ▶ शेष पृष्ठ 2 पर

## विधानसभा चुनाव...

टीम निरीक्षण कर लौट गई है। एफसीए की मंजूरी का मामला देहरादून भेजा गया है। सरकार कैंपस की जल्द स्थापना के लिए प्रयासरत है।

मोदी सरकार की उपलब्धियों पर पूछे जाने पर मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चल रही है। एक अन्य सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि केंद्रीय मंत्री अथवा राष्ट्रीय नेता हिमाचल में आएं तो हम उनका स्वागत व आवाभगत करते हैं। कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय नेता भी आने वाले दिनों में हिमाचल प्रवास करेंगे।

# शिमला में महिला ने विधायक व डीएसपी को जड़े थप्पड़

शिमला, 26 मई (देवेंद्र वर्मा) : शिमला में विधानसभा के बाहर ट्रक आपरेटरों के प्रदर्शन दौरान एक महिला ने पहले विधायक को थप्पड़ जड़ दिया। विधायक को थप्पड़ पड़ते ही जब बीच बचाव करने डीएसपी पहुंचे तो डीएसपी को भी एक थप्पड़ रसीद कर दिया। विधायक व डीएसपी को थप्पड़ मारने की इस घटना के बाद घटनास्थल पर माहौल तनावपूर्ण हो गया। पुलिस बल ने आनन फानन में थप्पड़ जड़ने वाली महिला को पकड़ा और उसे बालुगंज थाना ले गए। विधायक व डीएसपी को थप्पड़ मारने वाली महिला पीडब्ल्यूडी में बेलदार बताई जा

- **विधानसभा के बाहर पेश हुई घटना**
- **पीडब्ल्यूडी की बेलदार महिला पर मामला दर्ज**

रही है। विधायक व डीएसपी की शिकायत पर बालुगंज थाना पुलिस में महिला के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। विधानसभा के बाहर इस घटना को लेकर दरअसल हुआ यूं कि शुक्रवार को विधानसभा का विशेष सत्र शुरू हुआ। सोलन व बिलासपुर स्थित जेपी उद्योग सोलन-बिलासपुर ट्रक आसपुर जिला की सीमा पर स्थित जेपी उद्योग सोलन-बिलासपुर ट्रक

### क्या कहते हैं शिमला पुलिस अधीक्षक

**शिमला पुलिस अधीक्षक डीडब्ल्यू नेगी का कहना है कि विधायक व डीएसपी के साथ हुई घटना को लेकर बालुगंज थाना में महिला के खिलाफ मामला दर्ज कर दिया गया है। पुलिस इस मामले में छानबीन कर रही है।**

ऑपरेटर समन्वय समिति की ओर से माल-भाड़े को लेकर धरना व प्रदर्शन चल रहा था। इस दौरान सोलन जिला के एक विधायक प्रदर्शनकारियों से बातचीत करने पहुंचे। प्रदर्शनकारियों ▶ शेष पृष्ठ 2 पर

## शिमला में महिला...

व विधायक के बीच तीखी बहसबाजी शुरू हो गई और देखते ही देखते वहां मौजूद एक महिला ने विधायक को थप्पड़ जड़ दियां। इस दौरान जब डीएसपी की ओर से महिला को रोकने का प्रयास किया गया, तो महिला ने डीएसपी को भी थप्पड़ जड़ दिया। विधायक व डीएसपी को थप्पड़ मारने वाली महिला सोलन के शालाघाट की रहने वाली बताई जा रही है। महिला लोकनिर्माण विभाग में बतौर बेलदार कार्यरत है।

96

27 MAY 2017

# प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ ने किया मुख्यमंत्री को सम्मानित

- वेतन बढ़ोतरी पर मुख्यमंत्री वीरभद्र का जताया आभार
- पैट शिक्षकों की मांगों पर विचार करेगी सरकार : वीरभद्र

शिमला, 26 मई (पंजाब) प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ को मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने उनकी समस्याओं का समाधान करने का आश्वासन दिया है। पीटरहॉफ में आयोजित प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ का सम्मेलन आयोजित किया गया। सम्मेलन में आए हजारों की संख्या में पैट शिक्षकों ने भाग लिया। पैट शिक्षकों की नियमितिकरण की मांग को लेकर मुख्यमंत्री ने उन्हें आश्वस्त किया कि इस पर विचार किया जाएगा लेकिन पैट शिक्षकों को रैगुलर शिक्षकों की तरह ही सुविधा दी जाएगी।

मुख्यमंत्री ने पैट शिक्षकों को आश्वस्त किया कि उनकी जायज मांगों को लेकर जल्द अधिसूचना जारी की जाएगी। इससे पहले प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ ने वेतन वृद्धि के लिए मुख्यमंत्री को सम्मानित भी किया।

सम्मेलन में मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के साथ प्रदेश युवा कांग्रेस अध्यक्ष विक्रमादित्य सिंह ने भी शिरकत की। भारी बारिश के चलते सम्मेलन आधा घंटा भी नहीं चल पाया। कई शिक्षकों ने बारिश से बचने के लिए [illegible] का सहारा लिया तो वहीं मुख्यमंत्री भी थोड़ी देर ही बोल पाए।

हजारों की संख्या में सम्मेलन में पहुंचे शिक्षकों ने वीरभद्र सिंह को 7वीं बार मुख्यमंत्री बनाने की [illegible] की। प्राथमिक सहायक अध्यापक संघ के [illegible] मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने आगे भी चुनावों में कांग्रेस पार्टी का साथ देने का वादा [illegible]। उन्होंने कहा कि [illegible] मुख्यमंत्री तथा [illegible] कांग्रेस पार्टी को समर्थन मिलेगा। पीएटी के राज्य अध्यक्ष नारायण हिमराल ने मुख्यमंत्री तथा अन्य गणमान्यों का इस अवसर पर स्वागत किया।

### कांग्रेस सरकार सदैव [illegible] रखती है : मुख्यमंत्री

सम्मेलन में मुख्यमंत्री ने कहा कि कांग्रेस सरकार सदैव न्याय में विश्वास रखती है और सरकार ने शिक्षकों की मानदेय बढ़ाने की मांग को पूरा किया है। उन्होंने कहा कि इस [illegible] में अधिसूचना भी जारी [illegible]। [illegible] कि राज्य सरकार [illegible] समुदाय के कल्याण को सदैव सुनिश्चित करती आ रही है तथा विशेषकर सीमित आय वाले शिक्षकों का पूरा ध्यान रखा गया है। राज्य सरकार ने [illegible] अथवा वैश्विक [illegible] की [illegible] मांगों के प्रति [illegible] तथा इनमें से [illegible] भी किया है [illegible] कि कांग्रेस सरकारों ने सभी [illegible] न्याय किया है, [illegible] इसके विपरीत भाजपा [illegible] की राजनीति करती आ रही है।

27 MAY 2017

# केंद्र सरकार आंतरिक सुरक्षा की कसौटी पर फेल

## कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने बोला मोदी सरकार पर हमला

### भाजपा के पास आंतरिक सुरक्षा के लिए न नीयत है न नीति



शिमला, 26 मई (देवेंद्र वर्मा) : भारत में मोदी सरकार ने 3 साल के कार्यकाल में आतंक और भय का ही माहौल बनाया है। केंद्र सरकार आंतरिक सुरक्षा की कसौटि पर पूरी तरह से फेल हुई है। भाजपा की मोदी सरकार के पास आतंरिक सुरक्षा के लिए न तो नीयत है और न ही कोई नीति है। कश्मीर में आराजकता का माहौल और जंग स्थिति बन गई है। उत्तर व मध्य पूर्व में माओवाद के कारण जवान मारे जा रहे हैं। केंद्र की मोदी सरकार आज फिर 1947 की लड़ाई लड़ने के मूड में है। केंद्र सरकार के 3 साल के कार्यकाल में देश में 14 बड़े घोटाले हुए हैं। केंद्र की मोदी सरकार पर यह हमला कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने किया है। शिमला में एक पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए मनीष तिवारी ने कहा कि सरकार के आज 3 साल पूरे हुए हैं। किसी भी सरकार का आंकलन 5 बिंदुओं पर किया जा सकता है। इसके अनुरूप मोदी सरकार पूर्ण रूप से विफल रही है। आज देश में सभी के दिमाग में एक भय और आतंक का माहौल बन गया है। केंद्र में पार्ट टाइम रक्षामंत्री कहते हैं कि कश्मीर में आज जंग जैसी स्थिति है, तो बताएं इसके लिए कौन जिम्मेदार है।

कांग्रेस प्रवक्ता ने कहा कि वित्तीय स्थिति में 2013-14 में वृद्धि दर 8.09 प्रतिशत थी जो 15-16 में 7.01 फीसदी रह गयी जबकि आज महज 5.10 प्रतिशत पर पहुंच गई है। जबकि यूपीए सरकार के समय 10 साल के दौरान 8.8 फीसदी की दर से बढ़ रही थी। मनीष तिवारी ने कहा कि नोटबंदी के घातक फैसले से मुद्रा आपूर्ति 3 फीसदी से गिरी है जिसका असर भारत की अर्थव्यस्था पर पड़ा। यूपीए कार्यकाल के समय में डॉलर 58 रुपए पर छोड़ा था और आज 3 साल बाद डालर 64 रुपए यानि प्रधानमंत्री मोदी की उम्र के बराबद पहुंच गया है। उन्होंने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार ने रोजगार के नाम पर भी छला है। मोदी ने प्रतिवर्ष 2 करोड़ नौकरी देने का वादा किया था जबकि तीन साल के कार्यकाल में सिर्फ 4 लाख लोगों को ही नौकरियां दी गई। कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने कहा कि 36 महीनों में 36 विदेशी दौरे किए परिणाम शून्य ही रहा। जरूरत पर कोई देश भारत के साथ खड़ा नहीं है। पाकिस्तान ने 36 महीने में 36 बार पॉलिसी पर समर सॉल्ट मारा होगा। मोदी बिन बुलाए पाकिस्तान पहुंच गए थे और 1.5 साल बाद उनके मंत्री कहते हैं कश्मीर में जंग की स्थिति है, केंद्र सरकर की नाकामियों के कारण 70 साल में पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सुरक्षा समिति में भारत को मूंह की खानी पड़ी।

मनीष तिवारी ने केंद्र सरकार की घेराबंदी करते हुए कहा कि मोदी सरकार चुनी हुई सरकारों को अलोकतांत्रिक तरिके से गिराने की कोशिश कर रही है। मोदी का मेरा भाषण ही मेरा शासन है। सिर्फ झूठ ही कहा, कोई उपलिब्ध नहीं।

### भाजपा के 3 साल के शासनकाल में 14 बड़े घोटाले

कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने कहा कि भाजपा के तीन साल के शासनकाल में 14 बड़े घोटाले हो चुके है। व्यापम स्कैम, छत्तीसगढ़ स्कैम, ललित गेट स्कैम, विजय माल्या स्कैम, गुजरात पेट्रोलियम स्कैम, गुजरात लैंड स्कैम, अरुणाचल स्कैम, राजस्थान माइनिंग स्कैम, बिरला व सहारा पेपर स्कैम सहित अन्य हजारो करोड़ों के घोटाले हो चुके है।

98

# पेयजल योजनाओं में ट्रिपिंग की समस्या बनी सिर दर्द

## गुम्मा योजना से मिला मात्र 13 एमएलडी पानी

शिमला, 26 मई (शिखानी) शिमला में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने को लेकर पसीना बहा रही एमसी के लिए पेयजल योजनाओं में ट्रिपिंग की समस्या सबसे बड़ा सिरदर्द साबित हो रहा है।

शहर की जल आपूर्ति के लिए मुख्य जल परियोजना गुम्मा में बीते दो दिनों से हो रही ट्रिपिंग होने के कारण लगभग 13 एमएलडी पानी प्राप्त हुआ। जबकि रोजाना मुरम्मत कार्य के बाद गुम्मा से 17 से 19 एमएलडी पानी प्राप्त होता है, जिससे शुक्रवार को कुल 36 एमएलडी प्राप्त हुआ है। ऐसे में निगम को शहर में पानी की पर्याप्त सप्लाई देने में परेशान आना तय है।

निगम प्रशासन का कहना है कि स्टोर किए गए पानी से अगामी तीन दिनों की सप्लाई को सुनिश्चित बनाया जा सकता है। शहर की तमाम जल परियोजना में ट्रिपिंग की समस्या से पानी लिफ्टिंग का कार्य बाधित होता है। मात्र एक 2 मिनट की ट्रिपिंग लिफ्टिंग के कार्य को आधे से एक घंटा पीछे कर देती है जिससे पानी की सप्लाई [illegible] इस समस्या को लेकर [illegible] निगम प्रशासन [illegible] विद्युत विभाग को लिखित रूप में अवगत करवा चुका है लेकिन विभाग द्वारा समस्या को लेकर कोई कारगर समाधान नहीं किया गया है।

## आज इन क्षेत्रों में होगी पानी की सप्लाई

आज इंजनघर, बीयवेल, [illegible] लोअर, [illegible], चौरटी, बैनमोर, [illegible] बाजार, [illegible], कृष्णा कालोनी, [illegible], हिमगिरी, [illegible]-1, [illegible], ओल्ड एनबीसी, रुल्दूभट्टा, [illegible], [illegible] कुसुम्पटी, सेक्टर 1,2,3,4 न्यू शिमला, रामबाजार, [illegible], बीसीएस, [illegible] क्षेत्र, [illegible] विहार, ग्रीन पार्क, [illegible], लोअर बाजार, सदर थाना, [illegible], बस स्टैंड, [illegible], [illegible] बीकी, कनलोग और [illegible] में पानी की सप्लाई होगी।

[illegible]

# महापौर व उपमहापौर के बचाव में उतरी माकपा

शिमला, 26 मई (शिखानी) माकपा ने एमसी शिमला के [illegible] [illegible] को झूठ का पुलिंदा करार दिया है। महापौर व उपमहापौर के बचाव में उतरी माकपा का कहना है कि एमसी [illegible] पार्षद भाजपा के थे। अगर [illegible] में नगर निगम की कार्यप्रणाली में दोष था तो भाजपा के ये पार्षद पांच साल तक खामोश क्यों थे। भाजपा ये यह [illegible] केवल राजनैतिक रोटियां सेकने के लिए [illegible] है व हकीकत से इसका कोई [illegible] नहीं। पार्टी [illegible] ने कहा कि जब गिरी परियोजना से शिमला को पानी के लिए [illegible] कांग्रेस भाजपा [illegible] व विपक्ष में थे तब सवाल क्यों नहीं उठाए गए अब इस स्कीम में हुए घोटाले को मेयर व डिप्टी मेयर ने जनता के सामने लाया है तो भाजपा मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर दोषियों पर कार्रवाई की मांग कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में पानी की समस्या के लिए भाजपा-कांग्रेस जिम्मेवार है क्योंकि नगर निगम के गठन के बाद से ही कांग्रेस - भाजपा प्रदेश की सत्ता में रही है व उन्होंने इस समस्या के समाधान के लिए कभी [illegible] नहीं उठाया। [illegible] में सीवरेज सैस के लिए मुख्यमंत्री व प्रदेश सरकार जिम्मेवार है व इसके लिए निरोध में कई बार नगर निगम हाउस से प्रस्ताव पारित कर इसे हटाने के लिए मुख्यमंत्री को भेजे गए परंतु भाजपा ने विपक्षी पार्टी रहते हुए कभी कोई आवाज नहीं उठाई। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा [illegible] निगम चुनाव के मद्देनजर [illegible] कर रही है व उसका जनता की वास्तविक समस्याओं से कोई लेना देना नहीं है।

### भाजपा की [illegible] को बताया झूठ का पुलिंदा

27May,2017 8:42AM

(99)

# केन्द्र ने 35 पंचायतों को भेजे 4.57 करोड़

ऊना, 26 मई (राजन): राज्य भाजपा के अध्यक्ष व सदर के विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा देश में पहली बार नमंत्री नरेंद्र मोदी ने यतों को सीधे विकास के धन भेजने का प्रावधान है। शुक्रवार को जारी । में सतपाल सिंह सत्ती कहा कि 14वें वित्त ग के तहत मोदी सरकार ने ऊना विधानसभा क्षेत्र की 35 पंचायतों ए 4 करोड़ 57 लाख 34 हजार रुपए की मदद विकास कार्यों के सीधे ग्राम पंचायतों को भेजी है। ने कहा कि पंचायतों में जनता धन को मोदी फंड के नाम से जानती है। उन्होंने कहा कि हर पंचायत को जरूरत अनुसार लाखों रुपए में धन 8 किश्तों में मिल चुका है। सत्ती ने कहा कि ग्रामीण विकास विभाग व



जिला प्रशासन इस विकास के लिए मिले पैसे को समयबद्ध ढंग से फील्ड में लगाने का प्रावधान करना चाहिए, ताकि पंचायतों में विकास के कार्य तेजी से आगे बढ़ सकें। सत्ती ने कहा कि केंद्र सरकार सबका विकास सबका साथ है लक्ष्य लेकर आगे चल रही है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास को रोकने का काम प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने किया है। केंद्र सरकार से प्राप्त पैसे को खर्च करने में अनुमति देने के लिए कई बहाने लगाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास के लिए मिले धन का समय पर प्रयोग सुनिश्चित बनाया जाना चाहिए। सत्ती ने कहा कि सदर को विकास कार्यों का आदर्श विधानसभा क्षेत्र बनाया जाएगा।

# हिमाचल के मुख्यमंत्री अदालत से निकलेंगे पाक साफ

शिमला, 26 मई (देवेंद्र वर्मा) : हिमाचल के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह कथित भ्रष्टाचार के मामले में अदालत से पाक साफ निकलेंगे। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरूपयोग कर राजनैतिक प्रतिशोध की भावना से कार्य कर रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ की गई कार्रवाई भी इसका एक प्रत्यक्ष उदाहरण है। हिमाचल में अथाह विकास हुआ है। प्रदेश में विकास के नाम पर फिर से कांग्रेस सत्ता में आएगी। यह बात कांग्रेस के राष्ट्रीय प्रवक्ता मनीष तिवारी ने पत्रकारों के पूछे गए प्रश्न का उत्तर देते हुए कही।

उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने राजनीतिक विरोधियों के खिलाफ राजनीतिक प्रतिशोध की भावना से काम करते हुए केंद्रीय जांच एजेंसियों को दुरुप्रयोग कर रही है। केंद्रीय जांच एजेंसी ई.डी., सी.बी.आई. और इनकम टैक्स का प्रयोग आज विपक्ष के नेताओं की आवाज दबाने के लिए किया जा रहा है। मनीष तिवारी ने कहा कि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के खिलाफ जो मामला बनाया गया है, उसको लेकर अदालत में चार्जशीट दायर कर ली गई है। ऐसे में जब तक अदालत से आरोप तय नहीं

**केंद्र सरकार कर रही जांच एजेंसियों का दुरुपयोग**

**वीरभद्र के खिलाफ कार्रवाई इसका प्रत्यक्ष उदाहरण**

हो जाते है तब तक उन पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाना सही नहीं है।

तिवारी ने कहा कि हाल में हुए पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में पंजाब में कांग्रेस सत्ता में आई है और वहां से अकाली-बीजेपी गठबंधन की सरकार को बाहर किया है। गोवा और मणिपुर में कांग्रेस बहुमत में थी, लेकिन बीजेपी ने पैसे और ताकत के बूते लोकतंत्र की हत्या कर वहां अपनी सरकार बनाई और उत्तराखंड में लोग हर पांच साल बाद सत्ता परिवर्तन करती है। जहां तक उत्तर प्रदेश की बात है, वहां पर परिणाम निराशाजनक आए हैं और वहां आत्म चिंतन की जरूरत है। उन्होंने कहा कि 2019 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस पूरी ताकत से लड़ेगी।

# विधानसभा के बाहर ट्रक आप्रेटर यूनियनों का धरना-प्रदर्शन

## ▶ढुलाई की बकाया राशि का भुगतान न होने पर दिया धरना

शिमला। 26 मई।(संवेरा )। जेपी कंपनी में सीमेंट ढुलाई का काम कर रहे ट्रक आपरेटर यूनियनों ने विधान सभा के विशेष सत्र के पहले दिन ही विधानसभा के बाहर अपनी मांगों को लेकर धरना प्रदर्शन किया।

कंपनी में सीमेंट ढुलाई का काम कर रही चार ट्रक आपरेटर यूनियन के पदाधिकारियों ने कंपनी पर मनमानी करने का आरोप लगाते हुए ढुलाई की रकम का भुगतान न करने का आरोप लगाया। आपरेटरों का आरोप है कि उन्हें जनवरी से मार्च तक की ढुलाई की रकम का भुगतान नहीं किया गया है।

ट्रक आपरेटर इसके बाद से लगातार हड़ताल कर रहे है। यूनियन के पदाधिकारी रवि कांत पाठक, सुरेंद्र वर्मा, रोशन लाल

**परिवारों का पालन पोषण करना हो रहा मुश्किल**

ठाकुर, महेंद्र सिंह ठाकुर, प्रेम सिंह ठाकुर और कैप्टन सुरेंद्र ठाकुर ने बताया कि कंपनी पर 28 करोड़ से ज्यादा की बकाया राशि कंपनी पर देय है।

ट्रक यूनियनों के नेताओं ने विधानसभा के बाहर आए हुए ट्रक मालिकों को संबोधित करते हुए कहा कि आपरेटरों को परिवार का पालन पोषण से लेकर वाहनों की किश्तों का भुगतान में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

इस मसले को लेकर पहले भी चारों आपरेटरों के प्रतिनिधिमंडल मुयमंत्री वीरभद्र सिंह सहितसरकार के अन्य अधिकारियों से मिले, इसके बावजूद राहत के नाम पर कुछ हासिल नहीं हो रहा है। प्रदर्शन में मांगल सहकारी परिवहन सभा, बिलासपुर जेपी विस्थापित एवं प्रभावित परिवहन सभा, महाऋषि मारकंडेय भूतपुर्व सैनिक सहकारी सभा और कहलूर सर्वहितकारी परिवहन सहकारी सभा रानी कोटला के सदस्यों ने हिस्सा लिया।

हड़ताल समाप्ति के लिए बकाया का भुगतान होने की स्थिति 5 हजार ट्रक आपरेटर दोबारा से काम पर लौट सकते हैं। धरना प्रदर्शन कर रहे ट्रक आपरेटरों के साथ भाजपा भी खड़ी दिखी। भाजपा नेताओं रणधीर शर्मा तथा गोविंद राम शर्मा ने सरकार से उनकी मांगों को पूरा करने तथा ढुलाई की बकाया राशि का भुगतान करवाने की बात कही।

27 MAY 2017

# गुणात्मक शिक्षा में हिमाचल ने गाढ़े झंडे

- 5वीं कक्षा तक की श्रेणी में गणित में देश में पहली पायदान पर
- गणित की दक्षता लेवल में केरल को भी पछाड़ा

शिमला, 26 मई (धनंजय शर्मा) : शिक्षा के क्षेत्र में केरल को पछाड़ने की होड़ में लगे हिमाचल ने आखिर खासा मशक्कत व अधिकारियों तथा शिक्षकों की अथाह मेहनत के बाद गणित की दक्षता के मामले में बहुशिक्षित केरल को पीछे छोड दिया है। स्टेट आफ एजुकेशन रिपोर्ट (एआईएसआर) की सालाना सर्वेक्षण रिपोर्ट में प्रदेश को गुणात्मक शिक्षा में देश में पहली पायदान पर आंका गया है। भाषा तथा गणित की दक्षता में राज्यों में अव्वल करार दिए जाने वाला हिमाचल 5वीं कक्षा तक की गणित की दक्षता मे देश मे पहले स्थान पर है।

वार्षिक सर्वेक्षण के अनुसार हिमाचल प्रदेश को भाषा व गणित दक्षता में राज्यों मे प्रथम आंका गया है। हिमाचल प्रदेश में न केवल दूसरी कक्षा के विद्यार्थियों में अच्छी तरह से पढ़पाने वाले बच्चों की दर सर्वाधिक है, बल्कि 5वीं कक्षा के विद्यार्थियों में कहानियों को पढ़पाने वाले बच्चों की संख्या के आधार पर भी राज्य को प्रथम स्थान मिला है। रिपोर्ट के मुताबिक 5वीं कक्षा की श्रेणी में दक्षता के आधार पर हिमाचल प्रदेश देश मे गणित विषय मे भी प्रथम आंका गया है। एएसईआर के अनुसार भाषा में हिमाचल के सरकारी स्कूलों की उपलब्धि का स्तर राष्ट्रीय औसत 41.6 फीसद के मुकाबले 65.3 प्रतिशत है। गणित में राज्य के स्कूलों का उपलब्धि स्तर राष्ट्रीय औसत 21.1 के मुकाबले 47.4 प्रतिशत आंका गया। परिणामों को देखकर आश्चर्य नहीं होना चाहिए क्योंकि प्रदेश सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र में कई बड़े कदम उठाए गए है। प्रदेश में शिक्षा के क्षेत्र में बेहतर व सार्थ परिवर्तन के लिए सामर्थ्य नामक कार्यक्रम विशेष तौर पर सराहा गया है। सामर्थ्य प्रदेश व्यापी कार्यक्रम है, जो राज्य में प्रारंभिक राजकीय स्कूलों में शिक्षा के प्रबन्धन तथा प्रदान करने में सुधार लाने में अहम भूमिका निभा रहा है। केवल शिक्षा पर ध्यानन केन्द्रित करते हुए यह कार्यक्रम शिक्षा के सभी पहलुओं मे बदलाव पर भी कार्य करता है, जिससे राज्य मे सभी सरकारी स्कूली छात्रो को शिक्षा प्रदान करने में सहायता मिलेगी।

शिक्षा स्तर मे सुधार के मकसद से राज्य की समीक्षा तथा देखरेख प्रणाली को पूरी तरह रूपांतरित किया गया है। पूर्व की तरह केवल बैठकों में शामिल होने की बजाय विभाग द्वारा राज्य तथा जिला स्तर पर प्रति माह महत्वपूर्ण जानकारी की आदान-प्रदान के लिए बैठकों का नियमित आयोजन करवाया गया है।

# हिमाचल में मनरेगा व 14वें वित्तायोग के काम ठप्प

- हड़ताल पर गए 1081 ग्राम सेवक; पंचायतों के काम प्रभावित
- सरकार की धमकियों से डरने वाले नहीं ग्राम सेवक संघ : शिवराज

शिमला, 26 मई (देवेंद्र वर्मा) : हिमाचल में ग्राम रोजगार सेवक के हड़ताल पर जाने से प्रदेश की 3226 पंचायतों में मनरेगा और 14वें वित्तायोग के तहत विकास कार्य ठप्प हो गए हैं। प्रदेश में हड़ताल पर उतरे ग्राम सेवक संघ ने सरकार को चेतावनी दी है कि जब तक ग्राम सेवकों की मांगें नहीं मानी जाती तब तक काम पर नहीं लौटेंगे। अब सरकार चाहे नौकरी से निकाले या फिर नई भर्ती करे ग्राम सेवक डरने वाले नहीं हैं। ग्राम सेवक संघ की मांगें हैं कि एक समान काम और एक समान वेतन देना, ग्राम सेवकों को नियमित करना, ग्रामीण विकास विभाग में रिक्त पड़े पंचायत सचिवों के पदों पर नियमित करना सहित सालाना एक हजार मानदेय में बढ़ोतरी करना शामिल है।

यहां बताते चले कि प्रदेश में 1081 ग्राम रोजगार सेवक हैं जो अपनी मांगों को लेकर हड़ताल पर हैं। इनके हड़ताल पर जाने से पंचायतों के काम के लिए न तो मस्टररोल जारी होंगे और न ही श्रमिकों को पेमैंट हो सकेगी। इसी तरह से प्रदेश में चल रहे जियो टैगिंग, जॉब कार्ड की वैरिफिकेशन का कार्य भी प्रभावित होगा। ग्राम रोजगार सेवकों ने मांगों को लेकर विभाग को ज्ञापन सौंपकर अल्टीमेटम दिया था। उधर, इस मामले में ग्राम सेवक संघ के प्रदेशाध्यक्ष शिवराज ठाकुर ने कहा कि सभी ग्राम सेवक संघ एकजुट है। सभी ने एक साथ काम छोड़कर हड़ताल पर जाने का फैसला लिया है। सरकार और विभाग को इस संबंध में ज्ञापन सौंपा गया था। सरकार ग्राम रोजगार सेवकों की मांगों को लेकर हमेशा से ही गंभीर रही है। लेकिन अधिकारी सरकार को गुमराह कर रहे हैं।

# भाजयुमो के सम्मेलन में पहुंचे धूमल व सत्ती

## सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगा मोर्चा : चौहान

शिमला, 26 मई (सवेरा): भाजयुमो प्रदेश कार्यसमिति की दो दिवसीय बैठक शुक्रवार को शिमला में खत्म हो गई। बैठक के समापन के मौके पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती, पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. धूमल, भाजपा संगठन महामंत्री पवन राणा तथा संसदीय क्षेत्र के संगठन मंत्री पुरुषोत्तम गुलेरिया के अलावा मोर्चा के प्रदेश प्रभारी गौरव तिवारी, सह प्रभारी सहदेव सलारियां, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी शिवम छाबड़ा तथा भाजयुमो राष्ट्रीय सदस्य अमित ठाकुर विशेषरूप से उपस्थित थे।भाजयुमो प्रदेशाध्यक्ष विशाल चौहान की अध्यक्षता में हुई बैठक में धूमल व सत्ती ने मोर्चा के कार्यकर्ताओं को संगठन की मजबूती के टिप्स दिए। सत्ती ने मोर्चा के कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर पर पार्टी की मजबूती को काम करने को कहा, प्रो. धूमल ने मोर्चा के सदस्यों से जोश में होश न खोने का आह्वान किया।

प्रो. धूमल ने युवा मोर्चा

### मोर्चा कार्यकर्ताओं को दिए संगठन की मजबूती के टिप्स

कार्यकर्ताओं को वर्तमान राजनैतिक परिदृश्य पर विस्तृत जानकारी दी।उन्होनें कहा कि भाजयुमो के सभी कार्यकर्ता केन्द्र की विकासात्मक योजनाओं को जन-जन तक पहुंचायें।

बैठक के समापन समारोह में भाजयुमो कार्यकर्ताओं को सबोधित करते हुए भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि मोर्चे भाजपा संगठन की रीढ़ है तथा युवा मोर्चा की इसमें अहम भूमिका होती है। युवा मोर्चा के कार्यकर्ता बूथ स्तर पर भाजपा को मजबूत करने के लिए दिनरात एक कर पुरजोर प्रयास करें और बूथ स्तर पर केन्द्र की योजनाओं को घर-घर जाकर लोगों बतायें तथा प्रदेश की कांग्रेस सरकार की नाकामियों को जगजाहिर करें।

प्रदेश संगठन महामंत्री पवन राणा जी ने युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को

### भाजपा को मजबूत करने का काम करे मोर्चा

संगठनात्मक विषय व दायित्व बोध पर विस्तृत जानकारी प्रदान की और सभी युवाओं को अपनी जिमेदारी मेहनत व लगन से पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होनें कहा कि किसी भी चुनाव में विजय निश्चित करने के लिए बूथ को मजबूत करना होता है। यदि बूथ मजबूत होगा तो हम किसी भी चुनाव में आसानी से विजय हासिल कर सकते हैं।

भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष विशाल चौहान ने मोर्चा पदाधिकारियों से जिला व मण्डलों के युवा समेलन, युवा वर्ग, स्वच्छता अभियान तथा दीवार लेखन केकार्यक्रम आयोजित करने को कहा। साथ ही कहा कि प्रदेश के जिला मुख्यालयों पर कांग्रेस की भ्रष्ट सरकार के खिलाफधरना-प्रदर्शन किए जाएंगे।

विशाल चौहान ने कहा कि यह वर्ष चुनावी वर्ष है और भाजयुमो कार्यकर्ता प्रदेश सरकार द्वारा युवाओं के भविष्य के साथ किए गए खिलवाड से युवाओं को व आम जनमानस को अवगत करवायेंगे और आगामी विधान सभा चुनाव में पार्टी के मिशन 50.प्लस को पूर्ण करने में मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेगा।

बैठक में प्रदेश महामंत्री अरूण फाल्टा, रजत ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष विषय ठाकुर, शीतल ब्यास, अचल पठानिया, महेश सिपहिया, प्रदेश सचिव विशाल नैहरिया, पंकज हैप्पी शर्मा, पवन कपूर, अमित धूमल, प्रदेश मीडिया प्रभारी वीरेन्द्र शर्मा, रमणीक सिंह, कर्मचंद, दिनेश ठाकुर, प्रदेश प्रवक्ता, विजय गुप्ता, संदीप पनियाल, सौरभ धीमान, राजन सहोड़, पाल वर्मा, ज्योति कपूर, राजकुमार, सोशल मीडिया प्रभारी जगजीत राजा, विकास शर्मा, सरिता वर्मा व प्रदेश कोषाध्यक्ष विपिन नैहरिया सहित सभी जिलाध्यक्ष व प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य उपस्थित थे।

# वैज्ञानिक शोध, अनुसंधान के लिए 200 करोड़ का और प्रावधान

शिमला, 26 मई (धनंजय शर्मा) : शिमला स्थित भारतीय उच्च अध्ययन संस्थान में शुक्रवार को एनआईटी तथा भारतीय विज्ञान, शिक्षा एवं शोध संस्थानों के निदेशक व अध्यक्ष मंडल की बैठक हुई। बैठक में 32 एनआईटी व 7 आईआईएसईआर के प्रतिनिधि शामिल हुए। केंद्रीय मानव संसाधन विकास मंत्री प्रकाश जावडेकर तथा मानव संसाधन विकास राज्य मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय ने बैठक की अध्यक्षता की।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रकाश जावड़ेकर ने कहा कि कुछ सालों में एनआईटी व आईआईएसईआर की प्रतिष्ठा में वृद्धि हुई है। आईआईएसईआर को नेचर मैगजीन ने ने भी विज्ञान और प्रोद्योगिकी के क्षेत्रमें पीएचडी और शोध कार्यों हेतु एक उत्कृष्ठ संस्थान का दर्जा दिया है।

उन्होंने कहा कि उक्त संस्थानों में वर्तमान में लगभग एक लाख छात्र शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं जिन्हे और बढ़ाए जाने कि योजना है और कोई भी रिक्त सीटें नहीं रखी जाएगी। साथ ही प्राध्यापकों के लगभग 3000 पद चरणबद्ध तरीके से भरे जाएंगे। प्राध्यापकों के खाली पदों को चरणबद्ध तरीके से भरा जाएगा तथा इसकी नियुक्ति प्रक्रिया में भी कपछ बदलाव किया गया है। साथ ही वैज्ञानिक शोध और अनुसंधान के लिए 200 करोड़ का अतिरिक्त प्रावधान किया गया है जिससे नए आईटी पार्क व इनोवेशन सैंटर खोले जाएंगे। उन्होंने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता मे सुधार करना वर्तमान मोदी सरकार कि प्राथमिकता है जिसके लिए सबको शिक्षा-अच्छी शिक्षा का नारा दिया गया है! सभी राज्यों को यह अधिकार दिए गए हैं कि 5वीं और 8वीं कक्षा मे मार्च मे अनुतीर्ण छात्रों को जून मे उतीर्ण होने के लिए एक मौका दोबारा दिया जाना चाहिए दोबारा उत्तीर्ण न होने पर संबंधित सरकारें अपने निर्णय ले सकती हैं! देश में एनआईटी व आईआईएसईआर की संख्या बढ़ाने पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में उन्होंने कहा कि वर्तमान में चल रहे संस्थानों मे ही शिक्षा के स्तर को बढ़ाया जाएगा और नए संस्थान खोले जाने की कोई योजना नहीं है।

(95)



विधानसभा के विशेष सत्र के दौरान सदन की ओर जाते विधायक रवि ठाकुर, विनय कुमार, रोहित ठाकुर, किशोरी लाल, मुकेश अग्निहोत्री, अनिरुद्ध सिंह, जीएस बाली, प्रकाश चौधरी, कौल सिंह ठाकुर, शहरी व विकास मंत्री सुधीर शर्मा, अनिल शर्मा, सोहन लाल तथा मनसा राम। (ओम)

# सदन ने कर्ण सिंह व मूलराज पाधा को दी श्रद्धांजलि

## मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने सदन में रखा शोक प्रस्ताव >> शोकोद्गार के बाद सदन की कार्रवाई शनिवार तक स्थगित

शिमला, 26 मई (सवेरा): हिमाचल विधानसभा का दो दिवसीय विशेष सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। सत्र के पहले दिन सदन के सदस्य एवं पूर्व मंत्री स्व. कर्ण सिंह तथा पूर्व विधायक मूल राज पाधा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह ने शोक प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया तथा इस पर पक्ष व विपक्ष दोनों के सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। सदन ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी संवेदनाएं व्यक्त करते हुए ईश्वर से परिवार को इस दुःख को सहने की क्षमता देने की प्रार्थना की है। साथ ही सदन ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए मौन भी रखा।

विधानसभा में मुख्यमंत्री ने शोकोद्गार लाते हुए कहा कि आयुर्वेद व सहकारिता मंत्री कर्ण सिंह का 22 मई को 2017 को 59 वर्ष की आयु में निधन हो गया था। यहसदस उनके निधन पर शोक व्यक्त करता है। उन्होंने कहा कि 14 अगस्त 1957 को जन्मे कर्ण सिंह ने बीए ऑनर्स की उपाधी प्राप्त की थी। उन्होंने वर्ष 1990, 1998 तथा 2012 में तीन बार बंजार विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व किया। वर्ष 1998 में वह प्राथमिक शिक्षा तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बने तथा 2015 में आयुर्वेद मंत्री बने। कर्ण सिंह ने सामाजिक कार्य एवं गरीबी उत्थान के लिए कार्य किया। सदन उनकी प्रदेश व समाज के लिए किए गए कार्यों की भूरी-भूरी प्रशंसा करता है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति की प्रार्थना करते हुए ईश्वर से उनके परिजनों को इस दुःख की घड़ी को सहने की क्षमता प्रदान की प्रार्थना की है। मुखमंत्री ने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा का निधन 8 अप्रैल 2017 को 80 वर्ष की आयु में हुआ। उनका जन्म 5 मई 1937 को खलियारा में हुआ था तथा वह वर्ष 1985 में धर्मशाला विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए उनकी सामाजिक कार्य व गरीब लोगों की सेवा में रूची थी। उन्होंने पिछड़े व कमजोर लोगों के उत्थान के लिए काम किया।

नेता प्रतिपक्ष प्रेम कुमार धूमल ने कहा कि कर्ण सिंह का व्यक्तित्व मृदु भाषी व मिलनसार था। 59 वर्ष की आयु में उनका दिल्ली में देहांत हो गया। उन्होंने कहा कि 1990 में पहली बार वह भाजपा की टिकट पर विधायक चुने गए तथा 1998 में दूसरी बार विधानसभा पहुंचे व प्राथमिक शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार बने। वह दलगत राजनीति से ऊपर उठ कर काम करते थे। तथा सभी का समान करते थे। धूमल ने विपक्ष की ओर से उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्तकरते हुए कहा कि उनका 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उन्होंने पंचायत प्रधान से अपनी पारी की शुरूआत की थी तथा विधायक तक पहुंचे थे।

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री कौल सिंह ठाकुर ने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से पूरे प्रदेश में शोक की लहर चली। राजनीति में उनकी अपनी पहचान थी तथा वह हंसमुख व अच्छे इंसान थे। वर्ष 1977 में वह भाजपा में शामिल हुए थे। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह ने अपने जीवनकाल में कई पुरस्कार प्राप्त किए। कौल सिंह ने कहा कि वर्ष 2009 में जब वह पार्टी अध्यक्ष थे तो कर्ण सिंह अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह अच्छे, ईमानदार व स्पष्टवादी राजनीतिज्ञ थे। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक मूलराज पाधा एक मृदु स्वाभाव के व्यक्ति व सामाजिक कार्यकर्ता थे। वह चामुंडा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष भी रहे।

विधायक गुलाब सिंह ने कहा कि हमने क्राउन प्रिंस ऑफ हाउस को खो दिया है। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह का व्यक्तित्व आकर्षक था तथा वह हंसमुख थे। वह सदन में नए अंदाज व नए ड्रेस में आते थे। सदन में आकर वह विपक्षी सदस्यों से हंस कर मिलते थे। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर जब किसी भी दल का व्यक्ति उनके पास काम के लिए आता था, तो वह उसे पूरा करने का प्रयास करते थे। उन्होंने पूर्व विधायक मूलराज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया।

परिवहन मंत्री जीएस बाली ने कहा कि कर्ण सिंह के निधन से पूरे प्रदेश में सन्नाटा छा गया था। बाली ने मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि वह स्पष्टवादी थे तथा जिला कांगड़ा के पार्टी के अध्यक्ष भी रहे। सिंचाई एवं जन स्वास्थ्य मंत्री विद्या स्टोक्स ने कहा कि कर्ण सिंह को राष्ट्रीय गौरव पुरस्कार से समानितकिया गया था। शोक व्यक्त करते हुए स्टोक्स का गला भर आया था। उन्होंने मूल राज पाधा के निधन पर भी शोक व्यक्त किया। विधायक सतपाल सिंह सत्ती ने कहा कि सामाजिक सरोकार निभाने में कर्ण सिंह आगे रहे। शोकोद्गार में विधायक कुलदीप कुमार, गोविंद सिंह ठाकुर व राकेश कालिया ने भी भाग लिया। विधानसभा अध्यक्ष बृज बिहारी लाल बुटेल ने कर्ण सिंह व मूलराज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि सदन की भावना को उनके परिवार तक पहुंचा दिया जाएगा।

### परिवार के लाडले थे कर्ण सिंह

विधायक तथा पूर्व मंत्री स्वर्गीय कर्ण सिंह के बड़े भाई महेश्वर सिंह ने उन्हे याद करते हुए कहा कि कर्ण सिंह उन विभूतियों में से एक थे जो अपनी गहरी छाप छोड़ गए है। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह का जन्म 14 अक्तूबर 1957 को जिला कुल्लू के रघुनाथ पुर के कस्बे में हुआ था। कर्ण सिंह परिवार में सबसे छोटे थे, इसलिए माता-पिता, दादा-दादी सभी के लाडले थे। उनकी 10वीं तक की शिक्षा कुल्लू में ही हुई तथा उसके बाद उच्च शिक्षा पुणे के फर्गुसन कॉलेज में हुई। उनके दो बच्चे थे तथा वर्ष 2010 में उनके बड़े बेटे का दुर्घटना में निधन हो गया। इसके बाद से कर्ण सिंह की प्रवृति में बदलाव आया। पुत्र की मौत के गम में वह इतना गमगीन हो गया कि उससे बाहर ही नहीं निकल सका। महेश्वर सिंह ने कहा कि कर्ण सिंह गरीबों की सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे। उनकी लोकप्रियता का अंदाजा इस से लगाया जा सकता है कि उनके अंतिम यात्रा में कुल्लू व प्रदेश ही नहीं हजारों की संख्या में लोग बाहरी राज्यों से भी आए। उन्होंने कहा कि कर्ण सिंह की बूढ़ी मां 88 साल की है, उनपर क्या गुजर रही होगी यह भगवान ही जानता है। उन्होंने कहा कि मूलराज पाधा एक अच्छे समाजसेवक थे।

### आज पारित होगा जीएसटी

हिमाचल प्रदेश विधानसभा का जीएसटी को लेकर विशेष सत्र शुक्रवार को शुरू हुआ। सत्र में पहले दिन जहां पूर्व मंत्री कर्ण सिंह तथा पूर्व विधायक मूल राज पाधा के निधन पर शोक व्यक्त किया गया। सदन के दूसरे दिन शनिवार को जीएसटी को मंजूरी दी जाएगी।

# दिल्ली में गरमाएगी हिमाचल की राजनीति

**मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह के समर्थक दिल्ली में जमाएंगे डेरा**

हमीरपुर, 26 मई (कपिल): प्रदेश सत्तारूढ़ दल के नेताओं के लिए अगले दो दिनों में दिल्ली से राजनीतिक गरमाहट आने की संभावना है। सूत्रों से पता चला है कि मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह व उनके मंत्रिमंडल के सदस्य व पार्टी विधायक किसी खास मिशन पर होंगे। हिमाचल सदन और भवन अगले दो दिनों के लिए दिल्ली में बुक हो चुके है। दिल्ली में कुछ मंत्रिमंडल के सदस्य व विधायक एवं पार्टी पदाधिकारी कांग्रेस आलाकमान के दिग्गज नेता राहुल गांधी से रूबरू होने वाले है। हिमाचल में चल रहे सरकार व संगठन के टकराव पर स्थिति से अवगत करवाने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। इस मुहिम को वीरभद्र सिंह द्वारा प्रदेश कांग्रेस में सुखविंद्र सिंह को हटाने की मुहिम के साथ भी जोड़कर देखा जा रहा है। इन दिनों सुक्खू और वीरभद्र सिंह में तनातनी सार्वजनिक है। जहां मुख्यमंत्री आगामी चुनावों के दृष्टिगत सुक्खू को हटाकर किसी ब्राह्मण या अनुसूचित जाति के नेता को बिठाना लाजमी बता रहे है, वहीं सुक्खू संगठन चुनावों को लाजमी बताकर फिर से अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने की रणनीति बना रहे हैं। हालांकि संगठन चुनावों को विधानसभा चुनावों तक आगे खिसकाने की बात वीरभद्र सिंह प्रदेश के विधायकों के साथ कांग्रेस केंद्रीय चुनाव अधिकारी के समक्ष रख चुके है। पता चला है कि कांग्रेस हाईकमान वीरभद्र सिंह के संगठन चुनावों को आगे सरकाने के तर्क से सहमत नजर आती है और शीघ्र ही इस बारे निर्णय लिया जा सकता है। सभी विधायक, मंत्री कांग्रेस हाईकमान को अवगत करवाने के उद्देश्य से जोर शोर से डट चुके है। दिल्ली में कांग्रेस विधायकों का जमावड़ा इसकी पुष्टि करता है। इस सबके बीच देखना ये होगा कि कांग्रेस हाईकमान क्या निर्णय लेती है। राहुल गांधी के नेतृत्व में कांग्रेस नहीं चाहती कि हिमाचल राज्य उनके हाथ से निकले, लेकिन कांग्रेस के पास वीरभद्र सिंह के अलावा कोई कद्दावर नेता नहीं है, जो मिशन रिपीट को कामयाब कर सके। ऐसे में वीरभद्र सिंह की अनदेखी नहीं की जा सकती। हालांकि वीरभद्र खुद भ्रष्टाचार के मामलों में न्यायालयों में मुकदमों का सामना कर रहे है लेकिन कांग्रेस उनको पीछे करने की हिम्मत नहीं कर सकती क्योंकि ये आत्मघाती कदम होगा। कांग्रेस का ही एक खेमा आगामी चुनावों को हाथ से निकला हुआ समझ कर आगे की रणनीति बना रहे है। कुछ भी हो कांग्रेस के हिमाचल में हालात विस्फोटक है।